www.deshbandhu.co.in ख़बरें लगातार ...

छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक

संपर्क करें : deshbandhuraipur@gmail.com

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

रायपुर, मंगलवार, 31 अक्टूबर 2023 । वर्ष - 65 । अंक -196 । पृष्ठ -12 । मूल्य - 4.00 रु प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23





हालात को हल्के से न लें चुनौतियां अभी बरकरार : दिलबाग सिंह पृष्ठ 2

■ पश्चिम एशिया संकट : दमित फिलिस्तीनी और मुसीबत में
■ स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में कड़ी मेहनत का फल पृष्ठ 6

■ अमेरिका ने इजरायल पर गाजा में संचार बहाल करने के लिए दबाव बनाया
■ यूक्रेनी सेना ने डोनेट्स्क दिशा में 285 सैनिकों को खोया पृष्ठ 7

इंग्लैंड पर जीत के बाद हमारा फोकस अपने बाकी सभी तीनों लीग मैच पर : कुलदीप पृष्ठ 8

## खैरागढ़ में प्रियंका ने खोला घोषणाओं का पिटारा

### गैस सिलेंडर पर मिलेगी 500 सब्सिडी, बिजली बिल होगा माफ

**खैरागढ़**, 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने जालबांधा में विशाल सभा को संबोधित किया और कांग्रेस प्रत्याशियों के पक्ष में वोट मांगा। इस दौरान प्रियंका गांधी ने मंच से घोषणाओं की झड़ी लगा दी। उन्होंने कई बड़ी घोषणाएं की। जिसमें सिलेंडर में सब्सिडी, बिजली बिल माफ, स्व-सहायता समूहों का कर्ज माफ जैसे ऐलान शामिल हैं।



**प्रमुख घोषणाएं-**

- सिलेंडर रिफिल करने पर 500 रुपये की सब्सिडी घर की महिला के बैंक खाते में दिया जाएगा।
- 200 यूनिट तक बिजली फ्री, अधिक खपत पर 200 यूनिट प्रति माह तक निःशुल्क बिजली।
- महिला स्व-सहायता समूहों तथा सक्षम योजनांतर्गत लिए गए ऋण माफ।
- आगामी वर्षों में 700 नवीन ग्रामीण औद्योगिक पार्कों की स्थापना।
- राज्य के सभी सरकारी स्कूल को स्वामी आत्मानंद इंग्लिश एवं हिन्दी मीडियम स्कूलों में अपग्रेड करेंगे।
- छत्तीसगढ़ के निवासियों के सड़क दुर्घटनाओं में तथा अन्य आकस्मिक दुर्घटनाओं में मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत निःशुल्क इलाज।
- परिवहन व्यवसाय से जुड़े 6,600 से अधिक वाहन मालिकों के वर्ष 2018 तक के 726 करोड़ राशि के बकाया मोटरयान कर, शास्ति और ब्याज के कर्ज की माफ। राज्य के किसानों से तिवरा को भी समर्थन मूल्य पर खरीदा जाएगा।

**कांग्रेस की अब तक की घोषणा-**

- प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान की खरीदी किसानों का कर्जा माफ
- 17 लाख परिवारों को आवास
- जातिगत जनगणना
- स्कूल से लेकर कॉलेज तक मुफ्त शिक्षा तेंदूपत्ते पर आदिवासियों को हर साल मिलेगा 4000 रुपये बोनस
- डॉ. खूबचंद स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत गरीब वर्ग को 5 लाख से बढ़ाकर 10 लाख तक मुफ्त इलाज की सुविधा
- भूमिहीन मजदूर को मिलने वाली 7 हजार रुपए की राशि को बढ़ाकर 10 हजार रुपए किया जाएगा।

### 17.5 लाख लोगों को आवास देने का वादा पूरा करेगी कांग्रेस, कर्जमाफी की घोषणा से भाजपा परेशान : भूपेश



छत्तीसगढ़ में भाजपा को सांप सूंघ गया है। भाजपा ने अभी एक भी घोषणा नहीं की है। कांग्रेस ने फिर से कर्जमाफी की घोषणा की है। इस घोषणा से भाजपा परेशान हो उठी है। यह बात मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आज जालबांधा में हुई जनसभा में कही।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि यूपीए की सरकार में मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री थे तो किसानों को 50 से 100 रुपये बोनस मिलता था, लेकिन मोदी के प्रधानमंत्री बनते ही बोनस मिलना बंद हो गया। मैंने प्राधानमंत्री को पत्र लिखा कि बोनस पर आप रोक लगाए हैं, अनुमति देकर रोक हटाइए। कांग्रेस सरकार छत्तीसगढ़ के किसानों को अपने खजाने से बोनस का भुगतान करेगी लेकिन मोदी जी ने आज तक अनुमति नहीं दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले चुनाव में जब हमने बिजली बिल हाफ, 25 सौ रुपये में धान खरीदी का वादा किया तो बीजेपी के लोग भरोसा नहीं कर पा रहे थे। हमने इस बार भी 2640 रुपये में धान खरीदने का वादा किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मोदी जी साढ़े 14 लाख करोड़ रुपये का कर्ज उद्योगपतियों का माफ करते हैं। हमने किसानों का साढ़े 9 हजार करोड़ रुपये का कर्ज ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

## मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सादगी से भरा नामांकन

### पत्नी ने तिलक लगाया, सोंटा मारने वाले वीरेन्द्र ठाकुर बने प्रस्तावक



**दुर्ग**, 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव के अंतर्गत आज मुख्यमंत्री एवं पाटन विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल ने चार सेटो में अपना नामांकन पत्र रिटर्निंग आफिसर के समक्ष प्रस्तुत किया। इस मौके पर उनके साथ उन्हें प्रतिवर्ष गौरा गौरी पूजा पर उनके हाथों में शगुन के तौर पर सोंटा मारने वाले वीरेन्द्र ठाकुर भी बतौर प्रस्तावक उपस्थित थे। इनके अलावा विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत, गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू जिले से अन्य विधानसभा क्षेत्रों से कांग्रेस प्रत्याशी भी थे। अपने घर से निकलने से पहले उन्हें उनकी पत्नी मुक्तेश्वरी बघेल ने तिलक लगाकर मुंह मीठा कर गुलाब भेंट किया। इसके बाद वे सीधे दुर्ग पहुंचकर मालवीय चौक में स्थित अपने राजनीतिक गुरू वासुदेव चंद्राकर की प्रतिमा स्थल पहुंचे और उन्हें प्रणाम कर माल्यार्पण किया। उल्लेखनीय है कि आज स्व. वासुदेव चंद्राकर की 15 पुण्यतिथि है।

■ राजनीतिक गुरु वासुदेव चंद्राकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर लिया आर्शीवाद

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज नामांकन दाखिले के अंतिम दिन जिला कार्यालय पहुंचकर पाटन विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन पत्र भरा। श्री बघेल के आगमन की सूचना को लेकर पूरे कलेक्ट्रेट परिसर में सुरक्षा के भारी इंतजाम किये गये थे। मुख्यमंत्री श्री बघेल आज साढ़े 11 बजे के आसपास ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

### कांग्रेस का किला है दुर्ग इसे भेद पाना भाजपा के लिये असंभव : भूपेश

पाटन विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में नामांकन भरने के बाद मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पत्रकारों से चर्चा में कहा कि दुर्ग और छत्तीसगढ़ कांग्रेस का शुरू से अभेधगढ़ रहा है। सन् 77 की प्रचंड जनता लहर में भी यह गढ़ अभेध रहा है अत: इस बार भी कांग्रेस के प्रत्याशी भारी बहुमत से जीतकर प्रदेश में कांग्रेस की दुबारा सरकार बनायेगें। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने अपने पांच वर्ष के कार्यकाल में समाज के प्रत्येक वर्ग के साथ किया गया वादा पूरा किया है। जनता का भरोसा जीता है और इसी भरोसे पर फिर से प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनायेगें। उन्होंने इस बार 75 पार का नारा भी दोहराया। भाजपा को लेकर पत्रकारों द्वारा पूछे जाने पर ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

### अमित जोगी ने पाटन से नामांकन दाखिल कर सबको चौंकाया

आज नामांकन पत्र दाखिल करने के अंतिम घंटे में पाटन का चुनावी समीकरण एकाएक बदल गया जब यहां से छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस (जोगी) के सुप्रिमो व पूर्व मंत्री दिवंगत अजीत जोगी के पुत्र अमित जोगी ने पाटन विधानसभा क्षेत्र में छजकां जो प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन जमा कर दिया।



पाटन से भ्रष्टाचार के खिलाफ संघर्ष का आगाज : जोगी

इस अवसर पर उन्होंने पत्रकारों से चर्चा में श्री जोगी ने कहा कि वे चाहते तो मरवाही या छत्तीसगढ़ की किसी भी सीट से चुनाव लड़ सकते थे मगर पाटन सीट से चुनाव लड़ने के लिये वहां की जनता की काफी मांग थी। मैं कांग्रेस या भाजपा का विरोधी नहीं हूं, भ्रष्टाचार के खिलाफ अपना संघर्ष बुलंद करना ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

## सार संक्षेप

### दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को ईडी ने भेजा नोटिस

**नई दिल्ली**। आम आदमी पार्टी की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। अब मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय ने नोटिस भेजा है। नोटिस में उन्हें दो नवंबर को दिल्ली की नई शराब नीति मामले में पूछताछ के लिए बुलाया गया है। इससे पहले मुख्यमंत्री को सीबीआई अप्रैल महीने में पूछताछ के लिए बुला चुकी है। मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि ये आम आदमी पार्टी को खत्म करने के लिए केंद्र सरकार की साजिश है।

### ट्रेनों की टक्कर में मरने वालों की संख्या 14 हुई

**विशाखापट्टनम**। आंध्र प्रदेश के विजयनगरम जिले में दो यात्री ट्रेनों के बीच टक्कर में मरने वालों की संख्या 14 हो गई है, जबकि 5 से ज्यादा यात्री घायल हो गए हैं। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। विशाखापट्टनम-पलासा यात्री ट्रेन के चार डिब्बे रविवार को कोठावलासा 'मंडल' (ब्लॉक) में कंटाकपल्ली जंक्शन के पास विशाखापट्टनम-रायगड़ा यात्री ट्रेन से टकरा जाने के बाद पटरी से उतर गए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने हादसे को लेकर केंद्र की मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि ओडिशा के बालासोर हादसे के बाद केंद्र सरकार के सुरक्षा के सारे दावे हवा में उड गए हैं।

### इजरायल-हमास संघर्ष पर सोनिया ने लिखा लेख

**नई दिल्ली**। इजरायल और हमास के बीच चल रहे युद्ध को रोकने के लिए संयुक्त राष्ट्र संघ एक प्रस्ताव लेकर आया था। इस प्रस्ताव पर वोटिंग के दौरान भारत गैर हाजिर रहा। भारत के इस रवैये की कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने निंदा की है। सोमवार को उन्होंने एक लेख में लिखा, कांग्रेस वोटिंग के दौरान भारत के गैर-हाजिर रहने का कड़ा विरोध करती है, इजरायल फिलिस्तीन के उन लोगों से उस हमले के लिए बदला ले रहा है, जिससे उनका कोई मतलब नहीं है।

### मराठा आरक्षण समर्थक हुए उग्र

**मुंबई**। मराठा आरक्षण की मांग को लेकर सोमवार को कथित तौर पर समुदाय के कार्यकर्ताओं ने स्थानीय राकांपा विधायक प्रकाश सोलंकी के आवास में आग लगा दी।

## हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्वाध्यायी मुख्य एवं अवसर परीक्षा के लिए फार्म भरने की आज अंतिम तिथि

**रायपुर**, 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्वाध्यायी मुख्य एवं अवसर परीक्षा वर्ष 2024 के परीक्षा फार्म भरने की तिथि सामान्य शुल्क के साथ 10 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक निर्धारित है। इसके पश्चात विद्यार्थी विलंब शुल्क के साथ 01 नवम्बर से 15 नवम्बर तक आवेदन कर सकेंगे।

स्वाध्यायी मुख्य एवं अवसर परीक्षा से संबंधित परीक्षार्थी शासकीय एवं अशासकीय अग्रेषण संस्थाओं के माध्यम से ऑनलाईन परीक्षा फार्म भर सकते हैं। विस्तृत जानकारी मंडल की वेबसाईट www.cgbse.nic.in पर उपलब्ध है।

## आदर्श आचार संहिता प्रभावी होने के बाद से निगरानी दलों ने 38.35 करोड़ की नगदी और वस्तुएं की जब्त

**रायपुर**, 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। राज्य में विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के लिए आदर्श आचार संहिता के प्रभावी होने के बाद से 29 अक्टूबर तक की स्थिति में 38 करोड़ 34 लाख रुपए से अधिक की अवैध धन राशि तथा वस्तुएं जब्त की गई हैं। इनमें दस करोड़ 11 लाख रुपए की नगद राशि भी शामिल हैं।

■ 1 करोड़ से अधिक की नगद राशि और 9 लाख से अधिक की शराब की जब्ती

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रवर्तन एजेंसियों (इन्फोर्समेंट एजेंसीज) द्वारा निगरानी के दौरान विगत 29 अक्टूबर तक 30 हजार 840 लीटर अवैध शराब जब्त की गई है, जिसकी कीमत 90 लाख 87 हजार 532 रुपए है। सघन जाँच अभियान के दौरान 14 करोड़ 82 लाख 76 हजार रुपए कीमत के 184 किलोग्राम से अधिक कीमती आभूषण तथा रत्न भी जब्त किए गए हैं। इनके अतिरिक्त अन्य सामग्रियां जिनकी कीमत नौ करोड़ 50 लाख रुपए से अधिक है, भी जब्त की गई हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले ने विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कार्यवाही किए जाने के संबंध में सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इन दिशा-निर्देशों के परिपालन में राज्य में विभिन्न प्रवर्तन एजेंसियों के माध्यम से धन और वस्तुओं के अवैध परिवहन तथा संग्रहण पर कड़ी नजर रखी जा रही है। प्रदेश में लागू आदर्श आचार संहिता के अंतर्गत निगरानी दलों द्वारा सघन जाँच की कार्यवाही लगातार जारी है।

**शिवसेना विधायकों की अयोग्यता का मामला**

## विधानसभा अध्यक्ष 31 दिसंबर तक करें निपटारा

**नई दिल्ली**, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर से कहा कि वह अपने समक्ष लंबित मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे सहित शिवसेना विधायकों के खिलाफ दायर अयोग्यता संबंधी याचिकाओं पर 31 दिसंबर 2023 तक अंतिम आदेश पारित करें। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने विधानसभा अध्यक्ष को और समय देने से इनकार करते हुए कहा कि दसवीं अनुसूची (दल-बदल विरोधी कानून) के तहत कार्यवाही में देरी के लिए प्रक्रियात्मक उलझनों की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। पीठ



■ महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर को सुप्रीम कोर्ट ने दिए निर्देश
■ एनसीपी की याचिका पर 31 जनवरी तक करें फैसला

ने उपमुख्यमंत्री अजीत पवार और आठ अन्य सहित राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी से संबंधित लंबित अयोग्यता याचिकाओं पर भी निर्णय लेने के लिए 31 जनवरी 2024 की समय सीमा तय की।

**पहले भी शीघ्र फैसला लेने को कहा था**-शीर्ष अदालत ने कहा कि वह उद्धव ठाकरे की शिवसेना और शरद पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) द्वारा अलग अलग दायर याचिकाओं पर अगली सुनवाई जनवरी के पहले सप्ताह में करेगी। पीठ ने 17 अक्टूबर की सुनवाई के दौरान विधानसभा अध्यक्ष से शिवसेना के कुछ विधायकों की अयोग्यता संबंधित याचिकाओं पर निर्णय लेने के लिए

### सिसोदिया की जमानत याचिका खारिज

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली शराब नीति कथित घोटाला मामले में आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता एवं दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका सोमवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और एस वीएन भट्टी की पीठ ने श्री सिसोदिया की दलीलें खारिज करते हुए उन्हें जमानत देने से इनकार कर दिया। पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद 17 अक्टूबर को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

## पीएम मोदी की दुर्ग में चुनावी सभा 4 नवंबर को

**दुर्ग**, 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव के संदर्भ में दुर्ग संभाग के भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 4 नवंबर को सुबह साढ़े 10 बजे रविशंकर स्टेडियम में आयोजित भाजपा की विशाल चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। मंच पर प्रधानमंत्री श्री मोदी के साथ केन्द्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया, छत्तीसगढ़ प्रभारी ओम प्रकाश माथुर, नितिन नवीन, डॉ. रमन सिंह, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अरूण साव, नेता प्रतिपक्ष नरेन्द्र चंदेल, राज्यसभा सांसद डॉ. सरोज पाण्डेय, सांसद एवं प्रत्याशी विजय बघेल, तथा दुर्ग संभाग के सभी भाजपा प्रत्याशी उपस्थित रहेगें।



प्रधानमंत्री की सभा की व्यापक तैयारियां शुरू कर दी गई है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 4 नवंबर को प्रस्तावित चुनावी सभा की तैयारियां देखने आज कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक के साथ ही जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा, महामंत्री सुरेन्द्र कौशिक, राजेन्द्र पाध्ये, एवं अन्य पदाधिकारी ने रविशंकर स्टेडियम का निरीक्षण किया। ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

**केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में दिया जवाब**

## लोगों को चुनावी चंदे का स्रोत जानने का अधिकार नहीं

**नई दिल्ली**, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। राजनीतिक दलों को चंदे के लिए चुनावी बॉन्ड की याचिका पर सुनवाई से पहले अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी वेंकटरमणी ने सुप्रीम कोर्ट में कहा कि पब्लिक को इन फंड का स्रोत जानने का संविधान ने मौलिक अधिकार प्रदान नहीं किया है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच-न्यायाधीशों की पीठ के समक्ष 31 अक्टूबर की सुनवाई से पहले वेंकटरमणी ने कहा यह योजना किसी भी व्यक्ति के किसी भी मौजूदा अधिकार का उल्लंघन नहीं करती है। अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने कहा कि न्यायिक समीक्षा बेहतर या अलग उपाय सुझाने के उद्देश्य से राज्य की नीतियों की समीक्षा के बारे में नहीं है। उन्होंने कहा कि 2003 में पीपुल्स यूनियन फॉर सिविल लिबर्टीज मामले में सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक फैसले में उम्मीदवारों को अपने आपराधिक इतिहास की घोषणा करने का निर्देश दिया गया था ताकि मतदाताओं को एक सूचित विकल्प चुनने में सक्षम बनाया जा सके।

किसी उम्मीदवार के आपराधिक इतिहास को जानने का अधिकार, जो किसी उम्मीदवार की पसंद के लिए उपयोगिता और प्रासंगिक हो सकता है, न तो मौजूदा मामले से तुलना की जा सकती है और न ही कुछ भी और सब कुछ जानने का सामान्य अधिकार हो सकता है। उन्होंने कहा कि चुनावी बॉन्ड पॉलिसी फंड देने वालों की प्राइवेसी का का लाभ देती है।

**हाईकोर्ट में इंडिया गठबंधन पर आयोग का जवाब**

## राजनीतिक गठबंधन को नियंत्रित नहीं कर सकते

**नई दिल्ली**, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। दिल्ली हाईकोर्ट में एक याचिका पर सुनवाई के दौरान चुनाव आयोग ने कहा कि आयोग के पास 'राजनीतिक गठबंधन' को विनियमित करने का कोई कानूनी अधिकार नहीं है। चुनाव आयोग ने 26 सदस्यीय गठबंधन का नाम इंडिया रखे जाने को चुनौती देने वाली एक याचिका पर जवाब दिया। आयोग ने दिल्ली उच्च न्यायालय को बताया कि राजनीतिक दलों के गठबंधन को रेगुलेट करने के लिए भारत के संविधान से उसे अधिकार नहीं मिले हैं। चुनाव आयोग ने अपने जवाब में कहा कि उसके पास चुनाव कराने और राजनीतिक दल के रूप में संस्थाओं को पंजीकृत करने की शक्ति है। हालांकि, जन प्रतिनिधित्व अधिनियम या भारतीय संविधान के तहत 'राजनीतिक गठबंधन' को 'विनियमित संस्थाओं' के रूप में मान्यता नहीं दी जाती है। अदालत के सवाल पर निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया कि उसका उत्तर उसकी भूमिका तक ही सीमित है। आयोग ने कहा कि उसके जवाब 'संक्षिप्त नाम इंडिया के उपयोग की वैधता पर उसकी 'अभिव्यक्ति' के रूप में नहीं माना जा सकता है।

**डाटा लीक** रिपोर्ट में मिली जानकारी

## 81.5 करोड़ भारतीयों की निजी जानकारी डार्क वेब तक पहुंची

■ डार्क वेब पर महज कुछ पैसों में आसानी से डाटा है उपलब्ध

**नई दिल्ली, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। बड़े पैमाने पर डेटा उल्लंघन में भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के लीक डाटा से 81.5 करोड़ से अधिक देशवासियों के विवरण डार्क वेब पर महज कुछ पैसों में आसानी से उपलब्ध हैं।**

*एक रिपोर्ट के अनुसार, इसमें नाम, फ़ोन नंबर और पते के साथ आधार और पासपोर्ट विवरण जैसी महत्वपूर्ण जानकारियां भी शामिल हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए, आईसीएमआर द्वारा शिकायत दर्ज करने के बाद केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से घटना की जांच करने की उम्मीद है।*

*यूएस-आधारित साइबर सुरक्षा और खुफिया फर्म रिसिक्योरिटी द्वारा देखे गए डेटा उल्लंघन में उल्लेख किया गया है कि 9 अक्टूबर को, पीडब्ल्यूएन0001 उपनाम से जाने जाने वाले एक असामाजिक तत्व ने ब्रीच फ़ोरम पर एक थ्रेड पोस्ट किया था जिसमें 81.5 करोड़ भारतीय नागरिकों के आधार और पासपोर्ट रिकॉर्ड तक पहुंच की दलाली की गई थी इसके अलावा, साइबर सुरक्षा विश्लेषकों को लीक हुए नमूनों में से एक मिला जिसमें भारतीय निवासियों से संबंधित पीआईआई (व्यक्तिगत रूप से पहचान योग्य जानकारी) के एक लाख रिकॉर्ड थे। इस नमूना लीक में, विश्लेषकों ने वैध आधार कार्ड आईडी की पहचान की, जिनकी पुष्टि एक सरकारी पोर्टल के माध्यम से की गई जो सत्यापित आधार सुविधा प्रदान करता है। विश्लेषक धमकी देने वाले से संपर्क करने में भी कामयाब रहे और उन्हें पता चला कि वे पूरे आधार और भारतीय पासपोर्ट डेटासेट को 80,000 डॉलर (66 लाख रुपये से अधिक) में बेचने के इच्छुक थे।*

*हालांकि, असामाजिक तत ?व ने यह बताने से इनकार कर दिया कि उन्हें डेटा कैसे प्राप्त हुआ। पिछले महीने, साइबर सुरक्षा शोधकर्ताओं ने पाया कि झारखंड में आयुष मंत्रालय की आधिकारिक वेबसाइट में सेंध लग गई थी, जिससे 3.2 लाख से अधिक मरीजों के रिकॉर्ड डार्क वेब पर उजागर हो गए थे। साइबर सुरक्षा कंपनी क्लाउडएसईके के अनुसार, वेबसाइट का डेटाबेस, जो 7.3 एमबी का है, मरीज़ों के रिकॉर्ड रखता है जिसमें पीआईआई और चिकित्सा निदान शामिल हैं। लीक डेटा में डॉक्टरों के बारे में संवेदनशील जानकारी भी शामिल है, जिसमें उनकी पीआईआई, लॉगिन क्रेडेंशियल, यूजर नेम, पासवर्ड और फोन नंबर शामिल हैं। डेटा उल्लंघन की शुरुआत तनाका नामक एक असामाजिक तत्व द्वारा की गई थी।*

उवाच

अपने राजनीतिक करियर में मैंने कभी किसी विशेष धर्म से होने के कारण भेदभाव नहीं किया और न ही किसी की मदद की क्योंकि अगर हम ऐसी रणनीति अपनाते हैं तो यह विनाशकारी और कपटपूर्ण साबित हो सकता है।

-गुलाम नबी आजाद,डीपीएपी के अध्यक्ष



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 33.0 | 22.0 |
| मुंबई | 31.0 | 27.0 |
| कोलकाता | 28.0 | 23.0 |
| चेन्नई | 28.0 | 27.0 |

# समाज को बदलने का शिक्षा सबसे प्रभावशाली तंत्र : धनखड़

**गुवाहाटी, 30 अक्टूबर ( एजेंसियां )।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को कहा कि शिक्षा समाज को बदलने के लिए सबसे प्रभावशाली, स्थायी व परिवर्तनकारी तंत्र है। उन्होंने कहा कि यह असमानताओं को दूर कर सकता है और असमानताओं का मुकाबला कर सकता है। यदि हमारे पास गुणवत्तापूर्ण शिक्षा है, तो अन्य चीजें भी अपने स्थान पर आ जाएंगी। वे सोमवार को यहां रॉयल ग्लोबल यूनिवर्सिटी के तीसरे दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा और राज्यपाल असम के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया उपस्थित रहे।

**■ रॉयल ग्लोबल यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह को किया संबोधित**

उपराष्ट्रपति ने कहा कि मुझे इसमें कोई शंका नहीं है कि शिक्षा ही समाज को बदल सकती है। समाज में बदलाव तब आएगा जब हम नए-नए खोज करेंगे। रिसर्च करेंगे। विकास करेंगे। जब हम आउट ऑफ बॉक्स जाकर सोचेंगे। तभी समाज में परिवर्तन आएगा। उन्होंने 21 सितंबर के दिन को भी याद किया जब संसद ने महिला आरक्षण बिल को पास किया। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आधी आबादी को न्याय मिला। इससे पहले उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ सोमवार को सुबह यहां एक कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए गुवाहाटी पहुंचे। असम के राज्यपास और मुख्यमंत्री ने यहां पहुंचने पर उनका हवाई अड्डे पर स्वागत किया। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण किया। इस दौरान उपराष्ट्रपति ने विद्यार्थियों को डिग्री और डिप्लोमा दिया। उन्होंने विश्वविद्यालय परिसर में पौधा भी लगाया। इस अवसर पर असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा, शिक्षा मंत्री रनोज पेगु और कॉटन विश्वविद्यालय के कुलपति रमेश चंद्र डेका भी उपस्थित थे।



यदि हमारे पास गुणवत्तापूर्ण शिक्षा है तो अन्य चीजें भी अपने स्थान पर आ जाएंगी : जगदीप धनखड़

## दुनिया में भारत की आवाज बुलंदी पर : उपराष्ट्रपति

जगदीप धनखड़ ने कहा कि जब देश की प्रगति अप्रत्याशित हो जाती है। सपनों से परे होती है। जमीनी हकीकत है। तो चुनौतियां भी हैं। दुनिया में भारत की आवाज बुलंदी पर है। यह बहुत से लोगों के हाजमें के लिए ठीक नहीं है। ऐसा इलाज कीजिए उन लोगों का, जो भारत की प्रगति को पचा नहीं पा रहे हैं। उनको बेचैनी हो जाती है। वो किसी भी हद तक जा सकते हैं। भारत की पवित्र संस्थाओं को कलंकित करने के लिए। मैं हर एक से अपील करना चाहता हूं कि यह हमारी राष्ट्रीय कर्तव्य है कि भारतीयता पर विश्वास करें। भारत के नागरिक होने पर गर्व करें। भारत विरोधियों के खिलाफ उठें। आप में ताकत है, आपमें बुद्धि है, आपमें सोच हैं। आप विवेचन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि कुछ लोग तो कुछ भी कह जाते हैं। हमारा पड़ोसी मुल्क हमसे अच्छा है। उस देश के लोग यह बात सुनकर बेहोश हो जाते हैं। कहां आ गए हैं हम। जब राष्ट्र पूरी तरह से अग्रसर है। सही रास्ते पर है। दुनिया सराहना कर रही है। हमने जो भी पाया है, हमारी अचीवमेंट्स प्रेक्टिकल टर्म्स में हैं। हमें पीछे नहीं हटना चाहिए। मुझे विश्वास है, आप उसे कर गुजरेंगे।

## मराठा-आरक्षण कार्यकर्ताओं ने मोदी-शिंदे की तस्वीरों पर पोती कालिख

**कोल्हापुर,** 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण की मांग के समर्थन में सकल मराठा समाज (एसएमएस) के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को राज्य परिवहन की बसों में विज्ञापन बोर्ड पर लगी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की तस्वीरों पर कालिख पोत दी। कोल्हापुर जिले के इचलकरंजी शहर के कोल्हापुर नाका में मराठा आरक्षण पर मनोज जारांगे-पाटिल की चल रही अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल के प्रति अपनी एकजुटता व्यक्त करने के लिए एसएमएस कार्यकर्ता आंदोलन कर रहे हैं। आंदोलनकारियों को रोकने की कोशिश कर रही पुलिस के साथ झड़प के दौरान प्रदर्शनकारियों ने दोनों नेताओं की तस्वीरों पर कालिख पोत दी।

इस बीच दिन में जिले के सभी छह कांग्रेस विधायकों ने मराठा आरक्षण मुद्दे पर चल रहे आंदोलन को अपना समर्थन देने की घोषणा की और जिले में निर्धारित अपने सभी राजनीतिक कार्यक्रमों को निलंबित कर दिया। इसकी घोषणा जिला कांग्रेस अध्यक्ष सतेज पाटिल ने विधायक पीएन पाटिल, राजू आवले और जयश्री जाधव की मौजूदगी में एक संवाददाता सम्मेलन में की।

बता दें कि मराठा आरक्षण आंदोलन के दौरान पिछले 48 घंटों में एमएसआरटीसी की कम से कम 13 बसें क्षतिग्रस्त हो गई हैं, जिसमें सोमवार की चार बसें भी शामिल हैं। एक अधिकारी ने बताया कि इसके चलते राज्य संचालित परिवहन निगम ने अपने 250 डिटो में से 30 में परिचालन बंद करने का फैसला लिया है। गत रविवार को नौ बसें क्षतिग्रस्त हो गईं, जिन तीस डिपो पर परिचालन बंद कर दिया गया है, वे महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम (एमएसआरटीसी) के छत्रपति संभाजीनगर डिवीजन में हैं।

# हालात को हल्के से न लें चुनौतियां अभी बरकरार : दिलबाग सिंह

■ सुरेश एस डुग्गर



**जम्मू,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। पांच सालों के अरसे के बाद जम्मू कश्मीर पुलिस के महानिदेशक दिलबाग सिंह रिटायर होने जा रहे हैं। पिछले एक माह से वे अपने कार्यकाल के दौरान आतंकवाद को जीरो पर पहुंचाने का दावा कर रहे हैं। पर अब उन्होंने रिटायरमेंट के एक दिन पहले यह कह कर सभी को चौंका दिया है कि हालात को हल्के से न लें क्योंकि चुनौतियां जस की तस हैं। आप्रेशन कैपेसिटी बिल्डिंग (आप कैप) के तहत 43 पुलिस स्टेशनों के लिए 160 अत्याधुनिक वाहनों को लांच करने के बाद डीजीपी सिंह ने जेवान में संवाददाताओं से बात करते हुए कहा कि पुलिस किसी भी चीज को हल्के में नहीं ले सकती। उन्होंने कहा कि हमें सतर्क रहना होगा क्योंकि खतरा बना हुआ है। यह पूछे जाने पर कि वह किस संदेश के साथ पुलिस बल छोड़ रहे हैं, निवर्तमान डीजीपी ने कहा कि मैं बल नहीं छोड़ रहा हूं। एक पुलिसकर्मी हमेशा एक पुलिसकर्मी होता है। मैं 30 वर्षों से बल के साथ हूं और मैं बल के साथ ही बना रहूंगा। जानकारी के लिए डीजीपी सिंह 31 अक्टूबर को सेवानिवृत्त हो रहे हैं और विशेष डीजी सीआईडी आरआर स्वैन उनकी जगह जम्मू कश्मीर के डीजीपी होंगे।

**■ सेवानिवृत्त से पहले आतंकवाद को जीरो तक पहुंचाने का किया दावा**

वह रविवार को श्रीनगर के ईदगाह इलाके में एक पुलिस अधिकारी पर हुए हमले का जिक्र करते हुए कहते थे कि हमारा एक अधिकारी कल क्रिकेट के मैदान में अन्य अधिकारियों के साथ खेल रहा था और उस पर हमला किया गया। डीजीपी दिलबाग सिंह ने कहा कि आपने हमारे द्वारा लांच किए गए वाहनों के काफिले को देखा। कुछ दिन पहले जीरो टेरर प्लान के तहत वाहनों को लांच किया गया था।

## सुरक्षा बल किसी भी स्थिति से निपटने को हमेशा तैयार

डीजीपी ने कहा कि सुरक्षा बल किसी भी स्थिति से निपटने के लिए हमेशा तैयार हैं। हाल की घुसपैठ की कोशिशों पर डीजीपी ने कहा कि सीमा ग्रिड मजबूत है लेकिन पड़ोसी देश आतंकवादियों को घुसपैठ कराना जारी रखता है। उन्होंने कहा कि हाल ही में, मच्छेल सेक्टर में पांच आतंकवादी मारे गए, जबकि कुपवाड़ा जिले में आज की मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया, जहां आप्रेशन जारी है।

## सार संक्षेप

### कुपवाड़ा में घुसपैठ की कोशिश नाकाम, आतंकी ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में सुरक्षा बलों ने घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया और एक आतंकवादी मारा गया। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सुरक्षा बलों ने कुपवाड़ा में केरन सेक्टर के जुमुगुंड इलाके में नियंत्रण रेखा पर घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया गया। पुलिस ने एक्स पर अपने पोस्ट में कहा कि सेना और पुलिस ने रविवार से जारी संयुक्त अभियान में केरन सेक्टर के जुमागुंड इलाके में घुसपैठ की कोशिश को सफलतापूर्वक नाकाम कर दिया।

### कर्नाटक में दलित नेता की हत्या, पुलिस ने जांच शुरू की

**रायचूर।** कर्नाटक के रायचूर जिले में सोमवार को बदमाशों के एक गिरोह ने एक दलित नेता की हत्या कर दी। मृतक की पहचान 40 वर्षीय प्रसाद के रूप में हुई है। हत्या रायचूर जिले के मानवी तालुक के पास मुदलापुर में हुई थी। हत्यारों ने पीड़ित को उस वक्त रोका जब वह बाइक पर जा रहा था। उस पर धारदार हथियारों से हमला किया। पीड़ित की हथेली कटी हुई थी और उसके पूरे शरीर पर कट के निशान थे। घटना के बाद रायचूर एसपी निखिल ने घटनास्थल का दौरा किया था। सीओ मानवी पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### तेलंगाना में बीआरएस उम्मीदवार घायल

**सिद्दीपेट/तेलंगाना।** तेलंगाना में मेडक से सांसद और दुब्बाका विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के उम्मीदवार कोटा प्रभाकर रेड्डी पर दौलताबाद मंडल के सुरमपल्ली गांव में सोमवार को चुनाव प्रचार के दौरान अज्ञात हमलावर ने चाकू से हमला किया। घायल सांसद को तत्काल चिकित्सा के लिए गजवेल अस्पताल ले जाया गया। पार्टी कार्यकर्ता अज्ञात हमलावर को पकड़ने में कामयाब रहे और उसकी पिटाई करने के बाद पुलिस को सौंप दिया।

# मध्य प्रदेश के एक करोड़ नौजवान बेरोजगार : कांग्रेस

**इंदौर,** 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। नामांकन जमा करने के अंतिम दिन इंदौर जिले की 9 विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी रैली के साथ नामांकन जमा करने पहुंचे। रैली में पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ भी शामिल हुए। उन्होंने मोती तबेला चौराहे पर एक आमसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भटकते हुए युवा को ठेका या कमीशन नहीं, बल्कि रोजगार और हाथों को काम चाहिए। शिवराज सिंह एक लाख नौजवानों को रोजगार देने की बात करते है लेकिन हकीकत यह है कि प्रदेश का एक करोड़ नौजवान बेरोजगार है। शिवराज की घोषणा की मशीन पांच महीने से डबल स्पीड से चल रही है। उन्होंने कहा कि चुनाव के अपने मायने है। 40 साल मैने चुनाव लड़े और जीते है। इस बार का विधानसभा चुनाव मध्य प्रदेश के भविष्य का चुनाव है। मध्य प्रदेश की तस्वीर सभी को पता है। शिवराज प्रदेश को ठग रहे है। उन्होंने कहा था कि 33 लाख करोड़ का निवेश आएगा, लेकिन कार्पोरेट घरानों को मध्य प्रदेश पर विश्वास नहीं है।



युवाओं को ठेका या कमीशन नहीं रोजगार चाहिए

उन्होंने कहा कि जब मैं मुख्यमंत्री था तो मध्य प्रदेश की छवि बदलने की कोशिश की। हमने तय किया था कि प्रदेश की पहचान माफिया या भ्रष्टाचार से नहीं होगी, लेकिन हमारी सरकार चली गई। कमलनाथ ने कहा कि अब मध्य प्रदेश का हर व्यक्ति भ्रष्टाचार का शिकार है।

## गोवा समुद्री सम्मेलन के चौथे संस्करण में बोले राजनाथ

# हिन्द महासागर में चुनौतियों के समाधान को सहयोग ढांचा जरूरी

**नई दिल्ली,** 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जलवायु परिवर्तन, समुद्री डकैती, आतंकवाद, मादक पदार्थ तस्करी, अत्यधिक मछली पकड़ने और खुले समुद्र में वाणिज्य की स्वतंत्रता जैसी आम समुद्री चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए हिन्द महासागर क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय सहयोग ढांचे की स्थापना का आह्वान किया है।

रक्षा मंत्री ने सोमवार को गोवा समुद्री सम्मेलन के चौथे संस्करण में इस बात पर जोर दिया कि क्षेत्र को असुरक्षित बनाने वाले स्वार्थी हितों से बचते हुए सामान्य समुद्री प्राथमिकताओं को पूरा करने की आवश्यकता है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुद्री कानूनों का सम्मान करने के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र, खुली और नियम-आधारित समुद्री व्यवस्था हम सभी के लिए प्राथमिकता है। ऐसी समुद्री व्यवस्था में शायद सही है का कोई स्थान नहीं है। अंतरराष्ट्रीय कानूनों और समझौतों का पालन हमारा आदर्श होना चाहिए। हमारे संकीर्ण तात्कालिक हित हमें अच्छी तरह से स्थापित अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन या अवहेलना करने के लिए प्रेरित कर सकते हैं, लेकिन ऐसा करने से हमारे सभ्य समुद्री संबंध टूट जाएंगे।



स्वतंत्र, खुली व नियम-आधारित समुद्री व्यवस्था हम सभी के लिए प्राथमिकता : राजनाथ सिंह

हम सभी के सहयोग के वैध समुद्री नियमों का सहयोगपूर्वक पालन करने की प्रतिबद्धता के बिना हमारी साझा सुरक्षा और समृद्धि को संरक्षित नहीं किया जा सकता है। सहयोग को बढ़ावा देने और यह सुनिश्चित करने के लिए निष्पक्ष नियम महत्वपूर्ण हैं कि कोई भी एक देश दूसरों पर आधिपत्य जमाने के तरीके से हावी न हो जाए। जलवायु परिवर्तन के बारे में रक्षा मंत्री ने कहा कि परस्पर सहयोग पर आधारित ढांचे में कार्बन उत्सर्जन को कम करने और टिकाऊ तरीकों में बदलाव के लिए देशों को मिलकर काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि सभी देश हरित अर्थव्यवस्था में निवेश करके उत्सर्जन में कटौती करने की जिम्मेदारी स्वीकार करें और जरूरतमंद देशों के साथ प्रौद्योगिकी और पूंजी साझा करे तो दुनिया इस समस्या से उबर सकती है। सहयोग पर आधारित ढाँचों को स्थापित करने के बारे में रक्षा मंत्री ने देशों के बीच सहयोग और संसाधनों तथा विशेषज्ञता को साझा करने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि अच्छे परिणाम के लिए राष्ट्रों के बीच सहयोग और विश्वास जरूरी होता है लेकिन शत्रुतापूर्ण दुनिया में फायदा उठाने या अकेले कार्य करने के डर से इष्टतम निर्णय नहीं हो सकते हैं।

## अत्यधिक मछली पकड़ने से समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र को बताया खतरा

रक्षामंत्री ने अवैध और अनियमित तरीके से मछली पकड़ने को चुनौती करार देते हुए कहा कि यह संसाधनों का अत्यधिक दोहन है। उन्होंने कहा कि अत्यधिक मछली पकड़ने से समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र और टिकाऊ मत्स्य पालन को खतरा होता है। यह हमारी आर्थिक सुरक्षा और क्षेत्रीय एवं वैश्विक खाद्य सुरक्षा के लिए भी खतरा है। निगरानी डेटा के संकलन और उसे साझा करने के लिए एक बहुराष्ट्रीय सहयोगात्मक प्रयास समय की मांग है। इससे अनियमित या धमकी भरे व्यवहार वाले लोगों की पहचान करने में मदद मिलेगी, जिसका दृढ़ता से मुकाबला करना होगा।

# आंध्र प्रदेश रेल हादसों की जिम्मेवारी कौन लेगा : लालू

**पटना,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। रविवार की देर शाम आंध्र प्रदेश के विजयनगरम में हावड़ा-चेन्नई रूट पर दो हुए रेल हादसे में मरने वाले लोगों को आंकड़ा बढ़ गया है। इस हादसे में अब तक 14 लोगों की मौत हो गई है जबकि 50 से अधिक लोग घायल बताए जा रहे हैं। सभी घायलों को इलाज विभिन्न अस्पतालों में चल रहा है। घटनास्थल पर युद्ध स्तर पर राहत और बचाव कार्य चलाया जा रहा है। उधर, लालू प्रसाद ने केंद्र सरकार पर जोरदार हमला बोला है। उन्होंने रेल हादसे को लेकर चिंता जताई है और लगातार हो रहे रेल हादसों को लेकर सरकार को घेरने की कोशिश की है। लालू ने एक्स पर लिखा कि आंध्र प्रदेश के विजयनगरम में दो ट्रेनों की हुई भीषण टक्कर हृदय विदारक है। दुर्घटना में मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। देश में लगातार हो रहे रेल हादसों की जिम्मेवारी कौन लेगा। हेडलाइन मैनेजमेंट से कितने दिन जान-माल के नुकसान को छुपाएंगे। रिपोर्ट के अनुसार रेलवे भारी घाटे में है। निजीकरण से इन्होंने सब तबाह कर दिया। दरअसल, रविवार की देर शाम विजयनगरम कंटाकपल्ली में पलासा पैसेंजर ट्रेन ने रायगड़ा पैसेंजर ट्रेन को पीछे से टक्कर मार दी थी।



**■ बढ़ते रेल हादसों को लेकर केंद्र सरकार को घेरा**

## लालू ने रेलवे को बेचा : सम्राट चौधरी

**पटना।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने एक बार फिर लालू यादव और नीतीश कुमार पर जमकर भड़ास निकली है। सम्राट चौधरी ने लालू प्रसाद यादव पर रेलवे को बेच डालने का आरोप लगाया तो वहीं जदयू के स्थापना दिवस पर कहा कि यह पार्टी नहीं गैंग है। जेडीयू के आरोपों का जवाब देते हुए सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार में नीतीश कुमार ने जिस तरह सरकारी तंत्रों का इस्तेमाल किया। पूरे देश में ऐसा कहीं नहीं हुआ है। नीतीश कुमार सता का दुरुपयोग नहीं करें तो जमानत जब्त हो जाएगी। यदि नीतीश कुमार को हिम्मत है तो राष्ट्रपति शासन लागू कर कर चुनाव करा कर देख लें औकात पता चल जाएगा, जो भाषण दे रहे हैं वही सबसे ज्यादा अधिकारियों को इस्तेमाल करते हैं।

इस हादसे के बाद ट्रेन के तीन डिब्बे पटरी से उतर गए थे और मौके पर अफरा तफरी मच गई थी। हादसे के बाद तीन लोगों की मौत की खबर आई थी लेकिन जैसे जैसे समय बीतता जा रहा है मौत का आंकड़ा भी बढ़ रहा है। ताजा आंकड़ों के मुताबिक अबतक हादसे में 14 लोगों की मौत हो चुकी है जबकि 50 से अधिक लोग अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराए गए हैं।

## ईडी के समक्ष पेश हुए चट्टोपाध्याय

**कोलकाता,** 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल में निगमों और नगर पालिकाओं में लोगों की नियुक्ति में कथित अनियमितताओं और घोटाले के आरोप में भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी ज्योतिषमान चट्टोपाध्याय सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों के समक्ष पेश हुए। साल्ट लेक में सीजीओ कॉम्प्लेक्स की पांचवी मंजिल में स्थित आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने पुष्टि की कि समूह सी, डी श्रेणियों के कथित नियुक्ति घोटाले के धन के लेन-देन की जांच कर रही संघीय जांच एजेंसी के समन के बाद चट्टोपाध्याय को ईडी कार्यालय में प्रवेश करते देखा गया था। आईएएस अधिकारी चट्टोपाध्याय 2017-2019 के बीच नगरपालिका और शहरी विकास विभाग के निदेशक-सचिव थे। सूत्रों ने बताया कि ईडी ने 17 अक्टूबर को साल्ट लेक स्थित उनके आवासीय फ्लैट की करीब 17 घंटे तक तलाशी ली थी।

ईडी ने तलाशी अभियान के दौरन चट्टोपाध्याय की पत्नी के साथ-साथ उनके बैंक लॉकरों की भी तलाशी ली।


अनुलग्नक 47, प्रारूप C-1 से C-8 तथा CA, प्रारूप C-1
(अभ्यर्थी के द्वारा समाचार पत्रों दूरदर्शन में प्रकाशित करने हेतु)

आपराधिक प्रकरणों के संबंध में घोषणा

(2011 की रिट याचिका (सिविल) नंबर 536 में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के 25 सितम्बर 2018 के निर्णय के अनुसार (पब्लिक इंटरेस्ट फाउंडेशन और ऑर्स बनाम भारत संघ एवं एएनआर)

अभ्यर्थी का नाम और पता : रवि कुमार चंद्रवंशी ग्रा. परसवारा, तह पण्डरिया
राजनीतिक दल का नाम : जनता कांग्रेस छ.ग. (जे.) जिला कबीरधाम (छ.ग.)
(स्वतंत्र अभ्यर्थी यहां "निर्दलीय" लिखें)
निर्वाचन का नाम : विधानसभा
निर्वाचन क्षेत्र का नाम : पंडरिया, क्षे. क्र. 71

मैं रवि कुमार चंद्रवंशी (अभ्यर्थी का नाम), उपर्युक्त निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी, सार्वजनिक जानकारी के लिए अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के संबंध में निम्नलिखित विवरण घोषित करता हूं :-

| क्र.सं. | न्यायालय का नाम | प्रकरण संख्या एवं तारीख | प्रकरण की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा (धाराएं ) और अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | न्यायालय श्रीमान J.M.F.C. पंडरिया, थाना पांडातराई | 122/2021 | लंबित | धारा-147, 341 I.P.C. कर्मचारियों के हित में चक्का जाम करने पर प्रकरण दर्ज |
| 2 | विशेष सत्र न्यायाधीश (अजाक) कबीरधाम थाना कवर्धा | 121/2022 | लंबित | धारा 186, 506,147 I.P.C. धारा 3(1)(घ) एट्रोसिटी एक्ट राजनैतिक ज्ञापन देनें पर प्रकरण दर्ज |
| 3 | न्यायालय श्रीमान J.M.F.C. पंडरिया, थाना पांडातराई | 689/2019 | लंबित | शक्कर कारखाना पंडरिया कर्मचारियों के मांग पर ज्ञापन देनें पर प्रकरण दर्ज |

| क्र.सं. | न्यायालय का नाम और आदेश (आदेशों) की तिथि (तिथियों) | कार्यालयों और लगायी गयी सजा का विवरण | लगाया गया अधिकतम दंड |
|---|---|---|---|
| | निरंक | निरंक | निरंक |
| | निरंक | निरंक | निरंक |
| | निरंक | निरंक | निरंक |

राज्य परिषद के निर्वाचन या विधायकों द्वारा विधान परिषद के निर्वाचन की स्थिति में, निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख करें।


निर्देश — *कावेरी नदी पानी को लेकर सीडब्ल्यूआरसी का कर्नाटक को निर्देश*

# तमिलनाडु को 26 सौ क्यूसेक पानी छोड़ना करें सुनिश्चित

**नई दिल्ली, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। कावेरी नदी के पानी को लेकर तमिलनाडु और कर्नाटक के बीच खींचातानी का खेल जारी है। कावेरी जल विनियमन समिति (सीडब्ल्यूआरसी) की बैठक में पानी को लेकर एक फैसला किया गया है। सीडब्ल्यूआरसी ने सोमवार को जारी अपने बयान में कहा किकर्नाटक को एक नवंबर से 15 नवंबर तक।**

2600 क्यूसेक पानी छोड़ना सुनिश्चित करना होगा। सीडब्ल्यूआरसी ने अपनी 89वीं बैठक के दौरान कर्नाटक और तमिलनाडु के बीच चल रहे कावेरी नदी जल विवाद में जल आबंटन और कमी के संबंध में महत्वपूर्ण निर्णय लिए। तमाम चर्चाओं के बाद कावेरी जल विनियमन समिति एक निर्णय पर पहुंची। जिसमें कर्नाटक से कहा गया कि बिलिगुंडलू में प्रवाह 2600 क्यूसेक बना रहे। कावेरी एक अंतरराज्यीय बेसिन है, जिसका उद्गम स्थल कर्नाटक है। यह नदी बंगाल की खाड़ी में गिरने से पहले तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी से होकर गुजरती है। इस नदी के पानी के बंटवारे को लेकर कर्नाटक और तमिलनाडु में पुराना विवाद है। कावेरी जल विवाद के निपटारे के लिए ही दो जून 1990 कावेरी जल विवाद अधिकरण की स्थापना की गई थी। कावेरी जल बंटवारे को लेकर कर्नाटक और तमिलनाडु सरकारों के बीच लंबे समय से खींचतान चल रही है। नदी को किसी भी राज्य में लोगों के लिए जीविका के प्रमुख स्रोत के रूप में देखा जाता है।

**■ एक नवंबर से 15 नवंबर तक छोड़ना होगा पानी**
**■ विवाद के निपटारे के लिए सीडब्ल्यूडीटी का किया गया है गठन**
**■ पुराना है दोनों राज्यों के बीच पानी का विवाद**

कावेरी एक अंतरराज्यीय बेसिन है, जिसका उद्गम स्थल कर्नाटक है। यह नदी बंगाल की खाड़ी में गिरने से पहले तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी से होकर गुजरती है। इस नदी के पानी के बंटवारे को लेकर कर्नाटक और तमिलनाडु में पुराना विवाद है। विवाद के निपटारे के लिए ही दो कावेरी जल विवाद अधिकरण की स्थापना की गई थी।

केंद्र ने तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक और पुडुचेरी के बीच उनकी व्यक्तिगत जल साझाकरण क्षमताओं के संबंध में विवादों का निपटारा करने के लिए 1990 को कावेरी जल विवाद न्यायाधिकरण का गठन किया है।

## एनिमल और फाइटर के लिए अनिल कपूर ने किया फिजिकल ट्रांसफॉर्मेशन

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अनिल कपूर ने अपनी आने वाली फिल्म एनिमल और फाइटर के लिए फिजिकल ट्रांसफॉर्मेशन किया है। अनिल कपूर फिल्म 'एनिमल' में रणबीर कपूर के 65 साल के पिता बलबीर सिंह का रोल निभा रहे हैं। वहीं फिल्म फाइटर में अनिल 45 साल के इंडियन एयर फोर्स ऑफिसर का किरदार निभा रहे हैं। इन दोनों ही किरदारों के लिए अनिल कपूर ने फिजिकल ट्रांसफॉर्मेशन किया है। अनिल कपूर ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर कुछ तस्वीरें शेयर कर इस बारे में जानकारी दी। उन्होंने लिखा, दो एकदम अलग-अलग किरदारों के बीच स्विच करना बहुत चैलेंजिंग था। एनिमल के 65 साल के बलबीर से लेकर फाइटर के 45 वर्षीय रॉकी तक मैंने जो प्रेस्टीजियस यूनिफॉर्म पहनी थी, उसके साथ न्याय करने के लिए मुझे सीरियस फिजिकल ट्रांसफॉर्मेशन से गुजरना पड़ा।

## मैंने कभी एक्टिंग नहीं सीखी : मोनिका खन्ना



**मुंबई,** 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। 'आसमान से आगे', 'प्यार का दर्द है मीठा मीठा प्यारा प्यारा' और 'थपकी प्यार की' शो में अपने काम के लिए मशहूर अभिनेत्री मोनिका खन्ना ने बताया कि उन्होंने अभिनय में कभी कोई प्रशिक्षण नहीं लिया, सेट पर ही सब कुछ सीखा। मोनिका अब आने वाले शो 'इक कुड़ी पंजाब दी' में नजर आएंगी। उन्होंने साझा किया कि मैंने अभिनय का कोई प्रशिक्षण नहीं लिया है। जब मैं मुंबई आई, तो मुझे अप्रत्याशित रूप से एक शो में भूमिका मिली। मुझे वरिष्ठ कलाकारों के साथ काम करने का सौभाग्य मिला। मोनिका ने कहा कि मैं अपने शो में जो कुछ भी करती हूं, वह उन लोगों से सीखती हूं, जिनके साथ मैंने सेट पर काम किया है। 'दुर्गा और चारु' फेम अभिनेत्री ने आगे कहा कि हालांकि मैं सीखने की प्रक्रिया को स्पष्ट करने में सक्षम नहीं हो सकती हूं, लेकिन मैंने बारीकियां और अंतर्दृष्टि सीख ली हैं। मैंने देखा है कि अन्य कलाकार अपने किरदारों को कैसे निभाते हैं और मुझे आश्चर्य होता है कि अगर मैं उनकी जगह होती तो मैं उन भूमिकाओं को कैसे करती।

## दशकों से प्रति सप्ताह 70 घंटे से अधिक काम कर रही हैं भारतीय महिलाएं

**नई दिल्ली,** 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। इंफोसिस के संस्थापक नारायण मूर्ति के एक बयान ने सोशल मीडिया पर तीखी बहस छेड़ दी है। मूर्ति ने भारत के युवाओं को सलाह देते हुए कहा कि समग्र उत्पादकता को बढ़ावा देने के लिए सप्ताह में 70 घंटे काम करें।

कुछ लोग मूर्ति के विचार का समर्थन करते हुए तर्क देते हैं कि भारत को अन्य देशों के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए अपनी कार्य संस्कृति में सुधार करने की आवश्यकता है, वहीं अन्य लोगों ने इसकी आलोचना भी की है।

एडलवाइस म्यूचुअल फंड की एमडी और सीईओ राधिका गुप्ता ने इस मुद्दे पर जोर देते हुए कहा है कि कई भारतीय महिलाएं भारत और अगली पीढ़ी के निर्माण के लिए सप्ताह में 70 घंटे से अधिक काम कर रही हैं।

गुप्ता ने रविवार को एक्स पर लिखा, 'कार्यालयों और घरों के बीच, कई भारतीय महिलाएं वर्षों और दशकों से मुस्कुराहट के साथ और बिना किसी ओवरटाइम के भारत और भारतीयों की अगली पीढ़ी के निर्माण के लिए 70 घंटे से अधिक काम कर रही हैं।



उन्होंने कहा कि मजेदार बात यह है कि किसी ने भी एक्स पर हमारे बारे में बहस नहीं की। गुप्ता की पोस्ट पर सोशल मीडिया पर प्रतिक्रियाओं की झड़ी लग गई, यूजर्स ने अपने विचार व्यक्त किए।

**प्रतिस्पर्धा करने के लिए अपनी कार्य संस्कृति में सुधार करने की आवश्यकता**

एक यूजर ने लिखा कि बहुत सहमत हूं, मैंने ऐसी ही एक महिला से शादी की है। वह पिछले 18 सालों से ये सब संभाल रही है, जब हमारा बेटा हुआ था।

एक अन्य यूजर ने कहा कि बिल्कुल सच, महिला सभी घरेलू काम के साथ सप्ताह में 70 घंटे काम करती हैं। महिलाओं को घर के काम से सप्ताहांत की छुट्टी नहीं मिलती है, इसलिए उनके लिए कोई डाउनटाइम या आत्म-देखभाल नहीं है।

इस बीच, भारतपे के पूर्व सह-संस्थापक अश्नीर ग्रोवर ने कहा है कि मूर्ति की टिप्पणी से जनता नाराज हो गई क्योंकि किए गए काम का माप अभी भी परिणाम के बजाय खर्च किए गए घंटों के आधार पर तय किया जाता है।

उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया कि मुझे लगता है कि जनता यहां नाराज हो गई क्योंकि काम को अभी भी परिणाम के बजाय घंटों में मापा जा रहा है। दूसरी बात यह है कि लोगों को ऐसा लग रहा है कि युवाओं का आलस्य ही एकमात्र चीज है जो भारत को विकसित होने से रोक रही है।

## 'मास्टर शेफ इंडिया' की रसोई में लगेगा एएसएमआर का तड़का



**मुंबई,** 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। कुकिंग-आधारित रियलिटी शो 'मास्टरशेफ इंडिया' का आगामी एपिसोड स्वाद, नवीनता और प्रस्तुति के साथ-साथ ऑटोनॉमस सेंसरी मेरिडियन रिस्पॉन्स (एएसएमआर) का एक नया आयाम जोड़ने के लिए तैयार है। एएसएमआर फीलिंग की अनुभूति है जिसे कई लोग विशिष्ट दृश्य या श्रवण ट्रिगर के जवाब में अनुभव करते हैं। एएसएमआर ने इंटरनेट पर तूफान ला दिया है, लाखों दर्शक भोजन की आवाज़ सहित विभिन्न ट्रिगर्स को देखने और सुनने के लिए तैयार हैं। इस चलन ने अब 'मास्टरशेफ इंडिया' किचन में भी अपनी जगह बना ली है।

इस चुनौती में, प्रतियोगी असंख्य भोजन ध्वनियों का पता लगाते हैं, खाना पकाने और प्लेटिंग के कार्य को ध्वनि कला में बदलते हैं। जैसे ही वे जजों के सामने अपने व्यंजन प्रस्तुत करते हैं, उन्हें इसमें शामिल किए गए ध्वनि तत्वों के बारे में भी बताना होगा। इस अभिनव चुनौती के बारे में उत्साह व्यक्त करते हुए, शेफ विकास खन्ना ने कहा कि दुनिया बदल रही है, और प्रौद्योगिकी हमारे अनुभवों का अभिन्न अंग बन गई है। एएसएमआर के रूप में हमने भोजन को समझने के तरीके में एक नई परत जोड़ दी है।

शेफ रणवीर बराड़ ने चुनौती पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जब हम खाना खाते हैं तो हम अक्सर भोजन की आवाजों को अनदेखा कर देते हैं। हालांकि, ध्वनि अनुभव का एक अनिवार्य हिस्सा है, जो आनंद और उत्साह पैदा करती है।

यह चुनौती भोजन की विविध ध्वनियों के माध्यम से आनंद की खोज करने के बारे में है। प्रतियोगियों को अपनी रचनाओं में जान डालने का अवसर मिलेगा। प्रत्येक स्नैप, क्रंच और स्लर्प इस चुनौती में जीवंतता की एक परत जोड़ देगा। मास्टरशेफ इंडिया सोनी लिव पर सोमवार से शुक्रवार तक प्रसारित होता है।

## लोगों पर अमिट छाप छोड़ती हैं सुष्मिता सेन : राम माधवानी



**मुंबई,** 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। थ्रिलर ड्रामा 'आर्या' सीजन 3 के निर्माता राम माधवानी ने अभिनेत्री सुष्मिता सेन के साथ काम करने को लेकर अपना अनुभव साझा किया। माधवानी ने अभिनेत्री के सेट और सेट से बाहर के प्रभाव पर प्रकाश डाला। सुष्मिता के साथ काम करने के अपने अनुभव के बारे में बात करते हुए राम ने साझा किया कि सुष्मिता को जानना और उनके साथ काम करना जीवन में मेरी सबसे यादगार यादों में से एक रही है। उनकी ऊर्जा और वह जिस तरह की इंसान हैं, वह आकर्षक है।

उन्होंने कहा कि वह न केवल टीम के साथ, बल्कि सेट के बाहर के लोगों, जैसे किसी रेस्तरां में शेफ या सर्विस स्टाफ के साथ भी अविश्वसनीय रूप से दयालु और गर्मजोशी से भरी रहती हैं। उनकी एक अनोखी उपस्थिति है जो कमरे में प्रवेश करते ही ऊर्जा को बदल देती है। फिल्म निर्माता ने आगे कहा कि एक कमरे में 200 लोग हो सकते हैं, लेकिन आप बता सकते हैं कि सुष्मिता सेन कब अंदर आती हैं। मैंने उनसे मानवीय गुणों के बारे में बहुत कुछ सीखा है। जिन लोगों के साथ आप काम करते हैं या बातचीत करते हैं उन पर एक स्थायी प्रभाव कैसे छोड़ा जाए।

राम ने कहा कि उनके साथ काम करना मेरे जीवन की सबसे यादगार यादों में से एक है। तीसरे सीजन में, आर्या की नजर नशीली दवाओं की आपूर्ति और परिवहन पर है, लेकिन इला अरुण उसे रोक लेती है, जो खुद इस काम से जुड़ी हैं। आर्या का तीसरा सीजन 3 नवम्बर से डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर प्रसारित होगा।

## दीपावली से पहले उल्लुओं की जान पर आफत

### तंत्र-मंत्र के लिए उल्लू के नाखून, आंख, चोंच और पंखों का इस्तेमाल

**देहरादून,** 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। उत्तराखंड के जंगलों में दीपावली से पहले वन विभाग ने अलर्ट जारी कर दिया है। संरक्षित के अलावा उल्लुओं की मौजूदगी वाले वन क्षेत्र में अलर्ट जारी हुआ है। तस्करों की गतिविधि पर नजर रखने के लिए गश्त तेज कर दी गई है। उत्तराखंड में

**वन विभाग ने जारी किया अलर्ट**



दीपावली से पहले तस्करों की नजर जंगलों पर बढ़ जाती है। किदवंतियों और अंधविश्वास के कारण उल्लुओं की डिमांड बढ़ जाती है। जंगलों में मोटी कीमत मिलने के लालच में तस्कर उल्लू का शिकार करने पहुंच जाते हैं। दरअसल, दीपावली पर उल्लू के अंगों से तंत्र-मंत्र के चलते बाजार में कीमत बढ़ जाती है। बताया जाता है कि उल्लू के नाखून, आंख, चोंच और पंखों का इस्तेमाल तंत्र-मंत्र के लिए किया जाता है। अमावस्या की रात में तंत्र मंत्र को सिद्ध करने का भी अंधविश्वास लोगों में है।

उल्लू को धन संपदा की देवी लक्ष्मी का वाहन माना जाता है। मान्यता है कि तांत्रिक कर्मकांड धन संपदा अर्जित करवाता है। यही वजह है कि इस अंधविश्वास के कारण तस्करों की चांदी हो जाती है। वो दीपावली से पहले जंगलों में सक्रिय हो जाते हैं।

तस्करों के उल्लू का शिकार करने के कारण उनकी प्रजाति अब विलुप्त होने की कगार पर आ गई है। हर साल दीपावली से पहले वन विभाग अलर्ट मोड में आ जाता है। इस साल भी इन्हीं संभावनाओं को देखते हुए रिजर्व फॉरेस्ट के अलावा विभिन्न दूसरे वन क्षेत्र में भी अलर्ट जारी किया गया है।

## प्रदुषण खतरनाक स्तर पर अपना रखें ख्याल : डॉ. अंकित कालरा



**नई दिल्ली,** 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। दिल्ली-एनसीआर में खराब होती हवा के कारण सांस के मरीजों पर दवाएं बेअसर हो रही है। ऐसे मरीजों की स्थिति गंभीर होने पर आपातकालीन में अस्पताल लाना पड़ रहा है। कई मरीजों की हालत इतनी गंभीर हो जाती है कि उन्हें वेंटिलेटर पर शिफ्ट करना पड़ता है। सांस रोग के विशेषज्ञों के मुताबिक ऐसे मरीजों की हालत सामान्य रखने के लिए दवाएं चलती है, लेकिन प्रदूषण का स्तर बढ़ने के बाद दवाएं भी बेअसर हो रही हैं। दवा से गंभीर होता रोग कंट्रोल नहीं हो पा रहा। पिछले कुछ दिनों से अस्पतालों के आपातकालीन विभागों में ऐसे मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ी है। इस बाबत कीर्ति नगर स्थित कालरा अस्पताल के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. अंकित कालरा ने कहा कि पिछले कुछ दिनों में आपातकालीन विभाग में ऐसे मरीजों की संख्या बढ़ी है। सांस के मरीजों को सामान्य रखने के लिए दवाएं चलती है, लेकिन सर्दी शुरू होते ही प्रदूषण का स्तर सामान्य से ऊपर चला जाता है। ऐसे में दवाएं भी बेअसर हो जाती है और ऐसे मरीजों को सांस लेने में दिक्कत होने लगती है। उन्होंने कहा कि यदि किसी ऐसे मरीजों को लंबी खांसी हो, बलगम बढ़ जाए, दवा खाने के बाद भी आराम न मिले तो तुरंत अस्पताल लाना चाहिए। ऐसे मरीजों की दवाओं का डोज बढ़ाना पड़ता है। जरूरत पड़ने पर अस्पताल में भी भर्ती करना पड़ता है।

## महिलाओं के हाथों में आएगी यूपी रोडवेज बसों की स्टेयरिंग


**लखनऊ,** 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बसों की कमान महिलाओं के हाथ में होगी। सरकार इसके जरिए भी महिलाओं के स्वावलंबन पर जोर दे रही है। महिला चालकों के प्रशिक्षण पर पूरा ध्यान दिया जा रहा है। शारदीय नवरात्रि में सीएम योगी आदित्यनाथ ने रामनगरी में महिलाओं के हाथों में परिवहन निगम की कमान सौंपी थी। अब उन्हें और सशक्त करने के लिए काफी तेजी से कार्य किया जा रहा है। विभाग के अधिकारियों ने बताया कि महिलाओं के प्रशिक्षण का पहला बैच 8 मार्च 2021 से शुरू किया गया था। पहले बैच के उपरांत दूसरे व तीसरे बैच के लिए महिला चालकों को मॉडल ड्राइविंग ट्रेनिंग एण्ड रिसर्च इन्स्टीट्यूट कानपुर में प्रशिक्षण दिया जाएगा। महिला चालकों को लाइट मोटर व्हीकल ड्राइवर लेवल -3 एवं कमर्शियल व्हीकल ड्राइवर लेवल-4 दोनों कोर्स का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य एसपी सिंह के मुताबिक लाइट मोटर व्हीकल ड्राइवर लेवल-3 कोर्स की प्रशिक्षण अवधि 344 घंटे (तीन माह) होगी। इसके बाद कौशल विकास मिशन द्वारा निर्धारित सेक्टर स्किल काउंसिल एएसडीसी दिल्ली के माध्यम से एसेसमेंट कराया जाएगा। उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का कमर्शियल व्हीकल ड्राइवर लेवल-4 कोर्स का 400 घंटे (चार माह) का प्रशिक्षण होगा। दोनों कोर्स करने के उपरांत डिपो में 17 माह का प्रशिक्षण होगा। प्रशिक्षण के दौरान 6,000 रुपये प्रतिमाह स्टाइपेंड भी दिया जायेगा। यह कोर्स आवासीय है। दोनों कोर्स के दौरान अभ्यर्थियों को छात्रावास में रहना होगा। रहना, खाना आदि निःशुल्क होगा। 24 माह के प्रशिक्षण के उपरांत पिंक बस संचालित करने हेतु डिपो में संविदा चालक के रूप में इनकी तैनाती की जाएगी।

## 'टेम्पटेशन आइलैंड इंडिया' का हिस्सा बनेंगे 'बिग बॉस ओटीटी 2' विजेता एल्विश यादव



**मुंबई,** 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। अमेरिकी डेटिंग रियलिटी शो 'टेम्पटेशन आइलैंड' का रूपांतरण जियो सिनेमा पर आने के लिए तैयार है। बिग बॉस ओटीटी 2 के विजेता एल्विश यादव ने अपने एक व्लॉग में यह घोषणा की है कि वह 'टेम्पटेशन आइलैंड इंडिया' का हिस्सा बनेंगे। अपनी भागीदारी के बारे में एल्विश ने कहा कि मैं 'टेम्पटेशन आइलैंड इंडिया' का हिस्सा बनकर बहुत उत्साहित हूं। मुझे पसंद है कि यह शो कितना ईमानदार है। जब आप किसी रिश्ते में होते हैं, तो कभी-कभी आपको यह सुनिश्चित करने की जरूरत होती है कि आपका रिश्ता कितना मजबूत है और क्या आप अपने साथी पर भरोसा कर सकते हैं। यह शो आपको ऐसा करने में मदद करता है, ताकि आप देख सकें कि क्या आपका साथी वास्तव में आपके लिए सही है। यह आपके रिश्ते को समझने का एक स्पष्ट तरीका है। 'टेम्पटेशन आइलैंड इंडिया' 3 नवम्बर को जियो सिनेमा पर प्रीमियर के लिए तैयार है। युवा-आधारित शो का भारतीय रूपांतरण रोमांटिक रिश्तों को अंतिम परीक्षा में डालता है जहां जोड़े स्वेच्छा से अलग हो जाते हैं। भारतीय संस्करण में मेजबान के रूप में करण कुंद्रा और मौनी रॉय भी शामिल हैं।

## मांट तहसील के एक गांव की विवाहिता नहीं करती हैं करवा चौथ का व्रत



**मथुरा,** 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। देशभर में जहां विवाहिता महिलाओं के लिए एक ओर करवा चौथ का व्रत बेहद महत्वपूर्ण है वहीं दूसरी ओर उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले में एक तहसील ऐसी भी है जहां की विवाहिता महिलाएं चाहकर भी इस व्रत को नहीं करती हैं। मथुरा जिले की मांट तहसील के सुरीर बिजउ गांव के बधा विवाहित महिलाओं द्वारा अपने पति की दीर्घ आयु की कामना के लिए किया जाने वाला करवा चौथ का व्रत मथुरा जिले की मांट तहसील के सुरीर


- बधा क्षेत्र की विवाहित महिलाएं नहीं रखती हैं व्रत
- मुख्य कारण एक सती का इस क्षेत्र के लोगों को दिया गया श्राप

बिजउ गांव के बधा क्षेत्र की विवाहित महिलाएं नहीं रखती हैं। इसका मुख्य कारण एक सती का इस क्षेत्र के लोगों को दिया गया श्राप है।

गांव के बड़े बुजुर्ग बताते हैं कि लगभग ढाई सौ वर्ष पहले घटी घटना के बाद शुरूआत में जिस महिला ने करवा चौथ मनाया उसे ही अपने पति को खोना पड़ गया। आठ नौ इस प्रकार की मौत होने से महिलाओं के विधवा होने के बाद से इस क्षेत्र में इस त्योहार का मनाना बन्द हो गया। गांव की 102 वर्षीय सुनहरी देवी ने बताया कि लगभग ढ़ाई सौ वर्ष पहले एक ब्राह्मण पति अपनी पत्नी को ससुराल से विदा कराकर बैलगाड़ी से जब अपने गांव राम नगला जा रहा था तो रास्ते में बघा क्षेत्र में उसका विवाद एक बैल को लेकर हो गया। जहां बघा क्षेत्र के एक व्यक्ति का कहना था कि उसका यह वही बैल है जो हाल में चोरी हो गया था वहीं ब्राह्मण कह रहा था कि यह बैल उसे ससुराल में मिला है। विवाद इतना बढ़ा कि ब्राह्मण की हत्या कर दी गई। इसके बाद उसकी पत्नी न केवल सती हो गई बल्कि सती होने के पहले उसने श्राप दिया था कि बघा क्षेत्र की जो भी महिला करवा चौथ का व्रत करेगी उसके पति की मृत्यु हो जाएगी। जिस दिन उक्त घटना घटी उस दिन करवा चौथ का पर्व था।

### पुण्यतिथि के अवसर पर

## मधुर संगीत से श्रोताओं को सचिन देव वर्मन ने किया भाव विभोर



**मुंबई,** 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। हर दिल अजीज संगीतकार सचिन देव बर्मन का मधुर संगीत आज भी श्रोताओं को भाव विभोर करता है। सचिन देव बर्मन का जन्म 1 अक्टूबर 1906 में त्रिपुरा के शाही परिवार में हुआ। उनके पिता जाने-माने सितार वादक और ध्रुपद गायक थे। बचपन के दिनों से ही सचिन देव बर्मन का रूझान संगीत की ओर था और वह अपने पिता से शास्त्रीय संगीत की शिक्षा लिया करते थे। इसके साथ ही उन्होनें उस्ताद बादल खान और भीष्मदेव चट्टोपाध्याय से भी शास्त्रीय संगीत की तालीम ली। अपने जीवन के शुरूआती दौर में सचिन देव बर्मन ने रेडियो से प्रसारित पूर्वोतर लोकसंगीत के कार्यक्रमो में काम किया। वर्ष 1930 तक वह लोकगायक के रूप मे अपनी पहचान बना चुके थे। बतौर गायक उन्हें वर्ष 1933 मेप्रदर्शित फिल्म यहूदी की लड़की में गाने का मौका मिला लेकिन बाद मे उस फिल्म से उनके गाये गीत को हटा दिया गया। उन्होंने 1935 मे प्रदर्शित फिल्म 'सांझेर पिदम' में भी अपना स्वर दिया लेकिन वह पार्श्वगायक के रुप में कुछ खास पहचान नहीं बना सके।

वर्ष 1944 मे संगीतकार बनने का सपना लिए सचिन देव बर्मन मुंबई आ गए जहां सबसे पहले उन्हें 1946 में फिल्मिस्तान फिल्म 'एट डेज' में बतौर संगीतकार काम करने का मौका मिला लेकिन इस फिल्म के जरिये वह कुछ खास पहचान नहीं बना पाये। इसके बाद 1947 में उनके संगीत से सजी फिल्म 'दो भाई' के पार्श्वगायिका गीतादत्त के गाये गीत मेरा सुंदर सपना बीत गया की कामयाबी के बाद वह कुछ हद तक बतौर संगीतकार अपनी पहचान बनाने में सफल हो गए। इसके कुछ समय बाद सचिन देव बर्मन को मायानगरी मुंबई की चकाचौंध कुछ अजीब सी लगने लगी और वह सब कुछ छोड़कर वापस कलकत्ता चले आये। हालांकि उनका मन वहां भी नहीं लगा और वह अपने आपको मुबई आने से रोक नहीं पाये।

सचिन देव बर्मन ने करीब तीन दशक के सिने करियर में लगभग नब्बे फिल्मों के लिये संगीत दिया। उनके फिल्मी सफर पर नजर डालने पर पता लगता है कि उन्होंने सबसे ज्यादा फिल्में गीतकार साहिर लुधियानवी के साथ ही की है। सबसे पहले इस जोड़ी ने 1951 में फिल्म नौजवान के गीत 'ठंडी हवाएं लहरा के आये' के जरिये लोगों का मन मोहा। एस. डी. बर्मन और साहिर लुधियानवी की सुपरहिट जोड़ी फिल्म 'प्यासा' के बाद अलग हो गई। एस.डी.बर्मन की जोड़ी गीतकार मजरूह सुल्तानपुरी के साथ भी बहुत जमी।

एस.डी.बर्मन को दो बार फिल्म फेयर के सर्वश्रेष्ठ संगीतकार से नवाजा गया है। एस. डी. बर्मन को सबसे पहले 1954 मे प्रदर्शित फिल्म टैक्सी ड्राइवर के लिए सर्वश्रेष्ठ संगीतकार का फिल्म फेयर पुरस्कार दिया गया। इसके बाद वर्ष 1973 मे प्रदर्शित फिल्म अभिमान के लिए भी वह सर्वश्रेष्ठ संगीतकार के फिल्मफेयर पुरस्कार से नवाजे गए। फिल्म मिली के संगीत बड़ी सूनी सूनी है की रिकार्डिंग के दौरान एस. डी. बर्मन अचेतन अवस्था मे चले गए। हिन्दी सिने जगत को अपने बेमिसाल संगीत से सराबोर करने वाले सचिन दा 31 अक्टूबर 1975 को इस दुनिया को अलविदा कह गए।

रायपुर, मंगलवार 31 अक्टूबर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## केरल विस्फोटों पर सियासत दुर्भाग्यपूर्ण

केरल के एर्नाकुलम जिले के कलामासेरी में रविवार की सुबह ईसाइयों की एक प्रार्थना सभा में 5 मिनटों के भीतर एक के बाद एक हुए तीन बम विस्फोटों से दो महिलाओं की मौत हो गई है और 50 से ज्यादा घायल हुए हैं। इनमें से कुछ की हालत बहुत गम्भीर बतलाई गई है। इन्हें आईसीयू में रखा गया है। तीन दिवसीय प्रार्थना कार्यक्रम के समापन अवसर पर चर्च के कन्वेंशन सेंटर में करीब दो हजार श्रद्धालु उपस्थित थे जब ये विस्फोट हुए। जिस जगह पर धमाके हुए वह येहोवा विटनेस ईसाई समूह का है। जिसने बम विस्फोटों की जिम्मेदारी लेते हुए त्रिशूर पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया है, वह खुद को इसी समुदाय से सम्बद्ध बतलाता है। हालांकि समुदाय ने उससे अपना पल्ला झाड़ लिया है। उस व्यक्ति के अनुसार यह धार्मिक समुदाय लोगों में विद्वेष फैलाता है तथा केरल के लिये हानिकारक है। इससे व्यथित होकर उसने विस्फोट किये।

शनिवार को मल्लपुरम में फिलिस्तीन के समर्थन में निकाली गई एक रैली के दूसरे दिन ये विस्फोट हुए, जिसे हमास के एक नेता खालिद मशेल ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये सम्बोधित किया था। इसलिये बम विस्फोटों को लेकर अब सियासी रंग देने की कोशिशें प्रारम्भ हो गई हैं। कांग्रेसी नेता शशि थरूर ने लोगों से शांति की अपील की है वहीं इस विस्फोट को लेकर भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कांग्रेस पार्टी को ही घेर लिया है। उन्होंने कहा कि 'कांग्रेस बहुत खतरनाक राजनीति कर रही है।' उन्होंने तंज कसते हुए यह भी कहा कि 'यही मोहब्बत की दूकान का असर है।' त्रिवेदी का कहना था कियह देश की सुरक्षा, संवेदनशीलता व सामाजिक सौहार्द्र तीनों के लिए खतरनाक है। भाजपा की सरकार आने से पहले भारत का कोई भी ऐसा कोना नहीं था जहां धमाके नहीं हो रहे थे। आज सारी चीजें नियंत्रित हुई हैं लेकिन ये (कांग्रेस व विपक्षी दल) इस कीमत पर भी राजनीति करने को तैयार हैं। उनके अनुसार, 'मोहब्बत की दुकान की असली तस्वीर यही है।' साथ ही केरल के भाजपा नेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री अल्फोंस केजे का कहना है कि 'स्थिति बेहद गंभीर है। मैं लंबे समय से चेतावनी दे रहा हूं कि केरल में दोनों लेफ्ट और राइट आतंकवाद का समर्थन कर रहे हैं। केरल में यह बहुत लंबे समय से हो रहा है। आज केरल आतंकवाद की चपेट में है। इसे रोकना होगा।'

हालांकि त्रिवेदी यह नहीं बतला सके हैं कि इसका कांग्रेस से क्या सम्बन्ध है। खुद केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने कहा है कि घटना के संबंध में विवरण एकत्र किये जा रहे हैं। विस्फोटों के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी विजयन से बात की और राज्य की स्थिति की जानकारी ली। असली बात यह है कि एनआईए और एनएसजी मौके पर पहुंचकर घटना की जांच कर ही रही है तथा उसके बाद भी किसी बात के पुख्ता प्रमाण अभी नहीं है। ऐसे में इसके लिये किसी को दोषी ठहराना अपने आप में गैर जिम्मेदाराना है। इस घटना को लेकर देश के कुछ राज्यों में अलर्ट जारी किया गया है। जाहिर है कि यह बहुत संवेदनशील मुद्दा है। इसे लेकर किसी भी तरह के हल्के या गैर जिम्मेदाराना बयान घातक हो सकते हैं। सभी दलों को चाहिये कि वे न केवल जिम्मेदारी के साथ इस पर बोलें वरन राज्य में शांति और अमन कायम करने की दिशा में भी मिलकर काम करें।

सवाल यह है कि भाजपा नेता क्यों कर इस घटना को लेकर इस तरह का बयान दे रहे हैं? इसका जवाब मौजूदा राजनीतिक परिस्थितियों को देखने पर मिल सकता है। यह विस्फोट ऐसे वक्त पर हुआ है जब देश के 5 राज्यों के विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं और उन सभी में भाजपा की हालत पतली है। कम से कम तीन राज्यों- राजस्थान, मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ में उसका मुकाबला कांग्रेस से है तो वहीं तेलंगाना में उसे पीछे हटाकर सत्तारुढ़ भारत राष्ट्रीय समिति से मुख्य मुकाबले में कांग्रेस ही आ गई है। रहा मिजोरम, तो वहां भी भाजपा की स्थिति सबसे फिसड्डी है। कांग्रेस अपने चुनावी अभियानों में जमीनी मुद्दों को लेकर सामने आई है। उसका फोकस न्याय योजनाओं तथा सशक्तिकरण पर है तो वहीं भाजपा के पास विकास सम्बन्धी कोई मुद्दे नहीं हैं जिसे लेकर वह जनता के सामने जाये। अब भी वह कांग्रेस तथा प्रतिपक्षी दलों पर भ्रष्टाचार के नाम पर केन्द्रीय जांच एजेंसियों के छापे डलवाकर चुनाव जीतना चाहती है। इसके अलावा वह सामाजिक ध्रुवीकरण के ही सहारे टिकी हुई है। चुनावी राज्यों में उसका एजेंडा साम्प्रदायिकता फैलाकर बहुसंख्यक वोटों को अपनी झोली में डालना है। हालांकि जिस प्रकार से इन सभी राज्यों में कांग्रेस की आंधी चल रही है, उससे भाजपा के मुद्दों को जनता की ओर से कोई तवज्जो नहीं मिल रही है।

केरल हमेशा से ही भाजपा की आंखों की किरकिरी बना हुआ है क्योंकि वहां वाम लोकतांत्रिक मोर्चा की सरकार है। 2019 के लोकसभा चुनाव में किसी भी भाजपायी उम्मीदवार को सफलता नहीं मिली थी। इस बार लोकसभा चुनावों के लिये जो संयुक्त विपक्ष बना है उसमें भी मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी व कांग्रेस सहयोगी हैं जिसके कारण भाजपा की इस सर्वाधिक शिक्षित राज्य में पांव जमाने की कोई कोशिश सफल नहीं हो रही है। इसलिये इस बम विस्फोट को सियासी तौर पर भुनाने का कोई मौका भाजपा छोड़ना नहीं चाहती- चाहे ऐसा करना देश के लिये कितना भी खतरनाक क्यों न हो।

# पश्चिम एशिया संकट : दमित फिलिस्तीनी और मुसीबत में

गत 7 अक्टूबर 2023 को हमास द्वारा इजराइल के कुछ ठिकानों पर हमले और करीब 200 यहूदियों को बंधक बना लिए जाने के बाद से इजराइल फिलिस्तीन पर हमले कर रहा है। दोनों ही हमलों की निष्ठुरता को शब्दों में बयान नहीं किया जा सकता। ऐसे हमलों में सबसे ज्यादा नुकसान हिंसा का शिकार होने वालों का होता है – चाहे वे सैनिक हों या नागरिक। अमेरिका, ब्रिटेन और फ्रांस समेत कई प्रमुख पश्चिमी देशों ने इजराइल के साथ एकजुटता प्रदर्शित की है। यहां तक कि हमास के हमले के कुछ ही घंटों बाद, भारत ने उसका समर्थन कर दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को मणिपुर के बारे में मुंह खोलने में कई महीने लग गए और जब वे बोले भी तब भी घुमाफिरा कर। मगर इजराइल के साथ हमदर्दी जताने में उन्होंने ज़रा भी देरी नहीं की। इस मामले में कई स्तंभकार केवल हमास को कठघरे में खड़ा कर रहे हैं और युद्ध की स्थितियां निर्मित करने के लिए उसे ज़िम्मेदार ठहरा रहे हैं। लेकिन साथ ही यह स्वागतयोग्य है कि इंग्लैंड और अमेरिका में इजराइल के खिलाफ कई बड़े प्रदर्शन हुए हैं (हालांकि मीडिया ने उनकी बहुत कम चर्चा की) और कई यहूदियों ने पश्चिम एशिया में इजराइल की नीतियों की आलोचना की है।

जहां तक भारत का सवाल है, पूर्व में इजराइल के मामले में उसकी नीतियां इस मुद्दे पर महात्मा गांधी के विचारों पर आधारित रहीं हैं. गांधीजी ने 1938 में लिखा था, 'फिलिस्तीन उसी तरह से अरब लोगों का है, जिस तरह इंग्लैंड, अंग्रेजों का और फ्रांस, फ्रांसीसियों का है।' उन्होंने यह भी लिखा कि ईसाईयों के हाथों यहूदियों ने प्रताड़ना भोगी है। मगर इसका यह मतलब नहीं है उन्हें मुआवज़ा देने के लिए फिलिस्तीनियों से उनकी ज़मीन छीन ली जाए। यहूदी यूरोप में व्याप्त यहूदी-विरोधवाद के शिकार रहे हैं। यहूदियों के प्रति ईसाईयों के बैरभाव के कई कारणों में से एक यह है कि ऐसा माना जाता है कि ईसा मसीह को सूली पर चढ़ाये जाने के लिए यहूदी ज़िम्मेदार थे। आगे चलकर व्यापारिक होड़ के कारण यह बैर और बढ़ा। यहूदी-विरोधवाद का सबसे क्रूर और सबसे हिंसक पैरोकार था एडोल्फ हिटलर जिसने लाखों यहूदियों को मौत के घाट उतार दिया। अकेले गैस चैम्बरों में 60 लाख यहूदी मारे गए। हिटलर द्वारा यहूदियों को हर तरह से प्रताड़ित किया गया।

यूरोप में यहूदियों को कई तरह के भेदभाव का सामना करना पड़ता था। इसी के नतीजे में ज़ोयनिज्म या यहूदीवाद का जन्म हुआ। थियोडोर हर्ट्सज़ल ने 'द ज्यूइश स्टेट' शीर्षक से एक पुस्तक लिखी और इस मुद्दे पर स्विट्ज़रलैंड के बाल शहर में कुछ यहूदियों की बैठक हुई। ओल्ड टेस्टामेंट के हवाले से उन्होंने घोषणा की कि फिलिस्तीन की भूमि यहूदियों की है। उनका नारा था, 'भूमिविहीन मानवों (यहूदियों) के लिए मानव-विहीन भूमि (फिलिस्तीन)।' जाहिर है कि यह नारा उस भूमि पर 1,000 साल से रह रहे फिलिस्तीनियों के साथ बेरहमी करने का आह्वान था। और ये फिलिस्तीनी केवल मुसलमान नहीं थे। उनमें से 86 फ़ीसदी मुसलमान, 10 फीसदी ईसाई और 4 फीसदी यहूदी थे। बहरहाल एक 'ज्यूइश नेशनल फण्ड' स्थापित किया गया और दुनिया भर से यहूदी फिलिस्तीन आकर वहां ज़मीन खरीदने लगे।



राम पुनियानी

> यह अन्याय यदि और गंभीर होता जा रहा है तो इसका कारण है पश्चिमी देशों का इजराइल को अंध-समर्थन। पश्चिम समस्या के मूल में नहीं जाना चाहता। वह नहीं स्वीकार करना चाहता कि समस्या के मूल में है यहूदी विस्तारवाद और फिलिस्तीनियों का दमन। आवश्यकता इस बात की है कि पश्चिम एशिया के संकट के सुलझाव के लिए शांति और न्याय पर आधारित आन्दोलन चलाया जाए।

शुरुआत में अधिकांश यहूदी भी यहूदीवाद के खिलाफ थे। जो यहूदी फिलिस्तीन में बसे, उनसे कहा गया कि वे अपनी ज़मीन न तो किसी अरब को किराये पर दें और न किसी अरब को बेचें। उनका इरादा साफ़ था, धीरे-धीरे फिलिस्तीन पर कब्ज़ा जमाते जाओ। यहूदियों की संख्या बढ़ती गई। फिर एक अंतरराष्ट्रीय समझौते के अंतर्गत फिलिस्तीन का शासन इंग्लैंड के हाथ में आ गया और वहां की आतंरिक समस्याएं बढ़ने लगीं। सन् 1917 में इंग्लैंड ने बेलफोर घोषणापत्र जारी कर 'फिलिस्तीन में यहूदी लोगों के लिए गृहराष्ट्र की स्थापना' का समर्थन किया। इस तरह फिलिस्तीन की समस्या की जड़ में ब्रिटिश उपनिवेशवाद है। महान यहूदी लेखक आर्थर केस्लेर ने बेलफोर घोषणापत्र के बारे में लिखा, 'इससे विचित्र दस्तावेज दुनिया ने पहले कभी नहीं देखा था।' अमेरिकी-इजराइली इतिहासवेत्ता मार्टिन क्रेमर के अनुसार, 'यह दस्तावेज संकीर्ण और तरह-तरह के प्रतिबंधों और रोकों पर आधारित राजनैतिक यहूदीवाद की ओर पहला कदम था।' अरब लोगों ने 1936 के बाद से इस घुसपैठ का प्रतिरोध करना शुरू किया परन्तु उसे ब्रिटेन ने कुचल दिया।'

हिटलर द्वारा यहूदियों की प्रताड़ना के चलते द्वितीय विश्वयुद्ध की समाप्ति के बाद, यहूदी और बड़ी संख्या में यहां बसने लगे। यह दिलचस्प है कि यूरोप के देशों और अमेरिका ने यहूदियों को उनके देश में बसने के लिए कभी प्रोत्साहित नहीं किया। कुछ वक्त बाद, फिलिस्तीन को दो हिस्सों में बांट दिया गया- फिलिस्तीन और इजराइल और यह तय हुआ कि येरुशलम और बेथलेहम को अंतरराष्ट्रीय नियंत्रण में रखा जाएगा। ज़मीन का बंटवारा अरब लोगों के हितों के खिलाफ था। लगभग 30 प्रतिशत यहूदियों जो सात प्रतिशत ज़मीन पर रह रहे थे को 55 प्रतिशत ज़मीन दे दी ग। फिलिस्तीनियों को केवल 45 प्रतिशत ज़मीन दी गई और उन्होंने इस निर्णय को अल-नकबा (तबाही) की संज्ञा दी।

इजराइल को अमेरिका और ब्रिटेन का पूरा समर्थन मिला। युद्धों के ज़रिये वह धीरे-धीरे अपने कब्ज़े की ज़मीन का विस्तार करता गया और आज स्थिति यह है कि वह मूल फिलिस्तीन की 80 प्रतिशत से भी ज्यादा ज़मीन पर काबिज़ है। फिलिस्तीनी अपनी ही ज़मीन पर शरणार्थी बन गए हैं और आज 15 लाख फिलिस्तीनी सुविधा-विहीन कैम्पों में रहने पर मजबूर हैं। शुरूआती विस्थापनों में से एक में 14 लाख फिलिस्तीनियों को अपने घरबार छोड़ने पड़े थे। इन्हीं विस्थापितों में से प्रतिरोध की एक नायिका लैला ख़ालिद उभरी थीं। वे 'पॉपुलर फ्रंट फॉर द लिबरेशन ऑफ़ पेलेस्टाइन' के सदस्य थीं। प्रतिरोध के एक अन्य बड़े नायक थे यासेर अराफात, जिन्होंने बीच का रास्ता चुना और फिलिस्तीन को वैश्विक मुद्दा बनाया। समाधान के कई प्रयास असफल हो गए जिनमें ओस्लो समझौता शामिल है। जमीन को बांट कर वहां दो देशों- फिलिस्तीन और इजराइल- की स्थापना का प्रस्ताव इजराइल को मंज़ूर नहीं है। बल्कि इजराइल तो एक तरह से फिलिस्तीन को मान्यता ही नहीं देता। इजराइल की एक प्रधानमंत्री गोल्डा मेयर ने कहा था-'फिलिस्तीन जैसी कोई चीज़ नहीं है।' इजराइल की मूल नीति यही है।

इजराइल लगातार फिलिस्तीन की भूमि पर कब्ज़ा बढ़ाता जा रहा है और इस बारे में संयुक्त राष्ट्रसंघ के कई प्रस्तावों को इजराइल नज़रअंदाज़ करता आ रहा है। अमेरिका इजराइल की यहूदीवादी नीतियों का खुलकर समर्थन करता आ रहा है। और इसके बदले इजराइल पश्चिम एशिया में कच्चे तेल के संसाधनों पर कब्ज़ा ज़माने में अमेरिका की मदद करता रहा है।

दुनिया में शायद ही कोई समुदाय इतना प्रताड़ित हो जितना कि फिलिस्तीनी हैं। वे उनकी ही भूमि पर कुचले जा रहे हैं, उन्हें उनकी ही ज़मीन से बेदखल किया जा रहा है। फिलिस्तीनी ब्रिटिश उपनिवेशवाद और अमेरिका साम्राज्यवाद के शिकार हैं। पिछले कुछ दशकों में संयुक्त राष्ट्रसंघ को बहुत कमज़ोर बना दिया गया है। ऐसे में इन प्रताड़ित लोगों को कौन न्याय देगा? यह दुखद है कि हिटलर ने यहूदियों के साथ जो किया था, वही यहूदी फिलिस्तीनियों के साथ कर रहे हैं।

यह अन्याय यदि और गंभीर होता जा रहा है तो इसका कारण है पश्चिमी देशों का इजराइल को अंध-समर्थन। पश्चिम समस्या के मूल में नहीं जाना चाहता। वह नहीं स्वीकार करना चाहता कि समस्या के मूल में है यहूदी विस्तारवाद और फिलिस्तीनियों का दमन। आवश्यकता इस बात की है कि पश्चिम एशिया के संकट के सुलझाव के लिए शांति और न्याय पर आधारित आन्दोलन चलाया जाए। वर्तमान स्थिति में एक मात्र अच्छी बात यह है कि इजराइल की मनमानी के खिलाफ प्रदर्शनों में बड़ी संख्या में यहूदी भी हिस्सा ले रहे हैं।

(अंग्रेजी से रूपांतरण अमरीश हरदेनिया)

# स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में कड़ी मेहनत का फल

■ हरिहर स्वरूप

क्या वह आदमी नहीं हैं'? कहा जाता है कि सोनिया गांधी ने पिछले हफ्ते की शुरुआत में पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) की बैठक में नाराजगी जताई थी। कमरे में मौत जैसा सन्नाटा था। क्या उनके खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप नहीं हैं?

खबरों के मुताबिक, सोनिया गांधी शांति धारीवाल का जिक्र कर रही थीं, जिनका नाम आगामी राजस्थान विधानसभा चुनाव के टिकट के लिए विचार के लिए आया था। राहुल गांधी ने हस्तक्षेप करते हुए कहा कि उन्होंने भी अपनी भारत जोड़ो यात्रा के दौरान कोटा में धारीवाल के खिलाफ कई शिकायतें सुनी थीं।

जो बात अनकही रह गई वह यह थी कि धारीवाल का नाम कैसे चर्चा में आया। महेश और धर्मेंद्र राठौड़ के साथ, धारीवाल को कांग्रेस के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के आदमी के रूप में देखा जाता है। सितंबर 2002 के संकट में, जब कभी गांधी परिवार के कट्टर वफादार माने जाने वाले गहलोत ने उनकी जगह सचिन पायलट को लाने की पार्टी आलाकमान की योजना को विफल कर दिया, तो तीनों सीएम के साथ खड़े हो गये थे। यह तथ्य कि सीईसी धारीवाल के मामले में बहस कर रही थी, राजस्थान में गहलोत के बढ़ते दबदबे को दर्शाता है। इस बात पर जोर देकर कि उन्हें हटा दिया जाये, आलाकमान उनके कुछ टूटे हुए अधिकार को बहाल करने की कोशिश कर रहा था।

> 2018 में कांग्रेस ने बढ़त हासिल की थी और भाजपा को 73सीटें ही मिल पाई थीं। पार्टियों के बीच वोट शेयर का अंतर सिर्फ 1 प्रतिशत से थोड़ा ऊपर था। कुछ ही महीनों के भीतर, भाजपा ने लोकसभा चुनावों में कांग्रेस को मजबूर कर दिया, और राज्य की 25 में से 24 सीटें जीत लीं और एनडीए में उसकी सहयोगी आरएलपी को 1 सीट मिली।

हालांकि धारीवाल, राठौड़ और जोशी अंतिम सूची में शामिल नहीं हो सकते हैं, लेकिन तथ्य यह है कि विधायकों की बेंचिंग के खिलाफ गहलोत की हठधर्मिता का मतलब है कि कांग्रेस अब तक 200 में से केवल 33 नामों के साथ सामने आई है, जो इस खींचतान को दर्शाता है। सभी हिसाब से बड़ा हिस्सा—और यह महत्वपूर्ण हिस्सा है—अभी भी मुख्यमंत्री द्वारा तय किया जायेगा। गांधी परिवार 2022 में भी या अभी भी कुछ नहीं कर सका।

पिछले सप्ताह की शुरुआत में जब कोई राजस्थान भर में यात्रा कर रहा था, तो यह बार-बार सामने आया। अनेक लोगों ने इस बात पर आश्चर्य व्यक्त किया कि कैसे गहलोत यह कहकर 'बच गये' कि इससे परिवार की 'लाचारी' उजागर हो गई, जैसा कि और कुछ नहीं हो सकता था।

कई लोगों के लिए, यह गहलोत की बढ़ती 'ताकत' का संकेत है- जिसमें कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए खड़े होने की पेशकश को ठुकराना और 2020 में उनकी सरकार को गिराने की भाजपा की योजना को विफल करना भी शामिल है। 'देखो दिल्ली को आंख दिखा दी,' उन लोगों ने कहा।

कई अन्य लोगों ने कहा कि गहलोत ने दिखा दिया है कि वह 'राजनीति के जादूगर' हैं, जो अपने विरोधियों पर बाजी पलटना जानते हैं। जादूगर एक शब्द है जो अक्सर गहलोत के लिए प्रयोग किया जाता है। ध्यान रहे कि उनके पिता सच में जादूगरी करते थे।

एक 'मजबूत नेता' की यह छवि गहलोत को अच्छी स्थिति में रखती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक दबंग, दमदार नेता (निडर, शक्तिशाली नेता) का खाका तैयार कर दिया है। इसलिए, आज राजस्थान में कांग्रेस राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे और यहां तक कि सचिन पायलट के बारे में नहीं है, बावजूद इसके कि युवाओं के बीच उनकी पकड़ है और कई जिलों में उनका प्रभाव है। राजस्थान में कांग्रेस का मतलब अब गहलोत ही रह गया है। कई लोगों का मानना है कि वह सत्ता विरोधी लहर का सामना कर सकते हैं। यहां तक कि भाजपा के समर्थक भी कहते हैं, 'इन्होंने पार्टी को टक्कर की स्थिति में तो ला ही दिया है'।

सीकर जिले के नहरों की ढाणी गांव के एक जाट किसान कहते हैं: 'आम तौर पर, जब तक चुनाव घोषित होते हैं, हमें पता चल जाता है कि हवा किस तरफ चल रही है। इस बार लड़ाई होने वाली है।'

सीकर शहर में एक भाजपा समर्थक का कहना है, 'कांग्रेस के 70-80 सीटें जीतने की संभावना है।' जयपुर में एक राजनीतिक पर्यवेक्षक कहते हैं, 'इस बात की केवल 10 फीसदी ही संभावना है कि कांग्रेस आसानी से सत्ता से बाहर हो सकती है।'

एक 32 वर्षीय होटल कर्मचारी कहता है कि वह भाजपा को वोट देगा, परन्तु वह भी गहलोत के 'स्वास्थ्य और शिक्षा में अच्छे काम' को स्वीकार करता है। 'लेकिन दूसरी तरफ राष्ट्रवाद है।' मैं राष्ट्रवाद चुनूंगा।

एक रेहड़ी-पटरी वाला जो ठेले पर बेक किया हुआ सामान बेचता है, बड़े खुदरा विक्रेताओं के उदय के लिए मोदी को दोषी ठहराता है। 'हमारे पेट पर लात पड़ी है।' इस बार मैं मोदी को वोट नहीं दूंगा।

पिछले साल की तुलना में यह धारणा बदल गई है कि गहलोत ने कांग्रेस को टिकाया है, जब पार्टी की हार को तय माना जा रहा था। तब कांग्रेसियों ने भी आंतरिक सर्वेक्षणों में पार्टी को 20-25 सीटें मिलने की बात कही थी।

2018 में कांग्रेस ने बढ़त हासिल की थी और भाजपा को 73सीटें ही मिल पाई थीं। पार्टियों के बीच वोट शेयर का अंतर सिर्फ 1 प्रतिशत से थोड़ा ऊपर था। कुछ ही महीनों के भीतर, भाजपा ने लोकसभा चुनावों में कांग्रेस को मजबूर कर दिया, और राज्य की 25 में से 24 सीटें जीत लीं और एनडीए में उसकी सहयोगी आरएलपी को 1 सीट मिली।

### जयंति

## महानायकों का स्मरण दिवस

सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती और इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि एक ही दिवस पड़ती वह है -31अक्टूबर। यह दिन देश के दो महानायकों के स्मरण का दिन है। आज़ाद भारत के प्रथम गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल का राष्ट्रीय आंदोलन से लेकर आज़ादी के बाद भी योगदान अविस्मरणीय है। पटेल जी के योगदान और दृढ़ व्यक्तित्व को देखते हुए इन्हें 'भारत का लौह पुरुष' तथा 'भारत के बिस्मार्क' के रूप में भी जाना जाता है। सन् 2018 में, गुजरात में विश्व की सबसे ऊंची मूर्ति 'स्टेच्यू ऑफ़ यूनिटी' पटेल जी को समर्पित की गई है जो कि देश की एकता में उनके योगदान को इंगित करती है। वहीं इंदिरा गांधी ने बचपन में पिता जवाहरलाल और मां कमला नेहरू के धरना आंदोलन से प्रभावित होकर वानर सेना बनाई जो अंग्रेज अफसरों और सैनिकों को परेशान करती थी और आज़ाद भारत के नारे लगाती थी। आज़ादी के बाद उन्होंने पिता के साथ राजनीति का ज्ञान हासिल किया। विदेश नीति को समझा। उनका यह ज्ञान जब वे भारत की प्रधानमंत्री बनीं तब काम आया। उनका सबसे बड़ा अवदान उनकी विदेश नीति थी। उससे तब दुनिया देखकर चौंकी जब देश की पूर्वी सीमा से पाकिस्तान की नाओं को खदेड़ कर एक नए राष्ट्र बांग्लादेश बनाया। एक कुशल योद्धा की तरह वे अपने इरादे में विजयी रहीं और हमारी पूर्वी सीमा सुरक्षित हुई। इंदिरा जी की समझाइश के बाद ही कश्मीर एक पूर्ण राज्य बना। पहले शेख अब्दुल्ला प्रधानमंत्री कहलाते थे उन्होंने वहां मुख्यमंत्री बनाने का सिलसिला शुरू किया। तिरंगा फहराया।

गृहमंत्री पटेल ने जहां आज़ाद भारत में फैली 362से ज्यादा रियासतों को भारत का हिस्सा बनाया वहीं इंदिरा गांधी ने सिक्किम जैसे स्वतंत्र राष्ट्र को बिना लड़े समझौता करके भारत के एक राज्य में परिणत किया जिससे हमारी उत्तर की सीमा भी सुरक्षित हुई। तभी से उन्हें लौह महिला (आयरन लेडी) जैसे नाम से देश और विदेश के पत्रकार लेखकों ने नवाज़ा था। जबकि सरदार पटेल को सरदार नाम, बारडोली सत्याग्रह के बाद मिला, जब बारडोली कस्बे में सशक्त सत्याग्रह करने के लिए उन्हें पहले बारडोली का सरदार कहा गया। बाद में सरदार उनके नाम के साथ ही जुड़ गया। खेड़ा और बारडोली में सत्याग्रह की बदौलत अंग्रेजों से मिली जीत से उन्हें पहले महिलाओं ने लौह पुरुष कहा बाद में महात्मा गांधी ने भी उस नाम से उन्हें सम्बोधित किया।

आजकल सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर एकता दिवस मनाया जाता है। भारत की राजनीति में यह दिन दो मायनों में बेहद अहम है। पहला 31 अक्टूबर को सरदार पटेल की जयंती पड़ती है तो दूसरा इसी दिन पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या कर दी गई थी जिसे बलिदान दिवस के रूप में भारत सरकार मनाती रही अब सिर्फ कांग्रेस पार्टी ही उनकी पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में मनाती है। विदित हो श्रीमती इंदिरा गांधी ने पंजाब को खालिस्तान ना बनने देने के लिए स्वर्ण मंदिर में फ़ौज भेजकर खालिस्तान बनाने वालों को परास्त किया था। बाद में स्वर्ण मंदिर में सेना भेजकर अपवित्र करने की सजा उनके ही सिख अंगरक्षकों ने उन्हें गोलियों से छलनी कर दिया था। बाद में राजीव गांधी ने इस गलती की क्षमा मांगी और तब से पंजाब शांत है। उनके बलिदान से पंजाब हमारा है और सदा रहेगा।

-सुसंस्कृति परिहार

### आपके पत्र

## राजस्थान में जातिगत जटिलताओं के बीच विधानसभा चुनाव में कामयाबी पाने की कोशिश

राजस्थान की राजनीति में जाति की अहम भूमिका है। जाट, माली, ब्राह्मण व अन्य समुदाय को साधने के लिए भाजपा और कांग्रेस ने कोई कसर नही छोड़ी है। राजस्थान इस बार विधानसभा में भाजपा ने राजपूत समाज को टिकट ज्यादा दिया है। कांग्रेस ने भाजपा से कम राजपूत समुदाय को टिकट आवंटित किया है। राजस्थान में इस बार किसी भी समुदाय को नाराज करने का कोई पार्टी जोखिम उठाने के लिए तैयार नहीं है। राजस्थान में गुर्जरों का हिस्सा सात प्रतिशत है। राजस्थान में दो सौ में से वे आधा दर्जन विधानसभा सीटों पर वे फैसला पलटने की ताकत रखते हैं। राजपूत समाज का प्रतिनिधित्व करने वाली पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे को दूसरी सूची में टिकट मिला। राजस्थान में विकास की नींव रखने वाली राजे को टिकट में लेटलतीफी के चलते सियासी गलियारों में चर्चा का विषय बना था। राजस्थान में कस्बाई और ग्रामीण मतदाताओं पर ध्यान ज्यादा है। दो सौ विधानसभा सीटों पर भाजपा के विस्तारकों की सीधी मुलाकात और मतदाताओं की समस्याओं को जानने दरवाजे पर दस्तक दी गई थी। भाजपा की परिवर्तन यात्रा से आम आदमी से जुड़ने का मौका मिला था। सत्ता विरोधी लहर की आशंका में कांग्रेस अनेक योजनाओं की घोषणा कर मतदाताओं को रिझाने की कोशिश की गई है। पिछले दिनों राजस्थान में जाट सम्मेलन में जाट सीएम की मांग उठी। राजस्थान में जाट समुदाय के मुख्यमंत्री बनने का मुद्दा प्रमुखता से छाया रहा था। राजपूत समाज से कोई मुख्यमंत्री बनाया जाता है तो जाट समाज को कोई आपत्ति नहीं है। ओबोसी आरक्षण 21 से 27 फीसदी बढ़ाने की मांग की गई और आगामी दिनों 20 नबम्बर को दिल्ली में जाट महाअधिवेशन बुलाने का फैसला किया था। राजस्थान में दोनों पार्टियों ने बड़े समुदाय को टिकट देकर साधने की कोशिश की है। कांग्रेस न जा राजपुत ब्राह्मण दलित और एसटी को टिकट दिया है। अब इस बार की सूची घोषित करनी बाकी है। कांग्रेस ने 20 फीसदी टिकट जाट समाज को तो भाजपा ने 17 फीसदी जाट समुदाय के उम्मीदवारों को मैदान के उतारा है। वैश्य और ब्राह्मण पर भाजपा का बड़ा दाव खेला है। आगामी दिनों में विधानसभा चुनाव होना है। दो लिस्ट में भाजपा 10 प्रतिशत राजपूत तो कांग्रेस ने पांच प्रतिशत टिकट दिए हैं। पार्टी के फोकस के आधार पर शासन के सर्वश्रेष्ठ हित में समुदाय विशेष का आवंटन ही प्रत्याशी को जीत की और अग्रसर करती है।

कांतिलाल मांडोत, सूरत

## सीरिया, इराकी सीमा पर ट्रकों पर हमला

**दमिश्क।** अमेरिकी हवाई हमलों ने सीरियाई-इराकी सीमा पर सोमवार तड़के निर्माण सामग्री से भरे ट्रकों को निशाना बनाया, जिसके बाद सीरिया के पूर्वी प्रांत दीर अल-ज़ौर में अमेरिकी सैन्य अड्डे पर जवाबी कार्रवाई की गई। लेबनानी अल-मायादीन टीवी द्वारा जारी रिपोर्ट में यह जानकारी दी गयी। रिपोर्ट के अनुसार, निर्माण सामग्री ले जा रहे सात ट्रकों को इराक की सीमा के पास पूर्वी सीरिया में अमेरिकी बमबारी का निशाना बनाया गया।

# देश विदेश

# अमेरिका ने इजरायल पर गाजा में संचार बहाल करने के लिए दबाव बनाया

**वाशिंगटन,** 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। अमेरिका ने गाजा पट्टी में संचार बहाल करने के लिए इजरायल की सरकार पर दबाव बनाया है। वाशिंगटन पोस्ट ने एक वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारी के हवाले से सोमवार को जारी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि फिलिस्तीनी एक्सक्लेव में शुक्रवार रात से संचार ब्लैकआउट की सूचना मिली है जब इजरायल रक्षा बलों ने गाजा में जमीनी अभियानों के विस्तार की घोषणा की। संचार में खराबी के कारण आपातकालीन सेवाएं बाधित हो गईं और गाजा पट्टी में मानवीय सहायता पहुंचाने वाले संयुक्त राष्ट्र के कर्मचारियों से संपर्क टूट गया। रविवार को, गाजा पट्टी की नागरिक सुरक्षा ने क्षेत्र में संचार की आंशिक बहाली की पुष्टि की। उन्होंने कहा, हमने स्पष्ट कर दिया कि उन्हें वापस

■ **संचार में खराबी के कारण आपातकालीन सेवाएं बाधित हुई**



चालू करना होगा। उन्होंने कहा कि इजरायल ने अमेरिका को यह नहीं बताया कि उन्होंने गाजा पट्टी में संचार क्यों काट दिया। बाद में, अमेरिकी सरकार ने गाजा में संचार बहाल करने के लिए इजरायली पक्ष के साथ काम किया है। व्हाइट हाउस ने एक्स पर कहा, गाजा में संचार की बहाली महत्वपूर्ण थी, क्योंकि सहायता कर्मियों, नागरिकों और पत्रकारों को एक-दूसरे तथा अन्य दुनिया से संवाद करने में सक्षम होने की आवश्यकता है। हमारे प्रशासन ने इसकी परवाह की। इस पर काम किया और इसे बहाल होते देखकर खुशी हुई। उल्लेखनीय है कि सात अक्टूबर को हमास ने गाजा पट्टी से इजरायल के खिलाफ बड़े पैमाने पर रॉकेट हमला किया और सीमा का उल्लंघन किया। पड़ोसी इजरायली समुदायों के लोगों की हत्या और अपहरण कर लिया। इजरायल ने जवाबी हमले शुरू किए और 20 लाख से अधिक लोगों के घर गाजा पट्टी की पूर्ण नाकाबंदी का आदेश दिया। पानी, भोजन और ईंधन की आपूर्ति काट दी। बाद में, मानवीय सहायता वाले ट्रकों को गाजा पट्टी में प्रवेश की अनुमति देने के लिए नाकाबंदी में ढील दी गई। संघर्ष के बढ़ने से दोनों पक्षों के हजारों लोग मारे गए और घायल हुए।

### संघर्ष के बीच गाजा के अस्पतालों से मरीजों को निकालना असंभव : डब्ल्यूएचओ

**गाजा।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के कार्यालय ने सोमवार को कहा कि कब्जे वाले फिलिस्तीनी क्षेत्र में यहां चल रहे संघर्ष के बीच तत्काल आवश्यकता के बावजूद गाजा के अस्पतालों से मरीजों को सुरक्षित निकालना असंभव है। गाजा के उत्तरी क्षेत्र में अस्पतालों से निकासी के आदेश मिलते रहते हैं। डब्ल्यूएचओ ने सोशल मीडिय प्लेटफॉर्म 'एक्स 'पर दोहराया कि मरीजों के जीवन को खतरे में डाले बिना अस्पतालों को खाली कराना असंभव है,। साथ ही संगठन ने कहा कि अस्पतालों में चिकित्सा आपूर्ति खत्म हो रही है। डब्ल्यूएचओ कार्यालय ने कहा, ईंधन की कमी पहले से ही स्वास्थ्य सुविधाओं और एम्बुलेंस की आवाजाही पूरी तरह से प्रभावित हो रही है। उल्लेखनीय है कि 07 अक्टूबर को हमास ने गाजा पट्टी से इज़राइल पर बड़े पैमाने पर रॉकेट हमला किये थे और इज़रायली समुदायों के लोगों की हत्या और अपहरण किया था। इसके बाद इज़रायल ने जवाबी हमले शुरू किए और बीस लाख से अधिक आबादी वाले गाजा पट्टी की पूर्ण नाकाबंदी का आदेश दिया साथ ही पानी, भोजन और ईंधन की आपूर्ति बंद कर दी थी। बाद में मानवीय सहायता वाले ट्रकों को गाजा पट्टी में प्रवेश की अनुमति देने के लिए नाकाबंदी में ढील दी गई। संघर्ष के बढ़ने से दोनों पक्षों के हजारों लोग मारे गए और घायल हुए।

### 'इजराइल ने सीरियाई सेना के सैन्य ठिकानों पर किया हमला'

**दोहा।** इजरायली सेना ने सीरिया के दक्षिणी हिस्से में सेना के दो ठिकानों पर हमले किए। सीरियाई रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। सीरिया के सरकारी टीवी प्रसारक ने रक्षा मंत्रालय के हवाले से कहा, आज, लगभग 01:35 पर, इजरायली दुश्मन ने कब्जे वाले सीरियाई गोलान से हवाई हमला किया, जिसमें दारा शहर के आसपास हमारे सशस्त्र बलों की दो चौकियों पर हमला किया गया, जिससे भौतिक क्षति हुई। हमले में संभावित हताहतों के बारे में अभी तक कोई जानकारी नहीं दी गई है।

## सुडोकू 6362

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 1 | | 5 | | |
| 4 | | | | | 3 | | 2 | 9 |
| 5 | | 9 | | | | | | |
| 2 | | | | 7 | | | | |
| 9 | 1 | | | | | | 6 | 3 |
| | | | | 6 | | | | 8 |
| | | | | | | 6 | | 7 |
| 7 | 3 | | 6 | | | | | 2 |
| | | 8 | | 5 | | | 3 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : मंगलवार 31 अक्टूबर, 2023 कार्तिक कृष्ण पक्ष 2

### राशिफल

मेष -आज आप खर्च में संयम बनाए रखें। अनावश्यक कारणों पर भी धन खर्च हो सकता है। धन संबंधी एवं लेन-देन संबंधी सभी कामों में सावधानी रखने की जरूरत है। किसी के साथ विवाद न हो, इसका ध्यान रखें।

वृषभ -आज का दिन शुभ फलदायी है। आपकी रचनात्मक और कलात्मक शक्तियों में वृद्धि होगी। मानसिक रूप से आज आप वैचारिक स्थिरता का अनुभव करेंगे। इसके परिणामस्वरूप आप लगन के साथ काम कर पाएंगे।

मिथुन -आज आपका दिन शारीरिक एवं मानसिक अस्वस्थता के साथ चिंता में भी रहेगा। शारीरिक कष्ट, विशेषकर आंखों में पीड़ा होने की आशंका रहेगी। परिजनों और स्नेहियों के साथ किसी घटना की संभावना है।

कर्क -आज का दिन आपके लिए बहुत लाभकारी है। आपकी आय में वृद्धि होगी। किसी अन्य तरीके से भी आर्थिक लाभ होगा। मित्रों के साथ मुलाकात हो सकती है। व्यपार में लाभ होगा। संतान और जीवनसाथी से सुख मिलेगा।

सिंह -आपके दृढ़ मनोबल और भरपूर आत्मविश्वास से हर काम सफलतापूर्वक संपन्न होंगे। व्यापार के क्षेत्र में आपकी प्रतिभा बढ़ सकती है। पदोन्नति की संभावना है। पिता की संपत्ति से लाभ होगा।

कन्या -आज आप का दिन बहुत शुभ है। धार्मिक कार्य एवं यात्रा के लिए समय अनुकूल है। मित्रों एवं सम्बंधियों से हुई मुलाकात के कारण आनंद होगा। मित्रों से लाभ होगा।

तुला -आप की वाणी पर संयम रखें। नियम विरुद्ध काम ना करें। नए संबंधों से नुकसान हो सकता है। आर्थिक परेशानी में दिन गुजरेगा। ईश्वर की आराधना एवं आध्यात्मिकता आपके मन को शांति प्रदान कर सकती है।

वृश्चिक -आज आप दैनिक कामों से दूर आनंद-प्रमोद में खोए रह सकते हैं। किसी मनोरंजन स्थल या पर्यटन स्थल पर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। समाज में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

धनु -आज आपके लिए आर्थिक लाभ का दिन है। घर में शांति और आनंद का वातावरण रहेगा। इससे आपका मन प्रसन्न रखेगा। नौकरी करने वाले लोगों को लाभ मिलेगा। सहकर्मियों से सहयोग मिलेगा। कार्यसिद्धि तथा यश मिलेगा।

मकर -आज आप मानसिक रूप से काफी अशांत और असमंजस में रहेंगे। आप कोई भी ठोस निर्णय नहीं ले पाएंगे, जिससे तनाव में रहेंगे। भाग्य आज आपके साथ नहीं रहेगा, इससे आपको काफी निराशा का अनुभव होगा।

कुंभ -अत्यधिक संवेदनशील होने के कारण आज आप मानसिक बेचैनी और अस्वस्थता का अनुभव करेंगे। इस कारण जिद्दीपन आएगा। सार्वजनिक रूप से मानहानि न हो, इसका ध्यान रखें।

मीन -आज का दिन महत्वपूर्ण निर्णय लेने के लिए शुभ है। विचारों में दृढ़ता रहेगी, काम अच्छी तरह से पूरे होंगे। सृजनात्मक और कलात्मक शक्ति में वृद्धि होगी। दोस्तों या परिजनों के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## यूक्रेनी सेना ने डोनेट्स्क दिशा में 285 सैनिकों को खोया

**मॉस्को,** 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। डोनेट्स्क दिशा में पिछले 24 घंटों में यूक्रेनी सेना के 285 सैनिक मारे गए और कई घायल हो गए। रूसी रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, इस दिशा में दुश्मन देश के कुल 285 सैनिक मारे गए और घायल हुए हैं। इसके अलावा दो बख्तरबंद लड़ाकू वाहन, तीन कारें थीं। जवाबी-बैटरी संघर्ष के दौरान रूस ने दो अमेरिकी निर्मित एम777 हॉवित्जर तोपें, साथ ही एक स्व-चालित तोपखाना ग्वोज्डिका क्षतिग्रस्त हो गया है। मंत्रालय ने कहा कि यूक्रेन के जापोरीजिया दिशा में 220 सैनिक मारे गए और घायल हुए हैं। उन्होंने कहा, हमलों में दुश्मन देश 220 सैनिक मारे गए और घायल हुए, दो टैंक, जिनमें एक जर्मन निर्मित लीओपोर्ड टैंक, दो बख्तरबंद लड़ाकू वाहन और तीन पिकअप वाहन शामिल थे। मंत्रालय ने कहा कि रूस ने कुप्यांस्क दिशा में यूक्रेन के नौ हमलों को विफल कर दिया और कीव ने अपने 90 सैनिकों को भी खोया है।

## जापान-अमेरिका नवम्बर में मंत्रिस्तरीय बैठक के लिए कर रहे समन्वय

**टोक्यो,** 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। जापान और अमेरिका नवंबर के मध्य में सैन फ्रांसिस्को में विदेश और अर्थव्यवस्था विभागों के प्रमुखों की मंत्रिस्तरीय बैठक के लिए समन्वय कर रहे हैं। जापानी समाचार पत्र योमीउरी शिंबुन ने सोमवार को जारी रिपोर्ट में यह जानकारी दी।

रिपोर्ट के अनुसार दोनों नेताओं के बीच आगामी 14-15 नवम्बर को एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (एपीईसी) फोरम की बैठक के इतर बातचीत हो सकती है। समाचार पत्र के मुताबकि, अधिकारियों से महत्वपूर्ण सामग्रियों सहित आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत करने और उच्च प्रौद्योगिकी एवं आर्थिक सुरक्षा क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के अपने इरादे की पुष्टि



करने की उम्मीद है। उल्लेखनीय है कि जापानी और अमेरिकी विदेश एवं अर्थव्यवस्था मंत्रियों की पिछली बैठक जुलाई 2022 में आयोजित की गई थी।

### हमास के नौ नेताओं की संपत्ति जब्त करेगा जापान

**टोक्यो।** जापान ने अपने देश के समूह की फंडिंग में बाधा डालने के मामले में हमास के नौ नेताओं और वित्तीय मामलों का प्रबंधन करने वाले उसके सदस्यों की संपत्ति जब्त करने की योजना बनायी है। जापानी प्रसारक एनएचके ने सोमवार को सरकारी सूत्रों का हवाला देते हुए अपनी रिपोर्ट में बताया कि जापानी सरकार संपत्ति के अलावा गाजा पट्टी से जुड़े क्रिप्टोकोरेंसी फंड और एक्सचेंजों को भी फ्रीज करने की योजना बना रही है। उम्मीद है कि जापानी सरकार 31 अक्टूबर को आगामी सत्र में प्रतिबंधों की सूची को मंजूरी दे देगी। एनएचके ने बताया कि यह मुद्दा चर्चा के अंतिम चरण में है।

### प्रथम पृष्ठ का शेष

**17.5 लाख लोगों को आवास देने ...**

माफ कर दिया तो बीजेपी नेताओं के पेट में दर्द होने लगता है।

केंद्र भले पैसा न दे, हम आवास दे कर रहेंगे- मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि हमने 17 ।5 लाख लोगों को आवास देने का वादा किया है, जिसे पूरा करके रहेंगे। आवास के लिए केंद्र सरकार पैसा दे या न दे। हमने साढ़े सात लाख गरीबों को आवास के लिए पहली किस्त जारी कर दी है।

मोदी ने चावल खरीदना बंद कर दिया था- मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि वैश्विक महामारी में प्रधानमंत्री मोदी ने सरकारी कर्मचारियों की तनख्वाह में कटौती कर दी, दो साल तक सांसद निधि बंद कर दी। लेकिन छत्तीसगढ़ में हमारी सरकार ने न विधायक निधि बंद की और न ही किसी की तनख्वाह में कटौती की। उस दौर में भी हमने किसानों से 19 सौ रूपये में धान खरीदा और मोदी जी ने हमसे चावल लेना बंद कर दिया। हमारी सरकार ने घाटा सह कर बाजार में 13 सौ से 14 सौ धान बेचा लेकिन किसानों को घाटा नहीं होने दिया। कोरोना संकट के समय में हमने तीन महीने का राशन एडवांस में जरूरतमंदों को पहुंचाया। 26 लाख लोगों को मनरेगा से काम दिया। आम, इमली, तेंदूपत्ता खरीदने की व्यवस्था की।

कांग्रेस पूरे करेगी वादे-मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि कांग्रेस ने जो वादे किए हैं उसे पूरा करेगी। भूमिहीन मजदूरों को 10 रुपये सालाना, किसानों की कर्ज माफी, तेंदूपत्ता संग्राहकों को 4 हजार रुपये सालाना, लघु वनोपज की एमएसपी पर 10 रुपये की वृद्धि, केजी से पीजी तक नि:शुल्क शिक्षा, 17 ।5 लाख परिवारों को आवास, 10 लाख रुपये तक इलाज का वादा कांग्रेस ने किया है।

**मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ...**

कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचे । उनके साथ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत एवं दुर्ग जिले की सभी 6 विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी दुर्ग ग्रामीण से ताम्रध्वज साहू, दुर्ग शहर से अरूण वोरा, भिलाई नगर से देवेन्द्र यादव, वैशाली नगर से मुकेश चंद्राकर, अहिवारा विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी निर्मल कोसरे भी थे। मुख्यमंत्री काफी प्रफुल्लित व आत्मविश्वास से लबरेज थे। वे सीधे निर्वाचन कार्यालय पहुंचे। उनके साथ उनकी सभी 6 प्रस्तावक, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विजय साहू, अधिवक्तागण थे।

सोंटा मारने वाले साथ में : आज मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को प्रतिवर्ष गौरा गौरी पूजा के दौरान उनके हाथों में सोंटा मारने वाले ग्राम जांजगिरी निवासी वीरेन्द्र ठाकुर भी थे। श्री ठाकुर नामांकन में श्री बघेल के पहले प्रस्तावक थे। पहले मुख्यमंत्री श्री बघेल के हाथों में यह सोंटा वीरेन्द्र ठाकुर के पिता भरोसा ठाकुर मारा करते थे। उनके निधन के बाद विगत अनेक वर्षो से यह दस्तूर वीरेन्द्र ठाकुर निभा रहे है। आज वे भी भूपेश बघेल के साथ उनकी गाड़ी में थे।

पत्नी ने तिलक लगाकर मुंह मीठा कराकर किया शगुन : आज नामांकन दाखिल करने से पहले सीएम बघेल ने प्रतिदिन की तरह अपने पूजा घर में पूजा की। इसके उपरांत तैयार होकर नामांकन के लिये कलेक्ट्रेट रवाना होने से पहले उनकी पत्नी मुक्तेश्वरी बघेल ने उन्हें तिलक लगाकर आरती उतारकर मुंह मीठा किया तथा गुलाब का एक फूल भेंट किया।

सभी 6 कांग्रेस प्रत्याशियों ने भरा नामांकन : आज नामांकन भरने की अंतिम तारीख थी। अरूण वोरा दुर्ग शहर, ताम्रध्वज साहू दुर्ग ग्रामीण, देवेन्द्र यादव भिलाई नगर, मुकेश चंद्राकर वैशाली नगर, एवं निर्मल कोसरे अहिवारा ने अपने अपने नामांकन पत्र के आखिरी सेट जमा किया। ये सभी तीन तीन सेट पूर्व में ही जमा कर दिये थे।

राजनीतिक गुरू को किया याद : दुर्ग शहर में प्रवेश करने के बाद मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सबसे पहले अपने राजनीतिक गुरू वासुदेव चंद्राकर की 15 वीं पुण्यतिथि पर मालवीय नगर स्थित प्रतिमा स्थल पहुंचे। उनके साथ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत भी थे। यहां सभी ने दाऊ चंद्राकर की प्रतिमा पर पुष्पांजली अर्पित की। इसी समय यहां कांग्रेस के अन्य प्रत्याशीगण ताम्रध्वज साहू, देवेन्द्र यादव, मुकेश चंद्राकर, निर्मल कोसरे भी पहुंच गये। विधायक अरूण वोरा इससे पूर्व अपने पिता मोतीलाल वोरा के प्रतिमास्थल पर गये। श्री वोरा को प्रणाम करने के बाद वे मुख्यमंत्री के काफिले के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे। कांग्रेस प्रत्याशी के सैकड़ों समर्थक अलग अलग साधनों से तिरंगा हाथ में लेकर पहुंचे थे। नारेबाजी भी कर रहे थे। ढोल ढमाके, बाजे गाजे फटाके इत्यादि नहीं फोड़े गये। पूरा कार्यक्रम सादगीपूर्ण रहा। मुख्यमंत्री लगभग आधा घंटे निर्वाचन अधिकारी के कक्ष में रूके और प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद बाहर आ गये।

**कांग्रेस का किला है दुर्ग ...**

श्री बघेल ने कहा कि वे पिछले के पिछले बार भाजपा वाले गलती से यहां आ गये थे। अब इस अभेध गढ़ को भेद पाना किसी के लिये आसान नहीं है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ का जनता से वादा करने के लिये भाजपा के पास एक भी वादा नहीं है। जनता भी समझ गई है कि भाजपा कोई भी वादा निभाती नहीं है। उन्होंने भाजपा की वादा खिलाफी के कुछ उदाहरण भी पेश किये। साथ ही अपने कार्यकाल की उपलब्धियों पर भी प्रकाश डाला। इसके साथ ही उन्होंने पत्रकारों द्वारा पूछे जाने पर अपनी व अपने सरकार के विजन को भी पेश किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार और उन्होंने जनता से जो वादा किया था उसे निभाया है। उसी के भरोसे पर वे कह रहे है कि प्रदेश में अगली सरकार भी कांग्रेस ही बनायेगी।

पत्रकारों से संछिप्त चर्चा करने के बाद ही वे कांग्रेस प्रत्याशियों के साथ कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी की सभा में शामिल होने के लिये जालबांधा के लिये रवाना हो गये। इस मौके पर बड़ी संख्या में कांग्रेस के वरिष्ठ व कनिष्ठ नेता, कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**अमित जोगी ने पाटन से ...**

चाहता हूं जो पाटन की धरती से ही संभव है। आज दोपहर लगभग 2.30 बजे अमित जोगी अपने कतिपय कार्यकर्ताओं जहीर खान, डी.प्रकाश, सहित लगभग दर्जनभर से ज्यादा लोगों को लेकर कलेक्ट्रेट परिसर में एकाएक दाखिल हुए तो सनसनी फैल गई। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के इस परिसर से निकलने के बाद लगभग सन्नाटें जैसी स्थिति थी तभी इस सन्नाटे को भेदते हुए अमित जोगी ने प्रवेश किया। वे सीधे रिटर्निंग चेम्बर की ओर गये। इस बीच पत्रकारों ने कयास लगाना शुरू कर कर दिया किसका नामांकन भराने पहुंचे है तभी खबर मिली कि अमित जोगी स्वयं नामांकन भरने पहुंचे है। वे पाटन विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ेगें।

कुछ ही देर बाद अमित जोगी मीडिया सेंटर पहुंचे और पत्रकारों ने सवालों की झड़ी लगा दी। उन्होंने कहा पाटन में विगत कई चुनाव से चाचा भतीजे के बीच फिक्सिंग मैच की तरह चुनाव लड़ा जा रहा है। असली चुनाव तो अब होगा और दाऊ परिवार के दो प्रत्याशियों से पाटन की गरीब अनुसूचित जाति जनजाति अति पिछड़ा वर्ग के लोग अपने अधिकारों के लिये चुनाव लड़ेगे मैं तो इसमें केवल एक प्रतीक हूं। उन्होंने बताया कि वे पिछले काफी समय से पाटन क्षेत्र का दौरा कर वहां के मिजाज को टोह ले रहे थे। पिछले एक माह में तीन आम सभाएं भी की है।

उल्लेखनीय है कि शुरूआत में जोगी कांग्रेस से पाटन क्षेत्र से शीतकरण महलवार को प्रत्याशी घोषित किया था। उन्होंने नामांकन भी भर दिया था। आज अचानक इस चुनावी समर में अमित जोगी ने एंट्री मारकर सबको चौंका दिया है।

**पीएम मोदी की दुर्ग में ...**

इसके साथ ही सभा स्थल स्टेडियम में टेंट लगाने व मंच निर्माण का कार्य शुरू कर दिया गया है। जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के आगमन की सूचना से न सिर्फ भाजपा कार्यकर्ताओं एवं आम मतदाताओं में भी काफी उत्साह है। स्टेडियम में 50 हजार लोगों से ज्यादा की भीड़ आने की उम्मीद की जा रही है। उसी के अनुसार डोम बनाये जा रहे है। इस संबंध में भाजपा नेता राजेन्द्र पाध्ये ने बताया कि सभा में संभाग के सभी विधानसभा क्षेत्रों के प्रत्याशियों को भी उपस्थित रहने कहा गया है। उल्लेखनीय है कि राजनांदगांव जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में 7 नवंबर को मतदान होना है। श्री मोदी के उद्बोधन का असर राजनांदगांव, कवर्धा खैरागढ़ जिले के विधानसभा क्षेत्रों में भी पड़ेगा।

सुरक्षी की दृष्टि से भी व्यापक प्रबंध किये जा रहे है। जिला कलेक्टर पुष्पेन्द्र मीणा, पुलिस अधीक्षक रामगोपाल गर्ग ने अपनी टीम व भाजपा नेताओं के साथ श्री मोदी के कार्यक्रम की तैयारियों का निरीक्षण किया व आवश्यक निर्देश दिये।

## वर्ग पहेली 6362

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ३ | ■ | ४ | | ५ | |
| | ■ | | ■ | ६ | | | ■ | | ■ |
| ७ | | | ■ | | ■ | | ■ | ८ | ९ |
| | ■ | | ■ | १० | | | ■ | ■ | |
| ■ | ११ | | १२ | ■ | ■ | ■ | १३ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १४ | | | ■ | |
| १५ | | १६ | | ■ | | ■ | १७ | १८ | |
| | ■ | | ■ | १९ | | २० | ■ | | ■ |
| २१ | | | ■ | | ■ | २२ | | | २३ |
| | ■ | २४ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१. जिसका कोई दुश्मन पैदा न हुआ हो
४. यमराज, युधिष्ठिर
६. किसी के सहारे रहना, निवास करना
७. ठीक, उचित (उर्दू)
८. अंधकार
१०. नृत्य करने वाला
११. भले-बुरे की पहचान
१३. ढेर, खजाना (उर्दू)
१४. एकत्र, जमा, अर्जन
१५. हुकूमत, शासन (उर्दू)
१७. स्वाद लेना
१९. रंगोली
२१. पुष्परज
२२. अभिप्राय, अर्थ (उर्दू)
२४. सेनापति

**ऊपर से नीचे:-**

१. आवश्यक, जरूरी
२. पूरी तरह भीगा हुआ (उर्दू)
३. जिसमें कोई गलती न हो
४. जोड़ने योग करने संबंधी, सकारात्मक
५. बैठा हुआ
९. मयक़शी
११. पारिश्रमिक (उर्दू)
१२. कत्था
१३. गरल, विष
१४. इरादा, निश्चय
१५. डॉ. राधाकृष्णन को कहा जाता है-
१६. हितकर, लाभदायक
१८. पानी, जल
१९. पूजा, उपासना
२०. अमुक नाम का
२३. रिहा, मुक्त (उर्दू)

### वर्ग पहेली-6361

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ ब | दौ | २ ल | त | ■ | ■ | 3 अ | न | ४ सु | ना |
| ल | ■ | गा | ■ | ५ इ | रा | दा | ■ | गं | ■ |
| ६ प्र | णा | म | ■ | स्ते | ■ | ७ का | ला | ध | ८ न |
| द | ■ | दे | ■ | ९ मा | हि | र | ■ | ■ | तो |
| ■ | १० अ | भा | ११ कु | ल | ■ | ■ | १२ सं | वा | द |
| ■ | धू | ■ | मा | ■ | १३ प्र | ति | ज्ञा | ■ | र |
| १४ स | रा | १५ स | र | ■ | ह | ■ | १६ न | १७ त | ■ |
| मा | ■ | म | ■ | १८ श | री | १९ र | ■ | न्म | ■ |
| २० ना | ट | क | ■ | र | ■ | २१ म | रि | य | २२ ल |
| थीं | ■ | २३ झ | र | ण | शी | ल | ■ | ■ | ब |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## आज का इतिहास

1517 - मार्टिन लूथर ने विटेनबर्ग चर्च के दरवाजे पर अपनी 95 थीसिस पोस्ट की। इसके साथ ही जर्मनी में प्रोटेस्टेंट सुधार की शुरुआत हुई।
1759 - फिलीस्तीन के साफेद में भूकंप से 100 लोग मारे गये।
1863 - ग्रेट ब्रिटेन ने वाइकाटो, न्यूजीलैंड पर हमला किया
1864 - नेवादा अमेरिका का 36वां प्रांत बना।
1875 - स्वतन्त्रता सेनानी एवं स्वतन्त्र भारत के प्रथम गृह मंत्री सरदार वल्लभ पटेल का जन्म हुआ।
1876- भारत में विनाशकारी चक्रवात में 2,00,000 से अधिक लोग मारे गए
1905 - अमेरिका के सेंट पीटर्सबर्ग में क्रांतिकारी प्रदर्शन।
1908 - चौथे ओलंपिक खेलों का लंदन में समापन।
1914 - ब्रिटेन तथा फ्रांस ने तुर्की के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
1917 - प्रथम विश्व युद्ध - बेर्शेबा की लड़ाई
1920 - मध्य यूरोपीय देश रोमानिया ने पूर्वी यूरोप के बेसाराबिया पर कब्जा किया।
1920 - भारत का सबसे पुराना ट्रेड यूनियन, ऑल इंडिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस का गठन
1953 - बेल्जियम में टेलीविजन का प्रसारण शुरू हुआ।
1956 - स्वेज नहर को फिर से खोलने के लिए ब्रिटेन तथा फ्रांस ने मिस्र पर बमबारी शुरू की।
1959 - सोवियत संघ तथा मिस्र ने नील नदी पर अस्वान बांध बनाने के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किये।
1960 - बंगाल की खाड़ी में चक्रवाती तूफान से लगभग दस हजार लोगों की मौत।
1966 - भारत के मशहूर तैराक मिहिर सेन ने पनामा नहर को तैरकर पार किया।
1978 - ईरान में तेल कर्मचारियों की हड़ताल शुरू।
1978 - यमन ने अपना संविधान अंगीकार किया।

## दुनिया को जानें

### तिब्बत की उपभोक्ता वस्तुओं की बिक्री पहले स्थान पर रही

**बीजिंग,** 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। हाल ही में तिब्बत स्वायत्त प्रदेश के वाणिज्य विभाग से मिली खबर के अनुसार, इस वर्ष की पहली तीन तिमाहियों में तिब्बत की उपभोक्ता वस्तुओं की कुल खुदरा बिक्री 63 अरब 21 करोड़ युआन रही, जो कि गत वर्ष की समान अवधि की तुलना में 18.8 प्रतिशत की वृद्धि है। यह वृद्धि दर देश भर में पहले स्थान पर रही। साथ ही, यह वृद्धि दर साल 2021 और साल 2019 की तुलना में क्रमश: 13.1 प्रतिशत और 13.7 प्रतिशत ज्यादा रही। इस विभाग के संबंधित अधिकारी के मुताबिक, इस वर्ष वाणिज्य विभाग ने उपभोग को बहाल करने और विस्तार करने के लिए 24 उपायों और रात्रि अर्थव्यवस्था और अवकाश अर्थव्यवस्था के उच्च गुणवत्ता वाले विकास को बढ़ावा देने के लिए 8 उपायों को लागू किया। स्वायत्त प्रदेश और शहर दोनों स्तरीय वाणिज्य विभागों ने उपभोग संवर्धन के लिए 26 करोड़ युआन से अधिक की विशेष राशि लगाई। साथ ही, उपभोग को बढ़ावा देने के लिए खुशहाल तिब्बत और आनंददायक उपभोग शीर्षक विशेष अभियान लागू किया।

# खेल जगत

## टीम इंडिया एक ऐसी यात्रा पर है जहां कुछ खास होने वाला है : दिनेश कार्तिक

**नई दिल्ली,** 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारत के विकेटकीपर दिनेश कार्तिक ने विश्व कप में भारतीय टीम की शानदार शुरुआत के लिए अपनी प्रशंसा व्यक्त की है। उनका मानना है कि मेजबान टीम ग्रुप चरण का समापन स्टैंडिंग में शीर्ष पर रहकर करेगी। भारत ने रविवार को लखनऊ में गत चैंपियन इंग्लैंड को 100 रन के अंतर से हराकर अपनी जीत का सिलसिला लगातार छह जीत तक बढ़ाया। इस शानदार प्रदर्शन ने भारत को टूर्नामेंट स्टैंडिंग के शिखर पर एक मजबूत स्थिति में ला दिया है, जिससे वह प्रतियोगिता के नॉकआउट चरण में स्थान सुरक्षित करने के एक कदम और करीब आ गया है। कार्तिक का मानना है कि रोहित शर्मा एंड कंपनी को इंग्लैंड पर अपनी जीत से काफी आत्मविश्वास मिलेगा क्योंकि उन्हें पहले की तुलना में काफी अलग तरीके से जीत दर्ज करने के लिए तैयार किया गया था। कार्तिक ने कहा, मुझे नहीं लगता कि उन्हें इससे बेहतर खेल मिल सकता था।



# इंग्लैंड पर जीत के बाद हमारा फोकस अपने बाकी सभी तीनों लीग मैच पर : कुलदीप

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

- रोहित भाई ने बढ़िया खेली, जीत गेंदबाजी इकाई के रूप में बढ़िया प्रदर्शन से मिली
- मेरा खुद का फोकस अपनी टीम को जिताने पर रहता है
- बटलर को भी बाबर को फेंकी एक सी गेंद पर आउट करने में मजा आया



लखनऊ, 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारत के बाएं हाथ के लेग स्पिनर कुलदीप यादव ने अपनी टीम की मौजूदा चैंपियन बराबर जूझ रही इंग्लैंड पर यहां रविवार देर रात आईसीसी वन डे क्रिकेट विश्व कप 2023 में इंग्लैंड पर 100 रन से जीत के बाद कहा यह जीत मुश्किल नहीं थी लेकिन अच्छी थी। कुलदीप यादव ने कहा, %जब मौजूदा चैंपियन इंग्लैंड ने हमें पहले बल्लेबाजी की दावत देकर 229 पर रोक दिया तो हमारी योजना शुरू में उसके जल्द विकेट चटकाने की थी। जब एक बार जस्सी (बुमराह) भाई और मोहम्मद शमी ने इंग्लैंड ने बेहतरीन गेंदबाजी कर पॉवर प्ले में दो दो विकेट चटका उसके शुरू के चार विकेट मात्र 40 रन पर निकाल दिए तो बतौर स्पिनर मेरा और रवींद्र जडेजा काम आसान हो गया। मेरा फोकस हमेशा गेंद से बढिया प्रदर्शन कर भारतीय टीम को जिताने पर रहता है।

जब हमने शुरू में बल्लेबाजी की तो तब बल्लेबाजी के लिए पिच मुश्किल थी और इस पर हमारे कप्तान रोहित शर्मा ने 87 रन की बेहतरीन पारी खेली। फिर इंग्लैंड पर यह जस्सी भाइ, शमी भाई सहित हमने गेंदबाजी इकाई के रूप में बढिया प्रदर्शन से मिली। जस्सी और शमी भाई का बतौर तेज गेंदबाज स्किल सेट यानी कौशल एकदम अलग है और उससे पार पाना दुनिया भर के लिए बल्लेबाजों के मुश्किल होता है। इंग्लैंड पर जीत के बाद हमारा फोकस अपनी जीत का सिलसिला कायम रखने के बाद अपने बाकी सभी बाकी तीनों लीग मैच जीतने पर है। मेरा फोकस बतौर गेंदबाज हमेशा टीम को जिताने पर रहता है। मैं यहां की पिच के मिजाज से वाकिफ था और इसलिए मुझे यहां कुछ आसानी हुई। हमारी कोशिश इंग्लैंड से 2019 के संस्करण में मिली हार का हिसाब चुकाने की बजाय यहां उसके खिलाफ जीत के साथ अपना विजयक्रम जारी रखने की थी और हमारी टीम इसमें सफल रही। जहां तक मेरे रविवार को इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर और 2019 में पाकिस्तान के खिलाफ बाबर आजम को लगभग एक सी गेंद पर आउट करने की बात है तो मैं कहूंगा कि मुझे दोनों को आउट करने में मजा आया क्योंकि मैं इन दोनों के विकेट लेकर अपनी टीम को इनके खिलाफ जिताने में कामयाब रहा।'

उन्होंने कहा, बेशक हमने इस विश्व कप में रविवार को पहले बल्लेबाजी की लेकिन हम इसके लिए तैयारी हैं। हमने इस साल ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और बांग्लादेश जैसे देशों के खिलाफ द्विपक्षीय वन डे सीरीज के खेल कर खुद को इस वन डे विश्व कप के लिए तैयार किया। इन सीरीज में हमने पहले बल्लेबाजी करते भी मैच जीते। जब पहले बल्लेबाजी की दावत मिले टीम 300 रन का मजबूत स्कोर बनाती तो अच्छा होता लेकिन यहां जिस तरह पिच थी उस पर हमारा 229 रन का स्कोर अच्छा था। मैं अब अपनी बल्लेबाजी पर खासी मेहनत कर रहा हूं। नेटस पर मैं अपनी बल्लेबाजी को बेहतर करने के लिए पूरी शिद्दत से अभ्यास करता हूं। मेरा मानना है कि इंग्लैंड के खिलाफ कम स्कोर वाले मैच में आप बल्ले से 15-20 रन का योगदान कर पाए तो वह खासा उपयोगी होता जैसा मेरी जस्सी भाई के साथ 20 से अधिक रन की भागीदारी में हुआ।'

कुलदीप कहते हैं, %जहां तक इंग्लैंड के इस विश्व कप में संघर्ष करने और इस बार उसके खिलाफ हमारी जीत की बात है तो मैं कहूंगा कि उसकी टीम यहां हमारे भारत की पिचों से तालमेल नहीं बैठा रही और इसीलिए जूझ रही है। 2019 में इंग्लैंड से उसके लिए चिर परिचित स्थितियों में हारे थे । इस बार हमें अपने मुताबिक स्थितियां मिली और जीत हमारे हक में रही। आप ये देखिए कि इंग्लैंड की टीम खासी अनुभवी है और लंबे समय से साथ खेल रही है लेकिन यहां स्थितियों से तालमेल नहीं बैठा पाई।'

### हार्दिक की फिटनेस की बाबत जल्द मालूम पड़ जाएगा : म्हाम्ब्रे

भारत के गेंदबाजी कोच पारस म्हाम्ब्रे ने इंग्लैंड के खिलाफ जीत में अपने गेंदबाजों तेज जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज के प्रदर्शन से खुश हैं। भारत 2 अक्टूबर को मुंबई में श्रीलंका से और 5 नवंबर को कोलकाता में दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगा। उन्होंने कहा, हमारे गेंदबाजों ने स्थितियों का बेहतर इस्तेमाल किया और इंग्लैंड के खिलाफ जीत के साथ अपने विजयक्रम को आगे बढ़ाने में कामयाब रहे।

जहां तक इंग्लैंड के निराशाजनक प्रदर्शन की बात है तो वे एक ही अंदाज में खेल कर कामयाब होना चाहिए लेकिन विश्व कप जैसे बड़े मंच पर आपके लिए बतौर बल्लेबाज और गेंदबाज पिच और मैच की स्थिति के मुताबिक उससे तालमेल बैठाना जरूरी है। किसी भी टीम के लिए विश्व कप जैसे बड़े मंच पर कामयाबी के लिए रणनीति को मैदान पर अमला जामा पहनाना जरूरी होता है। में अपने गेंदबाजों की तारीफ करूंगा कि वह स्थितियों से तालमेल बैठा का बढिया प्रदर्शन करने में सफल रहे। हमारे गेंदबाजों की कामयाबी में उनकी खुद की कामयाबी के लिए पूरे सपोर्ट स्टाफ का योगदान है। फिटनेस टखने की चोट से फिट होने के लिए जूझने वाले हार्दिक पांडया एनसीसी में हैं और मेडिकल टीम उनके संपर्क में है और उनकी स्थिति पर निगाह रख रही है। हमें उनकी फिटनेस की बाबत जल्द मालूम पड़ जाएगा। हम उनके फिटनेस की बाबत जल्द मालूम पड़ जाएगा।

## पाकिस्तान के चीफ सेलेक्टर इंजमाम ने दिया इस्तीफा



- विश्वकप से लगभग बाहर हो चुकी है पाकिस्तान
- पाकिस्तान की टीम हर क्षेत्र में दिख रही है कमजोर
- बाबर की कप्तान पर उठ रहे हैं सवाल

लाहौर, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के चीफ सेलेक्टर इंजमाम उल हक ने सोमवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। इंजमाम ने पीसीबी प्रमुख जका अशरफ को अपना इस्तीफा भेजा है।

क्रिकेट विश्व कप में पाकिस्तानी टीम लगातार चार मैच हार चुकी है, जिसमें चिर-प्रतिद्वंद्वी भारत से शर्मनाक हार और पड़ोसी देश अफगानिस्तान के खिलाफ पहली बार किसी वनडे मैच में शर्मनाक हार शामिल है।

विश्व कप अभियान लड़खड़ाने का पहला शिकार पूर्व कप्तान इंजमाम-उल-हक बने, मीडिया रिपोर्ट्स में उन पर टीम चयन में भाई-भतीजावाद का आरोप लगाया गया है। पाकिस्तान टीम पर विश्व कप से जल्दी बाहर होने का खतरा मंडरा रहा है।

पाकिस्तान फिलहाल दो जीत और चार हार से चार अंक लेकर अंक तालिका में छठे स्थान पर है। इस बीच, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने टीम चयन प्रक्रिया से संबंधित मीडिया में सामने आए हितों के टकराव के आरोपों की जांच के लिए पांच सदस्यीय तथ्य-खोज समिति का गठन किया है। समिति अपनी रिपोर्ट और कोई भी सिफारिश शीघ्रता से पीसीबी प्रबंधन को सौंपेगी।

विश्व कप में टीम के खराब प्रदर्शन के बाद कप्तान बाबर आजम के दबाव में आने की खबरें भी पाकिस्तान मीडिया में आ रही हैं। ऐसा माना जा रहा है कि कप्तानी का असर बल्लेबाज के तौर पर बाबर के प्रदर्शन पर भी पड़ा है। ऐसे में बाबर आजम से कप्तानी वापस भी ली जा सकती है। वैसे अभी भी पाकिस्तान के लिए विश्वकप के दरवाजे पूरी तरह से बंद नहीं हुए हैं। पाकिस्तान अभी भी विश्वकप के सेमीफाइनल में पहुंच सकता है। लेकिन इसके लिए पाकिस्तान को खुद तो जीतना ही होगा। साथ ही दूसरी टीमों के प्रदर्शन पर भी ध्यान देना होगा। क्योंकि अब पाकिस्तान का सेमीफायनल में पहुंचना दूसरे टीम के प्रदर्शन पर निर्भर हो गया है।

# पाकिस्तान को सेमीफाइनल की उम्मीद के लिए बंगलादेश को होगा हराना




**कोलकाता** 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान को सेमीफाइनल की उम्मीद को जिंदा रखने के लिए आईसीसी एकदिवसीय विश्व कप 2023 के 31वें मुकाबले में बंगलादेश को हर हाल में हराना होगा।

कोलकाता के ईडन गार्डन क्रिकेट स्टेडियम में मंगलवार को खेले जाने वाला मुकाबला पाकिस्तान और बंगलादेश के लिए अहम है। पाकिस्तान जहां अपनी सेमीफाइनल की उम्मीद तथा बंगलादेश तालिका में अपनी स्थिति में सुधार के लिए भिड़ेंगे।

मौजूदा विश्वकप में पाकिस्तान दो मुकाबले जीतकर छठे स्थान पर हैं। वहीं बंगलादेश को सिर्फ एक मैच में जीत मिली है और वह 9वें स्थान पर है। पाकिस्तान को लगातार चार मुकाबलों में गेंदबाजी, बल्लेबाजी और क्षेत्ररक्षण के क्षेत्र में खराब प्रदर्शन के कारण हार का सामना करना पड़ा है। पाकिस्तान का पिछले मैच में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उनका प्रदर्शन थोड़ा बेहतर रहा था। सेमीफाइनल की उम्मीदों को जिंदा रखने के लिए उसे बल्ले और गेंद से बहतरीन प्रदर्शन करते हुए हर हाल में यह मुकाबला जीतना होगा। वहीं बंगलादेश का प्रदर्शन भी इस विश्व कप में कुछ खास नहीं रहा है। बंगलादेश के कप्तान शाकिब अल हसन इस टूर्नामेंट में पूरी तरह से फ्लॉप रहे हैं। ऐसे में उनसे इस मुकाबले में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी।

पिछले आंकड़ों के अनुसार बंगलादेश के खिलाफ पाकिस्तान का पलड़ा भारी रहा है। दोनों टीमों के बीच 38 एकदिवसीय मैच खेले गए हैं। जिनमें से पाकिस्तान को 33 मुकाबलों में जीत मिली है, जबकि बंगलादेश सिर्फ पांच मकुाबले जीता है। एकदिवसीय विश्व कप में दोनों टीमों के बीच सिर्फ दो बार भिड़ंत हुई है। दोनों टीमें ने एक-एक बार जीत दर्ज की है। ऐसे में पाकिस्तान का पलड़ा मैच में थोड़ा भारी रहेगा।

### पाकिस्तानी खिलाड़ी ने लगाया आरोप, पीसीबी नहीं चाहता पाक जीते वर्ल्ड कप

पाकिस्तान क्रिकेट टीम अपने सबसे खराब दौर से गुजर रही है। विश्व कप 2023 में टीम का प्रदर्शन औसत से नीचे रहा है। अब पाकिस्तान के एक सीनियर खिलाड़ी ने आरोप लगाया है कि पीसीबी टीम के खिलाड़ियों के लिए समस्या खड़ी कर रहा है। जहां कई लोग पाकिस्तान टीम और उनके कप्तान बाबर आजम की आलोचना कर रहे हैं। वहीं, एक वरिष्ठ खिलाड़ी ने खुलासा किया है कि कैसे पीसीबी (पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड) द्वारा राजनीतिक पैंतरेबाज़ी की जा रही है। बंद दरवाजों और ड्रेसिंग रूम की चर्चाओं को लीक करना और उन्हें मीडिया बहस का हिस्सा बनाना, यह सुनिश्चित करने के लिए किया जा रहा है कि टीम विश्व कप में विफल रहे। पाकिस्तान के एक वरिष्ठ खिलाड़ी ने कहा, बोर्ड चाहता है कि टीम असफल हो, वे नहीं चाहते कि हम विश्व कप जीतें, ताकि वे बदलाव कर सकें और नियंत्रण कर सकें कि टीम का नेतृत्व कौन करेगा और टीम में कौन आएगा। ऐसा लगता है कि पीसीबी जानबूझकर मौजूदा आईसीसी विश्व कप में टीम की विफलता की साजिश रच रहा है। वह ऐसे समय में राजनीति कर रहा है जब टीम विश्व कप खेल रही है। वरिष्ठ खिलाड़ी ने कहा कि खिलाड़ियों के किसी भी मुद्दे, झगड़े, असहमति या बहस को खिलाड़ी बिना किसी बाहरी हस्तक्षेप के खुद ही निपटा सकते हैं। अफगानिस्तान के साथ मैच, जिसमें पाकिस्तान हार गया था। उसके बाद जारी पीसीबी के बयान में कहा गया है कि विश्व कप में प्रदर्शन के अनुसार भविष्य की कार्रवाई पर निर्णय लिया जाएगा, जिससे संकेत मिलता है कि बोर्ड ने बाबर आजम को कप्तानी पद से हटाने का फैसला किया है और मुख्य चयनकर्ता इंजमाम उल हक को भी बाहर कर दिया जाएगा। ब

# अफगानिस्तान ने श्रीलंका को 241 पर रोका




**पुणे** 30 अक्टूबर (एजेंसियां) सटीक गेंदबाजी और चुस्त क्षेत्ररक्षण की बदौलत अफगानिस्तान ने सोमवार को यहां विश्व कप मुकाबले में श्रीलंका को 241 पर रोक दिया।

महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसियेशन स्टेडियम पर टॉस जीत कर पहले फील्डिंग करते हुये अफगानिस्तान के गेंदबाजों ने लाइन लेंथ पर गेंदबाजी करते हुये श्रीलंका के बल्लेबाजों को बांधे रखने में सफलता हासिल की। मुजीब उर रहमान ने अपने दस ओवर के स्पेल में सिर्फ 38 रन खर्च किये और दो विकेट चटकाये। उनके सामने श्रीलंका के बल्लेबाज सिर्फ दो बार ही गेंद को सीमा रेखा के पार पहुंचा सके। दूसरी ओर फ़ज़लहक़ फ़ारूक़ी ने 34 रन देकर चार अहम बल्लेबाजों को पवेलियन का रास्ता दिखाया।

दिमुथ करुणारत्ने (15) को फारूकी ने पगबाधा आउट कर अपनी टीम को पहली सफलता दिलायी हालांकि अनुभवी पथुम निसंका (46) ने कप्तान कुसल मेंडिस (39) के साथ स्कोरबोर्ड को आगे बढ़ाया। दोनो बल्लेबाजों ने 19वें ओवर की शुरूआत तक स्कोर को 84 रन पहुंचा दिया था मगर इस बीच निसंका अज़्मतउल्लाह ओमरज़ाई की गेंद को पंच करने के प्रयास में विकेट के पीछे लपके गये।

बाद में मुजीब उर रहमान ने अपने दो लगातार ओवरों में कुसल मेंडिस और सदीरा समराविक्रमा (36) का विकेट लेकर श्रीलंका को बैकफुट पर ढकेल दिया। श्रीलंका का पांचवां विकेट 167 के स्कोर पर धनंजय डिसिल्वा (14) के रूप में गिरा जिन्हे राशिद खान ने क्लीन बोल्ड किया। इसके बाद श्रीलंका के विकेट नियमित अंतराल पर गिरते गये और श्रीलंका की पूरी टीम 49.3 ओवरों में पवेलियन लौट गयी।

## सार संक्षेप

### कुलदीप यादव की जादुई गेंद का शिकार बने बटलर और बाबर

**लखनऊ।** भारत की इंग्लैंड पर 100 रन की शानदार जीत ने विश्व कप-2023 में टीम इंडिया का अजेय क्रम जारी रखा। इस दौरान चाइनामैन स्पिनर कुलदीप यादव ने एक ऐसी जादुई गेंद डाली जिसने बल्लेबाज सहित सभी को चौंका दिया। इंग्लैंड की पारी के 16वें ओवर की पहली गेंद पर कुलदीप यादव ने इंग्लिश कप्तान जोस बटलर को चलता किया। यह गेंद इतनी खास थी कि इसे बॉल ऑफ द टूर्नामेंट भी बताया जा रहा है। कुलदीप की गेंद ऑफ स्टंप के बाहर टप्पा खाई और जब तक इंग्लिश कप्तान इसे समझ पाते, तब तक बहुत देर हो चुकी थी और वो क्लीन बोल्ड हो गए। कुलदीप की इस मैजिकल गेंद की टर्न को देखकर बटलर हक्के-बक्के रह गए। सोशल मीडिया पर यह वीडियो खूब वायरल हो रहा है। बटलर को आउट करने के तरीके की तत्काल तुलना 2019 में मैनचेस्टर में पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम को आउट करने वाली गेंद से की जाने लगी। कुलदीप को भी यही लगता है कि आजम और बटलर को आउट करने के लिए फेंकी गई गेंदें लगभग एक जैसी ही थी। मैच के बाद कुलदीप ने कहा, दोनों गेंदें अच्छी थी और लगभग एक जैसी थी। गुणवत्ता महत्वपूर्ण है और खिलाड़ियों की गुणवत्ता भी बहुत महत्वपूर्ण है। वे दोनो बहुत महत्वपूर्ण विकेट थे और दोनों बार टीम जीती यह बेहद खास है।

### नाथन लियोन की भविष्यवाणी, ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच होगा खिताबी मुकाबला

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर नाथन लियोन इस बात पर अड़े हैं कि ऑस्ट्रेलिया और मेजबान भारत 19 नवंबर को अहमदाबाद में विश्व कप 2023 के फाइनल में भिड़ेंगे। दोनों टीमों ने लगातार जीत दर्ज की है, जिसमें ऑस्ट्रेलिया ने शनिवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ एक रोमांचक मुकाबला जीता। जबकि भारत ने धीमी शुरुआत से उबरते हुए अगले दिन इंग्लैंड पर 100 रन के अंतर से जीत हासिल की।

# इंग्लैंड के खिलाफ हमारी टीम ने जीवट और चरित्र दिखाया : रोहित




- सीनियर खास तौर पर गेंदबाजों ने गेंद से बढ़िया प्रदर्शन किया
- हमारे गेंदबाजी आक्रमण में विविधता है और अच्छा संतुलन है

लखनऊ, 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। मैन ऑफ द' मैच रहे भारत के कप्तान सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा ने यहां इंग्लैंड के खिलाफ मुश्किल पिच पर शुरू से ही जवाबी हमला बोलने के अंदाज में 87 रन की पारी खेल कर अपने जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद शमी के साथ भरोसेमंद लेग स्पिनर कुलदीप यादव के साथ मिलकर अपनी टीम को रविवार को आईसीसी वन डे क्रिकेट विश्व कप के मैच में 100 रन से जीत दिलाने में अहम भूमिका अदा की। भारत की इंग्लैंड पर जीत के बाद रोहित शर्मा ने कहा, %इंग्लैंड के खिलाफ मैच में हमारी टीम अपना जीवट और चरित्र दिखाया। इस विश्व कप पर निगाह डाले तो हमने शुरू के पांच मैचों में बाद में बल्लेबाजी करने के पास यहां रविवार को अपने छठे मैच में हमें पहली बाद पहले बल्लेबाजी करने को मिली और यहां हमारे सामने चुनौती थी। हम जानते थे कि पिच में गेंदबाजों के लिए कुछ मदद है। हमारे पास खासे अनुभवी गेंदबाज हैं और हम इसीलिए अच्छा सम्मानजक स्कोर खड़ा करना चाहते थे। हमने बल्ले से बढिया प्रदर्शन नहीं किया और पहले ही पॉवरप्ले में हमने तीन विकेट गंवा दिए। ऐसे में हमें एक बड़ी भागीदारी करने की जरूरत थी वह तो हमने जरूर की लेकिन इसके बाद हमने मुझ सहित जल्दी जल्दी विकेट गंवाए। इस पूरे स्थिति पर नजर डालने पर पाया कि हमने 30 रन कम बनाए। मैं अपने सभी सीनियर खिलाडि़यों की तारीफ करूंगा कि उन्होंने सही वक्त पर आगे आ बढिया प्रदर्शन कर जीत दिलाई। खासतौर में मैं अपने अनुभवी गेंदबाजों की तारीफ करना चाहूंगा। आप रोज रोज इतने कम स्कोर का बचाव नहीं करते। हमारे अनुभवी सीम गेंदबाजों ने स्थितियों का लाभ उठाया और गेंद को स्विंग कराया ही गेंद को देर से मूव भी कराया। मैं यह जरूर कहना चाहूंगा कि हमारे गेंदबाजी आक्रमण में विविधता है और अच्छा संतुलन भी है। हमारे पास कुछेक अच्छे तेज सीमर और स्पिनर हैं। जब आपके पास ऐसा बढिया गेंदबाजी आक्रमण होता तो बल्लेबाज के आपके बल्लेबाजों के लिए एक अच्छा स्कोर बनाना जरूरी होता। जब आप अच्छा स्कोर बनाएगे तभी आपके गेंदबाज अपना गशंदबाजी कौशल दिखा सकें।'

### मैं बहुत निराश हूं : बटलर

इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने कहा, %मैं बहुत निराश हूं। जीत के लिए 230 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए अधबीच हमें कुछ उम्मीद थी। हमारी टीम ने पुरानी कहानी दोहराई। मैं ओस को लेकर आश्वस्त नहीं था । जहां जल्द विकेट गिरने के बाद दबाव को सोख कर खेलने की बात है तो कहूंगा कि इसे आप एक सिक्के दो पहलुओं की तरह देच सकते है। हमारे गेंदबाजों ने पॉवरप्ले में बेहतीन गेंदबाजी और उन्हें पिच से कुछ मूवमेंट भी मिला, ही हमारी मैदानी फील्डिंग भी बढिया रहे। हम अच्छी बल्लेबाजी नहीं की।

## कार्लोस अल्कराज और नोवाक जोकोविच एक साथ अभ्यास करते आए नजर



**पेरिस,** 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। पेरिस मास्टर्स में शीर्ष दो वरीय खिलाड़ियों ने रविवार को सीजन के अंतिम एटीपी मास्टर्स 1000 कार्यक्रम की शुरुआत से पहले एक प्रशिक्षण सत्र का आनंद लिया।

अल्कराज ने जोकोविच के साथ अपने अभ्यास सत्र के बाद सोशल मीडिया पर एक तस्वीर साझा की और लिखा, मैं पेरिस में हूं! नोवाक जोकोविच के साथ शानदार अभ्यास!

शीर्ष वरीयता प्राप्त जोकोविच बर्सी में छह बार के चैंपियन, अपने टूर्नामेंट की शुरुआत युगल जोड़ीदार मिओमिर केमैनोविक या अर्जेंटीना के टॉमस मार्टिन एचेवेरी के खिलाफ करेंगे।

दूसरी वरीयता प्राप्त अल्कराज घरेलू पसंदीदा एलेक्जेंडर मूलर या रोमन सफीउलिन के खिलाफ अच्छी शुरुआत करने की कोशिश करेंगे। वह सीज़न की अपनी सातवीं ट्रॉफी का पीछा कर रहे हैं।

जोकोविच के पास वर्तमान में एटीपी लाइव रेस टू ट्यूरिन में अल्कराज पर 500 अंकों की बढ़त है, जो साल के अंत में विश्व नंबर 1 की लड़ाई के लिए बैरोमीटर के रूप में कार्य करता है। लेकिन, पेरिस में 1,000 अंक मिलने बाकी हैं और एटीपी फ़ाइनल अभी भी बाकी है।

एक साल पहले, अल्कराज एटीपी रैंकिंग के इतिहास में साल के अंत में सबसे कम उम्र में विश्व नंबर 1 बन गए थे। जबकि जोकोविच रिकॉर्ड आठवीं बार यह सम्मान हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं।

### सुडोकू 6362 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 3 | 9 | 1 | 7 | 5 | 4 | 6 |
| 4 | 6 | 1 | 5 | 8 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 5 | 7 | 9 | 2 | 4 | 6 | 3 | 8 | 1 |
| 2 | 8 | 6 | 3 | 7 | 4 | 9 | 1 | 5 |
| 9 | 1 | 7 | 8 | 2 | 5 | 4 | 6 | 3 |
| 3 | 4 | 5 | 1 | 6 | 9 | 2 | 7 | 8 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 8 | 6 | 9 | 7 |
| 7 | 3 | 4 | 6 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 |
| 6 | 9 | 8 | 7 | 5 | 2 | 1 | 3 | 4 |

# अर्थ जगत

**सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| अल्ट्रासिमको | 2.44 प्रतिशत |
| रिलायंस | 2.04 प्रतिशत |
| आईसीआईसीआई बैंक | 1.30 प्रतिशत |
| भारती एयरटेल | 1.24 प्रतिशत |
| एचडीएफसी बैंक | 1.04 प्रतिशत |

**सर्वाधिक घटने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| टाटा मोटर्स | 1.94 प्रतिशत |
| मारुति | 1.52 प्रतिशत |
| एक्सिस बैंक | 1.31 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 0.82 प्रतिशत |
| आईटीसी | 0.72 प्रतिशत |

**सर्राफा**

दिल्ली

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

**मुद्रा विनिमय**

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

**अनाज**

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2500-2600 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

**मोटा आनाज**

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतों में टिकाव

**नई दिल्ली,** 30 अक्टूबर (एजेंसियां) इजराइल-हमास युद्ध को लेकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में जबरदस्त उबाल के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज टिकाव रहा, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



## विस्तारा ने हांगकांग के लिए सीधी उड़ान सेवा शुरू की

**नई दिल्ली,** 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। विस्तारा एयरलाइंस ने दिल्ली और हांगकांग के बीच रोजाना नॉन-स्टॉप उड़ानें शुरू की हैं। एयरलाइन के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी।

विस्तारा का ए321नियो विमान रविवार को रात 9.05 बजे इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से शुरू हुई और सोमवार को हांगकांग अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंची। एयरलाइन के प्रवक्ता ने कहा, 'रूट पर ए321नियो विमान अपनी असाधारण विशेषताओं के लिए जाना जाता है, जिसमें बिजनेस क्लास में फ्लैट बेड के साथ आरामदायक बैठने की व्यवस्था, आंतरिक सज्जा, इन-फ़्लाइट वायरलेस कनेक्टिविटी और एक अत्याधुनिक मनोरंजन सिस्टम विथ लाइव टीवी शामिल है।'



विस्तारा के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विनोद कन्नन ने कहा कि हांगकांग के लिए सीधी कनेक्टिविटी की शुरुआत हमारे अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क को लगातार बढ़ाने की रणनीति के अनुरूप है।

कन्नन ने कहा, 'हांगकांग दुनिया के शीर्ष वाणिज्यिक केंद्रों में से एक है। यह एक पॉपुलर लीजर डेस्टिनेशन के अलावा, भारत से बहुत सारे व्यवसाय और वीएफआर यात्रा को आकर्षित करता है। हमें इस मार्ग पर यात्रा करने वाले ग्राहकों को बेहतरीन एयरलाइन में उड़ान भरने का विकल्प प्रदान करते हुए खुशी हो रही है और हमें विश्वास है कि वे हमारे विश्व स्तरीय उसेवाओं की सराहना करेंगे।'

## वित्त मंत्री ने तस्करी रोकने के लिए अंतर-सरकारी सहयोग का किया आह्वान

**नई दिल्ली,** 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को सभी सरकारों को तस्करी और जंगली वनस्पतियों व जीवों को नुकसान पहुंचाने वाली गतिविधियों को रोकने की जरूरत पर जोर दिया।



उन्होंने राजस्व खुफिया निदेशालय द्वारा प्रवर्तन मामलों में सहयोग पर आयोजित वैश्विक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, 'सभी सरकारों के लिए यह जानना महत्वपूर्ण है कि तस्करी और गतिविधियों को कैसे रोका जाए, जो हमारे जंगली जीवों और वनस्पतियों को खतरे में डाल रही हैं।' उन्होंने कहा, सबसे महत्वपूर्ण साइलो, जिसके बारे में मैं बात करना चाहता हूं, वह है रोकथाम और निवारण... अवैध व्यापार, तस्करी की रोकथाम, और उन चीजों की रोकथाम, जो किसी भी देश की संप्रभु सत्ता के लिए बिल्कुल भी वांछनीय नहीं हैं। इस तथ्य से भी निवारण मजबूत होता है कि आप सतर्क हैं, और आपने जो पकड़ा है, उसे पूरी तरह से नष्ट करने के लिए समर्पण और प्रतिबद्धता दिखाते हैं और इसे फिर से बाजार में नहीं डालते हैं। इसलिए रोकथाम और निवारण वह विशेष क्षेत्र है, जिसमें इस वैश्विक सम्मेलन को बहुत सारे व्यावहारिक विचार देने चाहिए।'

सीतारमण ने कहा कि सीमा शुल्क अधिकारियों को अवैध व्यापार के नेटवर्क पर अंकुश लगाने के लिए आपस में जानकारी साझा करनी चाहिए और यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाना चाहिए कि साझा की गई जानकारी 'कार्रवाई योग्य' हो। उन्होंने यह भी कहा कि तस्करी या अवैध रूप से व्यापार किए गए सामानों की प्रकृति पिछले 50-60 वर्षों में नहीं बदली है और यह कीमती धातुएं, नशीले पदार्थ, जंगल या समुद्री जीवन के कीमती भंडार बने हुए हैं।

मंत्री ने कहा, इसलिए मोटे तौर पर अवैध रूप से व्यापार किए जाने वाले सामान वैसे ही बने रहते हैं। ऐसे कोई नए क्षेत्र नहीं हैं, जिन पर सीमा शुल्क अधिकारी चकित हों। यदि पिछले दशक में यह इसी तरह का रुझान दिखा रहा है, तो अब तक हममें से अधिकांश को इसके बारे में काफी जानकारी हो जानी चाहिए कि इसके पीछे कौन ताकतें हैं। मैं डब्ल्यूसीओ (विश्व सीमा शुल्क संगठन) के साथ-साथ अंतर-सरकारी सहयोग पर बहुत जोर देती हूं, ताकि हम इसके (तस्करी) पीछे के दिमागों, इसके पीछे के मास्टरमाइंडों की मदद से पता लगा सकें।'

## एलजी की दमदार बैटरी लाइफ के साथ ऑडियो स्पीकर सीरीज लॉन्च

**नई दिल्ली,** 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स ने भारत में उन्नत बैटरी लाइफ के साथ एक नई ऑडियो स्पीकर सीरीज 'एलजी एक्सबूम' लॉन्च की। एलजी एक्सबूम में दो मॉडल - एक्सएल 7एस और एक्सएल 5एस शामिल हैं, जो 54,990 रुपए और 44,990 रुपए की शुरुआती कीमत पर उपलब्ध होंगे। एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया के होम एंटरटेनमेंट के निदेशक हाक ह्यून किम ने कहा, 'उत्कृष्ट विशेषताओं, मजबूत ध्वनि और मनमोहक प्रकाश प्रभावों के साथ नई एलजी एक्सबूम सीरीज समारोहों, अवसरों और रोजमर्रा के आनंद लेने वालों के लिए शीर्ष पसंद के रूप में तैयार है। कंपनी के अनुसार, एलजी एक्सबूम में एक्सएल 7एस की बैटरी लाइफ 20 घंटे तक है, जबकि एक्सएल 5एस की बैटरी लाइफ 12 घंटे है, और दोनों स्पीकर में आईपीएक्स 4 वॉटर रेसिस्टेंट रेटिंग है। उपयोगकर्ता कराओके सत्रों के लिए भी स्पीकर का उपयोग कर सकते हैं और यहां तक कि एक गिटार भी कनेक्ट कर सकते हैं और अपने स्वयं के ध्वनिक संगीत कार्यक्रम की मेजबानी कर सकते हैं। यूजर्स एक्सबूम ऐप पर 'माई पिक' सुविधा का भी उपयोग कर सकते हैं। 250 वॉट आउटपुट के साथ, एक्सएल 7एस मॉडल बड़ी सभाओं के लिए बनाया गया है। 20.32 सेमी विशाल वूफर की विशेषता वाला यह स्पीकर अधिक शक्तिशाली बास प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है, जो एक गहरी और बोल्ड ध्वनि प्रदान करता है।

इसके अलावा, एलजी एक्सबूम एक्सएल 5एस 16.51 सेमी विशाल वूफर के साथ आता है, जो शक्तिशाली बास प्रदान करता है जो किसी भी स्थान के लिए मंच तैयार करता है।

## आरबीआई ने नियमों के उल्लंघन पर गुजरात के 3 बैंकों पर जुर्माना लगाया

मुंबई, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। आरबीआई ने अपने परिचालन के संचालन में आधिकारिक मानदंडों का उल्लंघन करने के लिए गुजरात में तीन सहकारी बैंकों पर मौद्रिक जुर्माना लगाया है। 'प्राथमिक (शहरी) सहकारी बैंकों (यूसीबी) द्वारा अन्य बैंकों में जमा राशि रखने' पर जारी आरबीआई के निर्देशों के उल्लंघन के लिए उमा को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड, वडोदरा पर 7 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। आरबीआई द्वारा किए गए बैंक के वैधानिक निरीक्षण से पता चला कि बैंक ने निर्धारित अंतर-बैंक प्रतिपक्ष जोखिम सीमा का उल्लंघन किया था और निर्धारित अंतर-बैंक सकल एक्सपोज़र सीमा का भी उल्लंघन किया। नतीजतन, बैंक को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। आरबीआई ने सोमवार को जारी एक बयान में कहा, 'नोटिस पर बैंक के जवाब और व्यक्तिगत सुनवाई के दौरान मौखिक प्रस्तुतियों पर विचार करने के बाद आरबीआई इस निष्कर्ष पर पहुंचा कि आरबीआई के उपरोक्त निर्देशों का पालन न करने का आरोप प्रमाणित हुआ और बैंक पर मौद्रिक जुर्माना लगाना जरूरी हो गया।' इसी तरह, आरबीआई ने निदेशकों, रिश्तेदारों और फर्मों/संस्थाओं को ऋण और अग्रिम' पर अपने निर्देशों का पालन न करने के कारण गुजरात के बनासकांठा में शिहोरी नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड पर 1 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है।





**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, PARAMJEET KAUR HORA W/O KALWANT SINGH HORA resident of H. NO - 135, WARD NO -08, GURUNANAK WARD, BASNA, MAHASAMUND (C.G) 493554 have changed my old name PARAMJEET KAUR HORA W/O KALWANT SINGH HORA so in future I should be recognized by my new name that is PARAMJEET HORA W/O KALWANT SINGH HORA in all Government and other documents.

**PARAMJEET HORA**
H. NO - 135, WARD NO -08, GURUNANAK WARD , BASNA , MAHASAMUND (C.G) 493554

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, SUDHA MOHTA W/O SURESH MOHATA resident of H.NO. D-130, SECTOR-5 DEVENDRA NAGAR, RAIPUR (C.G.) have changed my old name SUDHA MOHTA W/O SURESH MOHATA so in future I should be recognized by my new name that is SUDHA MOHATA W/O SURESH MOHATA in all Government and other documents.

**SUDHA MOHATA**
H.NO. D-130, SECTOR-5 DEVENDRA NAGAR, RAIPUR (C.G.)

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, SURESH MOHTA S/O GANESHLAL MOHATA resident of H.NO. D-130, SECTOR-5 DEVENDRA NAGAR, RAIPUR (C.G.) have changed my old name SURESH MOHTA S/O GANESHLAL MOHATA so in future I should be recognized by my new name that is SURESH MOHATA S/O GANESHLAL MOHATA in all Government and other documents.

**SURESH MOHATA**
H.NO. D-130, SECTOR-5 DEVENDRA NAGAR, RAIPUR (C.G.)

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, GHANSHYAM POPTANI S/O BAKHATRAM POPTANI resident of G-22, DUBEY COLONY, BEHIND SAI TEMPLE, MOWA, RAIPUR (C.G.) 492001 have changed my old name GHANSHYAM POPTANI S/O BAKHATRAM POPTANI so in future I should be recognized by my new name that is GHANSHYAM DAS POPTANI S/O BAKHATRAM POPTANI in all Government and other documents.

**GHANSHYAM DAS POPTANI**
DUBEY COLONY, BEHIND SAI TEMPLE, MOWA, RAIPUR (C.G.) 492001

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, VIJIT KUMAR SHUKLA S/O SANTOSH KUMAR SHUKLA resident of KAUSHALYA KANCHAN GANGA PHASE-2 D.D. NAGAR RAIPUR (C.G.) have changed my old name VIJIT KUMAR SHUKLA S/O SANTOSH KUMAR SHUKLA so in future I should be recognized by my new name that is VIJIT SHUKLA S/O SANTOSH KUMAR SHUKLA in all Government and other documents.

**VIJIT SHUKLA**
KAUSHALYA KANCHAN GANGA PHASE-2 D.D. NAGAR RAIPUR (C.G.)

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, PREETAM GHOSH S/O PROVASH GHOSH resident of TRT 25, BLOCK NO 3 A.C.C COLONY WARD NUMBER -15 NEAR BAJRANG BALI MANDIR JAMUL DIST - DURG BHILAI (C.G.) 490024 have changed my old name PREETAM GHOSH S/O PROVASH GHOSH so in future I should be recognized by my new name that is PREETAM PROVASH GHOSH S/O PROVASH GHOSH in all Government and other documents.

**PREETAM PROVASH GHOSH**
TRT 25, BLOCK NO 3 A.C.C COLONY WARD NUMBER -15 NEAR BAJRANG BALI MANDIR JAMUL DIST - DURG BHILAI (C.G.) 490024

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर**
**मामले की श्रेणी-राजस्व**
**ईश्तहार**

संदर्भ:-जिला-रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00082 सेजबाहर ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202324440727100017

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00082 के अंतर्गत ग्राम सेजबाहर के वर्तमान भूमिस्वामी कमला राठौर पिता/पति गिरवर प्रसाद पता प्रियदर्शनी नगर रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 15022/27 0.0139 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता श्रीमती भारती राठौर पति हेमंत कुमार राठौर, जयंत राठौर, विवेक राठौर पिता/पति तीनों पिता श्री गिरवर प्रसाद राठौर पता प्रियदर्शनी नगर रायपुर छ.ग., गिरवर प्रसाद राठौर पिता/पति स्व. गणपत लाल राठौर पता प्रिदर्शनी नगर रायपुर छ.ग. के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण /अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 08.11.2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 16.10.2023 को जारी किया जाता है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर

**न्यायालय तहसीलदार रायपुर**
**मामले की श्रेणी-राजस्व**
**ईश्तहार**

संदर्भ:-जिला-रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00063 शंकर नगर ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202324440724400014

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00063 के अंतर्गत ग्राम शंकर नगर के वर्तमान भूमिस्वामी आर.एस. प्रजापति पिता/पति जगन्नाथ प्रजापति पता सा. अनुपम नगर रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 720/89 0.0280 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता रत्ना योगेश प्रजापति पिता/पति स्व. राम सजीवन प्रजापति पता खम्हारडीह शंकर नगर रायपुर छ.ग., राजेश प्रजापति पिता/पति स्व. राम सजीवन प्रजापति पता, श्रीमती जानकी प्रजापति पिता/पति स्व. राम सजीवन प्रजापति पता के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण /अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 17.11.2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 25.10.2023 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार रायपुर

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 03 रायपुर**
**मामले की श्रेणी-राजस्व**
**ईश्तहार**

संदर्भ:-जिला-रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00071 बोरियाखुर्द ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202324440 726600012

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00071 के अंतर्गत ग्राम बोरियाखुर्द के वर्तमान भूमिस्वामी परषोत्तम कुमार साहू पि. खोरबाहरा साहू पिता/पति लालपुर रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 301/52 0.0140 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता श्रीमती चंद्रकिरण साहू पिता/पति परषोत्तम कुमार साहू पता धमतरी रोड शिव चौक लालपुर देवपुरी रायपुर, नाबा. थीरेन्द्र कुमार साहू पिता/पति स्व. परषोत्तम कुमार साहू पता धमतरी रोड शिव चौक लालपुर देवपुरी रायपुर, नाबा. प्रवीण कुमार साहू पिता/पति स्व. परषोत्तम कुमार साहू पता धमतरी रोड शिव चोक लालपुर देवपुरी रायपुर रायपुर के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण /अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 10.11.2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 03 रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 18.10.2023 को जारी किया जाता है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर

**न्यायालय तहसीलदार रायपुर**
**जिला रायपुर ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**

क्रमांक/क/बी-121/2023
ग्राम आमासिवनी प.ह.नं..........
तहसील रायपुर, जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 17.10.2023

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका/आवेदक हेमलता जोशी पति श्री रंजीत जोशी द्वारा इस न्यायालय मृत्यु प्रमाण-पत्र बाबत् आवेदन पत्र पेश कर उल्लेख किया है, आवेदक के पिता/पति सासु मां स्व. श्रीमती सुंदरिया पिता गोवर्धन की मृत्यु दिनांक 23.06.2020 को घर पर में हो चुकी है। उनके मृत्यु उपरांत आवेदक द्वारा निवेदन किया गया है।

अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत मृत्यु प्रमाण-पत्र के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 01.11.2023 तक स्वतः या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 17.10.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

मुहर — तहसीलदार रायपुर

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल-18**
**तहसील व जिला रायपुर ( छ.ग. )**
**आम सूचना**

जारी दिनांक 25.10.2023

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम धरमपुरा प.ह.नं. 78 रा.नि.मं. रायपुर-18 तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में आवेदक रमेश कुमार तिवारी पिता गीता प्रसाद तिवारी निवासी म.नं. 01 डॉ. अम्बेडकर वार्ड एल.आई.सी. कॉलोनी मोवा रायपुर द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 196/8 रकबा 0.104 हे. का सीमांकन /बटांकन हेतु आवेदन न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के रा.प्र.क्र. 202305110200182 अ-12 वर्ष 2022-2023 आदेश दिनांक 24.05.2023 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन/बटांकन दिनांक 09.11.2023 को समय 12 बजे किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों तथा आसपास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय के पूर्व पटवारी कार्यालय में एवं उक्त तिथि व समय को आवेदित स्थल पर उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी दावा/आपतित हो तो प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन उपरांत कोई भी दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी।

सो सूचना जानें।

राजस्व निरीक्षक रायपुर-18

**न्यायालय तहसीलदार रायपुर**
**जिला रायपुर ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**

क्रमांक/क/बी-121/2023
ग्राम रायपुरखास प.ह.नं..........
तहसील रायपुर, जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 17.10.2023

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका/आवेदक श्री रमेश श्रीवास पिता स्व. श्री ईश्वर दिन श्रीवास द्वारा इस न्यायालय मृत्यु प्रमाण-पत्र बाबत् आवेदन पत्र पेश कर उल्लेख किया है, आवेदक के माता स्व. श्रीमती नर्मदा बाई पति स्व. श्री ईश्वर दिन निवास की मृत्यु दिनांक 15.08.2008 को घर पर में हो चुकी है। उनके मृत्यु उपरांत आवेदक द्वारा निवेदन किया गया है।

अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत मृत्यु प्रमाण-पत्र के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 01.11.2023 तक स्वतः या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 17.10.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

मुहर — तहसीलदार रायपुर

**न्यायालय तहसीलदार रायपुर**
**जिला रायपुर ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**

क्रमांक/क/बी-121/2023
ग्राम रायपुरखास प.ह.नं..........
तहसील रायपुर, जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 16.10.2023

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका/आवेदक नियाज अहमद पिता स्व. श्री शेख सुमान द्वारा इस न्यायालय मृत्यु प्रमाण-पत्र बाबत् आवेदन पत्र पेश कर उल्लेख किया है, आवेदक के पिता/पति माता स्व. सईदा बेगम पति शेख सुमान की मृत्यु दिनांक 25.02.2018 को घर पर में हो चुकी है। उनके मृत्यु उपरांत आवेदक द्वारा निवेदन किया गया है।

अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत मृत्यु प्रमाण-पत्र के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 30.10.2023 तक स्वतः या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16.10.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

मुहर — तहसीलदार रायपुर

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार धरसींवा 04**
**मामले की श्रेणी-राजस्व**
**ईश्तहार**

संदर्भ:-जिला-रायपुर तहसील-धरसींवा प.ह.नं. 00088 बीरगांव ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-20232444072060013

तहसील धरसींवा के प.ह.नं. 00088 के अंतर्गत ग्राम बीरगाव के वर्तमान भूमिस्वामी भूरी खान पिता/पति अय्यूब खान पता बीरगाव रायपुर छ.ग. के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 287/998 0.0056 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता मो. आशीफ खान पिता/पति अय्यूब खान पता ग्राम बिरगांव के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण /अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 10.11.2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार धरसींवा 04 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 27.10.2023 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार रायपुर

**न्यायालय नायब तहसीलदार 8 ए रायपुर**
**मामले की श्रेणी-राजस्व**
**ईश्तहार**

संदर्भ:-जिला-रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00067 पुरेना ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-20232444072530 0009

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00067 के अंतर्गत ग्राम पुरेना के वर्तमान भूमिस्वामी ओमप्रकाश पिता/पति कृष्णपुजारी पता सदानी चौक रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 139/7 0.2020 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता श्रीमती राशी कौशिक पति श्री नितिन कौशिक पिता/पति स्व. ओम प्रकाश पुजारी पता बुढ़ापारा रायपुर तहसील व जिला रायपुर, श्रीमती प्रतिमा पुजारी पति स्व. ओम प्रकाश पुजारी पिता/पति पता बुढ़ापारा रायपुर तहसील व जिला रायपुर, आयुषी पुजारी पिता/पति स्व. ओम प्रकाश पुजारी पता बुढ़ापारा रायपुर तहसील व जिला रायपुर के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण /अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 22.11.2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार 8 ए रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 27.10.2023 को जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार रायपुर

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
अमलीडीह पानी टंकी रायपुर
**ईश्तहार**

पत्र क्र./5443/न.पा.नि./जोन क्र.-10/2023
रायपुर, दिनांक 10.10.2023
नामांतरण प्र.क्र. 5443
वार्ड का नाम- 52-डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 52 स्थित भवन/भूमि प्रॉपटी आई.डी RPR446Q01116 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती DEVI DEEN CHATURVEDIV पिता/पति श्री/श्रीमती L.T.H.R. CHATURVEDI के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती PREM SINGH CHOUHAN पिता/पति श्री/श्रीमती LATE SHRI BHAWANI SINGH CHOUHAN ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार /पंजीकृत विक्रय विलेख/वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अभिलेख 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।

( जोन कमिश्नर )
जोन क्र. 10
नगर पालिक निगम
रायपुर ( छ.ग. )

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 03 रायपुर**
**मामले की श्रेणी-राजस्व**
**ईश्तहार**

संदर्भ:-जिला-रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00061 मठपुरैना ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक सीजी-6304420102023036

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00061 के अंतर्गत ग्राम मठपुरैना के वर्तमान भूमिस्वामी शेख सुलेमान पिता/पति शेख रहमान पता मठपुरैना रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 246/6 0.0060 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता अब्दुल मन्नान कुरैशी पिता/पति अब्दुल सत्तार कुरैशी पता डगनिया धमधा दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 13.11.2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 03 रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 27.10.2023 को जारी किया जाता है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 03 रायपुर**
**मामले की श्रेणी-राजस्व**
**ईश्तहार**

संदर्भ:-जिला-रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00061 मठपुरैना ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक सीजी-6304420102023050

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00061 के अंतर्गत ग्राम मठपुरैना के वर्तमान भूमिस्वामी शेख सुलेमान पिता/पति शेख रहमान पता मठपुरैना रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 246/6 0.0060 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता नवीन विश्वकर्मा पिता/पति विष्णु प्रसाद विश्वकर्मा पता सेजबहार रायपुर छ.ग. के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 13.11.2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 03 रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 27.10.2023 को जारी किया जाता है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर

**रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर**
**उद्घोषणा**

क्रमांक 13997/आर.सी./रा.वि.प्रा./2023
रायपुर दिनांक 30/10/23

प्राधिकरण इन्द्रप्रस्थ योजना रायपुरा के अन्तर्गत डॉ. मनिन्दर कौर द्विवेदी पिता श्री अमरजीत सिंह को डूप्लेक्स/भवन क्रमांक डीएन-05, रकबा 1452 वर्गफुट 30 ( तीस ) वर्षीय पट्टे पर आबंटित है। आबंटिती के द्वारा उक्त भवन को फ्री-होल्ड किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त डूप्लेक्स/भवन को फ्री होल्ड किये जाने पर यदि किसी कोई आपत्ति दावा होवें तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि तक कोई आपत्ति/दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार फ्री होल्ड की कार्यवाही संपादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति/दावा ग्राह्य नहीं होगा।

दिनांक 30.10.2023 को जारी।

राजस्व अधिकारी ( तहसीलदार )
रायपुर विकास प्राधिकरण
रायपुर ( छ.ग. )

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, MD SARFARAZ HUSSAIN S/O TASDDUK HUSAIN resident of H.NO. 30, WARD NO.-37, HAIDARY MASJID MOMIN PARA TATYAPARA RAIPUR (C.G.) have changed my old name MD SARFARAZ HUSSAIN S/O TASDDUK HUSAIN so in future I should be recognized by my new name that is SARFARAJ HUSAIN S/O TASDDUK HUSAIN in all Government and other documents.

**SARFARAJ HUSAIN**
H.NO. 30, WARD NO.-37, HAIDARY MASJID MOMIN PARA TATYAPARA RAIPUR (C.G.)

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, ANIL S/O TOKHRAM AGRAWAL resident of HOUSE NO.114 WARD NO. 05 BASNA MAHASAMUND (C.G.) 493554 have changed my old name ANIL S/O TOKHRAM AGRAWAL so in future I should be recognized by my new name that is ANIL AGRAWAL S/O TOKHRAM AGRAWAL in all Government and other documents.

**ANIL AGRAWAL**
HOUSE NO.114 WARD NO. 05 BASNA MAHASAMUND (C.G.) 493554

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, MOHAMMED RAFIQ S/O MOHAMMED YAQUB resident of H NO 199 WARD NO 12 SADAR WARD MUSLIM GALI BHATAPARA DIST BALODA BAZAR (C.G.) have changed my old name MOHAMMED RAFIQ S/O MOHAMMED YAQUB so in future I should be recognized by my new name that is MOHAMMAD RAFIK JALIYAWALA S/O MOHAMMED YAQUB in all Government and other documents.

**MOHAMMAD RAFIK JALIYAWALA**
H NO 199 WARD NO 12 SADAR WARD MUSLIM GALI BHATAPARA DIST BALODA BAZAR (C.G.)

# कोरिया और सूरजपुर में कांग्रेस का शक्ति प्रदर्शन

**अंबिकापुर,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। सूरजपुर जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों के प्रत्याशियों के साथ कोरिया जिले में अंबिका सिंहदेव ने आज उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव की उपस्थिति में नामांकन पत्र दाखिल किया. तीनों प्रत्याशियों की नामांकन रैली के दौरान टीएस सिंहदेव प्रत्याशियों के साथ खुले जीप में नजर आए. सभा को संबोधित करते हुए टीएस सिंहदेव ने भाजपा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कांग्रेस सरकार की उपलब्धियां बताई. बता दें कि सूरजपुर जिले की तीनों सीट पर कांग्रेस का कब्जा है.

नामांकन के अंतिम दिन आज प्रेमनगर से खेलसाय सिंह, भटगांव से पारस राजवाड़े एवं प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र से राजकुमारी मरावी ने नामांकन पत्र दाखिल किया. मीडिया से चर्चा में डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने कहा कि नामांकन रैली में आई भीड़ इस बात का परिचायक है कि जनता फिर से कांग्रेस के साथ है. कांग्रेस प्रत्याशी फिर से भारी मतों से जीतकर विधानसभा पहुंचेंगे और कांग्रेस की सरकार बनेगी. सिंहदेव ने कहा कि जनता ने देखा है, कांग्रेस ने जो घोषणा की उनमें से अधिकतर जनहित से जुड़े वादे पूरे हुए हैं. सरकार बनते ही पहला काम किसानों के कर्जमाफी का किया था और धान का दाम बढ़ाने का फैसला हुआ था. हमारे नेता राहुल गांधी ने कहा है कि किसान, गरीब, मजदूर के साथ हमें खड़ा रहना है. उनके लिए काम करना है. यहीं कारण है कि हम धान का दाम बढ़ाकर अब प्रति चिंटल 3000 के पार ले जाने वाले हैं.

सिंहदेव ने कहा, प्रत्येक एकड़ 20 चिंटल धान की खरीदी करने वाले हैं. किसान श्रमिक न्याय योजना की राशि 7000 से बढ़ाकर 10 हजार करेंगे, किसानों का कर्जा माफ होगा. हमारे अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के प्रति अभिभावकों का रूझान देखिये, लगातार और नए अंग्रेजी माध्यम विद्यालय खोलने की मांग हो रही है. स्वास्थ्य के क्षेत्र में हम बड़ी बिमारियों के लिए 25 लाख तक का मुफ्त इलाज दे रहे हैं. जिला अस्पतालों में डायलिसिस की सुविधाएं बढ़ी है. कैंसर रोगियों के लिए सुविधा का विस्तार कर रहे हैं.



■ डिप्टी सीएम सिंहदेव बोले ङ्क किसान, गरीब, मजदूर के साथ खड़ी है कांग्रेस, तीन हजार रुपए चिंटल से पार जाएगा धान का दाम

उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने मीडिया के सवाल पर कहा कि कांग्रेस जोड़ने का काम करती है, हम किसान, गरीब, मजदूर, महिला, स्कूली छात्र-छात्राएं सबके बारे में सोच रहे हैं. मुझे नहीं लगता कि कोई सरकार 5 सालों में इतना कुछ कर सकती है. हमने हर क्षेत्र में मजबूती के साथ 5 सालों में काम किया है और यही कारण है कि जनता का रूझान कांग्रेस की ओर है और कांग्रेस दोबारा सरकार बनाने जा रही है. इस दौरान पूर्व मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह, जिलाध्यक्ष भगवती राजवाड़े, जेपी श्रीवास्तव, भानुप्रताप सिंह, शशि सिंह, अनुपम फिलिप, जफर हैदर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित रहे.

# गेवरा खदान से 30 मिलियन टन से अधिक कोयला डिस्पैच



■ सेल ने बनाया रिकार्ड

**रायपुर,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। कोल इंडिया की सहायक कंपनी साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 100 मिलियन टन (एमटी) कोयला डिस्पैच के लक्ष्य को हासिल किया है। छत्तीसगढ़ स्थित कंपनी द्वारा अपनी स्थापना के बाद सबसे पहले 100 मीट्रिक टन कोयला डिस्पैच के लक्ष्य को हासिल किया है। पिछले साल, एसईसीएल ने इसी अवधि में लगभग 85 मिलियन टन कोयले का डिस्पैच किया था और इस प्रकार इस वित्तीय वर्ष के दौरान कंपनी ने 17.65 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है।

कुल कोयले के डिस्पैच में से बिजली क्षेत्र को 80 प्रतिशत से अधिक डिस्पैच किया गया क्योंकि कंपनी ने देश के बिजली संयंत्रों को लगभग 81 मिलियन टन कोयला डिस्पैच किया। आगामी त्योहारों को ध्यान में रखते हुए यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जब बिजली की मांग सबसे अधिक रहेगी।

कोरबा जिले में स्थित एसईसीएल की मेगा परियोजनाओं गेवरा, दीपका, और कुसमुंडा ने 100 मिलियन टन कोयले के कुल डिस्पैच में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। देश की सबसे बड़ी कोयला खदान गेवरा ने 30.3 मिलियन टन कोयले का योगदान किया है जबकि दीपका और कुसमुंडा ने क्रमशः 19.1 मिलियन टन और 25.1 मिलियन टन कोयले का योगदान किया है। कुल डिस्पैच में सभी तीन मेगा परियोजनाओं की कुल हिस्सेदारी 74 प्रतिशत से अधिक रही है।

इसके अलावा एसईसीएल के कोरिया रीवा कोलफील्ड, जहां अधिकांश पुरानी और भूमिगत खदानें स्थित हैं। इन्होंने भी पिछले वर्ष की तुलना में 20 प्रतिशत कोयला डिस्पैच में वृद्धि करके उल्लेखनीय योगदान दिया है।एसईसीएल, कोल इंडिया की सबसे बड़ी कोयला उत्पादक सहायक कंपनियों में से एक है।

कंपनी ने 167 मिलियन टन कोयले का उत्पादन किया (जो उसके इतिहास में सबसे अधिक है) और वित्तीय वर्ष 22-23 में सीआईएल के कुल कोयला उत्पादन में इसकी हिस्सेदारी करीब एक-चौथाई रही। इस साल कंपनी ने 197 मिलियन टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य रखा है।

# नगर निगम के ट्रक की चपेट में आए बाइक सवार तीन युवक

**कोरबा,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले से दर्दनाक हादसे की खबर सामने आ रहा है, यहाँ सीएसईबी चौकी अंतर्गत इंदिरा स्टेडियम मार्ग पर जबरदस्त सड़क हादसे में स्कूटी सवार तीन युवकों में से एक की मौत हो गई। वहीं दो गंभीर रुप से घायल हो गए है। बैक करते वक्त निगम की ट्रक ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया जिससे यह हादसा हुआ। मृतक और घायल तीनों ढ़ोढ़ीपारा के निवासी है। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल दाखिल करवाया। ट्रक चालक को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

कोरबा शहर में सड़क हादसों के दौरान लोगों की मौत होने का सिलसिला जारी है। सीएसईबी चैकी अंतर्गत इंदिरा स्टेडियम मार्ग पर नगर निगम की ट्रक ने स्कूटी सवार तीन युवकों को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे एक युवक की मौत हो गई, वहीं दो युवक घायल हो गए। दुर्घटना के दौरान मौत के आगोश में समाए युवक का नाम संतोष सहिष है, जो ढोढ़ीपारा का निवासी था। संतोष अपने दो साथी विशाल और दुर्गाचरण के साथ कहीं गया हुआ था। तीनों स्टेडियम मार्ग से सीएसईबी चौक होते घर आने के लिए निकले हुए थे। इसी दौरान रास्ते में निगम के ट्रक ने बैक करते हुए तीनों को चपेट में ले लिया। जिससे विशाल और दुर्गाचरण छिटककर दूर जा गिरे जबकि संतोष पहियों के नीचे दब गया, जिससेउसकी दर्दनाक मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल भिजवाने के साथ ही मृतक की लाश को मर्च्युरी भिजवाया। मामले में पुलिस ने ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया और उसके खिलाफ जरुरी कार्रवाई कर रही है।



■ पहिये के नीचे दबने से एक की दर्दनाक मौत, दो घायल

# खराब सड़क और आचार संहिता की जांच से बढ़ी बस चालकों और यात्रियों की समस्याएं

## जांच से बचने के लिए नहीं लोड किया जा रहा वजनी सामान

**रायगढ़,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। आचार संहिता लगने के बाद बस चालकों और यात्रियों को भी इसके कारण असुविधा हो रही है। राज्य की अंतिम सीमा होने के कारण शराब और गांजा की तस्करी होने के अलावा मनी लॉन्ड्रिंग जैसे मामलों की जांच भी चेक पोस्ट और बैरियर पर की जा रही है। ऐसे में कुछ-कुछ स्थानों पर बसों को रोककर यात्रियों के बैग को भी खुलवाकर जांच किया जा रहा है। जिस कारण बस चालक ज्यादा भारी सामानों को बस पर लोड करने से भी इंकार कर रहे हैं। उनका कहना है कि बस पर जितना सामान लोड होगा उतना अधिक समय चेकिंग में लगेगा।

रायगढ़ जिला छत्तीसगढ़ का अंतिम छोर है इसलिए यहां तस्करी के ज्यादातर मामले देखे जाते हैं। जिसे ध्यान में रखते हुए जिले में खनिज बैरियर समेत कल 20 चेक पोस्ट संचालित है। इसके अलावा दूसरे जिलों में भी चेक पोस्ट बनाए गए हैं। रायगढ़ केवड़ा बाड़ी बस स्टैंड में इन दिनों बस संचालकों द्वारा सामानों का परिवहन पहले से लगभग आधा कर दिया गया है। जिससे यात्रियों को अपने साथ सीमित सामान ले जाना पड़ रहा है। बस चालक यात्रियों को अधिक सामान लेकर आने पर बैठाने से इंकार कर रहे हैं। इस विषय में पूछने पर बस चालकों का कहना है कि जगह-जगह जांच के लिए चेक पोस्ट बनाए गए हैं। जहां रोक कर बस के भीतर पुलिस और निर्वाचन आयोग के लोग जांच कर रहे हैं। ऐसे में बस अपने निर्धारित समय पर नहीं पहुंच पा रही है। खराब सड़क होने के कारण वैसे ही डीजल और समय का काफी नुकसान होता है ऐसे में सीतापुर, बतौली, बंगाली चेक पोस्ट पर जांच में लगने वाला समय और विलंब कर रहा है। जिसे ध्यान में रखते हुए सीमित सामान के साथ ही सवारियों को लाने ले जाने का काम किया जा रहा है। लंबी दूरी वाली बसों में त्यौहारी सीजन के कारण काफी भीड़ चल रही है। ऐसे में जांच व समस्या से बचने के लिए बस चालक मुख्य मार्ग को छोड़कर ग्रामीण इलाकों से चोरी छुपे बस का परिवहन कर रहे हैं। जिससे वह चेकिंग और खराब मार्ग दोनों से बच सकें।



# विस चुनाव में दरकिनार किए जाने के बाद भी नंदकुमार साय की नहीं टूटी है उम्मीद



**गरियाबंद,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव में प्रभाव क्षेत्र के कई सीटों से दावेदारी करने के बाद भी कांग्रेस से टिकट नहीं मिलने पर कांग्रेस नेता नंदकुमार साय उम्मीद नहीं टूटी है. इसका इशारा उन्होंने यह कहकर किया कि आने वाले दिनों में संसद का चुनाव है.

गरियाबंद जिले में कांग्रेस के राजिम प्रत्याशी अमितेश शुक्ल और बिंद्रानवागढ़ के जनक ध्रुव ने आज नामांकन दाखिल किया. इस दौरान भाजपा से कांग्रेस में शामिल हुए नेता नंदकुमार साय भी मौजूद थे. इस दौरान मीडिया से मुखातिब होते हुए नंदकुमार साय का भाजपा छोड़ने का टीस उभर आया. उन्होंने अपना दर्द बयां करते हुए कहा कि हम पार्टी के उस वक्त के नेता है, जब भाजपा बनी नहीं थी. उन्होंने कहा कि कई बातें हो जाती हैं. अभी भी कई नेता भाजपा छोड़ के जा रहे है. असुविधा और सम्मान नहीं होने के चलते लोग ऐसा कदम उठा रहे हैं.

साय ने कहा कि कांग्रेस की सरकार का नरवा, गरवा, घुरवा, बाड़ी योजना से भी छत्तीसगढ़ के लोगों को फायदा मिला है. इसके साथ ही उन्होंने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि राम के नाम पर वोट मांगने वाले राम के ननिहाल की उपेक्षा किया. राम वन गमन पर्यटन परिपथ के मार्ग पर भी भूपेश सरकार लगातार काम कर रही है. चुनाव परिणाम के सवाल पर साय ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने बेहतर काम किया, भाजपा विपक्ष की भूमिका ढंग से निभा नहीं पाई. सरकार इस बार कांग्रेस की बनेगी. वहीं जिले के दोनों कांग्रेस प्रत्याशियों ने भारी बहुमत से जीत का दावा किया है.

# अंतिम दिन 61 अभ्यर्थियों ने दाखिल किया नामांकन

**दुर्ग,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के अंतर्गत नामांकन पत्र दाखिले के अंतिम दिन आज कलेक्ट्रेट परिसर के साथ ही नामांकन कक्षों में भारी भीड़ रही। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने तो अपना नामांकन आज पहली बार जमा किया मगर उनके साथ जिले के अन्य पांच विधानसभा क्षेत्रों के 5 कांग्रेसी प्रत्याशियों ने भी नामांकन भरा। मुख्यमंत्री के नामांकन भरने के दौरान अन्य निर्दलीय प्रत्याशी भी परिसर में ही घूमते टहलते नजर आये। श्री बघेल के जाने के बाद नामांकन भरने वालों का तांता लग गया। दलीय व निर्दलीय प्रत्याशीगण अपने अपने समर्थकों के साथ यहां पहुंचते रहे। कांग्रेस, भाजपा व अन्य दलों के प्रतिनिधिगण भी अपने अपने प्रत्याशियों के पक्ष में यहां पहुंचकर बी.फार्म जमा कराये। आज कुल 61 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र जमा करायें।

आज नामांकन पत्र का अंतिम दिन होने से दलीय और निर्दलीय प्रत्याशियों का कलेक्ट्रेट परिसर में तांता लगा रहा। आज अतिविशिष्ट लोगों में से जोगी कांग्रेस के सुप्रिमो अमित जोगी अपना नामांकन जमाकर दुर्ग जिले की राजनीति में एक नए समीकर का सूत्रपात कर दिया। आज दोपहर बाद से इस घटना को लेकर शहर के राजनीतिक गलियारों में काफी चर्चा रही। एक वर्तमान मुख्यमंत्री व एक सांसद के आमने सामने होने से पाटन सीट पहले से ही चर्चा में थी अब और हाई प्रोफाइल मानी जाते लगी है। इसी तरह सिम्पलेक्स ग्रुप की श्रीमती संगीता केतन शाह के कलेक्ट्रेट पहुंचने से भी माहौल गरमा गया था। वे एकदम अंतिम क्षणों में पहुंची। शुरू में चर्चा थी कि वे निर्दलीय नामांकन भर रही है मगर बाद में स्पष्ट हुआ कि वे भाजपा से ही प्रत्याशी है। उन्होंने टिकिट की मांग की थी मगर पार्टी द्वारा रिकेश सेन को टिकिट दे देने से उन्होंने आज भाजपा टिकिट मिल जाने की प्रत्याशा में अपना फार्म जमा कर दिया है। इधर भाजपा प्रत्याशी रिकेश सेन ने अपनी बी फार्म भी जिला भाजपा अध्यक्ष भिलाई ब्रजेश ब्रिजपुरिया के साथ पहुंचकर जमा करा दिया। दुर्ग जिले के अन्य भाजपा प्रत्याशियों गजेन्द्र यादव दुर्ग शहर, ललित चंद्राकर की बी.फार्म जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा एवं राजेन्द्र पाध्ये ने जमा कराया।

■ . दिखाई दिए तरह-तरह के नजारें

■ वैशाली नगर से संगीता शाह ने तामझाम के साथ भरा नामांकन

वैशाली नगर से सर्वाधिक नामांकन : आज नामांकन दाखिल करने वालों में वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र से अभ्यर्थियों की तादाद ज्यादा देखी गई। नामांकन भरने वालों में कोई पुजारी के वेश में तो कोई अन्य रूप में पहुंचा था। वैशाली नगर से प्रत्याशियों की भीड़ इस कदर थी कि अंतिम क्षणों में रिटर्निंग कक्ष से माइक से एलाउन्स किया जाता रहा कि नामांकन भरने के लिये मात्र पांच मिनट रह गये है वैशाली नगर से जो रह गये है वे कक्ष में प्रवेश कर लें। उल्लेखनीय है कि समय सीमा के भीतर कक्ष में प्रवेश करने वालों के नामांकन पत्र समय समाप्त के बाद भी जमा कर लिये जाते रहे।

इन्होंने दर्ज कराये नामांकन : पाटन विधानसभा से भूपेश बघेल कांग्रेस, मधुकांत जोहार छत्तीसगढ़, केहर प्रसाद खाण्ड, विजय बघेल, रामचरण यादव, रामचंद जांगले निर्दलीय, अजय चन्द्राकर आम आदमी पाटी, अमित जोगी जनता कांग्रेस, अमित हिरवानी आप बी.एस.राउटे हमर राज, संदीप पाल गोण्डावाना गणतंत्र, वैशाली नगर से अंजू सोनी, अजहर अली, शंकरलाल साह, संगीता केतन शाह, अशोक कुमार, सूबेदार सिंह, वशिष्ठ नारायण मिश्र, जयप्रकाश प्रसाद निर्दलीय, दुर्ग ग्रामीण से लक्ष्मी वर्मा कामेश्वर साहू, नारद राम साहू, द्वारिका प्रसाद, राधेश्याम शोरी, गिरेन्द्र कुमार खाण्डे, कमलेश कुमार यादव, मनोज कुमार गायकवाड़ जुगल प्रसाद जोशी, दुर्ग शहर से वर्षा रितु यादव राष्ट्रीय हिन्दी एक्ता दल, अशोक ताम्रकार शक्ति सेना ;भारत देश, मनहरण सिंह छेदईया गोण्डवाना गणतंत्र पार्टी, भारत भूषण सिन्हा निर्दलीय, राकेश साहू न्याय धर्म सभा, अजय झग्ग्र साहू, बालकिशन साहू, सुनील बंजारे, सूर्य नारायण साहूए साजिद बेग, काशीराम कुर्रे, बंटी चौरे, नारायण प्रसाद यादव, सुरेश कुमार वर्मा निर्दलीय, जसमीत सिंह इंडिया प्रजाबंधु पार्टी, संजय दुबे जनता कांग्रेस ;जे, रऊफ खान छत्तीसगढ़ स्वाभीमान मंच, पारसमणी चंदेल आजाद जनता पार्टी, राकेश साहू न्याय धर्म सभा, भिलाई नगर से राम मनोहर अग्रवाल, आर शमुघावाले नायडू, मो.नसीम, उमा पाण्डेए धर्मेन्द्र निर्दलीय, पुष्पा मेरीसा इंडिया प्रजाबंधु पार्टी, अहिवारा विधानसभा से अरूण कुमार बाध्यकार, बालेश्वरी बाघ्यकार जोहार छत्तीसगढ़, संतोष कुमार बंजारे बसपा, संतोष कुमार जांगड़े इंडिया प्रजा बंधु पार्टी, रिति देशलहरा, ऋषि कुमार टंडन छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस, अमरदास नौरंगे शिवसेना बाला साहिब ने अपना नामांकन दाखिल किया।

# मैंने कभी गंगाजल लेकर कसम नहीं खाई: सिंहदेव

**रायपुर,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। शराबबंदी का वादा कर कांग्रेस द्वारा गंगाजल की झूठी कसम वाले बीजेपी के आरोप को लेकर उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने बयान दिया है. उन्होंने कहा कि गंगाजल लेकर किस चीज पर शपथ खाई थी ? मैनें आज तक कभी गंगाजल लेकर कसम नहीं खाई. शराबबंदी को लेकर गंगाजल की कसम नहीं खाई गई थी. एक वाक्या हुआ था जब कसम खाई गई थी, क्या हुआ था मुझे याद नहीं क्योंकि उस वक्त मैं मौजूद नहीं था.

बीजेपी के आरोप आम जनता को परेशान कर रहे राहुल गांधी पर डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने कहा कि किसानों ने राहुल गांधी को खुलकर अपनी बातें बताई. राहुल गांधी ने किसानों से भाव पूछा, उन्होंने सभी बातें साझा की. किसानो ने बताया कि अब वे कर्ज से मुक्त हैं. उनके पास कोई कर्ज नहीं है. धान के सही दाम उन्हें मिल रहे हैं। प्रियंका गांधी के दौरे और उनके द्वारा संभावित घोषणाओं पर सिंहदेव ने कहा कि हम एक सोच को लेकर चल रहे हैं. लोगों को घोषणा पत्र का इंजतार है. पिछले चुनाव में भी हमने घोषणाएं की थी, एक-एक कर हाईकमान से अनुमति लेकर घोषणाएं की जाएंगी. अरुण साव का बयान कांग्रेस जहां भी जा रही जनता उन्हें दौड़ा रही वे डर की वजह से घोषणाएं कर रहे, इस सिंहदेव ने कहा कि सरकार के प्रतिनिधि के रूप में मुझे 5 साल हो गए हैं, अभी तक किसी ने नहीं दौड़ाया, अरुण साव को कौन दिख गया, जिन्हें दौड़ाया जा रहा है. वहीं पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद के राहुल गांधी से हिसाब मांगने के सवाल पर डिप्टी सीएम ने कहा कि हम हिसाब देने ही लोगों के बीच में जा रहे हैं. बहुत महत्वपूर्ण चीजे हमने की है. जिन बातों की घोषणाएं नहीं की, वो भी पूरा कर रहे हैं।



■ भाजपा के आरोपो पर डिप्टी सीएम की सफाई

# क्रिकेट वर्ल्ड के खेले जा चुके है 30 मैच, नहीं पकड़ा गया एक भी सटोरिया

**धमतरी 30 अक्टूबर (देशबन्धु)।** क्रिकेट मैच में रोजाना लाखों का सट्टा लगाया जा रहा है। कई बर्बाद हो रहे है कई बर्बादी के कागार पर है, लेकिन विडम्बना है कि पुलिस इस काले कारोबार पर रोक लगाना तो दूर की बात किसी एक प्यादे तक को पकड़ नहीं पाई है।

ज्ञात हो कि क्रिकेट वर्ल्ड कप इस बार भारत में हो रहा है। 5 अक्टूबर को वर्ल्डकप के तहत पहला मैच खेला गया। इसके बाद से आज अफगास्तिान और श्रीलंका के बीच मैच खेला जा रहा है। इस प्रकार वर्ल्ड कप के कुल 30 मैच खेला जा चुका है। बता दे कि वर्ल्डकप में 45 लीग मैच, 2 सेमीफायनल और 1 फायनल मैच खेला जायेगा। इस प्रकार कुल 48 मैच खेला जायेगा। आधे से ज्यादा वर्ल्डकप के मैच होने के बाद भी अब तक एक भी क्रिकेट सटोरियां पकड़ा नहीं जाना पुलिस की सूचना तंत्र पर सवाल खड़ा कर रहा है। मिल रही जानकारी के अनुसार सटोरियों द्वारा पहले सट्टा खेलने वालों को लाईन दिया जाता है। लाईन के साथ ही सट्टा खेलने वाले की आर्थिक स्थिति को देखते हुए पैसो का लिमिट तय किया जाता और उस लिमिट की राशि पूरी हो जाने पर पेमेंट होने तक उनसे सट्टा नहीं खेलाया जाता है। क्रिकेट मैच में कई प्रकार का सट्टा खेला जाता है। जिनमें हार-जीत, प्रति ओव्हर रन, विकेट, टारगेट स्पेल टारगेट (निर्धारित ओव्हर में कितना रन बनेगा) आदि पर सट्टा खेला जा रहा है। वर्ल्ड कप में अब तक कई उल्टफेर भी हुये है। जब बेहद कम भाव की टीमों ने आश्चर्यजनक रुप ले मजबूत टीमों हराया है। इससे कई सटोरियें आबाद तो कई बर्बाद हुए।



चर्चा है कि शहर के कुछ युवक पिछले कई सालों से क्रिकेट सट्टा के कार्य में सक्रिय है। और लाईन में बैठाने हेतु कई नये युवाओं को अपने साथ जोड़ रहे है। इस वर्ल्डकप में भी कुछ नये युवा जल्द पैसा कमाने इस गैर कानूनी कार्य से जुड़े होने की आंशका है। लेकिन पुलिस के हाथ अब तक पूरी तरह से खाली है।

**आईपीएल में भी नहीं पकड़े गये थे एक भी सटोरियें**

इसी वर्ष इंडियन प्रीमियर लीग आईपीएल हुआ था क्रिकेट के इस महाकुंभ में भी हर मैच में लाखों करोड़ों का सट्टा लगाया जाता है। लेकिन विडम्बना है कि लगभग डेढ़ माह तक चले इस लीग में भी धमतरी पुलिस के हाथ एक भी क्रिकेट सटोरियां नहीं लगा।

**NECC**

| 31.10.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 5.33 | 92 | 170 |
| चिल्हर | 6.25 | 107 | 195 |

डिलीवरी 548 सैकड़ा
दर्जन अंडा 75 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA

प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23
फोन- (0771) 4077750, 4077760, 2292011/22 फैक्स-2534955 email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

**उल्टा पुल्टा**

टिंकू ( बुद्धू से )- बुद्धू, किसी चीज का लंबा-सा नाम बताओ।
बुद्धू- रबड़।
टिंकू - यह तो बहुत छोटा हैं।
बुद्धू - लेकिन इसे खींचकर जितना चाहे लंबा कर सकते हैं।

**संपादकीय**

## चुनावी उपहारों पर रहे नज़र

छत्तीसगढ़ विधानसभा के चुनाव जैसे-जैसे नज़दीक आ रहे हैं, इस बात की आशंका भी बढ़ने लगी है कि हर साल के जैसे और देश भर की तरह वोटरों को लुभाने के लिये उम्मीदवारों की ओर से उपहार बांटे जा सकते हैं। नगदी और शराब के अलावा ये उपहार कपड़े, कम्बल, कुकर, बर्तन आदि के रूप में होते हैं। राज्य में 7 और 17 नवम्बर को मतदान होना है तो यह ऐसा समय है जब प्रत्याशियों द्वारा इनकी खरीदी और भंडारण हो सकता है। जिन राज्यों में मतदान होना है उनके भीतर ऐसी सामग्रियों के बड़ी तादाद में खरीद-बिक्री पर सरकारी मशीनरी की नज़रें होती हैं। इसलिये अक्सर इन्हें बाहरी प्रदेशों से लाया जाता है। इसलिये अब आवश्यक हो गया है कि छग से लगने वाली अन्य राज्यों की सीमाओं पर विशेष सतर्कता बरती जाये।

महासमुन्द जिले के सिंघोड़ा थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक ऐसे ट्रक को पकड़ा जिसमें करीब 1 करोड़ रुपये मूल्य की साड़ियां पाई गईं। अंतरराज्यीय सीमा के पास रेहटीखोल के पास बने चुनावी जांच पोस्ट पर तैनात पुलिस को यह ट्रक मिला। यह ओडिशा राज्य के बरगड़ की ओर से आ रहा था। तेज गति से छग की तरफ आते ट्रक को रोकने पर जांच की गई तो पाया गया कि उसमें सिर्फ चालक था। वह झारखंड का रहने वाला है। उसने जब कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया तो पुलिस शक कर रही है कि ये साड़ियां किसी चुनावी उम्मीदवार द्वारा मंगाई गई होंगी। उल्लेखनीय है कि इस पोस्ट पर पहले भी अलग-अलग मौकों पर बड़ी नगद राशियां बरामद हुई हैं। वैसे तो इस बात की अभी तक पुष्टि नहीं हुई है कि इसका इस्तेमाल मतदाताओं के बीच वितरण के लिये ही होने वाला था, लेकिन जिस मात्रा में यह सामग्री बरामद हुई है उससे शक तो है और यह भी अनुमान है कि इसी प्रकार से उपहार की वस्तुएं बाहरी राज्यों से आ सकती हैं।

छग से एक-दो नहीं वरन सात राज्यों (मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, झारखंड, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना एवं महाराष्ट्र) की सीमाएं लगती हैं। इन राज्यों से सटे प्रदेश के जो जिले एवं विधानसभा क्षेत्र हैं उन पर विशेष नजरें रखा जाना आवश्यक है। ज्यादातर राज्य तो ऐसे हैं जहां से नक्सली भी छग में प्रवेश करते हैं और कार्रवाइयों को अंजाम देकर लौट जाते हैं। पुलिस की ज्यादा नज़र माओवादियों के आवागमन को लेकर रहती है पर जिस तरह से साड़ियां पकड़ाई हैं उससे साबित होता है कि केवल नक्सली एंगल से वाहनों एवं लोगों की जांच-पड़ताल करना पर्याप्त नहीं होगा। यह भी देखना होगा कि बाहरी राज्यों से ऐसी सामग्रियां तो नहीं आ रही हैं जो सीमावर्ती विधानसभा क्षेत्रों में मतदाताओं में बांटने के लिये मंगाई जा रही हैं। इसे रोकना होगा।

# अंतरिक्ष ज्ञान अभियान दो दिवसीय कार्यशाला

## वैज्ञानिकों ने बताए रॉकेट-सेटेलाइट कैसे करते हैं काम, एस्ट्रोनॉट्स के आने वाले मिशंस





**जगदलपुर,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। जगदलपुर शहर के बाल विहार विद्यालय में आयोजित अंतरिक्ष ज्ञान अभियान कार्यशाला के दूसरे दिन सोमवार को विद्यार्थियों ने उनके द्वारा तैयार विभिन्न मॉडलों का प्रदर्शन किया जिसमें शहर एवं आसपास के दो दर्जन से ज्यादा शालाओं के विद्यार्थियों एवं अध्यापकों ने भाग लिया। मॉडल प्रदर्शनी से पहले हुए सेशन में आई.डी. वाई. एम फाउंडेशन के युवा वैज्ञानिक रत्नेश मिश्रा एवं मानवी धवन ने कार्यक्रम में मौजूद काफी बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं को विज्ञान के कई अनसुलझे पहलुओं के बारे में बताया। विद्यार्थियों से वन टू वन चर्चा करते दोनों ने समझाया कि कैसे राकेट-सेटेलाइट काम करते हैं। इसके अलावा एस्ट्रोनॉट्स के आने वाले मिशन बताए गए। वहीं युवा छात्रों ने रुचि लेते यह भी समझा कि कैसे चंद्रयान 1 2 3 की लांचिंग हुई और आदित्य एल 1 की वर्किंग कैसी रही। विद्यार्थियों को यह भी बताया गया कि इसरो का क्या उद्देश्य है। देश की इतनी बड़ी संस्था कैसे काम करती है।

**इंजीनियर, डॉक्टर, वैज्ञानिक बनकर स्पेस में दे सकते हैं योगदान:** छत्तीसगढ़ राज्य के विभिन्न जिलों में 36 दिनी सफर पर निकले आई.आई.टी बाम्बे के एयरोस्पेस इंजीनियरिंग से संबंधित रत्नेश मिश्रा और मानवी धवन, अलग-अलग चले सेशन में विद्यार्थियों को बताया कि वैज्ञानिकों के अलावा इंजीनियर, डॉक्टर बन कर भी आप स्पेस के कामों में अपना योगदान दें सकते हैं। ऐसा अवसर बड़े शहर ही नहीं बल्कि अब छोटे-छोटे शहरों के छात्र-छात्राओं को भी मिल सकता है। बशर्ते हम जिस मिशन पर भी काम करें उस पर पूरी तरह से फोकस होना चाहिए अथक और ईमानदारी से किए जाने वाले प्रयास सफल होते हैं।

## मतदान दिवस हेतु मतदान समाप्ति के 48 घण्टे पूर्व से मदिरा दुकानें एवं होटल-बार रहेंगी बंद

~~जगदलपुर,~~ 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ के आदेशानुसार कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी विजय दयाराम के. द्वारा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 यथा संशोधित 1996 के प्रावधानों एवं आयोग की अनुशंसा पर छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 के तहत विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2023 हेतु प्रथम चरण के नियत मतदान तिथि 07 नवम्बर 2023 के लिए बस्तर जिले के अंतर्गत समस्त विदेशी मदिरा दुकानें एफएल 1 (घघ) एवं देशी मदिरा दुकानें सीएस 2 (घघ), सीएस 2 ( घघ - कम्पोजिट), एफएल 3 होटल बार, एफएल 7 सैनिक केन्टिन एवं मद्य भण्डागार तथा भांग-भागघोटा को मतदान समाप्ति के नियत समय के 48 घन्टे पूर्व की अवधि अर्थात 05 नवम्बर 2023 को सांयकाल 5 बजे से 07 नवम्बर 2023 को सांयकाल समय 5 बजे तक एवं मतगणना तिथि 03 दिसम्बर 2023 को सम्पूर्ण दिवस बंद रखे जाने हेतु शुष्क दिवस घोषित किया गया है। उक्त अवधि में बस्तर जिले के समस्त विदेशी मदिरा दुकानें एफएल 1 (घघ) एवं देशी मदिरा दुकानें सीएस 2 (घघ), सीएस 2 (घघ- कम्पोजिट), एफएल 3 होटल-बार, एफएल 7 सैनिक कैंटीन एवं मद्य भण्डागार, भांग-भागघोटा में विक्रय, परोसना, परिवहन एवं धारण करना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। इस आदेश का कड़ाई से परिपालन सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश सर्व सम्बन्धित अधिकारियों को दिए गए हैं।



जगदलपुर। विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत बस्तर जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र हेतु प्रेक्षक सुब्रत गुप्ता और आर एच ठाकरे की उपस्थिति में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विजय दयाराम के. के मार्गदर्शन में जिला कार्यालय के आस्था सभाकक्ष में ईव्हीएम और व्हीव्हीपैट का द्वितीय रेंडमाइजेशन राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के समक्ष किया गया। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी हितेश बघेल, तीनों विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी और निर्वाचन कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।



जगदलपुर। जिला निर्वाचन अधिकारी विजय दयाराम के. ने स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत विद्या ज्योति स्कूल में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के उपरांत मतदान कर्मियों को मतदान करने एवं अन्य मतदाताओं को प्रेरित करने की शपथ दिलवाई। इस अवसर स्वीप कार्यक्रम के नोडल प्रकाश सर्वे सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी और मतदान कर्मी उपस्थित थे।

## शरद पूर्णिमा पर रासगरबा कार्यक्रम



**जगदलपुर,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। अभाविप राष्ट्रीय कला मंच जगदलपुर के कार्यकर्ताओं द्वारा शरद पूर्णिमा के उपलक्ष्य पर शरद रास गरबा कार्यक्रम का आयोजन वृंदावन लॉन में किया गया।

सर्वप्रथम अभाविप नगर उपाध्यक्ष, प्रांत जनजाति कार्य सहप्रमुख वरुण साहनी, राष्ट्रीय कला मंच जिला प्रमुख संजय मुखर्जी, व कार्यकर्ताओं ने मिलकर बस्तर की देवी माई दंतेश्वरी के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर, पुष्प चढ़ाकर, आरती की पश्चात कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

अभाविप जगदलपुर नगर मंत्री शैलेष ध्रुव ने बताया कि गरबा यानी की गर्भदीप के चारों ओर स्त्रियां-पुरुष गोल घेरे में नृत्य कर मां दुर्गा को प्रसन्न करते हैं। मान्यता है कि गरबा करने के समय महिलाएं तीन ताली बजाकर नृत्य करती है वह तालियां ब्रह्मा, विष ?णु और म ?हेश के प्रति अपनी श्रद्धा प्रकट करने का तरीका होता है। कहा जाता है कि तालियों की गूंज से मां भवानी जागृत होती हैं। गरबा सौभाग्य का प्रतीक माना जाता है। डांडिया, ताली, मंजिरा आदि कई चीजें बजाकर गरबा करने का चलन है। बस्तर के प्रसिद्ध कलाकार राकेश यादव व उनके रास परब ग्रुप के कलाकारों की उत्कृष्ट प्रस्तुति के लिए सम्मानित किया गया। साथ ही विभिन्न कलाकारों को भी सम्मानित किया गया। इस दौरान बस्तर विभाग छात्रा प्रमुख सरिता ठाकुर , नीलू मौर्य, जसमनी नाग, सचिन पांडे, विवेक मंडल, अश्विन पिल्ले, अचिंत्य शर्मा, आदर्श मौर्य, ऋतिक जोशी, टेमन मंडल, दीपक गुहा, लुशांत जोशी, जय पांडे, मुदस्सिर, लूटांक कोरम, भावेश, मुकेश, कौशल, सागर, अभिनव सिंह, हर्ष पाणिग्रही, दिशा ,प्रिया, पूर्णिमा, अंशी, प्रियंका, करुणा आदि अभाविप के कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

## मतदान कर्मी टीम भावना और आपसी समन्वय से मतदान कार्य को करवाएं संपन्न : कलेक्टर





**डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कर्मियों ने दिया वोट**

**जगदलपुर,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विजय दयाराम के. ने कहा कि मतदान कर्मी टीम भावना और आपसी समन्वय से मतदान कार्य को सम्पन्न करवाएं। प्रशिक्षण के दौरान दल के सभी सदस्य साथ में बैठकर प्रशिक्षण के सभी जानकारी को समझें और ईव्हीएम मशीन के संचालन की गतिविधियों के बारे में अच्छे से ज्ञान प्राप्त करें, ताकि आपातकालीन परिस्थितियों से त्वरित निराकरण किया जा सके। कलेक्टर मंगलवार को विद्या ज्योति स्कूल में आयोजित मतदान कर्मियों के द्वितीय चरण के प्रशिक्षण कार्यक्रम का अवलोकन कर रहे थे।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र बस्तर, जगदलपुर, चित्रकोट व आंशिक नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए स्थापित डाक मतपत्र से मतदान की सुविधा केंद्र की व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया। उन्होंने जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र के सुरक्षा कर्मियों के लिए अलग डाक मतपत्र से मतदान की सुविधा केंद्र का भी निरीक्षण किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का बस्तर विधानसभा क्षेत्र के प्रेक्षक आरएच ठाकरे ने भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ प्रकाश सर्वे, नगर निगम आयुक्त हरेश मंडावी, तीनों विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी, प्रशिक्षण प्रभारी सुनील शर्मा, डाक मतपत्र प्रभारी मनोज बंजारे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## मतदान कार्य के लिए लगे वाहनों की होगी सतत निगरानी





**कलेक्टर ने किया वाहनों के कंट्रोल रूम का निरीक्षण**

**जगदलपुर,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन के तहत जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र और आंशिक नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचन कार्य के लिए सलंग्न वाहनों का इस बार जीपीएस तकनीक का उपयोग कर सतत निगरानी रखी जाएगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विजय दयाराम के. ने परिवहन कार्यालय में स्थापित वाहनों के कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया।

उन्होंने कंट्रोल रूम में जीपीएस से वाहनों की स्थिति का निगरानी करने की तकनीक का निरीक्षण कर जानकारी ली। इस दौरान कलेक्टर ने परिवहन अधिकारी को तीनों विधानसभा क्षेत्र के संवेदनशील इलाकों के रूट में टेस्ट ड्राइव करवाकर जीपीएस ट्रेकिंग की कमीबेशी को दूर करने के निर्देश दिए। उन्होंने वाहनों में लगाई जा रही जीपीएस तकनीक के स्टॉल प्रक्रिया का भी अवलोकन किया। कलेक्टर ने जीपीएस के साथ यदि कोई छेड़छाड़ होने की स्थिति पर उस समस्या के निराकरण पर भी चर्चा किए। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी हितेश बघेल, परिवहन अधिकारी ऋषभ नायडू सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र में 30 संगवारी, 3 दिव्यांग, 3 युवा सहित 15 आदर्श मतदान केंद्र चिन्हाकित

**जगदलपुर,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन-2023 बस्तर जिले अंतर्गत आने वाले विधानसभा क्षेत्र 85 बस्तर, 86-जगदलपुर एवं 87 चित्रकोट में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विजय दयाराम के. द्वारा तीनों विधानसभा क्षेत्र में 10-10 संगवारी, एक-एक दिव्यांग, एक-एक युवा तथा 5-5 आदर्श मतदान केन्द्र बनाए गए हैं।

संगवारी मतदान केन्द्र महिला कर्मियों द्वारा प्रबंधित मतदान केन्द्रों के तहत विधानसभा क्षेत्र-85 के मतदान केंद्र क्रमांक-107 माध्यमिक शाला भाटीपारा बस्तर, मतदान केंद्र 108 प्राथमिक शाला कोलिया पारा बस्तर, मतदान केंद्र 104 प्राथमिक शाला देउर गाँव बस्तर, मतदान केंद्र 109 माध्यमिक शाला फरसापारा बस्तर, मतदान केंद्र 105 प्राथमिक शाला बागबहार पारा कक्ष -01, मतदान केंद्र 106 प्राथमिक शाला बागबहार पारा कक्ष -02, मतदान केंद्र 131 प्राथमिक शाला मेटावाडा, मतदान केंद्र 188 प्राथमिक शाला धोबीगुड़ा, मतदान केंद्र 193 प्राथमिक शाला इरिकपाल और मतदान केंद्र 195 माध्यमिक शाला करीतगाँव को संगवारी मतदान केंद्र बनाया गया है।

विधानसभा क्षेत्र-86 जगदलपुर में मतदान केंद्र क्रमांक 92 कार्यपालन अभियंता छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल बोधघाट जगदलपुर, मतदान केंद्र 97 प्राथमिक शाला करकापाल आवास प्लाट, मतदान केंद्र 148 प्राथमिक शाला भगत सिंह पथरागुड़ा कक्ष-02, मतदान केंद्र 78 हाई स्कूल केवरामुंडा कक्ष-2, मतदान केंद्र 105 शासकीय हाई स्कूल भैरमगंज कक्ष-1, मतदान केंद्र 108 महारानी लक्ष्मी बाई कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला कक्ष-01, मतदान केंद्र 114 स्वामी विवेकानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय जगदलपुर कक्ष-4, मतदान केंद्र 133 आदिम जाति कल्याण विभाग शाला नयापारा कक्ष-1, मतदान केंद्र 141 डॉ. भीमराव अंबेडकर प्राथमिक शाला कक्ष-2 और मतदान केंद्र 153 बस्तर क्लब पथरागुड़ा कक्ष -2 को संगवारी मतदान केंद्र बनाया गया है। विधानसभा क्षेत्र-87 चित्रकोट में मतदान केंद्र क्रमांक 33 शासकीय कन्या उच्च माध्यमिक शाला उसरीबेड़ा, मतदान केंद्र 57 माध्यमिक शाला देउरगाँव, मतदान केंद्र 63 प्राथमिक शाला पोटानार कक्ष -01, मतदान केंद्र 64 प्राथमिक शाला पोटानार कक्ष -02, मतदान केंद्र 115 प्राथमिक शाला कोड़ेनार अतिरिक्त कक्ष, मतदान केंद्र 157 प्राथमिक शाला टेकामेटा, मतदान केंद्र 156 प्राथमिक शाला करंजी सड़कपारा, मतदान केंद्र 173 प्राथमिक शाला मेटावाड़ा, मतदान केंद्र 181 पंचायत भवन बेड़ागुड़ा और मतदान केंद्र 182 माध्यमिक शाला तोकापाल को संगवारी मतदान केंद्र के रूप में चिन्हाकित किया गया है।। जिले में दिव्यांग कर्मियों द्वारा प्रबन्धित मतदान केंद्र में विधानसभा क्षेत्र-85 बस्तर के मतदान केंद्र क्रमांक 136 प्राथमिक शाला परचनपाल, विधानसभा क्षेत्र-86जगदलपुर के मतदान केंद्र क्रमांक 162 खंड स्त्रोत समन्वयक बीआरसी भवन और विधानसभा क्षेत्र-87 चित्रकोट के मतदान केंद्र क्रमांक 167 प्राथमिक शाला तेलीमारेंगा को बनाया गया है। इसी प्रकार युवा प्रबन्धित मतदान केंद्र के रूप में विधानसभा क्षेत्र-85 बस्तर के मतदान केंद्र क्रमांक 112 प्राथमिक शाला भाटपाल, विधानसभा क्षेत्र-86 जगदलपुर के मतदान केंद्र क्रमांक 168 उच्च प्राथमिक शाला नवीन अघनपुर और विधानसभा क्षेत्र-87 चित्रकोट के मतदान केंद्र क्रमांक 31 प्राथमिक शाला कोटवारपारा बड़ेधाराउर को बनाया गया है। जिले में आदर्श मतदान केंद्रों के रूप में प्रबन्धित मतदान केंद्र में विधानसभा क्षेत्र-85 बस्तर के मतदान केंद्र क्रमांक 107 माध्यमिक शाला भाटीपारा बस्तर, मतदान केंद्र क्रमांक 108 प्राथमिक शाला कोलिया पारा बस्तर, मतदान केंद्र

>> शेष पृष्ठ 9 पर >

# संस्कारधानी के स्टेडियम को खंडहर बनाया डॉ. रमन ने : गिरीश

**राजनांदगांव,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी गिरीश देवांगन आज अपने चुनावी जनसंपर्क वार्ड 24 गुरूगोविंद सिंह वार्ड के शहीद हेमू कल्याणी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर जनसंपर्क शुरू किया जो वार्ड भ्रमण करते हुए प्रभात नगर होते हुए वार्ड 23 अनुपम नगर से वार्ड 45 सृष्टि कालोनी, जीवन कॉलोनी होते हुए कौरिनभाठा वार्ड 44 में भ्रमण करते हुए गांधी नगर, महेश नगर में जनसंपर्क यात्रा का समापन किया। वहीं दोपहर बाद ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए आम जनता से अपने पक्ष में जन समर्थन जुटाने के लिए जीवंत संपर्क किया।

जनसंपर्क के दौरान संस्कारधानी राजनांदगांव के जन सहयोग से बने दिग्विजय स्टेडियम की अदूरदर्शी सोच पर कांग्रेस प्रत्याशी गिरीश देवांगन ने कहा कि यह विश्व का पहला स्टेडियम है जो बिना पार्किंग का है संस्कारधानी की खेल गतिविधियों को बिना ड्राइंग डिजाइन और अपने दूरदर्शी सोच के कारण विध्वंसक कार्यवाही करते हुए जन सहयोग से बने स्टेडियम को तोड़कर उसकी सामग्रियों को भी अपरा तफरी करने में संरक्षित करने का काम किया गया यहां तक तीन वर्ष पहले बने बॉस्केटबॉल स्टेडियम को तोड़कर राशि का दुरुपयोग करने का भी प्रमाण भाजपा सरकार ने दिया जब नए स्टेडियम का निर्माण करने की कार्य योजना को प्रचारित प्रसारित किया गया था तो बड़े जोर शोर से वाहवाही लूटने के लिए कहा गया था की तोड़फोड़ से बॉस्केटबॉल स्टेडियम को अलग रखा जाएगा और आर्किटेक्चर के माध्यम से बिना पार्किंग का स्टेडियम की ड्राइंग डिजाइन तैयार कर सरकार के करोड़ों रूपों का जहां बर्बाद करने की कार्य योजना बनी वही संस्कारधानी के खेल गतिविधियों को बाधा पहुंचाने का काम भी निष्क्रिय नेतृत्व के चलते हुआ जिसके कारण शहर के खेल गतिविधियां बाधित हुई है नए स्टेडियम की जनता को भ्रमित जगमगाहट दिखाने के नाम पर स्टेडियम निर्माण में होने वाली लागत राशि में सिर्फ बिजली एसी



**कांग्रेस प्रत्याशी आम जनता से रूबरू होकर भूपेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का कर रहे बखान**

फिटिंग कर करके आधे अधूरे स्टेडियम का लोकार्पण अपने चुनावी लाभ लेने के लिए कर दिया गया विद्युतीकरण के नाम पर सिर्फ राशि की हेरा फेरी हुई है और एक मुख्यमंत्री के क्षेत्र में बहुत चर्चित स्टेडियम में गड़बड़ी करने वालों को जिस प्रकार से संरक्षित करने का काम किया गया यहां तक की साई हॉस्टल के बच्चों को भी खेलने में बाधा पहुंचा कर उनके खेल कौशल को बाधा पहुंचाया गया पूर्व में क्रिकेट पवेलियन के नाम पर भी जो राशि गड़बड़ी हुई वह भी शहर की जनता ने देखा है 15 वर्षीय मुख्यमंत्री के क्षेत्र में एक समुचित कार्य योजना बनाकर कार्य नहीं होना एक अदूरदर्शी और विजन लेस सोच का परिणाम है जिसका दंश शहर की जनता के साथ-साथ जिले की जनता झेल रही है ।

कांग्रेस मीडिया सेल से मिली जानकारी के अनुसार जनसंपर्क के दौरान प्रमुख रूप से कुतबुद्दीन सोलंकी, अशोक पंजवानी, मोती साहू, दक्षिण ब्लॉक अध्यक्ष सूर्यकांत जैन, विरेन्द्र चंद्राकर, झम्मन देवांगन, सुनीता फडनवीस, रौशनी सिन्हा, कुसुम दुबे, बबलू कसार, महेश यादव, नितिन बत्रा, घनश्याम वाधवानी, अमित चंद्रवंशी, प्रतिमा बंजारे, रीना पटेल, गुरभेज माखिजा, संजय रिझवानी, सुरेन्द्र देवांगन, प्रेमचंद रूंचदानी, मोहन चुनुरकर, राजा यादव, किशोर श्रीवास्तव, कुलदीप कुंरजरेकर, राजू मरीया, अभिषेक सोनी, डेनिस निषाद, विक्रमा नेताम, राधे साहू, अर्जुन गायकवाड़, संदीप जायसवाल, राजिक सोलंकी, चंद्रभान बाजपेयी, सहित शहर कांग्रेस पदाधिकारी, ब्लॉक कांग्रेस पदाधिकारी, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस सहित सभी विंगों के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं समस्त कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

**31 को इन वार्डों में जनसंपर्क**

वार्ड 43 के मां फिरंतीन मंदिर से पूजा अर्चना कर जनसंपर्क यात्रा की शुरूआत होगी जो वार्ड भ्रमण करते हुए राजीव नगर वार्ड 42 एवं वार्ड 46 बसंतपुर का भ्रमण करते हुए महामाया चौक में समापन होगा।

# 75 पार के साथ फिर बनेगी कांग्रेस सरकार : अभिजित

**दंतेवाड़ा,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता अंशुल अभिजित ने कहा है कि कांग्रेस समरसता, सामाजिक समानता के लिए हमेशा संघर्ष करती रही है। भूपेश सरकार की रीति नीतियों की वजह से एक बार फिर छत्तीसगढ़ में सरकार बनेगी और इस बार 75 का आकड़ा पार होगा। दंतेवाड़ा पहुंचे श्री अभिजित पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे।



- **दंतेवाड़ा पहुंचे कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता का संकल्प**
- **नक्सलियों से समाज के मुख्यधारा में शामिल होने का आह्वान**

पत्रकार वार्ता के दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष अवधेश गौतम, विरेन्द्र गुप्ता, कमलोचन सेठिया, जावेद, एन. राजा, मनीष भट्टाचार्य आदि मौजूद थे। श्री अभिजित ने आगे कहा कि पूरे बस्तर में शांति और विकास का वातावरण है। यह भूपेश सरकार की देन है। प्रदेश सरकार ने छत्तीसगढ़ की संस्कृति, खान पान, रहन सहन को बढ़ावा दिया। लोगों से किये वादे पूरे किये। कुछ अधूरे हैं जो आने वाले समय में पूरे होंगे। ऋण माफी की घोषणा की गई है। 20 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदी की जाएगी। साढ़े 17 लाख नये आवास दिये जायेंगे। सरकारी स्कूलों में केजी से लेकर पीजी तक नि:शुल्क शिक्षा मिलेगी। 10 लाख का स्वास्थ्य बीमा होगा। 3 हजार प्रति क्विंटल दर से धान खरीदी होगी। यह प्रदेश सरकार छत्तीसगढ़ के लोगों के जन जीवन में बदलाव के लिए संकल्पित है। बस्तर में चुनौतियां भी हैं और विकास का वातावरण भी। यह बदलाव शुभ संकेत है।

श्री अभिजित ने माना कि नक्सलवाद सामाजिक और राजनीतिक तथा आर्थिक स्तर पर उपजी समस्या है। उन्होंने नक्सलियों से समाज के मुख्यधारा में शामिल होने का आह्वान भी किया। संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण के सवाल पर प्रवक्ता श्री अंशुल ने जावेद के हवाले से कहा कि 49 हजार करोड़ रूपए की जीएसटी की राशि केन्द्र सरकार ने रोक दी, यह राशि मिलती तो नियमितीकरण हो जाता, क्योंकि नियमितीकरण के बाद सरकार पर पड़ने वाले आर्थिक बोझ की भरपायी इसी से होती।

# एनएमडीसी, बचेली में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ



**बचेली**, 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। 30 अक्टूबर को प्रशासनिक भवन के प्रांगण में मुख्य महाप्रबंधक (उत्पादन), संजय बासु व मुख्य महाप्रबंधक, (अनु. एवं से.) अनु., पी रामय्यन के द्वारा एवं अन्य सभी कार्यस्थलों में संबंधित विभागाध्यक्षों द्वारा सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सतर्कता जागरूकता के बारे में सत्यनिष्ठा की प्रतिज्ञा दिलाते हुए सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2023 का शुभारंभ किया गया।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान सतर्कता के प्रति और अधिक जागरूकता हेतु विभिन्न प्रतियोगिताएं, निबंध, स्लोगन तथा पोस्टर प्रतियोगिताएं आयोजित किए जाएंगे।

सतर्कता अधिकारी ने सभी से अनुरोध किया कि वे उनके लिए आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में अधिक से अधिक भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

# मरार समाज सामाजिक समागम का आयोजन

**पिथौरा,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। निरंतर समाज को प्रगति की ओर ले जाने मरार पटेल समाज के द्वारा एक विशेष मुहिम चलाई जा रही है जिसके माध्यम से गांव गांव में जा कर समाजिक जनों की सभा आयोजित किया जा रहा है। समाज को पूर्णतः शिक्षित करने समाज में नशामुक्ति का संकल्प लेने समाज को एकजुट करने का प्रयास मरार पटेल समाज पिथौरा परिक्षेत्र द्वारा किया जा रहा है। इसी क्रम में ग्राम बरतुंगा और ग्राम देवसराल में समाजिक समागम का आयोजन किया गया ।



कार्यक्रम की शुरुवात माता शांकभरी की पूजा-अर्चना कर किया गया जिसके बाद सभा की शुरुवात हुई । जिसमें पटेल मरार समाज के आसपास के गांवों से समाजिक जन पहुंचें साथ गांव गांव में जा कर नशामुक्ति हेतु महिला समिति का गठन किया जा रहा है और साथ ही समाज में नशामुक्ति को लेकर विशेष पहल किया जा रहा है इस कार्यक्रम अन्य समाज का भी काफी समर्थन मिला रहा है । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मरार पटेल समाज पिथौरा के अध्यक्ष उत्तम पटेल ने समाज की महत्ता को बताते हुए कहा की समाज को एकजुट होकर गतिशील रूप से कार्य करना है चाहे शिक्षा के क्षेत्र में या फिर समाजिक गतिविधि के क्षेत्र में समाज के सभी सदस्यों और समाजिक जनों को सक्रिय रूप अपनी भागीदारी देनी होगी तब ही समाज आगे बढ़ेगा आप सभी के सहयोग की अपेक्षा रहेगी साथ ही समाज की नारीशक्ति को भी आगे आना होगा उनके अधिकार के लिए लड़ना होगा । वहीं सभा को संबोधित करते जिला महासचिव खेमराज पटेल ने कहा की समाज की सक्रिय भूमिका ही समाज की विशेष पहचान बनाएगी आप सभी सहयोग करेंगे तो हमारा समाज निरंतर प्रगति ओर जाएगा और समाज में हावी नशा से मुक्ति के लिए समाज को एकजुट होकर लड़ना होगा तब ही समाज में नशामुक्ति स्थापित होगा । लीलाधर पटेल ने समाज पर जोर देते हुए समाज को शिक्षित करने समाजिकजनों को बताया साथ ही कहा की समाज तीन शब्द से मिलकर बना है स से संगठन और सहयोग म से मान सम्मान और ज से जनसेवा ये तीनों शब्द अगर साथ हो तो समाज का नाम अपनी ऊंचाइयों पर होगा । पूर्व जिलाध्यक्ष भगवान सिंह पटेल पूर्व अध्यक्ष गणेशराम पटेल उपाध्यक्ष लीलाधर पटेल उपाध्यक्ष घनश्याम पटेल कोषाध्यक्ष मोतीलाल पटेल सचिव हेमसिंह पटेल महामंत्री घनश्याम पटेल हेमराज पटेल मीडिया प्रभारी देव पटेल सुरेश पटेल मरार समाज के पदाधिकारीगण और समाजिक जन उपस्थित रहे।

# सारंगढ़ व बिलाईगढ़ विस के सभी प्रेक्षकों ने संयुक्त बैठक ली

**बिलाईगढ़**, 30 अक्टूबर (देशबंधु)। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में सारंगढ़ विधानसभा-17 के सामान्य प्रेक्षक श्री तापस राय (आईएएस), बिलाईगढ़ विधानसभा-43 के सामान्य प्रेक्षक श्री पवन कुमार (आईएएस), पुलिस प्रेक्षक राजेन्द्र कुमार मीणा (आईपीएस) और व्यय प्रेक्षक श्री रत्नेश कुमार सिंह (आईआरएएस) ने कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी और पुलिस अधीक्षक श्री आशुतोष सिंह की उपस्थिति में जिले के निर्वाचन सह नोडल अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने जिले के सामान्य जानकारी, निर्वाचन तैयारियों, व्यवस्था आदि के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर सामान्य प्रेक्षक श्री तापस राय ने कहा कि निर्वाचन के समाप्त होते तक सभी अपने ड्यूटी में सतर्क रहकर कार्य करते रहें। जब निर्वाचन कुशलपूर्वक समाप्त होगा तब चेहरे में स्वत: मुस्कान आएगा।

# जकां के जिला अध्यक्ष ने कांग्रेस का दामन थामा



**खरोरा,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। आज धरसिंवा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बेलदारसिवनी निवासी जोगी कांग्रेस की गुलाबी गैंग की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष व जिला अध्यक्ष श्रीमती उमा पुरैना सहित हजारों लोगों ने आज कांग्रेस प्रवेश किया। सभी को धरसीवा विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी छाया वर्मा ने कांग्रेस का गमछा पहनाकर कांग्रेस प्रवेश करवाया। उनके साथ पचरी सरपंच अभिषेक वर्मा, छेत्र के कुछ अन्य जनप्रतिनिधियो सहित हजारों लोगों ने आज कांग्रेस प्रवेश किया। खासकर हजारों की संख्या में महिलाओं ने कांग्रेस का दामन थामा है। कांग्रेस प्रत्याशी छाया वर्मा से हजारों की संख्या में यूके नवप्रवेशी कांग्रेसियों को मिलजुलकर व गीले शिकवे दूर कर कांग्रेस के मजबूती के लिए काम करने आव्हान किया, उन्होंने प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल के द्वारा किए जा रहे जनहिताइशी कार्यों को घर घर बताकर कांग्रेस के हाथ को और अधिक मजबूत बनाने कहा।उन्होंने कहा की कांग्रेस में सभी लोगो का सम्मान किया जायेगा। खरोरा में कार्यक्रम आयोजित कर सभी को कांग्रेस प्रवेश दिलाया गया। साथ ही उमा पूरैना ने कहा की राज्य के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व उनकी कांग्रेस सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से प्रभावित होकर कांग्रेस में शामिल हुए है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष उधो राम वर्मा, जनपद अध्यक्ष देवव्रत नायक, प्रभारी नारायण कुर्रे, ब्लॉक अध्यक्ष सौरभ मिश्रा, मनवा कुर्मी छत्रीय समाज के केंद्रीय अध्यक्ष चोवा राम वर्मा, अरविंद देवांगन, युवा कांग्रेस अध्यक्ष अंकित वर्मा सहित हजारों की संख्या में कांग्रेसी व नागरिक उपस्थित हुए।

# प्रेस व राजनीतिक दलों की बैठक संपन्न

**बिलाईगढ़,** 30 अक्टूबर(देशबंधु)। कलेक्ट्रोरेट में शाम 6 बजे राजनीतिक दलों और मीडिया की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश भारद्वाज ने बताया कि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत जिले के विधानसभा क्षेत्रों के भवन, स्थल और नाम परिवर्तन के प्रस्तावों को निर्वाचन आयोग द्वारा अनुमोदन दिया गया है। छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन-2023 के लिए जिले से सम्बन्धित विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्रों के 8 भवन परिवर्तन के लिए राज्य निर्वाचन आयोग को प्रस्तावित किया गया था। निर्वाचन आयोग के अनुमोदन उपरांत भवन परिवर्तन में सारंगढ़-17 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के मतदान केंद्र क्रमांक-149 दानसरा-1 क.प्रा. शाला भवन दानसरा को हाईस्कूल दानसरा, ,मतदान केंद्र क्रमांक -149 दानसरा-2 क.मा. शाला भवन को हाईस्कूल दानसरा, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के मतदान केंद्र क्रमांक-168 सारंगढ़ ग्रामीण प्राथमिक शाला कुशलनगर को आंगनबाड़ी केन्द्र कुशलनगर, मतदान केंद्र क्रमांक-170 प्राथमिक शाला भवन रानीसागर को प्रा. शाला खैरहा एवं मतदान केंद्र क्रमांक-202 प्रा. शा. तेन्दुढार को प्रा. शा. सुरली किया गया है।

इसी क्रम में बिलाईगढ़-43 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के मतदान केंद्र क्रमांक-347 शा. प्रा. शाला भवन दुरुग को शा. उच्चतर मा. विद्यालय दुरुग, मतदान केंद्र क्रमांक-226 शा. प्रा. शाला भवन लिमतरी को अतिरिक्त कक्ष प्रा. शाला भवन लिमतरी एवं मतदान केंद्र क्रमांक-11 प्रा. शा. भवन कोटियाडीह को आदर्श शा. प्रा. शाला कोटियाडीह किया गया है। इस अवसर पर राजनीतिक दल के प्रतिनिधि और मीडियाकर्मी उपस्थित थे।

# ग्रुप डांस प्रतियोगिता में सांवरिया ग्रुप प्रथम

**सरायपाली,** 30 अक्टूबर (देशबंधु)। कला और संस्कृति को संरक्षित एवं संवर्धित करने के उद्देश्य से रामचंडी दिवस के अवसर पर डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन बाबा बिशासहे कुल कोलता समाज कुल कार्यकारिणी संरक्षक हरिचरण प्रधान, अध्यक्ष गिरधारी साहू, महामंत्री मथामणि बढ़ाई, सचिव ललित साहू आदि की उपस्थिति में माँ रामचंडी की पूजा अर्चना के साथ किया गया । प्रतियोगिता का परिणाम घोषित करते हुए मथामणी बढ़ाई ने बताया कि सामूहिक नृत्य में प्रथम स्थान सांवरिया डांस ग्रुप सलखंड, द्वितीय स्थान भोला डांस ग्रुप रायगढ़, तृतीय स्थान जय मां विंध्यवासिनी डांस ग्रुप राजा सवैया, चतुर्थ स्थान लिटिल स्टार डांस ग्रुप सोनामुन्दी, पंचम स्थान यंग बॉयज खैरजुड़ी की टीम रही। युगल नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम कौशल लक्ष्मी पटेवा, द्वितीय छोटू गोलू धमतरी, तृतीय मेनका राखी संबलपुरी, चतुर्थ टू गोल्डन बॉयज खैरमाल, पंचम पूनम जागृति सोनामुंदी, एकल नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम सूरज निषाद झलप, द्वितीय जीवन साहू महासमुंद, तृतीय प्राची साहू अर्जुंडा, चतुर्थ प्रेमलता साहू पिथौरा और पंचम स्थान विक्की बादशाह रायतुम ने हासिल की। प्रतियोगिता को सफल बनाने में निर्णायक संजय प्रधान, संदीप साहू एवं लक्ष्मीधर प्रधान। कार्यक्रम संयोजक विवेकानंद बेहेरा, प्रकाश प्रधान,अजय प्रधान, गौरांग बेहेरा, संचालकगण प्रेमानंद भोई, निलमणी प्रधान, प्रमित साहू, नरेंद्र साहू आदि का विशेष योगदान रहा। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी कमलेश साहू ने दी।



# सारंगढ़ व बिलाईगढ़ विस के लिए 13-13 अभ्यर्थियों ने नामांकन जमा किया

**बिलाईगढ़** 30 अक्टूबर (देशबंधु)। कलेक्टोरेट सारंगढ़ में सारंगढ़ विधानसभा-17 और बिलाईगढ़ विधानसभा-43 के लिए 13-13 अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र जमा किया।सारंगढ़ विधानसभा के अभ्यर्थी में नारायण रत्नाकर, उत्तरी जांगड़े, धनका निराला, शिवकुमारी सारधन चौहान, अजय कुर्रे, ललिता बघेल, रामकुमार अजगल्ले, देव कोशले मधुलाल सारथी, छबीलाल रात्रे, मनोज कुमार लहरे, शैलकुमार अजगल्ले, मनीन्दर निराला शामिल हैं। इसी प्रकार बिलाईगढ़ विधानसभा के अभ्यर्थियों में श्याम टंडन, संतोष सोनवानी, दिनेश जांगड़े, कविता प्राण लहरे, बुधराम रात्रे, रामेश्वर सोनवानी, फुलकुमारी जांगड़े, दादूराम प्रेमी, कपिल कुमार खटकर, ब्रम्हानंद मारकंडे, रेवालाल कुर्रे, अशोक कुमार धृतलहरे और आंचल निराला शामिल हैं।

## प्रादेशिकी का शेष...

### जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र...

क्रमांक 104 प्राथमिक शाला देउरगांव बस्तर, मतदान केंद्र क्रमांक 188 प्राथमिक शाला धोबीगुड़ा और मतदान केंद्र 195 माध्यमिक शाला करीतगाँव। विधानसभा क्षेत्र-86 जगदलपुर केमतदान केंद्र क्रमांक 92 कार्यपालन अभियंता छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल बोधघाट जगदलपुर, मतदान केंद्र 78 हाई स्कूल केवरामुंडा कक्ष-2, मतदान केंद्र 108 महारानी लक्ष्मी बाई कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला कक्ष-01, मतदान केंद्र 141 डॉ. भीमराव अंबेडकर प्राथमिक शाला कक्ष-2 और मतदान केंद्र 153 बस्तर क्लब पथरागुड़ा कक्ष -2 को आदर्श मतदान केंद्र बनाया गया है। इसके अलावा विधानसभा क्षेत्र-87 चित्रकोट के मतदान केंद्र क्रमांक 33 शासकीय कन्या उच्च माध्यमिक शाला उसरीबेड़ा, मतदान केंद्र 57 माध्यमिक शाला देउरगाँव, मतदान केंद्र 63 प्राथमिक शाला पोटानार कक्ष -01,मतदान केंद्र 156 प्राथमिक शाला करंजी सड़कपाराऔर मतदान केंद्र 182 माध्यमिक शाला तोकापाल को आदर्श मतदान केंद्र के रूप में चिन्हाकित किया गया है।

# कांग्रेस विधायक किस्मत लाल नंद ने जोगी कांग्रेस से नामांकन दाखिल किया



**सरायपाली,** 30 अक्टूबर (देशबंधु)। अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित सरायपाली विधानसभा से जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जोगी के प्रत्याशी किस्मत लाल नंद ने नामांकन पत्र दाखिल करने के अंतिम दिन 30 अक्टूबर को रिटर्निंग अधिकारी ओंकारेश्वर सिंह के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किया सुबह से ही विधायक नंद के निवास और कार्यालय में लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा लगभग 150 गाड़ियों में सैकड़ों कार्यकर्ता किस्मत लाल नन्द के साथ जिला मुख्यालय महासमुन्द नामांकन दाखिल करने पहुंचे इस अवसर पर विधायकनंद ने कहा कि सरायपाली की जनता ने मेरे पांच वर्ष के कार्यकाल से भलीभांति परिचित हैं किसान, मजदूर, युवा, महिलाओं आमजनता के हितों के लिए लगातार संघर्ष कर रहा हूं और मुझे 2018 के चुनाव में जनता का स्नेह, आशीर्वाद, और समर्थन मिला इस चुनाव में भी जनता का समर्थन मुझे मिलेगा चुनाव एक जन आंदोलन है मुझे पूरा विश्वास है कि क्षेत्र की जनता फिर एक बार मेरा साथ देगी और मैं पहले की भांति क्षेत्र के विकास के लिए हर संभव प्रयास करता रहूंगा। बहरहाल सरायपाली विधानसभा में त्रिकोणीय मुकाबला है जिसमें जोगी कांग्रेस के प्रत्याशी किस्मत लाल नंद को जनता का अपार जनसमर्थन मिल रहा है भाजपा कांग्रेस दोनों दलों के लिए खतरे की घंटी साबित होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता सरायपाली विधानसभा में लगातार दो बार कोई व्यक्ति या दल चुनाव नहीं जीत सका है( उप चुनाव को छोड़ कर)अब यह देखना दिलचस्प रहेगा कि क्या किस्मत लाल नंद सरायपाली विधानसभा का तिलिस्म तोड़ पाते हैं या नहीं।

# जीत के प्रति आश्वस्त मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने आरंग से भरा नामांकन, कार्यकर्ताओं में दिखा भारी उत्साह

**आरंग,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रदेश के नगरीय प्रशासन विकास एवं श्रम मंत्री तथा आरंग विधानसभा से कांग्रेस के प्रत्याशी डॉ.शिवकुमार डहरिया ने आज रायपुर कलेक्ट्रेट में हजारों कार्यकर्ताओ के साथ जाकर अपना नामांकन दाखिल किया।नामांकन दाखिल करने के बाद डॉ.डहरिया अपनी जीत के प्रति आश्वस्त दिखे।उन्होंने कहा कि पिछले 5 सालों में कांग्रेस ने पूरे प्रदेश में जो काम किया है उन्ही कामों को लेकर हम जनता से आशीर्वाद लेने जाएंगे।आरंग विधानसभा क्षेत्र की जनता ने मुझे जो प्यार और आशीर्वाद दिया है उसकी मैं कल्पना नहीं कर सकता था।क्षेत्र के विकास में जो भी संभव हो पाया मैंने और मेरी कांग्रेस सरकार ने किया है।भाजपा के पिछले 15 सालों की तुलना में दो साल कोरोना काल के बीच हमने इन 5 सालों में सबसे बेहतर कार्य किया है। इस बार भी प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनेगी और 75 सीटों से ज्यादा हमारे विधायक जीत कर आएंगे। नामांकन के दौरान उनकी पत्नी शकुन डहरिया,कांग्रेस जिलाध्यक्ष ऊधोराम वर्मा,ब्लॉक कांग्रेस कमेटी आरंग के अध्यक्ष कोमल साहू, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रशेखर चंद्राकर , द्वारिका साहू , मुरारी यादव,खिलेश देवांगन,दिनेश ठाकुर,ओमप्रकाश यादव ,रामधनी वर्मा ,केसरी मोहन साहू, अनीता थानसिंग, माखन कुर्रे, संजय चेलक, पिंटू कुर्रे,शेखर साहू, पिंटू निर्मलकर,शहर अध्यक्ष भारती देवांगन, शिव साहू,लक्ष्मीनारायण लोधी,सुनील बंधे,रेखराम पात्रे,भगवती धुरंधर,जोइधा साहू,ईश्वर जॉगलेकर,धन्ना साहू,चंद्रप्रकाश साहू, सौरभ चंद्राकर,अब्दुल क़ादिर सभी पार्षद गण सभी प्रकोष्ठ के पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के समस्त पदाधिकारी और क्षेत्र के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# सिदावण्ड की दिव्यांग फुलकुंवर ने पहली बार किया मतदान

**कोण्डागांव,** 30 अक्टूबर (देशबंधु)। भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, जहां हर व्यस्क को अपने मत से सरकार बनाने का अधिकार प्राप्त है। इस अधिकार के उपयोग के लिए युवा लालायित रहते हैं। ऐसे ही अपने मतों के अधिकार के उपयोग के लिए लालायित सिदावंड की फुलकुंवर नेताम को 35 वर्ष की उम्र में पहली बार वोट देने का अवसर मिला। दरअसल फुलकुंवर नेताम बचपन से ही अज्ञात बीमारी के कारण चलने-फिरने में पूरी तरह असमर्थ हो गई थी। चुनावों के दौरान लगने वाली लंबी लाईनों से बचाने के लिए परिजन भी फुलकुंवर भी मतदान केन्द्र ले जाने में परहेज करते थे।



फुलकुंवर के वोट देने की इच्छा इस विधानसभा चुनाव 2023 में जाकर पूरी हुई, जब भारत निर्वाचन आयोग ने ऐसे दिव्यांगों और बुजुर्गों के लिए घर में ही मतदान करवाने की व्यवस्था की। इसके लिए घर में ही मत देने के इच्छुक मतदाताओं से आवेदन लिए गए थे। कोण्डागांव जिले के सिदावंड गांव में मतदान दल के शुक्रवार को पहुंचने की जानकारी पहले ही दे दी गई थी। मतदान दल निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मतदान दल पहुंचा और घर में ही मतदान की सुविधा प्रदान की। मतदान कर फुलकुंवर बहुत खुश थी।

**बड़ेकनेरा की वयोवृद्धा पीते पोयाम ने किया मतदान**

बड़ेकनेरा की पीते पोयाम वर्षों से अपने बिस्तर से उठ पाने एवं बोलने में असमर्थ रहीं हैं। घर पर अकेली रहने वाली 82 वर्षीया पीते की सेवा उनकी व्याहता बेटी एवं दामाद किया करते है। मतदान केंद्र तक जाने की असक्षमता के कारण वह मतदान नहीं कर पाती थी। इस बार मतदान अधिकारी जब घर पहुंचे तो उन्हें विश्वास ही नहीं हुआ कि मतदान केंद्र खुद उनके पास चलकर आया है। पीते बहुत खुश थीं उन्होंने दामाद की सहायता से मतदान की प्रक्रिया पूरी की।

**जिले के कुल 178 लोगों को घर पर मतदान की दी जा रही सुविधाएं**

**जिले में डाकमत पत्र हेतु 12 दलों का किया गया गठन**

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में मतदान केंद्रों तक पहुंच पाने में असमर्थ दिव्यांगों एवं 80 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं हेतु डाकमत पत्र की व्यवस्था की गई है। जिसके लिए दोनों विधानसभाओं मोबाइल मतदान दलों का गठन कर घर-घर जाकर मतदान कराया जा रहा है। इसके अंतर्गत कोण्डागांव विधानसभा में 05, नारायणपुर विधानसभा (आंशिक) में 01 एवं केशकाल विधानसभा में 06 दलों को नियुक्त किया गया है। जिसमें घर घर किये गए विशेष संक्षिप्त सर्वेक्षण में बीएलओ द्वारा चिन्हित कुल 178 मतदाताओं को डाक मतपत्र की सुविधा प्रदान की जा रही है। जिसमे कोण्डागांव विधानसभा-83 में 82, नारायणपुर विधानसभा-84 (आंशिक) में 02 एवं केशकाल विधानसभा-82 के 94 मतदाता शामिल हैं। जिसमें 36 दिव्यांग एवं 140 मतदाता 80 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के शामिल हैं।

# भानुप्रतापपुर महाविद्यालय में महर्षि वाल्मीकि जयंती मनाई गई



**भानुप्रतापपुर,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। शासकीय महर्षि वाल्मीकि स्नातकोत्तर महाविद्यालय भानुप्रतापपुर की संस्था प्रमुख एवं राष्ट्रीय सेवा योजना संरक्षक डॉ. रश्मि सिंह के निर्देशन में महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया! इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापक एवं महाविद्यालय प्लानिंग बोर्ड संयोजक श्यामानंद डेहरिया ने वाल्मीकिजी के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर समस्त स्टाफ को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हम सभी सौभाग्यशाली हैं कि हमारे महाविद्यालय का नाम संत आदिकवि महर्षि वाल्मीकि के नाम पर रखा गया है! उनके जीवनचरित को स्मरण करते हुए बताया कि वाल्मीकिजी किस तरह एक डाकू रत्नाकर से महान संत आदिकवि बने! उनके जीवन से प्रेरणा लेने की सीख देते हुए कहा कि हमारा अतीत हमारे भविष्य का निर्माण नहीं करता, बल्कि हम अपने कर्मों से अपने भविष्य को बेहतर बना सकते हैं! इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापक रमेश कुमार दर्रो, वाणिज्य विभागाध्यक्ष कमल किशोर प्रधान, आईक्यूएसी समन्वयक एवं रासेयो कार्यक्रम अधिकारी रितेश कुमार नाग, सहायक कार्यक्रम अधिकारी टुपेश कोसमा, स्पोर्ट्स एवं रेडक्रास प्रभारी सुषमा चालकी, महिला प्रकोष्ठ संयोजक नंदिनी कश्यप, स्नेहा रितेश नाग, उपासना निषाद, आस्था शर्मा, निशा तिवारी, योगेशवरी कोसमा, दिव्या बाघमार, मुकेश डहरवाल, श्रीदाम ढाली, जीवन साहू, ईश्वर सिन्हा, धनेश्वर बांधे, रमाकांत रजक, दिलीप रामटेके, पूरनसिंह गोटी, गिरधारीलाल सिन्हा, रविन्द्र कोर्राम, प्रमोद साहू एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक स्वयंसेविकाएं उपस्थित थे!

# शासकीय कन्या महाविद्यालय में मतदान कर्मियों को दिया गया द्वितीय चरण का प्रशिक्षण

## सभी मतदान कर्मी उत्साह के साथ करवाएं मतदान : कलेक्टर



**कोण्डागांव,** 30 अक्टूबर (देशबंधु)। जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा मतदान कर्मियों की द्वितीय चरण का प्रशिक्षण कार्यक्रम शासकीय कन्या महाविद्यालय में आयोजित किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी ने कहा कि लोकतंत्र के इस पर्व में दिव्यांग, नारी शक्ति और सभी मतदान कर्मी उत्साह के साथ मतदान करवाएं। उन्होंने कहा कि इस पर्व में मतदान कर्मी के रूप में सहभागिता निभाने का एक सुनहरा अवसर मिला है। नारी शक्ति द्वारा संचालित संगवारी मतदान केंद्र, दिव्यांग और युवा मतदान कर्मियों द्वारा संचालित मतदान केंद्रों पर विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगे, इसलिए इन मतदान केंद्रों के मतदान कार्मिक बेहतर तरीके से निर्वाचन सम्पन्न करने के लिए प्रशिक्षण के सभी पहलुओं को समझें। कलेक्टर ने सभी मतदान कर्मियों को शुभकामनाएं देते हुए बिना विघ्न के मतदान सम्पन्न करवाने कहा।

उन्होंने इस दौरान मतदान कर्मियों के द्वारा डाकमत से मतदान करने की गतिविधि का अवलोकन किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ प्रेम प्रकाश शर्मा, डिप्टी कलेक्टर कावेरी मरकाम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# नाबालिग से सामूहिक दैहिक शोषण के तीन आरोपियों को 20 वर्ष सश्रम कारावास अर्थदंड

**कोण्डागांव,** 30 अक्टूबर (देशबंधु)। लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व हुए नाबालिग से सामुहिक बलात्कार के मामले में आरोपीगण धनेष मण्डावी पिता कुमार सिंह मण्डावी (18 वर्ष), रोहित उईके पिता संतनाथ (18 वर्ष ), सनीर उईके पिता धरमू राम (18 वर्ष) सभी निवासी कटटापारा, बाकुलवाही, थाना कुकडाझोर, जिला नारायणपुर(छग) को कोण्डागांव जिला सत्र न्यायालय ने बीस बीस वर्ष सश्रम करावास सहित अर्थदण्ड की सजा 27 अक्टूबर को सुनाई है।



इस प्रकरण के संबंध में लोक अभियोजक दिलीप जैन ने पर बताया कि पीडिता घटना 12.05.2022 को अपने मामा की शादी से अपनी एक सहेली के साथ अन्य एक सहेली को छोडकर रात को वापस आ रहे थे तो घर से कुछ दूर पर आरोपी सनीर और धनेष पीडिता का रास्ता रोककर पीडिता को जबरदस्ती खिचतें हुए खेत की तरफ ले गये जब वह चिल्लाने की कोशिश कर रही थी तब उसके मुंह को आरोपी धनेष ने दबाया और सनीर ने पीडिता के दोनों हाथों को दबाकर पकडा, उसके बाद पहले आरोपी धनेष, फिर दूसरे आरोपी सनीर और तीसरा आरोपी रोहित भी मोटर सायकल से वहां पर आकर पीडिता के साथ बलात्कार किया। किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दिये थे रास्ते में पीडिता की सहेली बीच बचाव करने लगी तो पीडिता की सहेली को धनेष मंडावी और सनीर उईके डरा धमकाकर भगा दिये। पीडिता रोते हुए अपने घर आयी और घटना के बारे में अपने पिता को बतायी। पीडिता का पिता प्रार्थी के द्वारा प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराने पर थाना कुकडाझोर में आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 04/2022 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

कोण्डागांव जिले के अपर सत्र न्यायाधीश एफ.टी.एस.सी. (पोस्को) कमलेष कुमार जुर्री ने प्रकरण का विचारण कर अभियुक्तगण को धारा 341 भादवि में 01-01 माह के साधारण कारावास एवं पांच पांच सौ रु के अर्थदंड, अर्थदंड के व्यतिक्रम पर 10-10 दिन के अतिरिक्त कारावास, धारा 376(घ) भादवि में 20-20 वर्ष के सश्रम कारावास एवं एक एक हजार रु के अर्थदंड एवं धारा 06 लैंगिंग अपराधों का सरंक्षण अधिनियम 2012 के तहत 20-20 वर्ष के सश्रम कारावास एवं एक एक हजार रु के अर्थदंड, अर्थदण्ड की राशि अदा नहीं होने के व्यतिक्रम पर क्रमषः 01-01 माह के अतिरिक्त सश्रम कारावास पृथक से भुगतने का आदेष पारित किया गया है।

## सार-संक्षेप

### प्रशिक्षण में अनुपस्थित 4 कार्मिकों को कारण बताओ नोटिस

**कोण्डागांव,** 30 अक्टूबर (देशबंधु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी ने निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने वाले चार कार्मिकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। 29 अक्टूबर को मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण में अनुपस्थित प्रधान पाठक सूकलू राम नेताम, चमराराम मरकाम, शिक्षक देवव्रत हलधर और सहायक शिक्षक चरनसिंह मरकाम को कारण बताओ नोटिस जारी समय सीमा के भीतर जबाव मांगा गया है। कलेक्टर ने कहा कि निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में उदासीनता तथा निर्वाचन कार्य के प्रति लापरवाही एवं अनुशासनहीनता पर कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए संतोषप्रद जवाब नहीं दिए जाने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की चेतावनी दी है।

### चुनाव में नए सामान्य प्रेक्षक होंगे अनुराग

**दंतेवाड़ा,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 को दृष्टिगत रखते हुए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 88 दंतेवाड़ा में नये सामान्य प्रेक्षक के रूप में अनुराग पटेल को नियुक्त किया गया है। इसके अलावा निर्वाचन संबंधी विषयों पर चर्चा मार्गदर्शन हेतु सभी राजनैतिक दल एवं आम जन सामान्य प्रेक्षक से समय पूर्वान्ह 11 बजे से 12 बजे तक सर्किट हाउस के सभा कक्ष में भेंट मुलाकात कर सकेगें। सामान्य आर्ब्जवर के रूप में उनका मोबाईल नम्बर 7587016536 रहेगा।

# कांग्रेस शासन से खुश हैं क्षेत्र की जनता : मरकाम

**कोण्डागांव,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। अगर नीयत साफ हो और मन में नि:स्वार्थ सेवा का भाव हो तो लोग आपके पीछे चल ही पड़ते हैं। रविवार को ऐसा ही कुछ हुआ कोण्डागांव जिला कांग्रेस कार्यालय में जहां कोण्डागांव विधान सभा क्षेत्र के ग्राम कुलझर और उमरगांव के 17 युवाओं ने कांग्रेस पार्टी की नीतियों और क्षेत्र के लाड़ले विधायक मोहन मरकाम की कार्यशैली से प्रभावित होकर कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। ये सभी सुबह 6 बजे जिला कांग्रेस कार्यालय पहुंचे और कांग्रेस के सदस्य बनने की इच्छा जाहिर की। मोहन मरकाम ने कांग्रेस का गमछा पहनाकर सभी युवाओं का स्वागत किया। सभी युवाओं ने कांग्रेस को प्रचण्ड मतों से विजयी बनाने का संकल्प लिया। उपरोक्त जानकारी देते पार्टी प्रवक्ता ने बताया कि विधान सभा क्षेत्र के खड़का, कुलझर, फुकागिरोला, करकट्टी, उमरगांव के 5 महिलाओं सहित 70 लोगों ने कोण्डागांव जिला कांग्रेस कार्यालय पहुंचकर कांग्रेस की सदस्यता ली। जब इनसे पूछा गया कि आप कांग्रेस में क्यों शामिल होना चाहते हैं ? तो उन्होंने कहा कि हम अपने क्षेत्र के विधायक मोहन मरकाम के सरल, मृदुभाषी, मिलनसार व्यक्तित्व से प्रभावित हैं। हमारे क्षेत्र के विधायक सभी को साथ लेकर चलते हैं, सबके सुख-दुख में शामिल होते हैं और क्षेत्र के लोगों की सहायता के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। इसलिए हम सभी अपना समर्थन उनको देना चाहते हैं और उन्हें प्रचण्ड मतों से जिताकर फिर से विधायक बनाना चाहते हैं।



**विधायक ने कांग्रेस का गमछा पहनाकर युवाओं का किया स्वागत**

इस अवसर पर प्रदेश के आदिम जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग एवम् अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री तथा विधान सभा क्षेत्र क्रमांक 83, कोंडागांव के कांग्रेस प्रत्याशी मोहन मरकाम ने कहा कि पिछले पांच सालों में प्रदेश में मुख्य मंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार ने चहुंमुखी विकास किया है। सरकार की जनहितैषी योजनाओं ने लोगों को प्रभावित किया है। भूपेश सरकार ने धान का समर्थन मूल्य बढ़ाया, किसानों का कर्ज माफ किया साथ ही राजीव गांधी न्याय योजना, गौधन योजना, बिजली बिल हाफ योजना, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी मीडियम स्कूल जैसी कई जनहितैषी योजनाएं संचालित की जिससे प्रदेशवासी सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक रूप से सशक्त हुए हैं। मोहन मरकाम ने कहा कि कांग्रेस सरकार की नीतियों और कार्यशैली से जनता खुश है, यही वजह है कि लोगों का कांग्रेस के प्रति विश्वास बढ़ा है और लोग कांग्रेस का हाथ थाम रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले पांच सालों में प्रदेश की जनता की बेहतरी के लिए किए गए कार्य और कांग्रेस के प्रति लोगों का भरोसा इस चुनाव में भी कांग्रेस को प्रचण्ड मतों से विजयी बनाएगा और एक बार फिर प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनेगी।

# अरनपुर व बड़े गोडरे दो नए धान खरीदी केन्द्र

- चुनावी आचार संहिता के बीच पहली नवंबर से शुरूआत
- दंतेवाड़ा में बढ़ गए ढाई हजार से ज्यादा किसान
- बायोमेट्रिक मशीन का नहीं होगा इस्तेमाल, पंजीयन जारी

**दंतेवाड़ा,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। चुनावी आचार संहिता के बीच 1 नवंबर से धान खरीदी की शुरूआत हो रही है। बायो मेट्रिक मशीन अब तक खरीदी केन्द्रों में नहीं पहुंची है। वैसे इस बार इसकी अनिवार्यता नहीं रहेगी, यह जानकारी भी मिल रही है।

दंतेवाड़ा में इस बार अरनपुर और बड़े गोडरे दो नये धान खरीदी केन्द्र शुरू किये जा रहे हैं। अरनपुर के किसान पहले पालनार में धान बेचने जाते थे तो बड़े गोडरे के लोग दंतेवाड़ा आते थे। अरनपुर केन्द्र में 15 गांव के किसान धान बेचेंगे। इनमें अरबे, अरनपुर, नहाड़ी, मुलेर, ककाड़ी, मेठादरभा, अंबेली, मेड़पाल, पोटाली, बुरगुम, पुजारीपाल, नीलावाया, तनेली, रेवाली और माड़ेंदा शामिल हैं। इसी तरह बड़े गोडरे के नये धान खरीदी केन्द्र में 10 गांव के किसान धान बेचेंगे। इन गांवों में बड़े गोडरे, फूलनार, मटेनार, चंदेनार, गदापाल, मुरकी, छोटे गोडरे, मुस्केल, नेटापुर और तोयलंका शामिल है। दो नये केन्द्र शुरू होने से किसानों को काफी सुविधा मिलेगी।

धान खरीदी के लिए अभी भी पंजीयन जारी है। पिछले सत्र में पंजीकृत किसानों की संख्या 12 हजार 593 थी, तो अभी यह संख्या 15 हजार 58 तक पहुंच चुकी है। जबकि रकबे में 27 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है। किसानों की संख्या अभी बढ़ी है जो 2 हजार 465 है। धान खरीदी की तैयारी लगभग पूरी हो गई है। बारदाना पहुंच चुका है। धान खरीदी की शुरूआत पिछली बार पूरी ताम झाम से हुई थी। स्थानीय जन प्रतिनिधि भी शामिल हुए थे, लेकिन इस बार ऐसा नहीं होगा। चुनाव आचार संहिता लागू होने के कारण नेता खरीदी केन्द्रों से दूर रहेंगे, केवल किसान ही केन्द्रों में पहुंचेंगे। खरीदी की शुरूआत भी छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा-अर्चना के साथ सादगी पूर्ण तरीके से होगी।

# मतदान की हर तकनीक समझ रहे कर्मचारी



- दूसरे चरण का प्रशिक्षण प्रारंभ
- पहली नवंबर तक सभी को मिलेगी ट्रेनिंग

**दंतेवाड़ा,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मतदान दलों का द्वितीय चरण का प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ।

30 से 1 नवम्बर तक चलने वाले इस द्वितीय चरण का प्रशिक्षण में पीठासीन तथा सेक्टर अधिकारियों, मतदान दल के कर्मचारियों को मतदान प्रक्रिया के बारीकियों, ईव्हीएम तथा व्हीव्हीपेट हैंड्स आन, मतदान प्रक्रिया के पूर्व की तैयारी, मॉकपोल, मॉकपोल के पश्चात सीआरसी अर्थात क्लोज, रिजल्ट एवं क्लीयर की प्रक्रिया तथा मतदान प्रक्रिया सम्पादन और मतदान समाप्ति के बाद ईव्हीएम को क्लोज करना एवं सीलिंग प्रक्रिया, विभिन्न प्रपत्रों को परिपूरित करना, मतपत्र लेखा, परिनियत एवं अपरिनियत लिफाफों को भरे जाने सम्बन्धी के बारे में विस्तारपूर्वक अवगत कराया जा रहा है।

इस दौरान सभी सेक्टर ऑफिसर्स और मतदान दलों के अधिकारियों-कर्मचारियों को प्रशिक्षण स्थल में ही ईव्हीएम और व्हीव्हीपेट हैंड्स आन का अभ्यास भी कराया गया। इस मौके पर उपस्थित अपर कलेक्टर संजय कन्नौजे ने बताया कि इस 3 दिवसीय द्वितीय चरण के प्रशिक्षण सत्र में कटेकल्याण, कुआकोंडा, गीदम और दन्तेवाड़ा के 470 पीठासीन एवं मतदान दल के कर्मचारी प्रशिक्षण ले रहे है। इसके अलावा तृतीय प्रशिक्षण सामग्री वितरण की तिथि में कराया जायेगा।

# मोहन मरकाम कर रहे जनसंपर्क

**कोण्डागांव,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के आदिम जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री तथा विधान सभा क्षेत्र क्रमांक 83, कोंडागांव के जनप्रिय कांग्रेस प्रत्याशी मोहन मरकाम अपने क्षेत्र में जोर शोर से चुनाव प्रचार में जुटे हुए हैं। रविवार को उन्होंने अपने विधान सभा क्षेत्र के दर्जनों ग्राम पंचायतों में जनसंपर्क किया और लोगों से कांग्रेस को समर्थन देने और प्रचण्ड मतों से विजयी बनाने की अपील की।

रविवार की सुबह केबिनेट मंत्री मोहन मरकाम ने अपने प्रचार अभियान की शुरुआत नलाझर ग्राम पंचायत के चुनावी चैपाल से की, जहां मंत्री का स्वागत लोगों ने तिलक चंदन लगाकर किया। इसके बाद उन्होंने बरकाई, सोनाबेड़ा, कोटवेल, पुसपाल, नयापारा रांधना, भीरागांव, देवरदुली, देवडोंगर, गुहाबोरंड, तारागांव, कोसाहरदुली समेत कई दर्जनों ग्राम पंचायतों में चुनावी चैपाल लगाई।

ग्राम पंचायत भीरागाँव में लोगों को संबोधित करते हुए कहा हमारी सरकार आम जनता, मजदूर भाईयों और किसान भाइयों के लिए कार्य करती है। उनके जीवन को बेहतर बनाने, उन्हें आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने सरकार निरंतर प्रयासरत है। लोगों की बेहतरी के लिए सरकार ने बहुत सी योजनाएं संचालित की है और आप सबके आशीर्वाद से फिर से हमारी सरकार बनती है, तो हम उनके हित में आगे भी कार्य करते रहेंगे। उन्होंने पुन: किसान भाईयों की कर्ज माफी की बात को रखते हुआ कहा कि हमारी सरकार किसानों से किए गए वायदों को पूरा करेगी और उनको खेती करने से जुड़ी किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होने देगी। यही बदलाव हैं।



उन्होंने फिर से कहा कि हमारी कांग्रेस सरकार और पूर्ववर्ती भाजपा सरकार जो अपने 15 साल के कार्यकाल में नहीं कर पाई उसे हमारी सरकार ने अपने 5 साल के कार्यकाल में बेहतर तरीके से पूरा कर के दिखाया हैं और आगे भी इसी प्रकार हमारी सरकार लोगों के हित में कार्य करती रहेगी। उन्होंने ग्राम पंचायत देवडोंगर में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी के वायदों को बताते हुआ कहा की हमारी सरकार केजी से पीजी तक की मुफ्त शिक्षा देगी तथा तेंदुपत्ता संग्राहकों को प्रति वर्ष 4000 रुपए दिए जायेंगे व लघु वनोपज की एमएसपी पर अतिरिक्त 10 रुपए देने की घोषणा की है। ग्राम गुहाबोरंड में चुनावी चैपाल के दौरान भाजपा कार्यकर्ता फूलचंद मरकाम ने मोहन मरकाम के समक्ष कांग्रेस में शामिल होने की इच्छा जाहिर की। उनको तिलक लगाकर एवं कांग्रेस का गमछा पहनाकर कांग्रेस की सदस्यता दिलाई गई।

इस अवसर पर मोहन मरकाम ने कहा कि भाजपा का चेहरा अब बेनकाब हो चुका है, प्रदेश की जनता जान चुकी है कि भाजपा सिर्फ प्रदेश की जनता का शोषण करती है। भाजपा के झूठे जुमलों में प्रदेश की जनता फंसने वाली नहीं है। भाजपा के मंसूबों को अब उनके कार्यकर्ता भी समझने लगे हैं, इसलिए भाजपा कार्यकर्ता अब भाजपा छोड़ कांग्रेस का दामन थाम रहे हैं।

# कैपिटल ज़ोन

उल्टा पुल्टा

गुरु जी- बस इरादे बुलंद होने चाहिये, पत्थर से भी पानी निकाला जा सकता है।
लड़का- मैं तो लोहे से भी पानी निकाल सकता हूं!
गुरु जी- कैसे...?
लड़का- हैंडपंप से...!!!

संपादकीय

## चुनावी उपहारों पर रहे नज़र

छत्तीसगढ़ विधानसभा के चुनाव जैसे-जैसे नज़दीक आ रहे हैं, इस बात की आशंका भी बढ़ने लगी है कि हर साल के जैसे और देश भर की तरह वोटरों को लुभाने के लिये उम्मीदवारों की ओर से उपहार बांटे जा सकते हैं। नगदी और शराब के अलावा ये उपहार कपड़े, कम्बल, कुकर, बर्तन आदि के रूप में होते हैं। राज्य में 7 और 17 नवम्बर को मतदान होना है तो यह ऐसा समय है जब प्रत्याशियों द्वारा इनकी खरीदी और भंडारण हो सकता है। जिन राज्यों में मतदान होना है उनके भीतर ऐसी सामग्रियों के बड़ी तादाद में खरीद-बिक्री पर सरकारी मशीनरी की नज़रें होती हैं। इसलिये अक्सर इन्हें बाहरी प्रदेशों से लाया जाता है। इसलिये अब आवश्यक हो गया है कि छग से लगने वाली अन्य राज्यों की सीमाओं पर विशेष सतर्कता बरती जाये।

महासमुन्द जिले के सिंघोड़ा थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक ऐसे ट्रक को पकड़ा जिसमें करीब 1 करोड़ रुपये मूल्य की साड़ियां पाई गईं। अंतरराज्यीय सीमा के पास रेहटीखोल के पास बने चुनावी जांच पोस्ट पर तैनात पुलिस को यह ट्रक मिला। यह ओडिशा राज्य के बरगढ़ की ओर से आ रहा था। तेज गति से छग की तरफ आते ट्रक को रोकने पर जांच की गई तो पाया गया कि उसमें सिर्फ चालक था। वह झारखंड का रहने वाला है। उसने जब कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया तो पुलिस शक कर रही है कि ये साड़ियां किसी चुनावी उम्मीदवार द्वारा मंगाई गई होंगी। उल्लेखनीय है कि इस पोस्ट पर पहले भी अलग-अलग मौकों पर बड़ी नगद राशियां बरामद हुई हैं। वैसे तो इस बात की अभी तक पुष्टि नहीं हुई है कि इसका इस्तेमाल मतदाताओं के बीच वितरण के लिये ही होने वाला था, लेकिन जिस मात्रा में यह सामग्री बरामद हुई है उससे शक तो है और यह भी अनुमान है कि इसी प्रकार से उपहार की वस्तुएं बाहरी राज्यों से आ सकती हैं।

छग से एक-दो नहीं वरन सात राज्यों (मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, झारखंड, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना एवं महाराष्ट्र) की सीमाएं लगती हैं। इन राज्यों से सटे प्रदेश के जो जिले एवं विधानसभा क्षेत्र हैं उन पर विशेष नजरें रखा जाना आवश्यक है। ज्यादातर राज्य तो ऐसे हैं जहां से नक्सली भी छग में प्रवेश करते हैं और कार्रवाइयों को अंजाम देकर लौट जाते हैं। पुलिस की ज्यादा नज़र माओवादियों के आवागमन को लेकर रहती है पर जिस तरह से साड़ियां पकड़ाई हैं उससे साबित होता है कि केवल नक्सली एंगल से वाहनों एवं लोगों की जांच-पड़ताल करना पर्याप्त नहीं होगा। यह भी देखना होगा कि बाहरी राज्यों से ऐसी सामग्रियां तो नहीं आ रही हैं जो सीमावर्ती विधानसभा क्षेत्रों में मतदाताओं में बांटने के लिये मंगाई जा रही हैं। इसे रोकना होगा।

# विकास-पंकज शर्मा ने दाखिल किया नामांकन, रैली निकाल दिखाई ताकत

## पत्नी के साथ स्कूटी पर निकले विकास उपाध्याय

## समर्थकों के साथ पैदल पहुंचे पंकज शर्मा





रायपुर। नामांकन के आखिरी दिन सोमवार 30 अक्टूबर को रायपुर शहर में जबरदस्त चुनावी माहौल दिखा। कांग्रेस से भी 2 प्रत्याशियों ने नामांकन जमा किया। रायपुर पश्चिम से विकास उपाध्याय और रायपुर ग्रामीण से पंकज शर्मा ने नामांकन रैली के बहाने जमकर शक्ति प्रदर्शन भी किया।

रायपुर पश्चिम के विधायक और पार्टी के युवा नेता विकास अपनी पत्नी के साथ बाइक से रैली निकालते हुए नामांकन दाखिल करने पहुंचे। वहीं दूसरी ओर पंकज शर्मा ने अपने घर से रैली निकाली और समर्थकों के साथ नामांकन जमा किया। विकास उपाध्याय ने गुढ़ियारी मंगलम से अपनी यात्रा शुरू की और पंकज शर्मा ने बांसटाल से। कांग्रेस विधायक व रायपुर पश्चिम के प्रत्याशी विकास उपाध्याय ने आज भारी भीड़ के साथ नामांकन दाखिल किया।इससे पहले विकास उपाध्याय ने गुढियारी के मारुति मंगलम प्रांगण से भगवान हनुमान का विधिवत पूजा अर्चना करने के बाद आशीर्वाद लेकर रैली के साथ निकले।शुक्रवारी बाजार, पहाड़ी चौक, खालवाड़ा बस्ती, कबीर चौक, कर्मा चौक, अग्रसेन चौक, आमापारा चौक होते हुए ढोल नगाड़ा और विशाल नामांकन रैली के साथ सपरिवार शुभ मुहूर्त में कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचकर नामांकन दाखिल किया।

इस नामांकन रैली का महिलाओं द्वारा जगह-जगह आरती और तिलक लगाकर पुष्प वर्षा करते हुए भव्य स्वागत किया।इस अवसर में रायपुर पश्चिम विधायक प्रत्याशी विकास उपाध्याय ने कहा आज जिस विश्वास के साथ क्षेत्रवासियों नामांकन रैली ने स्वमेव आकर शामिल हुए और कदम से कदम मिलाकर साथ चले जिससे निश्चित ही यह साबित हो रहा है कि हमारी सरकार ने जो वादा किया था उसे पूरा किया है।चाहे किसान मजदूर युवा महिला सभी वर्ग को साथ लेकर काम किया है।क्षेत्र वासियों में हर्षोंउल्लास का वातावरण है और एक बार एक फिर मुझे और कांग्रेस सरकार को आशीर्वाद देने के लिए आज भारी संख्या में एकत्रित होकर विशाल नामांकन रैली में शामिल हुए। नामांकन रैली में पूर्व सांसद संजय निरुपम सहित भारी संख्या में क्षेत्रवासी नामांकन रैली में शामिल हुए।

### टैंकर मुक्त बीरगांव बनाएंगे : पंकज

रायपुर ग्रामीण विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी पंकज शर्मा ने आज नामांकन फॉर्म जमा करने से पहले जहां इष्ट देवी देवताओं का आशीर्वाद लिया वहीं अपने राजनीतिक गुरु पिता सत्यनारायण शर्मा के पांव छुकर आशीर्वाद लिया। तत्पश्चात बांसटाल स्थित गृह निवास से हजारों की संख्या में एकत्रित कार्यकर्ताओं व आमजनों के साथ नामांकन दाखिल करने के लिए कलेक्ट्रेट की ओर रैली की शक्ल में आगे बढ़े। युवा बुजुर्ग के साथ-साथ बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल थी।ढोल नगाड़ों और आतिशबाजी के साथ नारेबाजी करते हुए बड़ी संख्या में कार्यकर्ता रैली की शक्ल में शहर के प्रमुख चौक चौराहों से होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। पंकज शर्मा ने कहा कि ग्रामीण विधानसभा के कार्यकर्ताओं और जनता का जिस तरह प्रेम और विश्वास मिल रहा है उसमें वह पूरी तरह से खरा उतरने का प्रयास करेंगे उन्होंने कहा कि पूरा ग्रामीण विधानसभा उनके परिवार का एक हिस्सा है जिनसे वह कभी दूर नहीं रह सकते निरंतर उनके सेवा में वह तत्पर रहेंगे और ज्यादा से ज्यादा समय उनके बीच व्यतीत करेंगे। पंकज शर्मा ने आगे कहा कि, यह कोई सामाजिक चुनाव नहीं है। सभी लोगों को साथ लेकर चलने का चुनाव है। आस-पास के गांवों से मिलकर बनी इस सीट की बीजेपी ने हमेशा उपेक्षा की। 15 साल उनकी सरकार थी लेकिन बीरगांव में पीने की समस्या जस की तस बनी हुई थी। हमारी सरकार ने काम किया और 90 फीसदी काम उस पर किया जा चुका है। इस बार गर्मी में हमें टैंकर मुक्त बीरगांव बनाना है।

### संजय नाग ने उत्तर से भरा नामांकन



रायपुर उत्तर विधानसभा से शिवसेना प्रत्याशी संजय नाग ने सोमवार को नामांकन दाखिल क्या।इस अवसर पर सैकड़ो कार्यकर्ताओं के साथ रैली के स्वरुप में कलेक्ट्रेट पहुंचे।

## दक्षिण से विजय झा ने नामांकन भरा



आम आदमी पार्टी द्वारा रायपुर दक्षिण से प्रदेश प्रवक्ता विजय कुमार झा को उम्मीदवार बनाया है। सोमवार को अंतिम दिन बाजे गाजे आतिशबाजी के साथ रायपुर दक्षिण से आम आदमी पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी विजय कुमार झा तथा नरेंद्र सिंह ठाकुर द्वारा नामांकन प्रस्तुत किया गया। नामांकन के पूर्व श्री झा ने दंतेश्वरी मंदिर, महामाया माता मंदिर, पंचमुखी हनुमान मंदिर सतबहिनिया मंदिर, दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर, बुढ़ापारा हनुमान मंदिर आदि का दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त तीसरा नामांकन पश्चिम विधानसभा के प्रत्याशी नंदन कुमार सिंह, विजय गुरुबक्क्षणी रायपुर उत्तर, तरुण वैध द्वारा नामांकन प्रस्तुत किया गया। आकाशवाणी काली मंदिर में पूजा अर्चन करने के बाद जुलूस कलेक्टर कार्यालय पहुंचा। रैली सभा में संतोष कुशवाहा, सागर क्षीरसागर, वीरेंद्र पवार, रघुनाथ यादव, विनोद चंद्राकर, मनीष सारथी, रेखा अग्रवाल, , पुरानी बस्ती के युवा साथी दिनेश मिश्रा अमन शर्मा कमलेश सिंह उत्कर्ष ठाकुर आशीष ठाकुर शशांक शर्मा आदि बड़ी संख्या में शामिल थे।

## उत्तर से बागी भाजपा नेत्री सावित्री जगत और कांग्रेस नेता अजीत कुकरेजा ने भरा नामांकन

राजधानी के उत्तर विधानसभा में मुकाबला दिलचस्प हो गया है।यहां भाजपा नेत्री सावित्री जगत और कांग्रेस नेता अजीत कुकरेजा निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे। आज दोनों प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिला किया। नामांकन भरने कुकरेजा पैदल तो वहीं सावित्री रिक्शा से कलेक्ट्रेट पहुंची।राजधानी के उत्तर विधानसभा सीट से कांग्रेस और भाजपा दोनों की मुश्किलें बढ़ गई है। कांग्रेस पार्षद अजीत कुकरेजा ने आज बाजे-गाजे के साथ हजारों कार्यकर्ताओं को लेकर निर्दलीय नामांकन फार्म भरा। उन्होंने कहा, हम पिछले पंद्रह सालों से उत्तर की जनता के बीच जाकर काम कर रहे हैं।इस बार चुनाव लड़ने का निर्णय लिया है। उत्तर की जनता का आशीर्वाद हमें मिलेगा। वहीं भाजपा से टिकट नहीं मिलने पर नामंकन भरने पहुंची निर्दलीय प्रत्याशी सावित्री जगत ने कहा, उत्कल समाज पहली बार एकजुट होकर अपने बीच से ही विधायक चुनकर विधानसभा भेजने को तैयार हैं। रायपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र में उत्कल गाड़ा समाज की बहुलता है। राज्य निर्माण के बाद लगातार समाज का शोषण हो रहा है, इसलिए समाज प्रमुखों से आशीर्वाद लेकर चुनावी मैदान में उतरी हूं।

## भाजपा के 7 प्रत्याशियों ने भरा नामांकन



आज विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भारतीय जनता पार्टी रायपुर जिला के सभी सातों प्रत्याशियों ने एक साथ रैली की शक्ल में कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचकर अपनी अपनी विधानसभा के लिए भाजपा प्रत्याशी के तौर पर नामांकन दाखिल किया रायपुर दक्षिण विधानसभा से बृजमोहन अग्रवाल भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी हैं वहीं पश्चिम से राजेश मूणत , उत्तर से पुरंदर मिश्रा , ग्रामीण से मोतीलाल साहू , अभनपुर से इंद्रकुमार साहू , आरंग से गुरु खुशवंत साहेब और धरसीवां से भाजपा ने छत्तीसगढ़ी सीने स्टार अनुज शर्मा को अपना प्रत्याशी बनाया है भाजपा के सभी प्रत्याशी आज दोपहर रैली की शक्ल में अपने अपने विधानसभा से भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर पहुंचे जहां सभी 7 प्रत्याशी एक साथ रथ में सवार होकर रायपुर लोकसभा सांसद सुनील सोनी जिला भाजपा अध्यक्ष जयंती पटेल सहित भाजपा के कई वरिष्ठ कार्यकर्ताओ सहित रैली की शक्ल में नामांकन दाखिल करने रवाना हुए प्रत्याशियों के रथ के आगे बाजे गाजे , ढोल , नगाड़ा , बग्गियां और विशेष आकर्षण में बस्तरीया रूप में विशालकाय पुतले साथ चल रहे थे भाजपा कार्यालय से लेकर कलेक्ट्रेट परिसर तक जनता का हुजूम साथ चल रहा था लगभग 30 हजार से अधिक समर्थक सड़को पर भाजपा का झंडा थामे हुए थे पूरी सड़क समर्थकों से खचाखच भरी हुई थी ।

भाजपा समर्थक लगातार भाजपा जिंदाबाद , जीतेगा भई जीतेगा कमल का फूल जीतेगा और अऊ नई साहिबो बदल के रहीबो जैसे नारे लगा रहे थे भाजपा कार्यालय से कलेक्ट्रेट परिसर तक पूरा रास्ता भाजपा मयी हो गया था भीड़ इतनी अधिक थी की भाजपा प्रत्याशियों द्वारा समय पर कलेक्ट्रेट पहुंचकर नामांकन दाखिल करने हेतु रथ से उतर कर ई-रिक्शा में सवार हो गए और कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचे ।

## चुनाव के लिए 15 हजार वाहनों का होगा अधिग्रहण

### त्योहारी सीजन में यात्रियों को होगी परेशानी



**रायपुर**, 30 अक्टूबर (देशबंधु)। प्रदेश में होने जा रहे विधानसभा चुनाव के लिए करीब 15 हजार वाहनों का अधिग्रहण करने का लक्ष्य परिवहन विभाग को दिया गया है। इसमें करीब सात हजार यात्री बस, दो हजार स्कूल बस, तीन हजार ट्रक और तीन हजार लग्जरी कार शामिल हैं।




यात्री वाहनों के अधिग्रहण से आम यात्रियों को करीब एक हफ्ते तक परेशान होना पड़ेगा। खासकर दीपावली में छत्तीसगढ़ के अलग-अलग शहरों के साथ ही पड़ोसी राज्यों मध्यप्रदेश, ओडिशा, बिहार, उत्तरप्रदेश, झारखंड, महाराष्ट्र जाने की तैयारी कर रहे लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। इस मार्ग

पर जाने वाली अधिकांश ट्रेनें पहले से निरस्त हैं। ऐसे में यात्री वाहन ही एकमात्र विकल्प है। चुनाव आयोग के निर्देश पर सभी जिलों के आरटीओ द्वारा बस मालिकों, ट्रांसपोर्टरों और ट्रैवल्स संचालकों को मतदान के पांच दिन पहले वाहन उपलब्ध कराने नोटिस दिया गया है। निर्धारित समय पर वाहन नहीं देने और नोटिस की अवहेलना करने पर परमिट निरस्त कर ब्लैक लिस्टेड करने की चेतावनी दी गई है।

परिवहन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सात नवंबर को होने जा रहे प्रथम चरण के मतदान के लिए सुरक्षा बलों और राज्य पुलिस के जवानों को मतदान केंद्रों तक पहुंचाने और वहां से लाने के लिए पांच हजार से अधिक वाहन अधिगृहीत किए जा चुके हैं। इन वाहनों से सुरक्षा बलों को गंतव्य के लिए रवाना करने का क्रम शुरू हो चुका है।

### दूसरे चरण की भी तैयारी

पहले चरण का मतदान होने के बाद परिवहन विभाग 17 नवंबर को होने वाले दूसरे चरण के मतदान के लिए वाहनों का अधिग्रहण शुरू करेगा। इसके लिए करीब 10 हजार वाहनों का अधिग्रहण किया जाना है। 12 नवंबर को दीपावली त्योहार है। ऐसे में आम यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

### शासकीय वाहनों का भी होगा उपयोग

विभाग के अधिकारियों ने बताया कि दोनों चरणों के मतदान के लिए ईवीएम और वीवीपैट मशीन को सुरक्षित गंतव्य पर भेजने के लिए शासकीय वाहनों का उपयोग किया जाएगा। निर्वाचन आयोग की निगरानी में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सरकारी अधिकारी-कर्मचारी ईवीएम और वीवीपैट मशीन लेकर रवाना होंगे।

### कार से जाएंगे सेक्टर प्रभारी

मतदान के दौरान सेक्टर प्रभारियों के लिए कार की व्यवस्था करने के लिए निजी ट्रैवल्स संचालकों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

सभी को लक्ष्य दिया गया है। उन्हें चालक सहित नई लग्जरी कार किराये पर उपलब्ध कराने को कहा गया है। अतिरिक्त वाहनों की जरूरत पड़ने पर व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

## दूसरे चरण की 70 सीटों पर 1200 से ज्यादा प्रत्याशी

- **आज होगी नामांकन पत्रों की जाँच**
- **सबसे अधिक रायपुर उत्तर-दक्षिण से नामांकन दाखिल**

**रायपुर**, 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा आम निर्वाचन-2023 अंतर्गत द्वितीय चरण के 70 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए लिए कुल 1219 अभ्यर्थियों ने 1985 नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। द्वितीय चरण के लिए आज नामांकन के अंतिम दिन कुल 1245 नामांकन पत्र दाखिल किए गए।

उल्लेखनीय है कि विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत द्वितीय चरण में रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग तथा सरगुजा संभाग के कुल 70 विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। द्वितीय चरण के लिए नामांकन पत्रों की संवीक्षा 31 अक्टूबर को होगी। अभ्यर्थी 2 नवम्बर तक अपने नाम वापस ले सकते हैं। द्वितीय चरण के लिए 17 नवंबर को कुल एक करोड़ 63 लाख 14 हजार 479 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे, जिसमें 81 लाख 41 हजार 624 पुरुष मतदाता और 81 लाख 72 हजार 171 महिला मतदाता तथा 684 तृतीय लिंग के मतदाता शामिल हैं।

विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत द्वितीय चरण में भरतपुर-सोनहट, मनेन्द्रगढ़, बैकुंठपुर, प्रेमनगर, भटगांव, प्रतापपुर, रामानुजगंज, सामरी, लुण्ड्रा, अम्बिकापुर, सीतापुर, जशपुर, कुनकुरी, पत्थलगांव, लैलूंगा, रायगढ़, सारंगढ़, खरसिया, धर्मजयगढ़, रामपुर, कोरबा, कटघोरा, पाली-तानाखार, मरवाही, कोटा, लोरमी, मुंगेली, तखतपुर, बिल्हा, बिलासपुर, बेलतरा, मस्तूरी, अकलतरा, जांजगीर-चांपा, सक्ती, चंद्रपुर, जैजैपुर, पामगढ़, सराईपाली, बसना, खल्लारी, महासमुंद, बिलाईगढ़, कसडोल, बलौदाबाजार, भाटापारा, धरसींवा, रायपुर ग्रामीण, रायपुर नगर पश्चिम, रायपुर नगर उत्तर, रायपुर नगर दक्षिण, आरंग, अभनपुर, राजिम, बिन्द्रानवागढ़, सिहावा, कुरूद, धमतरी, संजारी बालोद, डोंडीलोहारा, गुण्डरदेही, पाटन, दुर्ग ग्रामीण, दुर्ग शहर, भिलाई नगर, वैशाली नगर, अहिवारा, साजा, बेमेतरा और नवागढ़ विधानसभा क्षेत्रों में 17 नवंबर 2023 को मतदान होगा। प्रथम तथा द्वितीय दोनों ही चरणों की मतगणना 3 दिसंबर 2023 को होगी।

## नामाकंन के आखिरी दिन रही गहमा-गहमी रैली से यातायात जाम, लोग हुए हलाकान

**रायपुर**, 30 अक्टूबर (देशबन्धु)।दूसरे चरण के विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने का आज अंतिम दिन होने के चलते निर्वाचन कार्यालय में भारी गहमा-गहमी रही। नामांकन जमा करने के अंतिम समय में भारी भीड़ के चलते कई प्रत्याशी नामांकन दाखिल करने से वंचित रह गए। बताया जाता है कि इनमें समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष नवीन गुप्ता भी शामिल है।



रायपुर के सभी प्रत्याशियों के नामांकन रैली निकाली और शक्ति प्रदर्शन का प्रयास किया। इस दौरान बड़ी भीड़ जुटाई गई जिससे ट्रैफिक जाम की स्तिथि उत्पन्न हुई। रायपुर संभाग की सभी सीटों पर भाजपा कांग्रेस जनता कांग्रेस समेत निर्दलीय प्रत्याशियों ने अपना नामांकन भरा। सभी राजनितिक पार्टियों ने रायपुर में नामांकन रैली का आयोजन तो कर दिया मगर इसकी वजह से लोग परेशान होते रहे। टिकरापारा शारदा चौक तत्यापारा चौक, घड़ी चौक, जयस्तंभ चौक मेकाहारा चौक, एकात्म परिसर जैसे इलाकों में ट्रैफिक्र जाम के हालात बने रहे। कुछ जगहों पर एंबुलेंस भी फंसी नजर आई जिसे निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। ट्रैफिक्र पुलिस के जवान भी स्थिति को संभालने में जुटे रहे पर भारी भीड़ उनपर भारी पड़ती नजर आयी और लोग परेशान होते रहे।

राजधानी में नामाकंन रैली के लिये काफी भीड इकटठी की गई थी शहर प्रमुख चौराहो में कचहरी चौक से गुजरने लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा उन्हें गतंव्य स्थल तक पहुंचने के लिये गली कूचों का सहारा लेने पड़ा।

### पुलिस बल बना मूकदर्शक

राजधानी में नामाकंन का आज अंतिम दिन था । इस दौरान प्रमुख दलों के नेता नामाकंन दाखिल करने के लिये आने वाले थे । जिसे देखते हुए काफी संख्या में पुलिस बल का इंतजाम किया गया था । लेकिन शहर प्रमुख चौराहा और निर्वाचन कार्यालय के नजदीक तथा कलेक्ट्रेट के सामने कचहरी चौक में ट्रैफिक पुलिस तथा पुलिस के जवान यातायात को सम्हालाना तो दूर भीड़ को देखते हुए मूकदर्शक बने रहे । यातायात में जाम को सम्हालने के प्रति कोई रूचि नहीं दिखाई लोग बाये दाये से गुजरकर अपना रास्ता खुद ढूढते हुए नजर आये। राजधानी में नामाकंन का दिन होने के कारण शहर की ट्रैफिक व्यवस्था पुरी तरह चरमराई रही ।शहर में जगह जगह जाम लगा रहा, इस दौरान भीड को नियत्रित तथा वाहनों के आवाजाही के लिये ट्रैफिक का डायवर्ट करना पड़ा।

**अस्पताल व एबुंलैस को गुजरने भी हुई समस्या**-राजधानी में जाम का खमियाजा न सिर्फ भीड़ को बाल्कि बीमार व्यक्ति तथा मार्ग गुजरने वाली अति आवश्यक सेवा एबुंलैस को ट्रेफिक जाम से समस्या का सामना करना पड़ा उन्हें परेशानी का हुई उन्हें इधर उधर गुजरकर अस्पताल तक पहुंचना पड़ा।

# डोंगरगढ़ विनोद के लिए कठिन, हर्षिता के लिए आसान नहीं

**रायपुर,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। डोंगरगढ़ विधानसभा अनुसूचित जाति की आरक्षित सीट होने की वजह से अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों की उम्मीदवारी दोनों ही राष्ट्रीय पार्टियों या कोई भी राजनीतिक चुनाव लड़ने का इच्छुक के लिए पहली अहर्ता है। धर्मनगरी डोंगरगढ़ धनेश पाटील का गढ़ माने जाने वाला डोंगरगढ़ लंबे समय तक प्रतिनिधित्व करने का अवसर लगा उन्होंने बेहतर प्रतिनिधित्व भी किया। काजल की कोठरी मतलब च्च सत्ता और मंत्रिमंडलज्ज में रहते हुए भी आज भी बेदाग निकले है। उनकी सादगी की बानगी पर किसी ने उंगलियां उठाने की हिम्मत नही जुटाई विपक्ष ने भी कभी धनेश पटिला पर हमला कभी बोला ही नहीं न ही उन्हें ऐसी कोई मौके लगे भारतीय जनता पार्टी से रामजी भारती, विनोद खांडेकर और सरोजनी बंजारे के बाद कांग्रेस के भुवनेश्वर बघेल ने भी विधायकी की। कांग्रेस के सर्वे ने भुवनेश्वर बघेल की टिकट को दरकिनार कर ऐसे उम्मीदवारी को लेकर कांग्रेस की सर्वे रिपोर्ट रही है और बताया गया कि नए चेहरे को लेकर जब तक कांग्रेस अपना दांव नहीं खेलेगी तब तक कांग्रेस की जीत संभव नहीं। यही कारण रहा की भारी मतों से जीत दर्ज करने वाले भुवनेश्वर बघेल की टिकट भूपेश बघेल के करीब होने के बावजूद काटने की विवशता रही। यह अलग बात है की टिकट कटने के पश्चात कांग्रेस के मुखिया और तारणहार ने भुवनेश्वर के नाराजगी पर आश्वासन दिया वह सत्ता की भागीदारी निश्चित रूप से सुनिश्चित करेगा। जिसके लिए भुवनेश्वर की कांग्रेस को जिताने मेहनत और दांव पेंच पर भी संघठन की नज़रे बनी हुई है। विधानसभा 2023 का चुनाव डोंगरगढ़ की आरक्षित सीट पर खड़े भाजपा के प्रत्याशी विनोद खांडेकर, रमन सिंह के पहले कार्यकाल में विधायक तो बने और बाकायदा उन्हें स्काउट गाइड की भी जिम्मेदारी सौंपी गई थी उसके पश्चात भारतीय जनता पार्टी और डॉक्टर रमन सिंह इस कदर नाराज चले कि विनोद खांडेकर





## भीतरघात को साधना बड़ी चुनौती!

को टिकट तो दूर की बात अपने मुख्यमंत्री के कार्यकाल में डॉ रमन सिंह ने विनोद खांडेकर को जरा भी तवज्जो नहीं दी और खांडेकर राजनीतिक निर्वासन की जिंदगी भिलाई मे काटते रहे! राजनीतिक हल्को पर इस बात को लेकर काफी चर्चा रही की भारतीय जनता पार्टी की तख्त पलट योजना में आंतरिक राजनीति के मोहरे के रूप में चिन्हांकित होने की सजा के रूप मे निर्वासन को देखा जा रहा था! पर समय एक जैसा होता नही डोंगरगढ़ के कई स्थानीय दावेदार को काटकर विनोद खांडेकर को विधानसभा का उम्मीदवार बनाकर भाजपा में एक धड़ा खुश बाकी तीन धड़े नाराज नजर आते हैं और यह विदित भी हो चुका है भले ही अब मान मनौव्वल के पश्चात समर्थन में दिख रहे हैं। यह तब समझ में आएगा जब परिणाम सामने होंगे की समर्थन को लेकर जिन नाराज लोगों ने काफिले में शामिल होने के लिए तैयार हुए, आखिर उनके मंसूबे मतगणना की स्थिति के बाद ही साफ हो पाएंगे। जन चर्चा है कि भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार विनोद खांडेकर ज्यादातर भिलाई में ही स्थाई निवास के रूप में रहते रहे हैं। इस बात की भी क्षेत्र में काफी चर्चा है कि वह तो पूर्व की भांति सारा मैनेजमेंट और विधायकी डोंगरगढ़ की बजाय भिलाई से ही संचालित करेंगे। निश्चित रूप से चुने गए जनप्रतिनिधि की दूरी को लेकर भी आज के जागरूक मतदाता इस बात पर भी मंथन करते हैं। अगर जनता किसी प्रतिनिधि को चुने और वह अगर उस विधानसभा से ही दूर रहे तो जनता जनार्दन अपनी फरियाद आखिर किसे सुनाएगी भाजपा के प्रत्याशी विनोद खांडेकर को लेकर क्षेत्र में जन चर्चा सरगर्म है! वहीं कांग्रेस की उम्मीदवार श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल जिला पंचायत सदस्य रहते हुए कांग्रेस के हर कार्यक्रम में अपनी सहभागिता देती रही है यही कारण रहा की उनकी सक्रियता को देखते हुए कांग्रेस ने रनिंग विधायक भुवनेश्वर की टिकट काटकर श्रीमती हर्षित बघेल को टिकट देकर उपकृत किया है और कांग्रेस जीत के प्रति आश्वस्त भी। क्योंकि कहीं ना कहीं महिला होने के साथ-साथ वह उस राजनीतिक पृष्ठभूमि से आती है जहां उनके परिजन एक समय मंत्रिमंडल में अपनी खासी पैठ बनाकर कृषि और पशुपालन के दायित्व का निर्वहन करते रहे हैं। क्षेत्र की जनता के लिए श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल एक फ्रेश चेहरे के रूप में देखी जा रही है और कहीं ना कहीं महिला और अनुसूचित जाति खासकर सतनामी समाज के लोगों के बीच में एकजुट वोटो पर अपनी पकड़ को बनाकर रखने में कामयाब हो सकती है। तब जब भीतरघात की स्थितियों को अपने ही पार्टी के लोगों से बचा कर रखने मे सफल हो पाएंगे कहीं ना कहीं इस बात को लेकर चर्चा सरगर्म है कि कतिपय व्योवृद्ध सामाजिक नेताओं का अगर विरोध में कार्य करने वाले लोगों का नुकसान हर्षिता बघेल तक नहीं पहुंचे तो कांग्रेस के लिए यह सीट बचा पाना कोई कठिन युक्ति नहीं होगी कांग्रेस पार्टी के जिन नेताओं को जिम्मेदारी मिली है उन नेताओं के सामने भी अपने वजूद को बनाए रखना भी किसी चुनौती से कम नहीं है।

# विधायक किस्मत लाल नंद ने जोगी कांग्रेस से दाखिल किया नामांकन



**सरायपाली,** 30 अक्टूबर (देशबंधु)। अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित सरायपाली विधानसभा से जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जोगी के प्रत्याशी किस्मत लाल नंद ने नामांकन पत्र दाखिल करने के अंतिम दिन 30 अक्टूबर को रिटर्निंग अधिकारी ओंकारेश्वर सिंह के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किया सुबह से ही विधायक नंद के निवास और कार्यालय में लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा लगभग 150 गाड़ियों में सैकड़ों कार्यकर्ता किस्मत लाल नन्द के साथ जिला मुख्यालय महासमुन्द नामांकन दाखिल करने पहुंचे। बहरहाल सरायपाली विधानसभा में त्रिकोणीय मुकाबला है जिसमें जोगी कांग्रेस के प्रत्याशी किस्मत लाल नंद को जनता का अपार जनसमर्थन मिल रहा है भाजपा कांग्रेस दोनों दलों के लिए खतरे की घंटी साबित होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता सरायपाली विधानसभा में लगातार दो बार कोई व्यक्ति या दल चुनाव नहीं जीत सका है( उप चुनाव को छोड़ कर)अब यह देखना दिलचस्प रहेगा कि क्या किस्मत लाल नंद सरायपाली विधानसभा का तिलिस्म तोड़ पाते हैं या नहीं।

# नगर निगम ने चलाया जागरूकता अभियान

**रायपुर**, 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। रायपुर जिला कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉक्टर सर्वेश्वर नरेन्द्र भूरे के आदेशानुसार एवं रायपुर नगर पालिक निगम के आयुक्त मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत नगर निगम रायपुर के सभी 10 जोनों की टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थानों में पहुंचकर मतदाताओं को शत - प्रतिशत मतदान करने जागरूक बनाने का कार्य प्रतिदिन नियमित रूप से निरन्तर जारी है। इस क्रम में नगर पालिक निगम के जोन क्रमांक 3 के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा जोन कमिश्नर लोकेश चंद्रवंशी एवं कार्यपालन अभियन्ता श्री सुशील मोडेस्टस की उपस्थिति में जोन के तहत रानी लक्ष्मी बाई वार्ड क्रमांक 10 के तहत क्षेत्र के मतदान केन्द्र क्रमांक 177, 178 के रहवासी मतदाताओं के मध्य मतदाता जागरूकता अभियान शत - प्रतिशत मतदान हेतु जागरूकता लाने चलाया गया। इसी प्रकार नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 3 के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने वार्ड क्रमांक 10 के अंतर्गत आदर्श नगर, वी. वी. विहार, ओम शान्ति स्कूल के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों में शत- प्रतिशत मतदान की सामूहिक शपथ स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत मतदाता जागरूकता अभियान चलाते हुए ली। रायपुर जिला निर्वाचन अधिकारी के आदेशानुसार नगर पालिक निगम रायपुर के सभी 10 जोनों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की टीमों द्वारा रहवासी क्षेत्रों में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को शत - प्रतिशत मतदान करने जागरूक बनाने का अभियान प्रतिदिन नियमित रूप से निरन्तर जारी रहेगा।

# नामांकन के आखिरी दिन निर्वाचन कार्यालय में रही गहमागहमी

**गरियाबंद,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। दूसरे चरण के विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन भरने के अंतिम दिन सोमवार को जिला मुख्यालय और निर्वाचन कार्यालय में काफी गहमागहमी रही। आखिरी दिन कांग्रेस, आप, शिवसेना, निर्दलीय सहित अन्य राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों ने अपना नामांकन भरा। इस दौरान कांग्रेस के दोनो प्रत्याशियो ने नामाकंन के पहले शक्ति प्रदर्शन करते हुए विशाल रैली निकाली। वही शिवसेना, आप, गोगपा और जोगी कांग्रेस के प्रत्याशी अपने समर्थको के साथ सामान्य रूप से नामांकन दाखिल करने पहुँचे। जानकारी के मुताबिक नामांकन के आखिरी दिन 12 प्रत्याशियो ने अपना नामांकन भरा। जिमसें राजिम विधानसभा के लिए आठ तथा बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा के लिए चार प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया। ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान के लिए नामांकन दाखिल करने के अंतिम तिथि 30 अक्टुबर थी। इस दिन तक जिले के दो विधानसभा के लिए कुल 21 प्रत्याशियो ने अपना दाखिल किया। वही कुल 35 नाम निर्देशन पत्र जमा किए गए।

जानकारी के मुताबिक इस बार भी जिले के राजिम विधानसभा में प्रत्याशियो की संख्या अधिक है। जबकि आरक्षित सीट बिन्द्रानवागढ़ में मात्र आठ ही प्रत्याशी मैदान में है। इसमें भाजपा से टिकट नही मिलने से बागी हुए भागीरथी मांझी भी शामिल है। मांझी ने आप से नामांकन भरा है। वही पहली बार जिले में भाजपा कांग्रेस के अलावा आप, शिवसेना, भारतीय शक्ति चेतना, गोड़वाना पार्टी ने भी दोनो विधानसभा में अपने प्रत्याशी उतारे है।

**भाजपा -कांग्रेस में सीधी टक्कर**

- **कांग्रेस, आप, शिवसेना, निर्दलीय सहित अन्य दलों के प्रत्याशियों ने भरा नामांकन**
- **जिले के दो विस से 21 प्रत्याशी चुनावी मैदान में दोनों विस में कांग्रेस भाजपा के बीच सीधी टक्कर**

नामांकन के आखिरी दिन के बाद जिले में चुनाव की तस्वीर भी साफ हो गई है। जिले के दोनो विधानसभा में कांग्रेस-भाजपा के बीच ही सीधी टक्कर होगी। अन्य दल भी मैदान में है लेकिन राजनीतिक इतिहास में इस विधानसभा में कांग्रेस भाजपा को छोड़ कोई भी अन्य दल ने कभी बहुमत हासिल नही किया। कांग्रेस से तो किसी भी बागी या किसी भी कांग्रेसी ने नामांकन नही भरा ना ही अन्य दल का रूख किया। वही भाजपा से बागी भागीरथी मांझी ने आप से नामांकन भर दिया है। पहले तक भाजपा उन्हे मना लेगी ऐसा माना जा रहा था लेकिन आखिरी दिन नामांकन भर दिया। कहा जा है कि भागीरथी मांझी का इस चुनाव में जीत की दहलीज तक पहुँचना तो बहुत मुश्किल है लेकिन वे भाजपा के वोट बैंक में सेंध लगाते हुए बड़ी संख्या में वोट काट सकते है।

**राजिम विधानसभा से ये है मैदान में -**

राजिम विधानसभा से रोहित साहू भाजपा, अमितेष शुक्ला कांग्रेस, तेजरा साहू आप, लोकेश कुमार साहू आप, संतोष कुमार साहू भारतीय शक्ति चेतना पार्टी, रोशन देवांगन लोकतंत्र कांग्रेस पार्टी, देवकरण साहू जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी, भूनेश्वर निषाद जनता कांग्रेस, आशिया बेगम गोड़वाना गणतंत्र पार्टी, गणेश सोनी शिवसेना, हिरेन्द्र कुमार धृतलहरे बसपा से तथा संतु ध्रुव व अशोक मिश्रा ने निर्दलीय नामांकन भरा है।

**बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा से ये है मैदान में**

गोवर्धन सिंह मांझी भाजपा, जनकराम ध्रुव कांग्रेस, युवराज नेताम कम्युनिष्ट पार्टी, भागीरथी मांझी आप, टीकम नागवंशी गोड़वाना गणतंत्र पार्टी, जीवनलाल ध्रुव भारतीय शक्ति चेतना पार्टी, सदाराम मरकाम आप तथा उत्तम कुमार मरकाम ने निर्दलीय नामांकन भरा है।

## सार-संक्षेप

### मुख्यमंत्री विस अध्यक्ष डॉ. चरण दास महंत सहित अनेक नेताओं ने संवेदनाएं व्यक्त की



**रायपुर,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास जी महाराज के पिता श्री माधव प्रसाद त्रिवेदी जी का देहावसान आज 29 अक्टूबर को हो गया है, वे 86 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार 30 अक्टूबर को सुबह 9 बजे जिला सक्ति, विकासखंड मालखरौदा अंतर्गत स्थित ग्राम पिहरीद में हुआ, उल्लेखनीय है कि श्री त्रिवेदी मानस मर्मज्ञ एवं भागवताचार्य थे, उनके निधन से आध्यात्मिक जगत में गहरा शोक व्याप्त है। राज्य के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मोबाइल पर फ़ोन करके राजेश्री महन्त जी को ढांढस बंधाया इसके अतिरिक्त विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरण दास महंत,व पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ने गहरी संवेदनाएं व्यक्त की।

### रायपुर विस के लिए बी चंद्र शेखर पुलिस प्रेक्षक नियुक्त

**रायपुर,** 30 अक्टूबर। भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा पंजाब कैडर के 1994 बैच के भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी बी चंद्र शेखर को ज़िला रायपुर की सभी सात विधानसभा क्षेत्रों हेतु पुलिस प्रेक्षक ऑब्ज़र्वर नियुक्त किया गया है। पुलिस प्रेक्षक ने सोमवार को ज़िला निर्वाचन अधिकारी और कलेक्टर रायपुर सर्वेश्वर नरेंद्र भूरे व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर प्रशांत अग्रवाल से चुनाव में सुरक्षा व्यवस्थाए आदर्श आचार संहिता के पालनए एसएसटी एवं फ्लाइंग स्क्वाड के संबंध में चर्चा की। रायपुर ज़िले में चुनाव से संबंधित पुलिस संबंधी शिकायतों एवं विषयों के लिए पुलिस प्रेक्षक से 0771.4919291 पर संपर्क किया जा सकता है।

# गुरुमुख सिंह होरा नहीं लड़ेंगे निर्दलीय चुनाव, कांग्रेस के पक्ष में करेंगे काम

**रायपुर**, 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। पूर्व विधायक गुरुमुख सिंह होरा ने पंडरी स्थित पगारिया काम्प्लेक्स में प्रेस वार्ता लेकर कहा कि पार्टी नेतृत्व की समझाइश पर उन्होंने धमतरी विधानससभा से चुनाव नहीं लड़ने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि वे कांग्रेस प्रत्याशी ओंकार साहू को जिताने के लिए कार्य करेंगे, प्रदेश में कांग्रेस की सरकार 70 सीटों से ज्यादा पर अपनी सरकार बनाएगी।



पूर्व विधायक गुरुमुख सिंह होरा धमतरी विधानसभा से टिकट नहीं मिलने से उनके कार्यकर्ताओं में काफी नाराजगी है, इसके बाद भी गुरुमुख सिंह होरा इस चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी ओंकार साहू के समर्थन में कार्य कर रहे है। चुनाव के मद्देनजर गुरुमुख सिंह होरा ने पंडरी स्थित पगारिया काम्प्लेक्स में प्रेस वार्ता लेकर कहा कि धमतरी विधानसभा से उन्हें विधानसभा का टिकट नहीं दिया गया है, इससे उनके कार्यकर्ताओं में भी काफी नाराजगी है। लेकिन वे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस प्रभारी कुमारी शैलजा और डाक्टर चरण दास महंत समेत कांग्रेस नेताओं की समझाइश के बाद चुनाव नहीं लड़ने का निर्णय लिया है, वे पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता है, वे कांग्रेस प्रत्याशी के लिए कार्य करेंगे। उन्होंने स्पष्ट रूप से यह भी कहा कि वे निर्दलीय चुनाव भी नहीं लड़ेंगे। इसके साथ ही उन्होंने कांग्रेस के कार्यकर्ताओं से आग्रह किया है कि कांग्रेस की जीत के लिए कार्य करें और धमतरी विधानसभा के प्रत्याशी को जीत दिलाए।

पूर्व विधायक गुरुमुख सिंह होरा ने कहा कि कांग्रेस की सरकार छत्तीसगढ़ में दोबारा फिर से बनेगी, भूपेश सरकार के कार्यों को देखते हुए जनता प्रदेश में फिर से कांग्रेस पर विश्वास जताएगी। इस दौरान गुरुमुख सिंह होरा ने पत्रकारों से वर्तमान राजनीति से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि राजनीति में जाति समीकरण भी देखना पड़ता है, इसके चलते उनका टिकट काटा गया। इसके बाद भी वे कांग्रेस प्रत्याशी के लिए कार्य करेंगे।

# लूतरा शरीफ का 65वां सालाना उर्स 1 नवंबर से, तैयारियां जोरों पर

**रायपुर,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। शहंशाहे छत्तीसगढ़ के नाम से मशहूर सूफी-संत हजरत बाबा सैय्यद इंसान अली शाह रहमतुल्लाह अलैह के लुतरा शरीफ स्थित दरगाह के लिए छ.ग. राज्य वक्फ बोर्ड रायपुर द्वारा गठित उर्स प्रबंधन समिति के सदस्यो ने बताया कि हर साल की तरह इस बार हजरत बाबा सैय्यद इंसान अली शाह के 5 दिवसीय 65वां सालाना उर्स पाक आगामी 1 नवम्बर से 5 नवम्बर 2023 तक बड़े ही अकीदत और शानो-शौकत के साथ मनाया जाएगा। उर्स प्रबंधन कमेटी ने सालाना उर्स की तैयारियां तेज कर दी हैं। उर्स में तमाम तरह के धार्मिक, सामाजिक, शैक्षणिक के अलावा अन्य संदेशपरक कार्यक्रम शामिल किए गए हैं। मोहम्मद ज़ुबैर ने बताया कि सालाना उर्स का आगाज़ एक नवंबर की सुबह 11ः00 बजे परचम कुशाई के साथ किया जाएगा। पहले दिन रात 9ः00 बजे लुतरा शरीफ मदरसा के प्रिंसिपल मौलाना रिज़्वान रज़ा की तकरीर होगी। लुतरा शरीफ के नूरानी शाही मस्जिद के इमाम हाफ़िज़ हसन अशरफी कलाम पाक की तिलावत के साथ प्रोग्राम की शुरुआत करेंगे। इसके पहले दोपहर 3.00 बजे दरगाह से शाही संदल चादर निकाली जाएगी जिसे दादी अम्मा की दरगाह खम्हारिया में चढ़ाई जाएगी शाही संदल में नागपुर के रेहान मटका पार्टी अपना प्रोग्राम देंगे। उर्स के दूसरे दिन 2 नवंबर को दोपहर 12ः40 बजे मजार ए पाक का गुस्ल,सलातो सलाम व शिजरा खानी होगी। शाम 5ः00 बजे पुराने दरबार में संदल चादर व महफिले समा के साथ ही दरबारी कव्वाल यासीन शोला व उनके साथी सूफियाना कलाम पेश करेंगे। रात 9ः00 बजे तकरीर का अजीमुशशान जलसा रखा गया है जिसमें उ.प्र.सुल्तानपुर के जामे अरबिया मदरसा के प्राचार्य मोहम्मद अहमद वारसी तकरीर (प्रवचन) करेंगे। तीसरे दिन 3 नवंबर को रात 9ः00 बजे ऑल इंडिया नातिया मुशायरा प्रोग्राम का आयोजन होगा जिसमें देश के नामी गिरामी शायर जीशान मथुरावी, मुमताज रजा टांडा,साहिर रजा कलकत्त्वी, जमजम व कौशर कलकत्तवी तथा जैनुल आबेदीन कानपुरी अपने-अपने अंदाज में खूबसूरत शायरी प्रस्तुत करेंगे।



# कांग्रेस से टिकट नहीं मिलने पर बागी होकर गोरेलाल साहू ने किया नामांकन दाखिल



**कसडोल/ बलौदाबाजार,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। सालों से कंधों से कंधा मिलाकर कांग्रेस पार्टी के साथ काम करने के बाद नदर अंदाज होने से नाराज गोरेलाल साहू ने अपने समर्थको के साथ काफी संख्या में सोमवार को जिला कार्यालय बलौदाबाजार पहुचंकर अपना नामांकन दाखिल किया। जहां एक ओर कांग्रेस पार्टी द्वारा उतारे प्रत्याशी को लेकर क्षेत्र में पैराशूट प्रत्याशी कहा जा रहा वही भाजपा ने भरोसा धनीराम पर जताया लेकिन दोनो ही राष्ट्रीय पार्टी के उम्मीदवारों से क्षेत्र में असंतोष देखा जा रहा है। वही स्थानीय और जिला पंचायत सभापति के निर्दलीय उमीदवारी करने के बाद से ही क्षेत्र में एक जुटता भी देखते नही बन रहा है। गोरेलाल साहू ने मीडिया से चर्चा करते कहा कांग्रेस पार्टी ने पैराशूट प्रत्याशी पर भरोसा जताते स्थानीय लोगो को ठगने का काम किया। वही भाजपा ने भी ऐसे प्रत्याशी पर भरोसा जताया जो कभी पार्टी कार्यक्रमों एवं स्थानियो तक पहुंचा ही नही है। कसडोल विधानसभा क्षेत्र न सिर्फ जिले में बल्कि पूरे प्रदेश में जनसँख्या के माफदंड से सबसे बड़ा विधानसभा क्षेत्र हैं। ज्ञात हो कि नामांकन के अंतिम दिन लोगो का जनसैलाब राजनीतिक दलों की तरह निर्दलीय उम्मीदवार गोरेलाल साहू के समर्थन में नामांकन दाखिल करते समय नामांकन रैली में दिखाई दिया।

# श्यामाचरण शुक्ल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अमितेश कार्यकर्ताओं के साथ नामांकन भरने पहुंचे

**राजिम**, 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। आज राजिम विधान सभा से कांग्रेस उम्मीदवार अमितेष शुक्ला ने भारी दल-बल के साथ कलेक्टरेट में अपना नामांकन दाखिल किया। श्री शुक्ल आज प्रात: 10 बजे नामाकंन भरने जाते हुए राजिम पहुंचे वहां राजिम पुल के पास सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने काफी उत्साह के साथ गगन भेदी नारों के बीच उनका स्वागत करते हुए माला से लाद दिया तथा शानदार आतिशबाजी एवं फ्टाको की धमक से स्वागत करते हुए उन्हें पं श्यामाचरण शुक्ल की प्रतिमा के पास ले गए जहाँ पं. श्यामाचरण शुक्ल अमर रहे के नारो के बीच अमितेष शुक्ल ने पं शुक्ल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें प्रणाम कर उनका आशीर्वाद लिया। यहां से श्रीशुक्ल समर्थकों के आग्रह पर कार्यकर्ताओं के हुजुम एवं जोरदार नारों के साथ सुंदरलाल शर्मा चौक पहुंच पं. सुन्दरलाल शर्मा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। यहां से श्री शुक्ल अपने समर्थकों के लाव लश्कर के साथ नामांकन दाखिल करने गरियाबंद रवाना हुए। रास्ते में सिंधोरी,बरोंडा,श्यामनगर, कोपरा, सुरसा बांधा, सड़कड़ा एवं पांडुका में भी भारी संख्या में उपस्थित समर्थकों ने श्रीशुक्ल का स्वागत करते हुए जीत की अग्रिम शुभकामनाएं दी और श्रीशुक्ल के काफिले से जुड़ते हुए नामांकन हेतु गरियाबंद पहुंचे।



# शिवकुमार डहरिया ने आरंग से दूसरी बार भरा नामांकन


**आरंग,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रदेश के नगरीय प्रशासन विकास एवं श्रम मंत्री तथा आरंग विधानसभा से कांग्रेस के प्रत्याशी डॉ.शिवकुमार डहरिया ने आज रायपुर कलेक्ट्रेट में हजारों कार्यकर्ताओ के साथ जाकर अपना नामांकन दाखिल किया।नामांकन दाखिल करने के बाद डॉ.डहरिया अपनी जीत के प्रति आश्वस्त दिखे।उन्होंने कहा कि पिछले 5 सालों में कांग्रेस ने पूरे प्रदेश में जो काम किया है उन्ही कामों को लेकर हम जनता से आशीर्वाद लेने जाएंगे।आरंग विधानसभा क्षेत्र की जनता ने मुझे जो प्यार और आशीर्वाद दिया है उसकी मैं कल्पना नहीं कर सकता था।क्षेत्र के विकास में जो भी संभव हो पाया मैंने और मेरी कांग्रेस सरकार ने किया है।भाजपा के पिछले 15 सालों की तुलना में दो साल कोरोना काल के बीच हमने इन 5 सालों में सबसे बेहतर कार्य किया है। इस बार भी प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनेगी और 75 सीटों से ज्यादा हमारे विधायक जीत कर आएंगे। नामांकन के दौरान उनकी पत्नी शकुन डहरिया,कांग्रेस जिलाध्यक्ष ऊधोराम वर्मा,ब्लॉक कांग्रेस कमेटी आरंग के अध्यक्ष कोमल साहू, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रशेखर चंद्राकर , द्वारिका साहू , मुरारी यादव,खिलेश देवांगन,दिनेश ठाकुर,ओमप्रकाश यादव ,रामधनी वर्मा ,केसरी मोहन साहू, अनीता थानसिंग, माखन कुर्रे, संजय चेलक, पिंटू कुर्रे,शेखर साहू, पिंटू निर्मलकर,शहर अध्यक्ष भारती देवांगन, शिव साहू,लक्ष्मीनारायण लोधी,सुनील बंधे,रेखराम पात्रे,भगवती धुरंधर,जोइधा साहू,ईश्वर जॉगलेकर,धन्ना साहू,चंद्रप्रकाश साहू, सौरभ चंद्राकर,अब्दुल क़ादिर सभी पार्षद गण सभी प्रकोष्ठ के पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के समस्त पदाधिकारी और क्षेत्र के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# 10 प्रतिशत का लालच देकर खुलवाया खाता, 13 घंटे के भीतर ही खाते से ट्रांसफर किए 3.39 करोड़

## जांच में महादेव एप के संचालक सौरभ चंद्राकर से जुड़ा मामला

**रायपुर,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। आनलाइन सट्टा एप में पैसे का ट्रांसफर कराने वाले गिरोह से जुड़े लोग काफी शातिर निकले। ये अपने परिचितों का बैंकों में खाता खुलवाकर खुद पासबुक रख लेते थे और उससे फिर पैसा ट्रांसफर करके रकम ठिकाने लगाते थे। पुलिस ने बैंक खाते की पड़ताल की तो साफ हुआ कि भाजपा पार्षद के भाई दुर्गेश जायसवाल के बैंक खाते से 13 घंटे के भीतर शातिरों ने 3039 करोड़ रुपये 15 सौ ट्रांजेक्शन के जरिए ट्रांसफर किए थे। पुलिस अब इस गिरोह से जुड़े अन्य लोगों के बारे में मुख्य आरोपी देवेश सिंह चौहान से जानकारी ले रही है। आजाद चौक पुलिस के हत्थे चढ़े देवेश सिंह चौहान समेत उसके गुर्गे ऐसे लोगों को शिकार बनाते थेए जो आसानी से उनके झांसे में आ जाएं। पड़ताल में देवेश चौहान के लिंक सीधे महादेव एप के संचालक सौरभ चंद्राकर से जुड़े निकले हैं। वह सौरभ कहने पर ही देवेश छत्तीसगढ़ के अलग.अलग शहरों के लोगों को झांसे में लेकर उनके नाम पर बैंक खाता खुलवाकर उसका इस्तेमाल खुद सट्टेबाजी के लाखों रुपयों को इधर से उधर करने में करता था। एडिशनल एसपी पश्चिम जयप्रकाश बढ़ई ने बताया कि आमापारा निवासी दुर्गेश जायसवाल जैसे कई लोग देवेश चौहान के झांसे में फंस चुके हैं। धोखाधड़ी के शिकार दुर्गेश जायसवाल शहीद चूड़ामणि नायक वार्ड क्रमांक 38 के भाजपा पार्षद दीपक जायसवाल का भाई है। दरअसल दुर्गेश सीसीटीवी कैमरा और उससे संबंधित






व्यवसाय करता है। उसकी मोमेंटस फोटोग्राफी फर्म भी है। अगस्त में देवेश से परिचय होने पर उसने बताया था कि वह सरकारी कार्यालयों में टेंडर लेकर सीसीटीवी कैमरा लगाने के साथ शेयर से संबंधित ब्रोकर का भी काम करता है। इससे अच्छी कमाई हो जाती हैए परंतु उसके पास कोई भी प्राइवेट प्रोपराइटर फर्म नहीं होने से काम कम मिल रहा है। देवेश ने यह भी बताया कि उसका पुराना लोन का बकाया होने के कारण बैंक में उसका सीआर रिकार्ड सही नहीं हैए यही कारण है कि उसे फर्म से संबंधित दस्तावेज प्राप्त नहीं हो पा रहे हैं। कुछ दिन बाद देवेश से मिलने दुर्गेश उसके कार्यालय गया तो उसने अपने साथ व्यापार करने का प्रस्ताव देते हुए उसकी फर्म का इस्तेमाल शेयर बाजार और कैमरा लगाने के टेंडर में करने के एवज में दस प्रतिशत मुनाफा देने का झांसा दिया। मुनाफा पाने के चक्कर में दुर्गेश तैयार हो गया। पीड़ित ने बताया कि देवेश सिंह के कहने पर सात अगस्तए 2023 को यश बैंक लिमिटेड सिविल लाइन शाखा में जाकर उसने एक चालू खाता अपने फर्म मेसर्स मोमेंटस फोटोग्राफी के नाम से खुलवाकर 20 हजार रुपये जमा किए। इसमें पांच हजार देवेश ने दिया था। दूसरे दिन इस खाते में किसी इमरान नामक व्यक्ति से देवेश ने 25 हजार रुपये आइएमपीएस के माध्यम से भेजकर खाते को पर्याप्त बैलेंस उपलब्ध करवाया। इसके बाद दुर्गेश द्वारा जमा कराए गए 20 हजार रुपये को देवेश ने उसके बैंक आफ बड़ौदा के सुंदर नगर बचत खाते में आइएमपीएस के माध्यम से जमा करवा दिया। दोनों के बीच व्यापार का इकरारनामा भी हुआ। इसके बाद देवेश ने दुर्गेश के फर्म के नाम से गुमस्ता लाइसेंस उद्यमी लाइसेंस और यश बैंक के खाते का डेबिट कार्डए चेक बुक हासिल कर लिया। यही नहींए चालू खाते से संबंधित मोबाइल नंबर का सिम खुद रख लिए।

**बेनामी पैसे के लेन.देन का मैसेज देखकर उड़े होश:** दुर्गेश ने पुलिस को बताया कि 26 अगस्त को जब उसके मोबाइल पर यश बैंक के खाते से ढेरों बेनामी पैसे के लेन.देन का मैसेज आया तो होश उड़ गए। ई.मेल चेक करने पर भी ऐसे कई मैसेज दिखे। दुर्गेश ने तत्काल बैंक के कस्टमर केयर में फोन लगाकर चालू खाते को डेबिट फ्रिज करवाया। फिर बैंक जाकर फर्म के चालू खाते की पूरी जानकारी निकाली। खाते से पैसे के लेन.देन बारे में देवेश से पूछताछ करने पर वह टालमटोल करने लगा। यही नहींए 10 प्रतिशत मुनाफा देने से साफ इन्कार कर दियाए तब पीड़ित कारोबारी ने थाने में शिकायत दर्ज कराई।

**अलग-अलग शहर से दबोचे गए सट्टेबाज:** एसएसपी प्रशांत अग्रवाल के निर्देश पर पुलिस और साइबर यूनिट की टीम ने पड़ताल कर सबसे पहले देवेश चौहान को दबोचा। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि महादेव एप सट्टेबाजी गिरोह से वह लंबे समय से सीधे जुड़ा हुआ है। सट्टे का पैसा लेन.देन करने के लिए उसने कई लोगों के नाम पर बैंक खाता खुलवाने और उसका इस्तेमाल खुद करना बताया। पुलिस ने देवेश सिंह चौहान की निशानदेही पर उसके गुर्गे शैलेंद्र सिंग सियोन पाल रामकृपाल साहू हरीश वर्मा और कौशल प्रसाद लहरे को अलग.अलग शहरों से गिरफ्तार कर रविवार को रायपुर लाया गया।

# दीपावली व धान खरीदी को ध्यान रखते हुए नगदी की लेनदेन में सावधानी बरतें



## पुलिस अधिकारियों द्वारा बैंक कर्मियों की आहुत की गई बैठक

**रायपुर,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अपराध ी पिताम्बर पटेल द्वारा उप पुलिस अधीक्षक अपराध दिनेश सिन्हा एवं ए सी सी यू के अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में सी.04 भवन के सभाकक्ष में रायपुर के विभिन्न बैंक के बैंक अधिकारियों की बैठक ली गई। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा आगामी दीपावली त्यौहार व धान खरीदी को दृष्टिगत रखते हुए अधिक मात्रा में नगदी रकम ले जाने वाले ग्राहकों को रकम को सावधानी पूर्वक ले जाने हिदायत देने बैंक के अंदर व बाहर तथा पार्किंग स्थल सहित बैंक के बाहर रोड को कवर करते हुए सी.सी.टी.व्ही कैमरे का प्रॉपर ओरिएटशन करने तथा सी.सी.टी.व्ही कैमरों को हमेशा चालू हालत व बैकअप डाटा रखने बैंक व ए.टी.एम बूथ में24 घंटे सुरक्षा गार्ड रखने एवं बैंक के अंदर व बाहर अनावश्यक रूप से घुमने वालों सहित संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखने तथा आवश्यकता अनुसार इस संबंध में नजदीकी पुलिस थाना में सूचना देने के निर्देश दिये गये। इसके साथ ही ऑन लाईन सायबर संबंधी अपराधों ठगी के मामलों में पुलिस द्वारा चाही गई जानकारी को तत्काल उपलब्ध कराने बैंक अधिकारियों को साईबर ठगी के मामलों में पीड़ितों को अपनी ओर से दिये जाने वाले हर संभव मदद करने कहा गया। इसके साथ ही किसी मामलें में सी.सी.टी.ही फुटेज की आवश्यकता होने पर तत्काल सी.सी.टी.व्ही फुटेज उपलब्ध कराने कहा गया जिससे अल्प समय में आरोपियों की पहचान की जा सके। पुलिस द्वारा फाईनेंशियल व एटीएम ठगी के प्रकरणों में ठगों के खातों में गये रकम को तत्काल होल्ड करने सहित बैंकों में ठगों के खातों की राशि होल्ड राशि को पीड़ितों के खाते में बिना जटिल प्रक्रिया के आसानी से वापस कराने का आग्रह किया गया। बैंक अधिकारियों को पुलिस के साथ समन्वय स्थापित कर नवीन कार्य योजना तैयार कर ठगी सहित अन्य प्रकरणों में कार्य करने कहा गयाए जिससे पीड़ितों को भटकना न पड़े एवं उन्हें त्वरित राहत दिया जा सके। इसके अतिरिक्त बैठक में बैंक अधिकारियों से कई अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर भी चर्चा किया गया। बैठक में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट से प्रभारी निरीक्षक गिरीश तिवारी निरीक्षक वीरेन्द्र चन्द्रा एवं रेंज साईबर थाना रायपुर निरीक्षक गौरव तिवारी तथा लीड बैंक मैनेजर अमित रंजन एस.बी आई के एस.एल बी सी डी.के उपाध्याय सहित रायपुर के विभिन्न बैंकों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# चुनाव ड्यूटी लगाने में वारिष्ठता की अनदेखी

**रायपुर,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। राजधानी के कर्मचारी संगठन लगातार शिकायत कर रहे हैं कि चुनाव ड्यूटी लगाए जाने पर लगातार प्रश्न चिन्ह उठा रहे हैं। पहले तृतीय वर्ग के जिला अध्यक्ष ने आपत्ति की थी और अब फेडरेशन ने कलेक्टर और डीआरओ को पत्र लिखा ध्यानाकृष्ट कराया है। फेडरेशन के संयोजक कमल वर्मा ने द्य कहा है कि अधिकारी ध् कर्मचारियों की चुनाव ड्यूटी लगाने में पद एवं वरिष्ठता का ध्यान नहीं रखा गया है। विभागाध्यक्ष कार्यालय के विभागों के वरिष्ठ प्रथम श्रेणी अधिकारी जो कि अतिरिक्त संचालक एवं संयुक्त संचालक संवर्ग के है की पीठासीन अधिकारी बनाया गया हैए जबकि इनके विभाग के मैदानी अमले जो कि कनिष्ठ द्वितीय श्रेणी अधिकारी है को जोनल अधिकारी ध् सेक्टर मजिस्ट्रेट बनाया गया है। इसी तरह संगपुर जिले में कई शिक्षक ध् सहायक शिक्षक सहायक ग्रेड 2 सहायक ग्रेड 3 की ड्यूटी पीठासीन अधिकारी बनाए गए हैए जबकि कई प्राचार्य सहायक प्राध्यापक ध् राजपत्रित अधिकारी को मतदान अधिकारी के रूप में नियुक्ति किया गया है। भारत चुनाव आयोग ने जारी रिटर्निंग ऑफिसर के लिए बुक के कंडिका 321 ;पद्ध में स्पष्ट रूप से उल्लेख है कि चड्यूटी देते समय अधिकारियो की वरिष्ठता का समुचित ध्यान रखा जाए और यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि किसी वरिष्ठ अधिकारी को उसके कनिष्ठ अधिकारियों के अधीन ड्यूटी पर न रखा जाए। लेकिन रायपुर जिले में जिन अधिकारी ध् कर्मचारियों की ड्यूटी लगायी गयी है इसमें इन निर्देशों का पालन नहीं किया गया है। जिला निर्वाचन कार्यालय वरि पद पर कार्यरत अधिकारियों का कनिष्ठ पद पर कार्यरत अधिकारियों को अधीन डयूटी लगाकर वरिष्ठ अधिकारियों को अपमानित करने एवं उनके गरिमा को कम करने का प्रयास किया गया है।

# दो करोड़ तीन लाख से ज्यादा मतदाता चुनेंगे प्रदेश की नई सरकार

**रायपुर,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। दूसरे चरण के नामांकन के अंतिम दिन मतदाताओं की संख्या लाक हो चुकी है। विधानसभा चुनाव.2023 में कुल दो करोड़ तीन लाख 93 हजार 160 पात्र मतदाता हैं। इससे पहले निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन चार अक्टूबर को किया गया था। 30 अक्टूबर तक की स्थिति में 32 हजार 920 मतदाता नए जुड़े हैं। फ्रीज की गई मतदाता सूची के अनुसारए राज्य में मतदाताओं का लिंगानुपात 1ए012 हैं। 18 से 19 वर्ष के युवा मतदाताओं की संख्या सात लाख 29 हजार 267 हैं एवं 100 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले मतदाताओं की संख्या 2,457 हैं। राज्य में प्रवासी भारतीय मतदाताओं की संख्या 17 हैं। दूसरे चरण के चुनाव के लिए एक करोड़ 63 लाख 14 हजार 479 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। इनमें 81 लाख 41 हजार 624 पुरुषए 81 लाख 72 हजार 171 महिला



तथा 684 तृतीय लिंग के मतदाता शामिल हैं।

## सात लाख युवा पहली बार करेंगे मताधिकार का प्रयोग

**2,141 ने किया घर से मतदान:** पहले व दूसरे चरण में 80 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के मतदाताओं की संख्या 6 477 हैं। इन सभी मतदाताओं का मतदान विशेष गठित मतदान दल द्वारा घर.घर जाकर संपन्न कराया जा रहा है। प्रथम चरण के विधानसभा क्षेत्रों में निर्वाचन ड्यूटी में तैनात मतदाताओं एवं अनुपस्थित श्रेणी के मतदाताओं की डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। 29 अक्टूबर तक की स्थिति में अलग.अलग विधानसभा क्षेत्रों में अब तक 2ए141 मतदाताओं ने डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कर लिया है।

### सी-विजिल में 1,787 शिकायतों में 1,129 का निराकरण

सी.विजिल एप में 1,787 शिकायतों में से 1,129 शिकायतों का निराकरण कर दिया गया है। 623 शिकायतें निरस्त की गई है। वहीं 35 शिकायतों पर कार्यवाही जारी है। इसके साथ ही राजनीतिक दलों एवं प्रत्याशियों द्वारा प्रचार प्रसार से संबंधित विभिन्न जिलों में कुल 4,678 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें से 3,606 आवेदनों को स्वीकृत कर अनुमति प्रदान की गई है। 573 आवेदनों को निरस्त किया गया है।

# निर्वाचन की तैयारियों का प्रेक्षकों ने लिया जायजा

**रायपुर,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा रायपुर जिले के लिए नियुक्त प्रेक्षकगणों ने आज कलेक्टोरेट परिसर स्थित सभाकक्ष में आयोजित निर्वाचन से जुडे अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने जिले की सभी विधानसभा के व्यवस्था और निर्वाचन प्रक्रिया से जुडे विषयों की जानकारी ली। प्रेक्षकों ने जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव को लेकर किये गये अब तक की तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ सर्वेश्वर भुरे तथा विधानसभा रायपुर ग्रामीण क्रमांक-48 के प्रेक्षक रविन्द्र लक्ष्मण बिनवाडे (आई.ए.एस), विधानसभा क्रमांक-49 रायपुर पश्चिम हेतु नियुक्त प्रेक्षक इसराइल वातरे लंगटी (आई.ए.एस), रायपुर उत्तर क्रमांक-50 हेतु नियुक्त प्रेक्षक श्रीमती विमला आर (आई.ए.एस), विधानसभा क्रमांक-51 रायपुर दक्षिण हेतु नियुक्त प्रेक्षक डॉ.लक्ष्मीशा



जी.(आई.ए.एस), आरंग क्रमांक-52 हेतु नियुक्त प्रेक्षक मीर तारिक अली (आई.ए.एस), अभनपुर क्रमांक-53 हेतु नियुक्त प्रेक्षक विष्णु प्रसाद मिश्रा (आई.ए.एस), उप जिला निर्वाचन अधिकारी गजेन्द्र ठाकुर सहित सभी विधानसभा के रिटर्निंग अधिकारी, सहायक रिटर्निंग अधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल सहित अन्य प्रभारी अधिकारी निर्वाचन उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने दी तैयारियों की जानकारी

बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ भुरे ने बताया कि इस बार उत्तर और पश्चिम विधानसभा में महिला अधिकारियों को चुनाव संचालन का कार्य सौंपा जा रहा है। उन्हें पीठासीन अधिकारी मतदान दल में जिम्मेदारी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि व्यय अनुवीक्षण कार्य के तहत सहायक प्रेक्षकों की नियुक्ति,, वीडियो निगरानी टीम, वीडियो अवलोकन दल, उड़नदस्ता दल, स्थैतिक निगरानी टीम, लेखा टीम, शिकायत अनुवीक्षण नियंत्रण कक्ष तथा मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति का गठन कर उन्हें कार्यों से संबंधित विस्तृत प्रशिक्षण दे दिया गया है तथा सभी टीमें अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन सुचारू रूप से कर रही है। सभी विधानसभा क्षेत्र में कंट्रोल रूम बनाया गया है और मुख्य कंट्रोल रूम कलेक्टोरेट मे बनाया गया है। जिसका नंबर भी जारी कर दिया गया है और आने वाले शिकायतों का जल्द निवारण हो रहा है। एसएसपी प्रशांत अग्रवाल ने सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली।

बैठक में ईव्हीएम, वीवीपैट का कमिशिनिंग सहित मतदान एवं मतगणना स्थल में की गई तैयारी, वाहन व्यवस्था, सीविजीएल एप्प के माध्यम से शिकायत पर कार्यवाही, पोस्टल बैलेट, मतदान केंद्र, सेक्टर अधिकारियों, पुलिस अधिकारियों का प्रशिक्षण आदि की जानकारी दी गई।

# कांग्रेस की सरकार बनने पर देश में सबसे सस्ता सिलेंडर छत्तीसगढ़ में

**रायपुर,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। देश में सबसे सस्ता गैस सिलेंडर छत्तीसगढ़ में मिलेगा। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि साढ़े 9 साल पहले कांग्रेस की यूपीए सरकार के समय जिस रेट में घरेलू सिलेंडर का दाम छोड़ा था, छत्तीसगढ़ में 10 वर्षों बाद भी छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद फिर उसी रेट में गैस सिलेंडर मिलेगा। मोदी सरकार की मुनाफाखोरी वाली नीति के कारण आज सिलेंडर की कीमत 974 रू. है, 500 रू. की कांग्रेस द्वारा दी जाने वाली 500 सब्सिडी के बाद छत्तीसगढ़ में सिलेंडर 400 के लगभग में मिलेगा।



प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि चोरी की सरकार में उपमुख्यमंत्री बने देवेंद्र फडनवीस को कांग्रेस की छत्तीसगढ़ सरकार से सीखना चाहिये कि जनता से किया गया वायदा कैसे निभाया जाता है। कांग्रेस ने 2018 में जनता से जो वायदा किया था मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने उसमें 95 प्रतिशत से अधिक वायदों को पूरा किया। यही कारण है प्रदेश में फिर से कांग्रेस की सरकार बनने वाली है। कांग्रेस ने जो कहा था भूपेश सरकार ने वह सब किया। जनता को इसीलिये कांग्रेस के वायदों पर भरोसा भी हो रहा है। इस चुनाव में भी कांग्रेस जो घोषणा कर रही जनता उसको पूरा होने की गारंटी मान रही है।

## देश का अकेला राज्य होगा जहां सभी प्रकार की शिक्षा नि :शुल्क होगी

उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनने पर छत्तीसगढ़ देश का अकेला ऐसा राज्य होगा जहां केजी से पीजी तक की शिक्षा नि:शुल्क होगी।

# दीपावली पूर्व लंबित महंगाई भत्ता व एरियर देने मुख्य सचिव से पेंशनर्स महासंघ की मांग

**रायपुर,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्य सचिव अमिताभ जैन से भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ प्रदेश के प्रतिनिधि मण्डल ने प्रांताध्यक्ष वीरेंद्र नामदेव के नेतृत्व में मंत्रालय में मुलाकात किया। प्रदेश के पेंशनरों और परिवार पेंशनरों को केन्द्र के समान केन्द्र के देय तिथि जुलाई 23 से लंबित 4 प्रतिशत महंगाई राहत देने हेतु चुनाव आयोग से अनुमति लेकर दीवाली पूर्व आदेश जारी करने मांग की। मुख्य सचिव ने प्रतिनिधि मण्डल को आश्वस्त किया कि वे चुनाव आयोग से अनुमति लेने प्रयास करेंगे।



प्रतिनिधि मण्डल में कार्यकारी प्रांताध्यक्ष जे पी मिश्रा, प्रदेश महामन्त्री अनिल गोल्हानी, रायपुर जिला के अध्यक्ष पं. आर जी बोहरे तथा कार्यालय मन्त्री नागेंद्र सिंह शामिल रहे। विज्ञप्ति में बताया गया है कि विगत 27 अक्टूबर 23 को केन्द्र सरकार ने अपने पेंशनर्स और फेमली पेंशनरों के लिए 1 जुलाई से 4 प्रतिशत महंगाई राहत में वृद्धि की गई। जिसके पश्चात छत्तीसगढ़ के पेंशनरों को भी महंगाई राहत में वृद्धि की मांग को लेकर प्रतिनिधिमंडल आज मुख्य सचिव अमिताभ जैन से पूर्व सरकार की भांति आचार संहिता की स्थिति में चुनाव आयोग से अनुमति लेकर केंद्र के समान जारी 4 प्रतिशत महंगाई भत्ता बढ़ोत्तरी का आदेश जारी करने की मांग की गई।

## मुख्य सचिव ने कहा, अनुमति के लिए प्रयास करूँगा

जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि मुख्य सचिव से प्रतिनिधियों की बहुत सकारात्मक और अच्छे माहौल में चर्चा हुई और मुख्य सचिव द्वारा अनुमति हेतु चुनाव आयोग को प्रस्ताव प्रेषित करने की सहमति जताई है।

ज्ञात हो कि सम्प्रति राज्य में चुनावी आचार संहिता में मुख्य सचिव ही शासन प्रशासन के प्रमुख दायित्व में हैं.

मुख्य सचिव से हुई सकरात्मक चर्चा होने पर पेंशनर्स महासंघ ने खुशी जाहिर किया है और भरोसा जताया है कि वे दीवाली के पूर्व वित्त विभाग से आदेश प्रसारित कराकर राज्य पेंशनरों और परिवार पेंशनरों को खुशी की सौगात देंगें.

# फेसबुक संचालक के खिलाफ एफआईआर

**रायपुर,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। भाजपा के प्रदेश अध्यक्षए पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व मंत्री के बीच मारपीट के झूठे और फेक वीडियो को फेसबुक पेज पर अपलोड कर वायरल करने के मामले मे रायपुर के सिविल लाइन थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है। फेसबुक पेज किसान छत्तीसगढ़ के शान के संचालक के खिलाफ यह एफआईआर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के निर्देश पर कराई गई है। पुलिस ने फेसबुक पेज किसान छत्तीसगढ़ के शान के संचालक के विरुद्ध भारतीय दण्ड संहिता की धारा 469 और 171 जी के तहत एफआईआर दर्ज की है। शिकायतकर्ता ने इस फेसबुक पेज को कांग्रेस द्वारा समर्थित और संचालित बताया है। भाजपा के विधि प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों की सीईओ को लिखित शिकायत की गई थी शिकायत की जांच राज्य स्तरीय मीडिया प्रमाणन और अनुवीक्षण समिति द्वारा की गई और इस वीडियो द्वारा चुनाव प्रचार के लिए भारतीय दंड संहिता की धारा 171 जी का उल्लंघन करते पाया गया। भाजपा को आपत्ति है कि इस पर आईटीएक्ट नहीं लगाया गया है

# खड़े ट्रक से टकराया बाइक सवार, मौत

**रायपुर,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। रायपुर.बिलासपुर बायपास रोड पर बिना पार्किंग लाइट जलाए खड़े ट्रक से टकराकर गंभीर रूप से घायल वाहन सवार की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। आमानाका थाना पुलिस ने मामले में ट्रक चालक हितेश कुमार के खिलाफअपराध कायम कर लिया है। आमानाका थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घटना 27 अक्टूबर की रात 7.30 बजे की है। दुर्ग जिले के ग्राम कंडरका कुम्हारी निवासी हुकूम पाल 18 वर्ष अपनी दोपहिया वाहन क्रमांक सीजी 04 पीएच 1625 से बिलासपुर बायपास रोड से टाटीबंध चौक की ओर आ रहा था। वीरा दा ढाबा के सामने बिना पार्किंग लाइट जलाए खड़े ट्रक क्रमांक सीजी 08 एए 9399 को अंधेरा होने के कारण वह देख नहीं सका और सीधे ट्रक से बाइक जा टकराई। इस हादसे में गंभीर रूप से घायल हुकुम पाल की एम्स में इलाज के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मामले में ट्रक चालक हितेश कुमार के खिलाफधारा 283,304 का अपराध कायम कर लिया है।

# सूने मकान में चोरी, नगदी व जेवरात को उड़े चोर

**रायपुर,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। साढ़े पांच घंटे के लिए बंद घर में घुसकर चोर जेवर और नगदी ले उड़े। कबीर नगर पुलिस के मुताबिक केबीटी.27ए फेस.3 निवासी पिंकी साहू 20 रविवार को दोपहर किसी काम से बाहर गई हुई थी। उस दौरान घर दोपहर 3 रात 8.30 बजे तक बंद था जब रिंकी लौटी तो देखा ताला टूटा और घर खुला हुआ था। भीतर गई तो कमरे में रखी आलमारी भी टूटी हुई थी। और उसमे रखे 25 हजार नगदए 40 हजार के जेवर नहीं थे। गैरी में चोरी जान की रात कबीर नगर थाने जाकर रिपोर्ट दर्ज कराई। इधर टिकरापारा के सिवनगर मठपुरैना निवासी विनय देवदास ने बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। विनय के मुताबिक उसकी हीरो स्पेरासीनी 042.0396 घर के बाहर खड़ी थी जिसे चोर ले उड़े।

संपादकीय

## चुनावी उपहारों पर रहे नज़र

*छत्तीसगढ़ विधानसभा के चुनाव जैसे-जैसे नज़दीक आ रहे हैं, इस बात की आशंका भी बढ़ने लगी है कि हर साल के जैसे और देश भर की तरह वोटरों को लुभाने के लिये उम्मीदवारों की ओर से उपहार बांटे जा सकते हैं। नगदी और शराब के अलावा ये उपहार कपड़े, कम्बल, कुकर, बर्तन आदि के रूप में होते हैं। राज्य में 7 और 17 नवम्बर को मतदान होना है तो यह ऐसा समय है जब प्रत्याशियों द्वारा इनकी खरीदी और भंडारण हो सकता है। जिन राज्यों में मतदान होना है उनके भीतर ऐसी सामग्रियों के बड़ी तादाद में खरीद-बिक्री पर सरकारी मशीनरी की नज़रें होती हैं। इसलिये अक्सर इन्हें बाहरी प्रदेशों से लाया जाता है। इसलिये अब आवश्यक हो गया है कि छग से लगने वाली अन्य राज्यों की सीमाओं पर विशेष सतर्कता बरती जाये।*

*महासमुन्द जिले के सिंघोड़ा थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक ऐसे ट्रक को पकड़ा जिसमें करीब 1 करोड़ रुपये मूल्य की साड़ियां पाई गईं। अंतरराज्यीय सीमा के पास रेहटीखोल के पास बने चुनावी जांच पोस्ट पर तैनात पुलिस को यह ट्रक मिला। यह ओडिशा राज्य के बरगढ़ की ओर से आ रहा था। तेज गति से छग की तरफ आते ट्रक को रोकने पर जांच की गई तो पाया गया कि उसमें सिर्फ चालक था। वह झारखंड का रहने वाला है। उसने जब कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया तो पुलिस शक कर रही है कि ये साड़ियां किसी चुनावी उम्मीदवार द्वारा मंगाई गई होंगी। उल्लेखनीय है कि इस पोस्ट पर पहले भी अलग-अलग मौकों पर बड़ी नगद राशियां बरामद हुई हैं। वैसे तो इस बात की अभी तक पुष्टि नहीं हुई है कि इसका इस्तेमाल मतदाताओं के बीच वितरण के लिये ही होने वाला था, लेकिन जिस मात्रा में यह सामग्री बरामद हुई है उससे शक तो है और यह भी अनुमान है कि इसी प्रकार से उपहार की वस्तुएं बाहरी राज्यों से आ सकती हैं।*

*छग से एक-दो नहीं वरन सात राज्यों (मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, झारखंड, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना एवं महाराष्ट्र) की सीमाएं लगती हैं। इन राज्यों से सटे प्रदेश के जो जिले एवं विधानसभा क्षेत्र हैं उन पर विशेष नजरें रखा जाना आवश्यक है। ज्यादातर राज्य तो ऐसे हैं जहां से नक्सली भी छग में प्रवेश करते हैं और कार्रवाइयों को अंजाम देकर लौट जाते हैं। पुलिस की ज्यादा नज़र माओवादियों के आवागमन को लेकर रहती है पर जिस तरह से साड़ियां पकड़ाई हैं उससे साबित होता है कि केवल नक्सली एंगल से वाहनों एवं लोगों की जांच-पड़ताल करना पर्याप्त नहीं होगा। यह भी देखना होगा कि बाहरी राज्यों से ऐसी सामग्रियां तो नहीं आ रही हैं जो सीमावर्ती विधानसभा क्षेत्रों में मतदाताओं में बांटने के लिये मंगाई जा रही हैं। इसे रोकना होगा।*

उल्टा पुल्टा

गुरु जी- बस इरादे बुलंद होने चाहिये, पत्थर से भी पानी निकाला जा सकता है।
लड़का- मैं तो लोहे से भी पानी निकाल सकता हूं!
गुरु जी- कैसे...?
लड़का- हैंडपंप से...!!!

# रमन ने संस्कारधानी के स्टेडियम को बनाया खंडहर : गिरीश देवांगन

### कांग्रेस प्रत्याशी आम जनता से रूबरू होकर भूपेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का कर रहे बखान




**राजनांदगांव**, 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी गिरीश देवांगन आज अपने चुनावी जनसंपर्क वार्ड 24 गुरूगोविंद सिंह वार्ड के शहीद हेमू कल्याणी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर जनसंपर्क शुरू किया जो वार्ड भ्रमण करते हुए प्रभात नगर होते हुए वार्ड 23 अनुपम नगर से वार्ड 45 सृष्टि कालोनी, जीवन कॉलोनी होते हुए कौरिनभाठा वार्ड 44 में भ्रमण करते हुए गांधी नगर, महेश नगर में जनसंपर्क यात्रा का समापन किया। वहीं दोपहर बाद ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए आम जनता से अपने पक्ष में जन समर्थन जुटाने के लिए जीवंत संपर्क किया।

जनसंपर्क के दौरान संस्कारधानी राजनांदगांव के जन सहयोग से बने दिग्विजय स्टेडियम की अदूरदर्शी सोच पर कांग्रेस प्रत्याशी गिरीश देवांगन ने कहा कि यह विश्व का पहला स्टेडियम है जो बिना पार्किंग का है संस्कारधानी की खेल गतिविधियों को बिना ड्राइंग डिजाइन और अपने दूरदर्शी सोच के कारण विध्वंसक कार्यवाही करते हुए जन सहयोग से बने स्टेडियम को तोड़कर उसकी सामग्रियों को भी अपरा तफरी करने में संरक्षित करने का काम किया गया यहां तक तीन वर्ष पहले बने बॉस्केटबॉल स्टेडियम को तोड़कर राशि का दुरुपयोग करने का भी प्रमाण भाजपा सरकार ने दिया जब नए स्टेडियम का निर्माण करने की कार्य योजना को प्रचारित प्रसारित किया गया था तो बड़े जोर शोर से वाहवाही लूटने के लिए कहा गया था की तोड़फोड़ से बॉस्केटबॉल स्टेडियम को अलग रखा जाएगा और आर्किटेक्कर के माध्यम से बिना पार्किंग का स्टेडियम की ड्राइंग डिजाइन तैयार कर सरकार के करोड़ों रूपों का जहां बर्बाद करने की कार्य योजना बनी वही संस्कारधानी के खेल गतिविधियों को बाधा पहुंचाने का काम भी निष्क्रिय नेतृत्व के चलते हुआ जिसके कारण शहर के खेल गतिविधियां बाधित हुई है नए स्टेडियम की जनता को भ्रमित जगमगाहट दिखाने के नाम पर स्टेडियम निर्माण में होने वाली लागत राशि में सिर्फ बिजली एसी फिटिंग कर करके आधे अधूरे स्टेडियम का लोकार्पण अपने चुनावी लाभ लेने के लिए कर दिया गया विद्युतीकरण के नाम पर सिर्फ राशि की हेरा फेरी हुई है और एक मुख्यमंत्री के क्षेत्र में बहुत चर्चित स्टेडियम में गड़बड़ी करने वालों को जिस प्रकार से संरक्षित करने का काम किया गया यहां तक की साई हॉस्टल के बच्चों को भी खेलने में बाधा पहुंचा कर उनके खेल कौशल को बाधा पहुंचाया गया पूर्व में क्रिकेट पवेलियन के नाम पर भी जो राशि गड़बड़ी हुई वह भी शहर की जनता ने देखा है 15 वर्षीय मुख्यमंत्री के क्षेत्र में एक समुचित कार्य योजना बनाकर कार्य नहीं होना एक अदूरदर्शी और विजन लेस सोच का परिणाम है जिसका दंश शहर की जनता के साथ-साथ जिले की जनता झेल रही है।

कांग्रेस मीडिया सेल से मिली जानकारी के अनुसार जनसंपर्क के दौरान प्रमुख रूप से कुतबुद्दीन सोलंकी, अशोक पंजवानी, मोती साहू, दक्षिण ब्लॉक अध्यक्ष सूर्यकांत जैन, विरेन्द्र चंद्राकर, झम्मन देवांगन, सुनीता फडनवीस, रौशनी सिन्हा, कुसुम दुबे, बबलू कसार, महेश यादव, नितिन बत्रा, घनश्याम वाधवानी, अमित चंद्रवंशी, प्रतिमा बंजारे, रीना पटेल, गुरभेज माखिजा, संजय रिझवानी, सुरेन्द्र देवांगन, प्रेमचंद रूंचदानी, मोहन चुनुरकर, राजा यादव, किशोर श्रीवास्तव, कुलदीप कुंरजरेकर, राजू मरीया, अभिषेक सोनी, डेनिस निषाद, विक्रमा नेताम, राधे साहू, अर्जुन गायकवाड़, संदीप जायसवाल, राजिक सोलंकी, चंद्रभान बाजपेयी, सहित शहर कांग्रेस पदाधिकारी, ब्लॉक कांग्रेस पदाधिकारी, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस सहित सभी विंगों के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं समस्त कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# जेवरा सिरसा में पकड़ी गई 15 लाख मूल्य के चादरों से भरी ट्रक

**दुर्ग**, 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। जेवरा सिरसा चौकी पुलिस व एसएसटी की टीम ने संयुक्त कार्रवाई कर ट्रक से करीब 15 लाख रूपये मूल्य की चादरें जब्त की। जेवरा सिरसा चौकी प्रभारी ने बताया कि ये चादरें भिलाई के फेरीवालों द्वारा उत्तर प्रदेश से मंगाई गई बताया गया। व्यापारी ने इसका बिल पेश कर दिया है। अब अन्य जरूरी औपचारिकताएं पूरी कर माल फेरीवाले के हवाले कर दिया जायेगा।



■ भिलाई के फेरीवालों का दावा, बिल पेश किया : चौकी प्रभारी

दुर्ग सीएसपी मणिशंकर चन्द्रा ने बताया कि अलग.अलग स्थानों पर एसएसटी और संबंधित क्षेत्र के थानों की पुलिस चेकिंग प्वाइंट लगा कर रखी हुई है। जेवरा सिरसा पुलिस लगातार वाहनों की चेकिंग कर रही है। रविवार को एसएसटी टीम दुर्ग शहर और चौकी प्रभारी चेतन सिंह चन्द्राकर ने जेवरा सिरसा चौकी के सामने चेकिंग के दौरान एक ट्रक यूपी 78 डी एन 0951 निकला। पुलिस ने उसे रोककर जब तलाशी ली तो उसके अंदर भारी मात्रा में चादरें भरी हुई थीं। पुलिस के मुताबिक ट्रक का पूरा कंटेनटेर नई चादरों से भरा हुआ था। जब ड्राइवर से चादर का बिल मांगा गया, तो वो बिल नहीं दे सका। यह देखते हुए पुलिस ने उच्च अधिकारियों को मामले की जानकारी दी। उसके बाद ट्रक को जब्त कर चालक के खिलाफ धारा 102 की कार्रवाई गई। जब्त की गई चादरों की कुल कीमत 15 लाख रुपए बताई जा रही है। बता दें कि दो दिन पहले ही चुनावी चेकिंग के दौरान दुर्ग जिले के अहिरवारा क्षेत्र के सिरसाकला मार्ग डबरी के पास एक वाहन सीजी 04 एचसी 1533 को रोका गया। चेकिंग के दौरान उसके अंदर से 2 लाख 87 हजार रुपये नगद जब्त किए गए थे। दुर्ग जिले में चुनाव के दौरान यह अब तक जब्त की गई सबसे बड़ी रकम है। इस संबंध में जब आज जेवरा सिरसा प्रभारी से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि संबंधित व्यापारी से पूछताछ करने पर उसने बताया कि यह माल उत्तर प्रदेश से मंगाया गया है। व्यापारी ने इसका बिल भी प्रस्तुत कर दिया है।

# छात्राओं ने दिया शत प्रतिशत मतदान का संदेश

**दुर्ग**, 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत जागरूकता अभियान चलाया जा रहाहै। स्वीप प्रभारी डॉ. विजय कुमार वासनिक ने जानकारी देते हुए बताया कि छाते के माध्यम से छात्राओं ने 17 नवंबर को मतदान की अपील बड़े ही रोचक ढंग से की।



25 छात्राओं ने छाते पर मतदान के लिए प्रेरित करने वाले संदेश को लिखा और उस आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया जिस की सभी ने सराहना की। स्वीप कार्यक्रम में छात्राओं की बढ़ती भागीदारी से सभी में उत्साह है। 17 नवंबर को मतदान की अपील से इसके प्रति जागरूकता बढ़ी है।

# वरिष्ठ नागरिकों ने सुमधुर संगीत के साथ मनाई शरद पूर्णिमा



दुर्ग, 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। वरिष्ठ नागरिकों ने शरद पूर्णिमा पर्व आशीर्वाद भवन पद्नाभपुर में हर्षोल्लास से मनाया। उपस्थित वरिष्ठ नागरिकों ने कविता पाठ एवं पुरानी फिल्मों के गाने गाकर समा बांधा। रविवार की रात को खुले आसमान के नीचे वरिष्ठ नागरिकों ने पूरे हर्षोल्लास पूर्वक शरद पूर्णिमा पर्व मनाया। इस अवसर वरिष्ठ कवि डाक्टर संजय दानी एवं विजय गुप्ता ने कविता पाठ कर लोगों का मनोरंजन किया।

वरिष्ठ नागरिकों ने भी कराओके म्यूज़िकल कार्यक्रम प्रस्तुत किया। वरिष्ठ नागरिक संघ के अध्यक्ष डाक्टर मांडरिक ने शरद पूर्णिमा की बधाई देते हुए सभी वरिष्ठ नागरिकों के अच्छे स्वास्थ्य की कामना की, कार्यक्रम में चांद पर आधारित पुरानी हिन्दी फिल्मों के गीत गाये। ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# तनिष्क ज्वेलरी शो रूम में चोरी, 5 आरोपी गिरफ्तार

**दुर्ग**, 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। तनिष्क ज्वेलरी शो रूम के छत में लगे 14 नग एसी के केबल, कापर पाईपिंग एवं बिजली के तार को काटकर चोरी करने वाले तीन नाबालिग व चोरी का सामान खरीददार सहित पांच आरोपियों को मोहन नगर दुर्ग पुलिस के द्वारा गिरफ्तार किया है।

दुर्ग सी एसपी मणिशंकर चन्द्रा ने बताया कि प्रार्थी प्रहलाद सिंह तोमर (42 साल) निवासी संतरा बाडी दुर्ग ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह तनिष्क ज्वेलरी शो रूम संतरा बाड़ी दुर्ग में स्टोर मैनेजर के पद पर कार्यरत है। गत रात 9 बजे शो रूम बंद कर अपने अपने घर चला गया था। अगले दिन सुबह 10.30 बजे शो रूम आने पर पता चला कि शो रूम मे लगे सभी 14 नग एसी काम नहीं कर रहे है और बंद है तब प्रार्थी छत में जाकर देखा तो सभी 14 नग एसी का एसी केबल, कापर पाइपिंग एवं बिजली के तार कटे हुए मिले। अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। रिपोर्ट के बाद मामले में धारा 380, 457 के तहत अपराध दर्ज किया गया। चोरी मामले में मुखबीर सूचना पर संदेही नाबालिगों को पकड़ा। पूछताछ करने पर प्रकरण के आरोपी चोरी का माल खरीददार को पकड़ा गया। चोरी करने वाले आरोपियों ने पुलिस को बताया कि रात में तनिष्क ज्वेलर्स के बगल में निर्माणाधीन मकान के सीढ़ी से ऊपर चढ़कर दीवाल फांद कर तनिष्क ज्वेल्स के शो रूम के छत में प्रवेश कर राज साहू (20 साल) निवासी बाम्बे आवास उरला व तीन नाबालिग मिलकर ऊपर में लगे 14 नग एसी के कॉपर पाइप, एसी के बल बिजली तार को चोरी कर ले जा कर खेत में दूर जलाकर साथ लेकर माल को देवानंद सोनी (60 वर्ष) निवासी गया नगर दुर्ग के पास ले जा कर एसी का पाइप को बेचकर मिले पैसों को खा पी कर खर्च करना बताये एवं शेष बचे चोरी के मशरूका को अपने.अपने घर में छुपा कर रखना बताया। आरोपियों की निशानदेही पर मशरूका बरामद किया गया। वहीं आरोपियों से चोरी का सामान खरीददार देवानंद सोनी से कुल 4.700 ग्राम एसी का पाइप एवं कॉपर बिजली तार को जब्त किया गया।

■ छत में लगे 14 नग एसी के केबल, कापर पाईपिंग एवं बिजली के तार चोरी

# शार्ट सर्किट से एक्सिस बैंक में लगी आग

**दुर्ग**, 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। सिटी कोतवाली दुर्ग के सामने जीवन प्लाजा स्थित एक्सिस बैंक में आज दोपहर 2.30 बजे शार्ट सर्किट की वजह से आग लग गई। मौके पर फायर ब्रिगेड के पहुंचने से आगजनी पर काबू पा लिया गया जिस वजह से जन.धन की हानि नहीं हुई।

मिली जानकारी के अनुसार दोपहर 2. 30 बजे के करीब बैंक के पैनल सिस्टम से धुआं निकलता देख बैंक कर्मचारियों ने इसकी सूचना तत्काल फायर ब्रिगेड को दी, और सारे कर्मचारी बैंक से बाहर निकल गए। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड एसडीआरएफकी टीम घटनास्थल पर पहुंची और आग पर काबू पा लिया इस दौरान तीन फायर ब्रिगेड की गाड़ियां घटनास्थल पर पहुंची थी। पूरे तीन घंटे तक टीम बैंक में डटी रही और बैंक में जमा धुआं निकालते रहे। फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों ने बताया कि बैंक के अंदर बिजली बैकअप के लिए बड़ा बैटरी रखी हुई थी जिसमें दो से तीन लीटर तेल भरा रहता है अगर कहीं चिंगारी इस बैटरी में चली जाती तो स्थिति बिगड़ जाती। इस तरह की घटनाओं से निपटने पर्याप्त साधन बैंक के अंदर नहीं था ना ही किसी प्रकार का वेंटीलेटर है और ना ही कोई खिड़की बनी हुआ है जिसके कारण धुआं निकलने में घंटे लग गए फिलहाल फायर ब्रिगेड की सक्रियता से एक बड़ी दुर्घटना टल गई।

फायर ब्रिगेड ने आग बुझाई कोई जन धन की हानि नहीं

# वसुदैव कौटुम्बकम हमारा आदर्श व दृष्टिकोण : डॉ. प्रेमलता

**दुर्ग**, 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग के हिन्दी विभाग द्वारा भारतीय संस्कृति विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस आयोजन में मुख्य वक्ता के रूप में केन्द्रीय विश्वविद्यालय, गुजरात, गांधी नगर में पदस्थ सहायक प्राध्यापक डॉ. प्रेमलता देवी थी। कार्यक्रम के प्रारंभ में डॉ. कृष्णा चटर्जी ने अपने स्वागत उद्बोधन में मुख्य वक्ता का परिचय सभागार में उपस्थित श्रोताओं को दिया।



भारतीय संस्कृति पर व्याख्यान

भारतीय संस्कृति पर व्याख्यान देते हुए डॉ. प्रेमलता देवी ने कहा कि अपने वजूद को बचाये रखने के लिए हमें अपनी संस्कृति को बचाए रखना है। वसुदैव कौटुम्बकम हमारा आदर्श और दृष्टिकोण है, जो हमारी जीवन शैली का अंग और संस्कार है। सर्वेभवन्तु सुखिन: सर्वे संतु निरायमय यहाँ की शिक्षा और संस्कार का अंग है। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर.एन. सिंह एवं हिन्दी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अभिनेश सुराना ने प्रमुख वक्ता डॉ. प्रेमलता देवी के स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का आभार वक्तव्य में डॉ. अभिनश सुराना ने कहा कि भारतीय संस्कृति का विष्व संस्कृति में अहम स्थान है। भारतीय संस्कृति विश्व संस्कृति को प्रभावित करता है।

कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. बलजीत कौर, डॉ. सलूजा, डॉ. अनुपमा अस्थाना, डॉ. कुलकर्णी, डॉ. जय प्रकाश साव, प्रो. अन्नपूर्णा महतो, डॉ. सरिता मिश्र, डॉ. ओम कुमारी, डॉ. शारदा सिंह, डॉ. लता ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# कलेक्टर ने रसमड़ा स्थित सोना बेवरेजेस का किया निरीक्षण

### सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी, बूम बेरियर की ली जानकारी

**दुर्ग**, 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी पुष्पेन्द्र कुमार मीणा ने छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन 2023 के संबंध में आज रसमड़ा स्थित मेसर्स सोना बेवरेजेस प्रा. लि. का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विदेशी मदिरा (माल्ट) के निर्माण प्रक्रिया देखी, साथ ही निर्माण प्रक्रिया के विभिन्न स्तर क्रमश: माल्ट हाउस, ब्रु हाउस, यूनी टैंक (फर्मेन्टेशन टैंक), बी.बी.टी. टैंक, बॉटलिंग हॉल एवं गोदाम का भी अवलोकन किया। कलेक्टर ने गोदाम में रखे मदिरा स्टाक, बॉटलिंग एवं परिसर में लगे सी.सी.टी.वी., बूम बैरियर तथा सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली।



मौके पर मौजूद आबकारी विभाग के प्रभारी अधिकारी ने बताया कि आज दिनांक की स्थिति में भंडार कक्ष में कुल 101552 पेटी मदिरा उपलब्ध हैं। उन्होंने यह भी बताया कि बॉटलिंग एवं परिसर में लगे सी.सी.टी.वी. कैमरे ठीक से काम कर रहे हैं इनमें 15 दिन के स्टोरेज बैकअप की भी व्यवस्था की गई है। परिसर में 2 बूम बैरियर स्थापित किए गए हैं जिनका संचालन प्रभारी अधिकारी के फिंगर प्रिन्ट से किया जा रहा है।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने मेसर्स सोना बेवरेजेस प्रा. लि. रसमड़ा दुर्ग के मुख्य द्वार पर सुरक्षा हेतु तैनात रेलवे सुरक्षा विशेष बल की भी जानकारी ली। कलेक्टर ने छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन के संदर्भ में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों का कड़ाई से पालन करने हेतु सोना बेवरेजेस के प्रभारी अधिकारी को निर्देशित किया है। निरीक्षण के दौरान राजेश जायसवाल सहायक आयुक्त आबकारी जिला दुर्ग, मुकेश अग्रवाल सहायक जिला आबकारी अधिकारी दुर्ग एवं मेसर्स सोना बेवरेजेस के अधिकृत प्रतिनिधि शकील अली हाशमी उपस्थित रहे।

# डोंगरगढ़ विनोद के लिए कठिन, हर्षिता के लिए आसान नहीं, भीतरघात को साधना बड़ी चुनौती !

**राजनांदगांव**, 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। डोंगरगढ़ विधानसभा अनुसूचित जाति की आरक्षित सीट होने की वजह से अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों की उम्मीदवारी दोनों ही राष्ट्रीय पार्टियों या कोई भी राजनीतिक चुनाव लड़ने का इच्छुक के लिए पहली अहर्ता है। धर्मनगरी डोंगरगढ़ धनेश पाटील का गढ़ माने जाने वाला डोंगरगढ़ लंबे समय तक प्रतिनिधित्व करने का अवसर लगा उन्होंने बेहतर प्रतिनिधित्व भी किया। काजल की कोठरी मतलब च्च सत्ता और मंत्रिमंडलज्ज में रहते हुए भी आज भी बेदाग निकले है। उनकी सादगी की बानगी पर किसी ने उंगलियां उठाने की हिम्मत नही जुटाई विपक्ष ने भी कभी धनेश पटिला पर हमला कभी बोला ही नहीं न ही उन्हें ऐसी कोई मौके लगे भारतीय जनता पार्टी से रामजी भारती, विनोद खांडेकर और सरोजनी बंजारे के बाद कांग्रेस के भुवनेश्वर बघेल ने भी विधायकी की। कांग्रेस के सर्वे ने भुवनेश्वर बघेल की टिकट को दरकिनार कर ऐसे उम्मीदवारी को लेकर कांग्रेस की सर्वे रिपोर्ट रही है और बताया गया कि नए चेहरे को लेकर जब तक कांग्रेस अपना दांव नहीं खेलेगी तब तक कांग्रेस की जीत संभव नहीं। यही कारण रहा की भारी मतों से जीत दर्ज करने वाले भुवनेश्वर बघेल की टिकट भूपेश बघेल के करीब होने के बावजूद काटने की विवशता रही। यह अलग बात है की टिकट कटने के पश्चात कांग्रेस के मुखिया और तारणहार ने भुवनेश्वर के नाराजगी पर आश्वासन दिया वह सत्ता की भागीदारी निश्चित रूप से सुनिश्चित करेगा। जिसके लिए भुवनेश्वर की कांग्रेस को जिताने मेहनत और दांव पेंच पर भी संघठन की नज़रे बनी हुई है।



विधानसभा 2023 का चुनाव डोंगरगढ़ की आरक्षित सीट पर खड़े भाजपा के प्रत्याशी विनोद खांडेकर, रमन सिंह के पहले कार्यकाल में विधायक तो बने और बाकायदा उन्हें स्काउट गाइड की भी जिम्मेदारी सौंपी गई थी उसके पश्चात भारतीय जनता पार्टी और डॉक्टर रमन सिंह इस कदर नाराज चले कि विनोद खांडेकर को टिकट तो दूर की बात अपने मुख्यमंत्री के कार्यकाल में डॉ रमन सिंह ने विनोद खांडेकर को जरा भी तवज्जो नहीं दी और खांडेकर राजनीतिक निर्वासन की जिंदगी भिलाई मे काटते रहे! राजनीतिक हल्को पर इस बात को लेकर काफी चर्चा रही की भारतीय जनता पार्टी की तख्त पलट योजना में आंतरिक राजनीति के मोहरे के रूप में चिन्हांकित होने की सजा के रूप मे निर्वासन को देखा जा रहा था ! पर समय एक जैसा होता नही डोंगरगढ़ के कई स्थानीय दावेदार को काटकर विनोद खांडेकर को विधानसभा का उम्मीदवार बनाकर भाजपा में एक धड़ा खुश बाकी तीन धड़े नाराज नजर आते हैं और यह विदित भी हो चुका है भले ही अब मान मनौव्वल के पश्चात समर्थन में दिख रहे हैं। यह तब समझ में आएगा जब परिणाम सामने होंगे की समर्थन को लेकर जिन नाराज लोगों ने काफिले में शामिल होने के लिए तैयार हुए, आखिर उनके मंसूबे मतगणना की स्थिति के बाद ही साफ हो पाएंगे। जन चर्चा है कि भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार विनोद खांडेकर ज्यादातर भिलाई में ही स्थाई निवास के रूप में रहते रहे हैं। इस बात की भी क्षेत्र में काफी चर्चा है कि वह तो पूर्व की भांति सारा मैनेजमेंट और विधायकी डोंगरगढ़ की बजाय भिलाई से ही संचालित करेंगे। निश्चित रूप से चुने गए जनप्रतिनिधि की दूरी को लेकर भी आज के जागरूक मतदाता इस बात पर भी मंथन करते हैं। अगर जनता किसी प्रतिनिधि को चुने और वह अगर उस विधानसभा से ही दूर रहे तो जनता जनार्दन अपनी फरियाद आखिर किसे सुनाएगी भाजपा के प्रत्याशी विनोद खांडेकर को लेकर क्षेत्र में जन चर्चा सरगर्म है ! वहीं कांग्रेस की उम्मीदवार श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल जिला पंचायत सदस्य रहते ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤



# डाइट के छात्रों ने केसीजी जिला के तहत 40 गांवों में किया स्वीप वाल पेंटिंग

## स्वीप कार्यक्रम में डाइट व एनएसएस विंग ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**खैरागढ़**, 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में केसीजी जिले के मतदाताओ को जागरूक करने के लिए अनेक प्रकार का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे डाइट खैरागढ़ के छात्राध्यापकों व एनएसएस के स्वयंसेवकों ने जिले के मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में सहभागिता करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने डाइट के छात्राध्यापकों के साथ मिलकर स्वीप में नियमित रूप से सहभागिता व बेहतर प्रदर्शन के लिए उत्साहित किया। संयुक्त कलेक्टर व स्वीप नोडल अधिकारी आभा तिवारी के निर्देशन में डाइट व्याख्याता व सहायक नोडल अधिकारी केके वर्मा के नेतृत्व में विभिन्न महाविद्यालय सहित डाइट खैरागढ़ के छात्राध्यापकों व एनएसएस के स्वयंसेवकों ने मतदाता जागरूकता रैली, रंगोली स्लोगन प्रतियोगिता में सहभागिता करते हुए युवाओं, महिलाओं व मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया है। डाइट के एनएसएस विंग के स्वयं सेवकों ने जिला के 40 गांवों में स्वीप मतदाता जागरूकता वाल पेंटिंग कर ग्रामीणों को शत प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रोत्साहित किया। इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में स्वीप महा कार्निवाल का आयोजन किया गया, जिसमें डाइट के छात्राध्यापकों व एनएसएस के स्वयंसेवकों ने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में बेहतर प्रदर्शन किया। इस दौरान जिला स्वीप नोडल अधिकारी आभा तिवारी, सहायक नोडल व डाइट के एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी के के वर्मा सहित छात्राध्यापक बड़ी संख्या उपस्थित रहे।



# दीवाली के पूर्व मिले बोनस की दूसरी किश्त

## एनजेसीएस की बैठक बुलाकर 20 प्रतिशत बोनस देने को लेकर सौंपा ज्ञापन

**भिलाईनगर** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। बोनस को लेकर बी एम एस का संघर्ष तेज आज भिलाई इस्पात मजदूर संघ यूनियन संबद्ध बी एम एस द्वारा पिछले वर्ष दिए गए बोनस में 20 प्रतिशत की वृद्धि कर दीपावली के पूर्व कर्मचारियों को देने के लिए जल्द एनजेसीएस की पूर्ण बैठक बुलाकर निर्णय कर कर्मचारियों को भुगतान करने के लिए भिलाई इस्पात संयंत्र के सभी मुख्य प्रबंधक के माध्यम से सेल अध्यक्ष के नाम यूनियन द्वारा ज्ञापन भेजा गया है। संयंत्र कर्मचारी लगातार घटते मैनपावर और ठेका श्रमिकों की बढ़ती संख्या के बीच ठेका श्रमिकों के साथ सामंजस्य बैठाते हुए लगातार उत्पादन में वृद्धि कर रहे हैं किंतु कर्मचारियों द्वारा भरपूर मेहनत के बाद भी उनका बकाया एरियर्स रात्रि पाली भत्ता, एच आर ए पर अभी तक कई वर्षों से कोई निर्णय नहीं हो सका। जिसके कारण कर्मचारियों में निराशा है परंतु कर्मचारियों को एक उम्मीद थी की कंपनी का व्यापार एवं उत्पादन बढ़ने से उन्हें पिछले वर्ष से ज्यादा बोनस मिलेगा। जिससे वह परिवार की जरूरत की सामान खरीद सकेंगे और परिवार के साथ भव्यता से त्योहार मनाएंगे परंतु प्रबंधन द्वारा कैसा मापदंड बनाया गया है कि सभी जगह पैसे में बढ़ोतरी होती है परंतु सेल में वार्षिक बोनस लगभग आधा हो गया है सेल एक महारत्न कम्पनी है परंतु अन्य महारत्न कम्पनियों और नौ रत्न कंपनी की तुलना में सेल का बोनस बहुत कम है। यूनियन प्रबंधन के इस मापदंड से सहमत नहीं है और मांग करती है कि जल्द से जल्द पिछले वर्ष दिए गए बोनस की राशि में बढ़ोतरी कर कर्मचारियों को दीपावली के पूर्व राशि का भुगतान किया जाए जल्द निर्णय न होने की स्थिति में यूनियन आंदोलन करने के लिए विवश होगी जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी प्रबंधन की होगी ह' ज्ञापन सौपने में मुख्य रूप से कार्यकारी अध्यक्ष रविशंकर सिंह महामंत्री चन्ना केशवलू वशिष्ठ वर्मा हरी शंकर चतुर्वेदी, आईपी मिश्रा, शारदा गुप्ता , विनोद उपाध्याय, प्रदीप पाल, जोगेंद्र कुमार, डिल्ली राव, अनिल गजभिए, उमेश मिश्रा सन्नी एप्पन सुरेंद्र चौहान जगजीत सिंह अखिलेश उपाध्याय दीनानाथ गंगाराम चौबे आरके सोनी संतोष सिंह अमित सिंह अनुराग माहुलकर संजय कुमार सापुरे अरविंद सिंह भूपेंद्र बंजारे नवनीत हरदेल कृष्णमूर्ति पात्रो रवि चौधरी और अन्य सदस्य शामिल थे।



# महिलाओं ने मेंहदी रंगोली बनाकर मतदान करने के लिए मतदाताओं को किया जागरूक



**खैरागढ़,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा के निर्देशन में जिले के बिहान समूह की महिलाओं ने स्वीप के तहत कार्याक्रम में भाग लिया उक्त कार्यक्रम में महिलाओं ने ग्रामीण क्षेत्र के मतदाताओं को मतदान करने के लिए जागरूक किया कलेक्टर गोपाल वर्मा के दिशा निर्देश में जिला स्वीप नोडल अधिकारी आभा तिवारी के मार्गदर्शन में बिहान समूह की दीदियों व महिलाओं ने रंगोली मेहंदी लगाकर सामूहिक रूप से शपथ लेकर मतदाताओं को जागरूक किया। बिहान समूह के सेक्टर जालबांधा, ठेलकाडीह के दीदीयो ने मेहंदी व रैली निकालकर शत प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर परियोजना निदेशक जितेंद्र कुमार साहू, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत शिशिर शर्मा, स्वीप सहायक नोडल केके वर्मा, बीपीएम दीनानाथ लिल्हारे, बीसी बैद्यनाथ वर्मा बीआरपी सुरेखा कोसरे सहित बड़ी संख्या में महिला, युवा ग्रामीण मतदाता उपस्थित रहे।

# बिना अनुमति के लगे राजनैतिक झण्डे बैनर को जप्त कर रही निगम की टीम



**भिलाईनगर,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। बिना अनुमति के सड़क किनारे लगाये गये पंडाल, भवन तथा बिजली के खंभों में लगे झण्डे को संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत हटाने की कार्यवाही कर रहे है। निगम की टीम सम्पूर्ण क्षेत्र में निगरानी करते हुए आदर्श आचार संहिता के नियमों का सख्ती से पालन कर रहे है। निगम आयुक्त रोहित व्यास ने अधिकारियों को निर्देशित किये है कि विधानसभा निर्वाचन के लिए प्रभावशील आदर्श आचार संहिता का निगम क्षेत्र में कड़ाई से पालन करना सुनिश्चित करें। निगम के सभी जोन आयुक्त, जोन सहायक राजस्व अधिकारीए जोन स्वास्थ्य अधिकारी की टीम प्रतिदिन सुबह मॉर्निंग विजिट कर रहे है। जोन की टीम सुबह से जोन क्षेत्र का भ्रमण कर मतदान केन्द्र, बेनर, पोस्टर, दीवार लेखन, एल.ई.डी. स्क्रीन, झण्डे की जॉच कर बिना अनुमति के लगे राजनैतिक प्रचार सामग्री को जप्ती बना रहे है। इसी कड़ी में आज सुबह कोहका में सड़क के किनारे राजनैतिक दल के लोगो ने बिना अनुमति पंडाल लगाकर पार्टी का झण्डा लगा लिए थे जिसे निगम के निगरानी दल ने मौके पर पंडाल लगाने की अनुमति पत्र नहीं दिखाए जाने पर तत्काल प्रभाव से हटाया गया। खुर्सीपार वार्ड 48 के तिरंगा नगर में निर्माणाधीन शासकीय भवन में तथा बिजली खंभे पर लगाये गये राजनैतिक झण्डे, बैनर पोस्टर को हटाया गया। वार्ड 48 छावनी के मुख्य मार्ग पर बिना अनुमति तथा वार्ड 49 में पेड़ पौधों पर बांधे गये झण्डे को निगम की टीम ने जप्ती किया। निगम प्रशासन ने कहा कि निगम क्षेत्र में कोई भी प्रचार प्रसार विज्ञापन होर्डिंग लगाने से पूर्व विधिवत निगम से अनापत्ति प्राप्त कर। चुनाव कार्यालय से अनुमति लिया जाना आवश्यक है बिना अनुमति के प्रसार सामग्री लगाए जाने पर निगम द्वारा जप्त की कार्यवाही किया जावेगा। निगम प्रशासन के अनुसार इस तरह की कार्यवाही आगे भी की जायेगी।

# सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी का दशहरा मिलन



**भिलाईनगर,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी कल्याण एसोसिएशन का दशहरा मिलन समारोह का आयोजन एसोसिएशन के सेक्टर 7 स्थित कार्यालय में किया गया। इस दौरान सभी ने एक दूसरे को दशहरा पर्व की बधाई दी। एसोसिएशन के अध्यक्ष सेवानिवृत्त अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक बी.बी.एस. ठाकुर ने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से सभी से मिलकर उनका हाल चाल जानने का अवसर मिलता है। इससे भाईचारा और प्रेम बढ़ता है। समाज में प्रेम और सौहार्द का महौल बने रहे, इसके लिए सभी को प्रयास करना चाहिए। एसोसिएशन के संरक्षक आर. पी. शर्मा ने कहा कि दशहरा का पर्व असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक है, इसलिए इसे विजयदशमी भी कहा जाता है। इस पर्व को मनाते हुए हमें सदैव सत्य के मार्ग पर चलने का संकल्प लेना चाहिए। दशहरा मिलन समारोह में उपस्थित सदस्यों के लिए स्वाल्पाहार का आयोजन किया गया था। इस अवसर पर उपस्थित सभी सदस्यों ने एक दूसरे को दशहरा पर्व की बधाई दी आयोजन के अंत में एसोसिएशन के सदस्य सचिन देव शुक्ला की मां डॉ सरोज शुक्ला व श्यामसुंदर शर्मा के पिता शीशराम शर्मा के निधन पर अशोक व्यक्त करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। दशहरा मिलन समारोह में एसोसिएशन के महासचिव दिग्विजय सिंह परिहार, भारत भूषण शर्मा, वी दवे, रविंद्र उपाध्याय, जेएस चौरसिया, विनोद पहाड़े, नीलकंठ साहू, अजीत यादव, शौकत अली, पीसी श्रीवास्तव, जीसी पति, विजय शर्मा, डीएन पांडेय, दिनेश कुमार त्रिपाठी, लल्लन सिंह, सुरेश तिवारी, राजेंद्र सिंह, विजय सिंह, प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# मोहन के टाक शो में लोगों ने दिखाई रुचि



**भिलाईनगर,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। सिविक सेंटर कृष्ण अर्जुन रथ परिसर मे मोहन बराल के टाक शो का जादू लोगो के सिर चढ़कर बोला। इस दौरान उनके द्वारा बनाए गए चित्र और मूर्तियों के प्रदर्शनी की अतिथिगणो ने प्रशंसा की है। साहित्य अकादमी के सदस्य प्रोफेसर सियाराम शर्मा, खैरागढ इतिहास विभाग के एच.ओ.डी कपिल वर्मा, चित्रकार हरीसेन आदि ने उन्हे छत्तीसगढ़ रत्न सम्मान से विभूषित किया। ज्ञात हो कि भिलाई मे ललित कला अकादमी के रीजनल सेन्टर खोले जाने हेतु भिलाई इस्पात संयंत्र और ललित कला अकादमी नई दिल्ली के प्रति कृतज्ञता दर्शाने टाक शो कार्यक्रम शुरू किया गया है। जिसमे प्रति सप्ताह संध्या 6 से 7 बजे तक किसी एक कलाकार की कला प्रदर्शनी और उनके कला पर परिचर्चा रखी जा रही है। इसमे भिलाई के कलाप्रिय जनता का समर्थन मिल रहा है शरद पूर्णिमा पर इस टाक शो मे खैरागढ, रायपुर, बिलासपुर, कोडागांव, सरगुजा, दुर्ग, भिलाई के अलावा विदेशो में रहने वाले कलाकारो ने भी आनलाईन जुड़कर मोहन बराल को बधाई दी है। मुख्य अतिथि साहित्यकार सियाराम शर्मा ने कहा कि सृजनशील मानव में मनुष्यता की अथाह गहराई होती है जो उसे अन्य मानवों से अलग करती है। उन्होने दुनिया में बढती हिंसा के खिलाफ शांति के नये अध्याय लिखने के लिए कलाकारो का आव्हान किया। टाक शो मे बराल द्वारा बनाए गए 12 फीट की विशाल पेन्टिंग खासी चर्चा का विषय रही मंच संचालन मेनका वर्मा ने किया। डॉ. सोनाली चक्रवर्ती, डॉ.रजनी नेल्सन, पी. वाल्सन, अशोक देवांगन, प्रशांत क्षीरसागर, प्रवीण कालमेघ, नरोत्तम साहू, ललेश्वरी साहू, भूपत राव बोरकर, गुंजनए धीरज, अंकुश देवांगन तथा बड़ी संख्या मे कलाकार और दर्शकगण मौजूद थे।

# विधानसभा चुनाव में जनता खामोश प्रत्याशी परेशान

**भिलाईनगर,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में 17 नवंबर को वोटिंग है। इस चुनाव में भिलाई इस्पात संयंत्र कर्मियों द्वारा भिलाई विधानसभा सहित दुर्ग ग्रामीण, पाटन, वैशालीनगर तथा अहिवारा सीट पर दखल है। इसलिए स्थानीय यूनियन नेताओं की भी सक्रिय भागीदारी रहेगी। वैसे माना यह जाता है, कि इन्टक यूनियन कांग्रेस समर्पित यूनियन है,तो बी.एम.एस यूनियन भाजपा की विचारधारा के प्रति ज्यादा सर्मिपत होती है। वर्तमान में भिलाई इस्पात संयंत्र में बी.एम.एस यूनियन को मान्यता प्राप्त यूनियन है। वैसे भी यूनियन नेताओं भिलाई इस्पात संयंत्र कर्मचारियों की सुविधाओं को लेकर संघर्ष करती दिख रही है। किन्त वर्तमान समय में कर्मियो को बोनस की राशि को लेकर किसी भी यूनियन पर ज्यादा उत्साहित दिखाई नही दे रही है। वही भिलाई इस्पात संयंत्र में कार्यरत हजारों कर्मचारियों के साथ–साथ ठेका मजदूर आसपास के विधानसभा क्षेत्रों से निवासरत है। अब चूंकि चुनाव का वक्त है। और कर्मचारियों अधिकारियों और 2017 से सेवानिवृत कर्मचारी की एक लंबित मांग 39 माह का एरियर, पर्क्स का एरियर और कुल मिलाकर वेतन समझौते को पूरा कराना है। कर्मियों के मुद्दे लंबित है। और इन लंबित मुद्दों के लिए प्रबंधन के साथ–साथ सरकार की नीतियां और इस्पात मंत्रालय के प्रति स्पष्ट रुख दिखाई जे रहा है। इन मुद्दों को लेकर चुनाव लड़ रहे प्रत्याशी ट्रेड यूनियनो के कार्यालय पहुंचकर अपना समर्थन मांग रहे हैं। और नाकामी का ठीकरा एक दूसरे परपर फोड़ रहे हैं। चुनाव को लेकर जनता से खामोश है। जिसके कारण प्रत्याशी ज्यादा चिन्तत है।

# नौकरी लगाने के नाम पर ठगी

**भिलाईनगर।** सेक्टर 6 निवासी एक युवती को रेलवे में नौकरी लगाने के नाम पर खुर्सीपार निवासी ने उसके पिता से 3 लाख 50 हजार रुपए लिय। रुपए लेने के बाद युवती की न तो नौकरी लगी पीड़ित पक्ष ने राशि वापसी की मांग करने पर आरोपी द्वारा लगातार गुमराह किया जा रहा था। तंग आकर युवती ने थाने में इसकी शिकायत दर्ज कराई। पुलिस द्वारा इस मामले में देरी होने पर। युवती ने न्याया का दरवाजा खटखटाया। न्याया के आदेश पर भिलाई नगर पुलिस ने धारा 420 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मामला 2020 का है। सेक्टर 6 निवासी पीड़िता की जान पहचान खुर्सीपार निवासी गंगा से थी। गंगा पीड़िता की बेटी की नौकरी रेलवे में लगवाने का झांसा दिया। परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के बाद भी अपनी बेटी की नौकरी लगवाने के लिए गंगा को दो किश्तों में 3 लाख 50 हजार रुपए दे दिए।

# खिलाड़ी ईमानदारी से अपनी प्रेक्टिस करें : अरुण



**भिलाईनगर,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। 23 वी राज्य स्तरीय सब जूनियर जूडो प्रतियोगिता बालक एवं बालिका का आयोजन अनलिमिटेड जुडो अकैडमी 32 एकड़ सीजी हाउसिंग बोर्ड भिलाई में संपन्न हुआ। उपरोक्त प्रतियोगिता में अरुण द्विवेदी अध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश जूडो संघ मुख्य अतिथि के रूप में प्रतियोगिता के उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि सभी खिलाड़ी अपने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करे एवं आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिता को ध्यान में रखते हुए अपनी तैयारी करें। जूडो खेल स्वस्थ मन स्वस्थ शरीर के निर्माण के साथ ही साथ कैरियर का विकल्प चुनने का भी अच्छा माध्यम है। बस खिलाड़ी ईमानदारी से अपनी प्रेक्टिस करें और उनकी जो भी आवश्यकता होगी उसकी पूरी करने के लिए अपना भरपूर प्रयास करेंगे। छत्तीसगढ़ प्रदेश जूडो संघ के सचिव शंभू सोनी ने बताया कि छत्तीसगढ़ बनने के साथ ही प्रदेश जूडो संघ प्रतिवर्ष राज्य स्तरीय जूडो प्रतियोगिता का आयोजन अनवरत करते आ रहा है। इसी तारतम्य में अनलिमिटेड जुडो अकैडमी भिलाई के हाल में इस 23वी राज्य स्तरीय सब जूनियर जूडो प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है जिसमें राज्य के 13 जिलों से लगभग 150 खिलाड़ी एवं अधिकारीयो ने भाग लिया।इस प्रतियोगिता से दिसंबर में कोच्चि केरल में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय सब जूनियर जूडो प्रतियोगिता के लिए जुडो खिलाड़ियो का चयन किया जाएगा। प्रतियोगिता में विशेष रूप से बड़ौदा बाजार भाटापारा के अध्यक्ष श्री पी सुरेश राव राष्ट्रीय रेफरी एवं ब्लैक बेल्ट महासचिव श्रीमती राव बिलासपुर जिला जूडो संघ के महासचिव राजकुमार जायसवाल ब्लैक बेल्ट रायपुर के महासचिव अनीश मेनन कोंडागांव से उदय, राहुल शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का संचालन अंतर्राष्ट्रीय निर्णायक सुश्री किरण शर्मा, शेख शरीफ राष्ट्रीय निर्णायक पी किशोर, श्रीमती श्वेता नाग, पी सुरेश राव, विजय नाग, यशवंत ध्रुव, नेहा साहू, मधु रानी साहू, राहुल भारती, सुदर्शन निर्मलकर, सूरज वर्मा, राज सिंह, अनमोल आदि निर्णायको ने किया। प्रतियोगिता के उपरांत सभी विजयी खिलाड़ियों को पदक एवं प्रमाण पत्र वितरित किया गया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन आयोजन सचिव पी किशोर ने किया। इस अवसर पर शहर के अनेक गणमान्य नागरिक एवं पालक उपस्थित थे। प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार हैं। बालक 30 किलोग्राम दिलीप कुमार, द्वितीय सूरज साहू, तृतीय लक्ष्मण साहू, 35 किलोग्राम ईशान बाई, द्वितीय धनंजय निषाद, तृतीय योगेश्वर 40 किलोग्राम देवजीत सिंह, द्वितीय नित्यम राठौर, तृतीय ईशान साहू, 45 किलोग्राम प्यूष साहू, द्वितीय गगन कौशिक, तृतीय सामनाथ, 50 किलोग्राम अभय यादव, द्वितीय पुरुषोतम, तृतीय अर्जुन, 55 किलोग्राम अरविंद मानिकपुरी, द्वितीय उमंग जैन, तृतीय रविन्द्र साहू, 60 किलोग्राम ओम साहू, द्वितीय अयान खान, तृतीय दिव्यांशु निर्मालकर, 66 किलोग्राम अभिषेक नियोगी, द्वितीय मयंक खांडेकर, तृतीय राजीव देवांगन, .66 किलोग्राम मैनक दत्ता, द्वितीय दिलराज सिंह। बालिका 28 किलोग्राम खुशी चुटेल, द्वितीय गीता पटेल, 32 किलोग्राम रोशनी लंगड़े, द्वितीय योगिता मांडवी, 36 किलोग्राम हेमवती नाग, द्वितीय अंजली गुप्ता, तृतीय दामिन निषाद, 40 किलोग्राम ट्विंकल, द्वितीय प्रगति भारद्वाज, तृतीय लिखेश्वरी नेताम, 44 किलोग्राम रिया सिंह, द्वितीय खुशबू साहू, तृतीय श्वेता गोशवामी, 48 किलोग्राम प्रभा चंद्र ठाकुर, द्वितीय हमीतांजली सिंह, तृतीय एंजल मेशराम, 52 किलोग्राम दिव्या गुप्ता, द्वितीय राजेश्वरी मरकाम, तृतीय निशा जैसवाल, 57 किलोग्राम साक्षी गोशवामी, 57 किलोग्राम प्रथम केशर लोधी, द्वितीय कोमल सिंह, तृतीय धानी सिन्हा रही।

# महिला फेंसिंग टीम ने जीता रजत पदक



**भिलाईनगर,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। गोवा में चल रही 37 वीं नेशनल गेम्स में फेंसिंग (तलवारबाज़ी) में एक बड़ा उलटफेर छत्तीसगढ़ की महिला फेंसिंग फेंसर टीम ने किया। कमज़ोर मानी जा रही छत्तीसगढ़ की एपी टीम ने केरला टीम को संघर्षपूर्ण मुकाबले में 45–44 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई जहाँ सेमीफाइनल में राज्य का मुकाबला मध्यप्रदेश की टीम के साथ हुआ जो क्वाटरफायनल मुकाबले में पंजाब को 45–44 से हराकर पहुंची थी। राज्य की महिला फेंसर एरीबा बेन्नी, रुपाली साहू, मोनिका साह एवं तुलसी मानिकपुरी की सेना ने मध्यप्रदेश के किले को 45 39 से ध्वस्त करते हुए फायनल पहुंचकर स्वर्ण पदक के लिए अपनी दावेदारी हरियाणा की सशक्त टीम के सामने रखा। फाइनल में हुए मुकाबले राज्य के खिलाड़ियों न हरियाणा से 16 .45 से हार गए और रजत पदक से संतोष करना पड़ा एइसके पूर्व फेंसिंग में अब तक हुए नेशनल गेम्स में केवल पुरुष वर्ग के पदक आते रहें हैं पहली बार राज्य के नवोदित खिलाड़ियों ने रजत पदक राज्य की झोली में डाला। टीम के मुख्य कोच व्ही जॉनसन सोलोमन एवं अखिलेश दुबे टीम मैनेजर श्रीमती नौशीन खान थे। इसके साक्षी बने छत्तीसगढ़ ओलम्पिक एसोसिएशन के उपाध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी बशीर अहमद खान, चीफद मिशन मोहन, लाल प्रदेश फेंसिंग के कोषाध्यक्ष रामप्रताप गुप्ता उपस्थित थे।

# श्रीमद् भागवत कथा सुनने वालों की उमड़ी भीड़

**भिलाईनगर,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। भागवत कथा के तीसरा दिन वामन अवतार प्रसंग को श्रीमद् भागवत कथा के माध्यम से देवकी नंदन ठाकुर महाराज ने बताया की ऋषि के श्राप से राजा परीक्षित को तक्षक नाग के काटने से 7 दिनों में मृत्यु होना तय बताया तो राजा परीक्षित ने सुखदेव महाराज जी से प्रश्न किया कि मरते हुए आदमी को क्या करना चाहिए तब सुखदेव महाराज जी ने बताया कि अंत समय में प्राणी को श्रीमद् भागवत कथा एवं भगवान में पूर्ण समर्पण की भाव रखना चाहिए।उ उन्होनें आगे की कथा में महाराज जी ने बताया की बाय भाग से मनु एवं दाएं भाग से रानी सतरूपा का जन्म हुआ माता शतरूपा ने भगवान कपिल से प्रश्न किया कि, मन को स्थिर कैसे रखना चाहिए तब भगवान कपिल ने बताया भागवत नाम कथा जाप करने से और पूर्ण विश्वास रखने से मन को स्थित रखा जा सकता है। आगे की कथा में महाराज जी ने जन्म एवं मृत्यु के चक्र को बहुत ही सुंदर रूप से बताया है कि अन्न की प्रक्रिया खेत से उत्पन्न होती है उसी प्रकार मनुष्य का जीवन चक्र भी है इसलिए मनुष्य को बार बार जन्म मरण के फेर से बचने के लिए भागवत कथा का श्रवण करना चाहिए वह भी बाल्य काल से प्रारंभ करना चाहिए। जिसका लाभ जीवन में ज्यादा उपयोगी है। महाराज जी ने ध्रुव की कथा बताते हुए जब ध्रुव ने अपने पिता की गोद में बैठना चाहा तब उनकी छोटी मां ने पिता की गोद में बैठने नहीं दिया। तब छोटी मां ने ध्रुव को कहा कि अगर पिता की गोद में बैठना है तो तुम्हें मेरे कोख से जन्म लेना होगा। इस बात से दुखी होकर बालक ध्रुव अपनी मां के पास पहुंचकर रोते हुए बताया कि मेरी छोटी मां ने पिता के गोद पर बैठने नहीं दिया तब बालक ध्रुव की मां ने कहा कि तुम्हें बैठना ही है तो पिता की गोद में क्यों, तुम भगवान की गोद में बैठो, माता की बात सुनकर बालक ध्रुव ने वन की ओर प्रस्थान कर लिया। रास्ते में महर्षि नारद मुनि का भेट मुलाकात हुई तो नारद ने पूछा कि बालक तुम कहां जा रहे हो बालक ने बताया में भगवान की अराधना करने वा मिलने जा रहा हुं तब महर्षि नारद जी ने द्वादश मंत्र जाप करने के लिए कहा, तब बालक ध्रुव नारद मुनि के बताए अनुसार द्वादश मंत्र का जाप किया जिससे उन्हें छह माह में ही भगवान का दर्शन प्राप्त हुआ। महाराज जी ने कहा इस प्रकार ध्रुव को भगवान ने 36000 वर्ष का राज्य दीये अंत में बालक ध्रुव 36 000 हजार वर्ष राज करने के बाद भगवान के धाम को चले गए। कथा उपरांत महाराज जी ने सभी भक्तो से मिलकर उनके शंका समाधान का निवारण किया और पूजा पाठ के विधि के बारे में बताया, साथ ही गुरु दीक्षा प्रदान किए। आज की कथा में हजारों की संख्या में भक्त गण पहुंच कर कथा श्रवण किए तथा कथा समाप्ति उपरांत दिव्य ज्योति सेवा समिति द्वारा प्रसादी वितरण किया गया। श्रीमद् भागवत कथा के माध्यम से देवकी नंदन ठाकुर महाराज की कथा को सूनने के लिये प्रतिदिन भक्तों की भीड़ बढ़ रही है।



# नामांकन के आखिरी दिन निर्वाचन कार्यालय में रही गहमागहमी

**गरियाबंद,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। दूसरे चरण के विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन भरने के अंतिम दिन सोमवार को जिला मुख्यालय और निर्वाचन कार्यालय में काफी गहमागहमी रही। आखिरी दिन कांग्रेस, आप, शिवसेना, निर्दलीय सहित अन्य राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों ने अपना नामांकन भरा। इस दौरान कांग्रेस के दोनो प्रत्याशियो ने नामाकंन के पहले शक्ति प्रदर्शन करते हुए विशाल रैली निकाली। वही शिवसेना, आप, गोगपा और जोगी कांग्रेस के प्रत्याशी अपने समर्थको के साथ सामान्य रूप से नामांकन दाखिल करने पहुँचे। जानकारी के मुताबिक नामांकन के आखिरी दिन 12 प्रत्याशियो ने अपना नामांकन भरा। जिमसें राजिम विधानसभा के लिए आठ तथा बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा के लिए चार प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया।ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान के लिए नामांकन दाखिल करने के अंतिम तिथि 30 अक्टुबर थी। इस दिन तक जिले के दो विधानसभा के लिए कुल 21 प्रत्याशियो ने अपना दाखिल किया। वही कुल 35 नाम निर्देशन पत्र जमा किए गए।

जानकारी के मुताबिक इस बार भी जिले के राजिम विधानसभा में प्रत्याशियो की संख्या अधिक है। जबकि आरक्षित सीट बिन्द्रानवागढ़ में मात्र आठ ही प्रत्याशी मैदान में है। इसमें भाजपा से टिकट नही मिलने से बागी हुए भागीरथी मांझी भी शामिल है। मांझी ने आप से नामांकन भरा है। वही पहली बार जिले में भाजपा कांग्रेस के अलावा आप, शिवसेना, भारतीय शक्ति चेतना, गोड़वाना पार्टी ने भी दोनो विधानसभा में अपने प्रत्याशी उतारे है।

**भाजपा -कांग्रेस में सीधी टक्कर**

- कांग्रेस, आप, शिवसेना, निर्दलीय सहित अन्य दलों के प्रत्याशियों ने भरा नामांकन
- जिले के दो विस से 21 प्रत्याशी चुनावी मैदान में दोनों विस में कांग्रेस भाजपा के बीच सीधी टक्कर

नामांकन के आखिरी दिन के बाद जिले में चुनाव की तस्वीर भी साफ हो गई है। जिले के दोनो विधानसभा में कांग्रेस-भाजपा के बीच ही सीधी टक्कर होगी। अन्य दल भी मैदान में है लेकिन राजनीतिक इतिहास में इस विधानसभा में कांग्रेस भाजपा को छोड़ कोई भी अन्य दल ने कभी बहुमत हासिल नही किया। कांग्रेस से तो किसी भी बागी या किसी भी कांग्रेसी ने नामांकन नही भरा ना ही अन्य दल का रूख किया। वही भाजपा से बागी भागीरथी मांझी ने आप से नामांकन भर दिया है। पहले तक भाजपा उन्हे मना लेगी ऐसा माना जा रहा था लेकिन आखिरी दिन नामांकन भर दिया। कहा जा है कि भागीरथी मांझी का इस चुनाव में जीत की दहलीज तक पहुँचना तो बहुत मुश्किल है लेकिन वे भाजपा के वोट बैंक में सेंध लगाते हुए बड़ी संख्या में वोट काट सकते है।

**राजिम विधानसभा से ये है मैदान में -**

राजिम विधानसभा से रोहित साहू भाजपा, अमितेष शुक्ला कांग्रेस, तेजरा साहू आप, लोकेश कुमार साहू आप, संतोष कुमार साहू भारतीय शक्ति चेतना पार्टी, रोशन देवांगन लोकतंत्र कांग्रेस पार्टी, देवकरण साहू जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी, भूनेश्वर निषाद जनता कांग्रेस, आशिया बेगम गोड़वाना गणतंत्र पार्टी, गणेश सोनी शिवसेना, हिरेन्द्र कुमार धृतलहरे बसपा से तथा संतु ध्रुव व अशोक मिश्रा ने निर्दलीय नामांकन भरा है।

**बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा से ये है मैदान में**

गोवर्धन सिंह मांझी भाजपा, जनकराम ध्रुव कांग्रेस, युवराज नेताम कम्युनिष्ट पार्टी, भागीरथी मांझी आप, टीकम नागवंशी गोड़वाना गणतंत्र पार्टी, जीवनलाल ध्रुव भारतीय शक्ति चेतना पार्टी, सदाराम मरकाम आप तथा उत्तम कुमार मरकाम ने निर्दलीय नामांकन भरा है।

# विधायक किस्मत लाल नंद ने जोगी कांग्रेस से नामांकन दाखिल किया



**सरायपाली,** 30 अक्टूबर (देशबंधु)। अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित सरायपाली विधानसभा से जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जोगी के प्रत्याशी किस्मत लाल नंद ने नामांकन पत्र दाखिल करने के अंतिम दिन 30 अक्टूबर को रिटर्निंग अधिकारी ओंकारेश्वर सिंह के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किया सुबह से ही विधायक नंद के निवास और कार्यालय में लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा लगभग 150 गाड़ियों में सैकड़ों कार्यकर्ता किस्मत लाल नन्द के साथ जिला मुख्यालय महासमुन्द नामांकन दाखिल करने पहुंचे इस अवसर पर विधायकनंद ने कहा कि सरायपाली की जनता ने मेरे पांच वर्ष के कार्यकाल से भलीभांति परिचित हैं किसान, मजदूर, युवा, महिलाओं आमजनता के हितों के लिए लगातार संघर्ष कर रहा हूं और मुझे 2018 के चुनाव में जनता का स्नेह, आशीर्वाद, और समर्थन मिला इस चुनाव में भी जनता का समर्थन मुझे मिलेगा चुनाव एक जन आंदोलन है मुझे पूरा विश्वास है कि क्षेत्र की जनता फिर एक बार मेरा साथ देगी और मैं पहले की भांति क्षेत्र के विकास के लिए हर संभव प्रयास करता रहूंगा। बहरहाल सरायपाली विधानसभा में त्रिकोणीय मुकाबला है जिसमें जोगी कांग्रेस के प्रत्याशी किस्मत लाल नंद को जनता का अपार जनसमर्थन मिल रहा है भाजपा कांग्रेस दोनों दलों के लिए खतरे की घंटी साबित होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता सरायपाली विधानसभा में लगातार दो बार कोई व्यक्ति या दल चुनाव नहीं जीत सका है( उप चुनाव को छोड़ कर)अब यह देखना दिलचस्प रहेगा कि क्या किस्मत लाल नंद सरायपाली विधानसभा का तिलिस्म तोड़ पाते हैं या नहीं।

# प्रेस व राजनीतिक दलों की बैठक संपन्न

**बिलाईगढ़,** 30 अक्टूबर(देशबंधु)। कलेक्ट्रोरेट में शाम 6 बजे राजनीतिक दलों और मीडिया की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश भारद्वाज ने बताया कि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत जिले के विधानसभा क्षेत्रों के भवन, स्थल और नाम परिवर्तन के प्रस्तावों को निर्वाचन आयोग द्वारा अनुमोदन दिया गया है। छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन-2023 के लिए जिले से सम्बन्धित विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्रों के 8 भवन परिवर्तन के लिए राज्य निर्वाचन आयोग को प्रस्तावित किया गया था। निर्वाचन आयोग के अनुमोदन उपरांत भवन परिवर्तन में सारंगढ़-17 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के मतदान केंद्र क्रमांक-149 दानसरा-1 क.प्रा. शाला भवन दानसरा को हाईस्कूल दानसरा, ,मतदान केंद्र क्रमांक -149 दानसरा-2 क.मा. शाला भवन को हाईस्कूल दानसरा, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के मतदान केंद्र क्रमांक-168 सारंगढ़ ग्रामीण प्राथमिक शाला कुशलनगर को आंगनबाड़ी केन्द्र कुशलनगर, मतदान केंद्र क्रमांक-170 प्राथमिक शाला भवन रानीसागर को प्रा. शाला खैरहा एवं मतदान केंद्र क्रमांक-202 प्रा. शा. तेन्दुढार को प्रा. शा. सुरली किया गया है।

इसी क्रम में बिलाईगढ़-43 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के मतदान केंद्र क्रमांक-347 शा. प्रा. शाला भवन दुरुग को शा. उच्चतर मा. विद्यालय दुरुग, मतदान केंद्र क्रमांक-226 शा. प्रा. शाला भवन लिमतरी को अतिरिक्त कक्ष प्रा. शाला भवन लिमतरी एवं मतदान केंद्र क्रमांक-11 प्रा. शा. भवन कोटियाडीह को आदर्श शा. प्रा. शाला कोटियाडीह किया गया है। इस अवसर पर राजनीतिक दल के प्रतिनिधि और मीडियाकर्मी उपस्थित थे।

# नई सरकार को छत्तीसगढ़ के इन शिक्षकों के हितों का ध्यान रखा होगा : गोपी

**डोंगरगढ़,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन जिलाध्यक्ष ब्याख्याता गोपी वर्मा ने कहा कि प्रदेश में 1998 से लेकर 1 जुलाई 2018 तक लगभग 1लाख 60 हजार शिक्षक कार्यरत हैं प्रदेश में कार्यरत इन शिक्षकों ने अपनी सेवा अवधि की गणना प्रथम नियुक्ति से करते हुए पूर्ण पेंशन 20 वर्ष किए जाने की मांग लगातार करते आ रहे हैं ऐसे में 2023 में छत्तीसगढ़ में बनने वाली नई सरकार को छत्तीसगढ़ के इन शिक्षकों के हितों का ध्यान रखना होगा ।



वर्तमान में प्रदेश में 33 वर्ष की सेवा पूर्ण करने वालों को पूरी पेंशन दी जाती है जिसे संशोधित करते हुए केंद्र सरकार के समान 20 वर्ष करने की आवाज लगातार उठती रही है। ऐसे में एलबी संवर्गो के शिक्षकों को नियुक्ति तिथि से पेंशन ग्रेजुएटी अवकाश नगदीकरण समयमान क्रमोन्नती व सीजी जीपीएफ में इच्छानुसार अधिक राशि जमा करने जैसी मांगों को प्राथमिकता के आधार पर पूरी करनी होगी। गोपी वर्मा ने अपने सभी शिक्षक साथीयों को लोकतन्त्र में मतदान जैसे पुनित कार्य को ईमानदारी के साथ करने की विनम्र अपील की है। एसोसिएशन के प्रातीय महासचिव शैलेंद्र यदु जी प्रदेश संगठन सचिव राकेश तिवारी जिला सचिव जीवन वर्मा जिला कोषाध्यक्ष हंस कुमार मेश्राम जिला प्रवक्ता मनोज वर्मा जिला मीडिया प्रभारी देवेंद्र साहू जिला उपाध्यक्ष बृजेश वर्मा चंद्रिका यादव महेश ठाकुर ईश्वर मंडावी महासचिव संदीप साहू रतिराम कन्नौजे फ्लेश साहू महेश उईके जिला महामंत्री राजेश साहू विद्यानंद डोंगरे संतोष टेमरे कृष्णा यादव सुकालू राम वर्मा दानेश्वर लिल्हारे पंचशीला सहारे राजकुमारी जैन भारती साहू नीरज बाला डोंगरे सुरेंद्र कुमार सांडे आदित्य तिवारी ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश कुरैटी गिरीश हिरवानी मनीष पशीने अनिल शर्मा रामा वर्मा किशन देशमुख राजेश राजपूत चुम्मन देवांगन बृजभूषण राजपूत ने भी अपील की है।

# सारंगढ़ व बिलाईगढ़ विस के लिए 13-13 अभ्यर्थियों ने नामांकन जमा किया



**बिलाईगढ़** , 30 अक्टूबर (देशबंधु)। कलेक्टोरेट सारंगढ़ में सारंगढ़ विधानसभा-17 और बिलाईगढ़ विधानसभा-43 के लिए 13-13 अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र जमा किया।सारंगढ़ विधानसभा के अभ्यर्थी में नारायण रत्नाकर, उत्तरी जांगड़े, धनका निराला, शिवकुमारी सारधन चौहान, अजय कुर्रे, ललिता बघेल, रामकुमार अजगल्ले, देव कोशले मधुलाल सारथी, छबीलाल रात्रे, मनोज कुमार लहरे, शैलकुमार अजगल्ले, मनीन्दर निराला शामिल हैं। इसी प्रकार बिलाईगढ़ विधानसभा के अभ्यर्थियों में श्याम टंडन, संतोष सोनवानी, दिनेश जांगड़े, कविता प्राण लहरे, बुधराम रात्रे, रामेश्वर सोनवानी, फुलकुमारी जांगड़े, दादूराम प्रेमी, कपिल कुमार खटकर, ब्रम्हानंद मारकंडे, रेवालाल कुर्रे, अशोक कुमार धृतलहरे और आंचल निराला शामिल हैं।

## सारंगढ़ व बिलाईगढ़ विस के सभी प्रेक्षकों ने संयुक्त बैठक ली

**बिलाईगढ़,** 30 अक्टूबर (देशबंधु)। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में सारंगढ़ विधानसभा-17 के सामान्य प्रेक्षक श्री तापस राय (आईएएस), बिलाईगढ़ विधानसभा-43 के सामान्य प्रेक्षक श्री पवन कुमार (आईएएस), पुलिस प्रेक्षक राजेन्द्र कुमार मीणा (आईपीएस) और व्यय प्रेक्षक श्री रत्नेश कुमार सिंह (आईआरएएस) ने कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी और पुलिस अधीक्षक श्री आशुतोष सिंह की उपस्थिति में जिले के निर्वाचन सह नोडल अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने जिले के सामान्य जानकारी, निर्वाचन तैयारियों, व्यवस्था आदि के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर सामान्य प्रेक्षक श्री तापस राय ने कहा कि निर्वाचन के समाप्त होते तक सभी अपने ड्यूटी में सतर्क रहकर कार्य करते रहें। जब निर्वाचन कुशलपूर्वक समाप्त होगा तब चेहरे में स्वत: मुस्कान आएगा।

## मोहसिन बने विस बसना के प्रभारी

**सरायपाली,** 30 अक्टूबर। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अल्प संख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष अमीन मेमन ने छत्तीसगढ़ विधानसभा के मद्देनजर विधान सभा वार प्रभारियों को सूची जारी कर दी है जिसमे अल्प संख्यक कांग्रेस के प्रदेश सचिव मोहम्मद मोहसिन मेमन को बसना विधान सभा क्रमांक 40 की जिम्मेदारी मिली है मोहसिन ने अल्प संख्यक के प्रदेश अध्यक्ष अमीन मेमन और अल्प संख्यक के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवम राज्यसभा सांसद इमरान प्रापागढ़ी का दिल से आभार व्यक्त किया एवम इस विसय में मोहसिन मेमन ने आगे मीडिया से चर्चा के दौरान की कांग्रेस पार्टी कांग्रेस पार्टी नियम एवम रीति और भूपेश बघेल जी के अच्छे कार्यों ,सफल योजनाओं सफल नीति के कारण ही छत्तीसगढ़ में फिर से दुबारा छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बनाने का संकल्प लिया है।

# मरार समाज सामाजिक समागम का आयोजन

**पिथौरा,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। निरंतर समाज को प्रगति की ओर ले जाने मरार पटेल समाज के द्वारा एक विशेष मुहिम चलाई जा रही है जिसके माध्यम से गांव गांव में जा कर समाजिक जनों की सभा आयोजित किया जा रहा है। समाज को पूर्णतः शिक्षित करने समाज में नशामुक्ति का संकल्प लेने समाज को एकजुट करने का प्रयास मरार पटेल समाज पिथौरा परिक्षेत्र द्वारा किया जा रहा है। इसी क्रम में ग्राम बरतुंगा और ग्राम देवसराल में समाजिक समागम का आयोजन किया गया ।



कार्यक्रम की शुरुवात माता शांकभरी की पूजा-अर्चना कर किया गया जिसके बाद सभा की शुरुवात हुई ।जिसमें पटेल मरार समाज के आसपास के गांवों से समाजिक जन पहुंचें साथ गांव गांव में जा कर नशामुक्ति हेतु महिला समिति का गठन किया जा रहा है और साथ ही समाज में नशामुक्ति को लेकर विशेष पहल किया जा रहा है इस कार्यक्रम अन्य समाज का भी काफी समर्थन मिला रहा है । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मरार पटेल समाज पिथौरा के अध्यक्ष उत्तम पटेल ने समाज की महत्ता को बताते हुए कहा की समाज को एकजुट होकर गतिशील रूप से कार्य करना है चाहे शिक्षा के क्षेत्र में या फिर समाजिक गतिविधि के क्षेत्र में समाज के सभी सदस्यों और समाजिक जनों को सक्रिय रूप अपनी भागीदारी देनी होगी तब ही समाज आगे बढ़ेगा आप सभी के सहयोग की अपेक्षा रहेगी साथ ही समाज की नारीशक्ति को भी आगे आना होगा उनके अधिकार के लिए लड़ना होगा । वहीं सभा को संबोधित करते जिला महासचिव खेमराज पटेल ने कहा की समाज की सक्रिय भूमिका ही समाज की विशेष पहचान बनाएगी आप सभी सहयोग करेंगे तो हमारा समाज निरंतर प्रगति ओर जाएगा और समाज में हावी नशा से मुक्ति के लिए समाज को एकजुट होकर लड़ना होगा तब ही समाज में नशामुक्ति स्थापित होगा ।लीलाधर पटेल ने समाज पर जोर देते हुए समाज को शिक्षित करने समाजिकजनों को बताया साथ ही कहा की समाज तीन शब्द से मिलकर बना है स से संगठन और सहयोग म से मान सम्मान और ज से जनसेवा ये तीनों शब्द अगर साथ हो तो समाज का नाम अपनी ऊंचाइयों पर होगा । पूर्व जिलाध्यक्ष भगवान सिंह पटेल पूर्व अध्यक्ष गणेशराम पटेल उपाध्यक्ष लीलाधर पटेल उपाध्यक्ष घनश्याम पटेल कोषाध्यक्ष मोतीलाल पटेल सचिव हेमसिंह पटेल महामंत्री घनश्याम पटेल हेमराज पटेल मीडिया प्रभारी देव पटेल सुरेश पटेल मरार समाज के पदाधिकारीगण और समाजिक जन उपस्थित रहे।

# ग्रुप डांस प्रतियोगिता में सांवरिया ग्रुप प्रथम

**सरायपाली,** 30 अक्टूबर (देशबंधु)। कला और संस्कृति को संरक्षित एवं संवर्धित करने के उद्देश्य से रामचंडी दिवस के अवसर पर डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन बाबा बिशासहे कुल कोलता समाज कुल कार्यकारिणी संरक्षक हरिचरण प्रधान, अध्यक्ष गिरधारी साहू, महामंत्री मथामणि बढ़ाई, सचिव ललित साहू आदि की उपस्थिति में माँ रामचंडी की पूजा अर्चना के साथ किया गया । प्रतियोगिता का परिणाम घोषित करते हुए मथामणी बढ़ाई ने बताया कि सामूहिक नृत्य में प्रथम स्थान सांवरिया डांस ग्ररुप सलखंड, द्वितीय स्थान भोला डांस ग्ररुप रायगढ़, तृतीय स्थान जय मां विंध्यवासिनी डांस ग्ररुप राजा सवैया, चतुर्थ स्थान लिटिल स्टार डांस ग्ररुप सोनामुन्दी, पंचम स्थान यंग बॉयज खैरजुड़ी की टीम रही। युगल नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम कौशल लक्ष्मी पटेवा, द्वितीय छोटू गोलू धमतरी, तृतीय मेनका राखी संबलपुरी, चतुर्थ टू गोल्डन बॉयज खैरमाल, पंचम पूनम जागृति सोनामुंदी,



एकल नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम सूरज निषाद झलप, द्वितीय जीवन साहू महासमुंद, तृतीय प्राची साहू अर्जुंडा, चतुर्थ प्रेमलता साहू पिथौरा और पंचम स्थान विक्की बादशाह रायतुम ने हासिल की। प्रतियोगिता को सफल बनाने में निर्णायक संजय प्रधान, संदीप साहू एवं लक्ष्मीधर प्रधान। कार्यक्रम संयोजक विवेकानंद बेहेरा, प्रकाश प्रधान,अजय प्रधान, गौरांग बेहेरा, संचालकगण प्रेमानंद भोई, निलमणी प्रधान, प्रमित साहू, नरेंद्र साहू आदि का विशेष योगदान रहा। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी कमलेश साहू ने दी।

## प्रादेशिकी का शेष...

### वरिष्ठ नागरिकों ने सुमधुर ...

कार्यक्रम पश्चात सभी वरिष्ठ जनों को खीर वितरित की गई ।इस अवसर पर संतोष खरेएजी एस बंजारे, साहेब सिंह, सहाय, सुधीर पाटणकर, विजय गजवानी, अजय जाधव, गुरु प्रसाद, श्याम राठी, रविन्द्र राठी, श्याम लाल साहू, रमेश साहू, राम पांडेय,साहेब सिंह, किरण श्रीवास्तव, निशा अवस्थी, शशिप्रभा गुप्ता, श्रीमती बैनर्जी एवं बड़ी संख्या में वरिष्ठ नागरिक उपस्थित थे।

### वसुदैव कौटुम्बकम हमारा ...

गोस्वामी और महाविद्यालय के अन्य विभाग के प्राध्यापकगण एवं शोधार्थीगण और विद्यार्थीगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन डॉ. संजू सिन्हा ने किया।

### डोंगरगढ़ विनोद के ..

हुए कांग्रेस के हर कार्यक्रम में अपनी सहभागिता देती रही है यही कारण रहा की उनकी सक्रियता को देखते हुए कांग्रेस ने रनिंग विधायक भुवनेश्वर की टिकट काटकर श्रीमती हर्षित बघेल को टिकट देकर उपकृत किया है और कांग्रेस जीत के प्रति आश्वस्त भी।क्योंकि कहीं ना कहीं महिला होने के साथ-साथ वह उस राजनीतिक पृष्ठभूमि से आती है जहां उनके परिजन एक समय मंत्रिमंडल में अपनी खासी पैठ बनाकर कृषि और पशुपालन के दायित्व का निर्वहन करते रहे हैं। क्षेत्र की जनता के लिए श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल एक फ्रेश चेहरे के रूप में देखी जा रही है और कहीं ना कहीं महिला और अनुसूचित जाति खासकर सतनामी समाज के लोगों के बीच में एकजुट वोटो पर अपनी पकड़ को बनाकर रखने में कामयाब हो सकती है ।तब जब भीतरघात की स्थितियों को अपने ही पार्टी के लोगों से बचा कर रखने मे सफल हो पाएंगे कहीं ना कहीं इस बात को लेकर चर्चा सरगर्म है कि कतिपय व्योवृद्ध सामाजिक नेताओं का अगर विरोध में कार्य करने वाले लोगों का नुकसान हर्षिता बघेल तक नहीं पहुंचे तो कांग्रेस के लिए यह सीट बचा पाना कोई कठिन युक्ति नहीं होगी कांग्रेस पार्टी के जिन नेताओं को जिम्मेदारी मिली है उन नेताओं के सामने भी अपने वजूद को बनाए रखना भी किसी चुनौती से कम नहीं है यही कारण है कि डोंगरगढ़ के कांग्रेस के चर्चित नेता जो मुख्यमंत्री निवास तक अपनी दखल रखते हैं उन्हें भी अपनी सांख बचाने की चिंता मतगणना तक जरूर रहेगी और अगर सकारात्मक परिणाम आए तो निश्चित रूप से फिर से परचम लहराएगा और नहीं तो कहीं ऐसा ना हो जाए की जो चमक दिख रही है उसमें भी कहीं फीकापन होने की गुंजाइश और गर्दिश के बादल मंडराने से भी इंकार नहीं किया जा सकता। बहरहाल क्षेत्र की तासीर को देखने पर ऐसा लगता है की कांग्रेस की स्थिति अब तक बेहतर ही नजर आ रही है पर राजनीति मे कब क्या हो जाए इसका सफल आंकलन करना मुश्किल ही होता है।

# गरबा के बाद अब सुआ नृत्य की धूम



**गरियाबंद,** 30 अक्टूबर। नगर में दीपावली के पहले ही सुआ नृत्य की हलचल शुरू हो चुकी है। सुबह से घरों में सुआ नृत्य के लिए बालिकाओं की टोली दस्तक दे रही है। रोजाना गली मोहल्लो में छोटे छोटे बच्चियो की टोलिया सुआ नृत्य के निकल रही है। जिससे इस पर्व की रौनकता बढ़ती जा रही है। ज्ञात हो कि दीपावली नजदीक आते ही गांवो में ता नारी ना मोर सुआ वो की गीत गूंजने लगती है। केवल महिलाएं ही नहीं छोटी- छोटी बालिकाएं भी साड़ियां पहनकर गांवों के घरों में सुआ नाचने निकल पड़ते है। ऐसा ही नजारा हफ्तेभर से जिला मुख्यालय के साथ ही आसपास के अंचल में देखने को मिल रहा है। छोटे बच्चियो की टोलिया साड़िया पहन कर घरो और दुकानो के सामने सुआ नृत्य की मनमोहन प्रस्तुती देते नजर आ रहे है। शिव-पार्वती, राम-सीता सहित अन्य देवी देवताओ के भक्ति गीत बच्चे अपने मधुर और कोकिल आवाज में गा रहे है। जिसका सभी लुफ्त उठा रहे है। बच्चियां गीत के माध्यम से गांव के देवी देवताओ को याद कर खुशहाली की कामना कर रहे हैं। जिसके चलते सुआ नृत्य करने आई बच्चियो और महिलाओं को यथायोग्य उपहार देकर ससम्मान विदा कर रहे है।

# जीत के प्रति आश्वस्त डॉ. शिवकुमार डहरिया ने आरंग से भरा नामांकन

**आरंग,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रदेश के नगरीय प्रशासन विकास एवं श्रम मंत्री तथा आरंग विधानसभा से कांग्रेस के प्रत्याशी डॉ.शिवकुमार डहरिया ने आज रायपुर कलेक्ट्रेट में हजारों कार्यकर्ताओ के साथ जाकर अपना नामांकन दाखिल किया।नामांकन दाखिल करने के बाद डॉ.डहरिया अपनी जीत के प्रति आश्वस्त दिखे।उन्होंने कहा कि पिछले 5 सालों में कांग्रेस ने पूरे प्रदेश में जो काम किया है उन्ही कामों को लेकर हम जनता से आशीर्वाद लेने जाएंगे।आरंग विधानसभा क्षेत्र की जनता ने मुझे जो प्यार और आशीर्वाद दिया है उसकी मैं कल्पना नहीं कर सकता था।क्षेत्र के विकास में जो भी संभव हो पाया मैंने और मेरी कांग्रेस सरकार ने किया है।भाजपा के पिछले 15 सालों की तुलना में दो साल कोरोना काल के बीच हमने इन 5 सालों में सबसे बेहतर कार्य किया है। इस बार भी प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनेगी और 75 सीटों से ज्यादा हमारे विधायक जीत कर आएंगे। नामांकन के दौरान उनकी पत्नी शकुन डहरिया,कांग्रेस जिलाध्यक्ष ऊधोराम वर्मा,ब्लॉक कांग्रेस कमेटी आरंग के अध्यक्ष कोमल साहू, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रशेखर चंद्राकर , द्वारिका साहू , मुरारी यादव,खिलेश देवांगन,दिनेश ठाकुर,ओमप्रकाश यादव ,रामधनी वर्मा ,केसरी मोहन साहू, अनीता थानसिंग, माखन कुर्रे, संजय चेलक, पिंटू कुर्रे,शेखर साहू, पिंटू निर्मलकर,शहर अध्यक्ष भारती देवांगन, शिव साहू,लक्ष्मीनारायण लोधी,सुनील बंधे,रेखराम पात्रे,भगवती धुरंधर,जोइधा साहू,ईश्वर जॉगलेकर,धन्ना साहू,चंद्रप्रकाश साहू, सौरभ चंद्राकर,अब्दुल क़ादिर सभी पार्षद गण सभी प्रकोष्ठ के पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के समस्त पदाधिकारी और क्षेत्र के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## निर्वाचन व्यय मानिटरिंग हेतु अतिरिक्त उड़नदस्ता दल का गठन

**बेमेतरा,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं ज़िला निर्वाचन अधिकारी श्री पदुम सिंह एल्मा ने विधानसभा निर्वाचन 2023 से संबंधित निर्वाचन व्यय मानिटरिंग हेतु विधानसभा क्षेत्रवार अतिरिक्त उड़नदस्ता दल (एफ़एसटी) का गठन किया है विधानसभा क्षेत्र 68 साजा के लिए प्रधानापाठक प्रा.शा. करमतरा श्री चंदसेन पाटिल संबंधित थाना के चार पुलिस बल और एक वीडियोग्राफ़र। विधानसभा क्षेत्र 70 नवागढ श्री रूद्र प्रताप सिंह, सहायक अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी पुलिस बल एक चार संबंधित थाना और वीडियोग्राफ़र।



# जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्र के लिए 56 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किये

**बेमेतरा,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा सामान्य निर्वाचन. 2023 के आज 30 अक्टूबर 2023 ( सोमवार) को नामांकन पत्र के अन्तिम दिन जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्र के लिए दिनांक 21 अक्टूबर 2023 से शुरूआत से आज सोमवार अन्तिम दिन तक कुल 56 प्रत्याशियों ने ने नामांकन पत्र दाखिल किये । विधानसभा क्षेत्र 68 साजा से 16 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र जमा किये ।

विधानसभा क्षेत्र 68 साजा से श्री ईश्वर साहू (भाजपा) श्री डोनमनदास धृतलहरे (जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़) श्री रविन्द्र चौबे (इंडियन नेशनल कांग्रेस) श्री वीर वर्मा (आम आदमी पार्टी) श्री चन्द्र कुमार गेन्ड्रे, (सर्वधर्म पार्टी) श्री राजेन्द्र पटेल, ( जोहार छत्तीसगढ़) श्री कुमार गायकवाड़ (गण सुरक्षा पार्टी) श्री लक्ष्मी नारायण साहू, (भरतीय शक्ति चेताना पार्टी) श्री अशोक जैन, श्री ओम प्रकाश चतुर्वेदी, श्री दीपक कुमार रात्रे, श्री निखिलेश साहू, श्री मंशाराम, श्री सतीश सिंह राजपूत, श्री सुनील कुमार, श्री संजीव अग्रवाल ने नामांकन पत्र जमा किये।

**■ सबसे अधिक बेमेतरा विधानसभा से 21 उम्मीदवारों ने नामांकन जमा किए**

इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 69 बेमेतरा से 21 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र जमा किये। उनमे श्री आशीष छाबडा, ( इंडियन नेशनल कांग्रेस) श्री दीपेश कुमार साहू (भाजपा) श्री संजीव अग्रवाल, श्री अर्जुन सिंह ठाकुर, सुश्री रूखमणी निषाद (जोहार छत्तीसगढ़) श्री जितेन्द्र नौरंगें, श्री गोपाल कुर्रे, ( बलीराजा पार्टी) श्री प्रमोद कुमार साहू (आम आदमी पार्टी ) श्री चंद्रभान साह (भारतीय शक्ति चेतना पार्टी) श्री उमाशंकर यादव (गोडवाना गणतंत्र पार्टी) श्री दरवन सिंह वर्मा, श्री बहलसिंह वर्मा, (जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़) श्री मनमोहन ठाकुर, श्री बिरेन्द्र कुमार बंजारें (आंबेडकराईट पार्टी आफ इंडिया) श्री गिरधारी देवांगन( समाजवादी पार्टी) तिलबाई साहू( राष्ट्रवादी भारत पार्टी) श्री प्रशून शुक्ला, ( आज़ाद जानता पार्टी) श्री भूनेश्वर गन, (सर्व धर्म पार्टी) श्री सुखदेव टंडन, ( राष्ट्रीय जनसभा पार्टी) श्री रोहित सिन्हा, श्री सुशील कोसले ने नामांकन पत्र जमा कियें।

विधानसभा क्षेत्र 70 नवागढ़ से 19 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र जमा किये। उनमें श्री दयालदास बधेल (भाजपा) श्री गुरू रूद्र कुमार (इंडियन नेशनल कांग्रेस)वि श्रीमती भारती गंधर्व (राष्ट्रीवादी भारती पार्टी ) श्री गणिशंकर दिवाकर (भक्ति सेना) श्री सनत कुमार (सर्वधर्म पार्टी ) श्री ओमप्रकाश वाजपेयी (बहुजन समाज पार्टी ) श्री जितेन्द्र कुमार लहरे (जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी ) श्री भानुप्रताप चतुर्वेदी श्री कांशीराम बांधेए,श्री राजेश धृतलहरे, श्री भरत लाल पाटले (समाजवाद पाटी) शेष नारायण कुर्रे (जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़) श्री नैनदास गायकवाड़, श्री बुधारूराम, श्री अंजोरदास धृतलहरे, श्री दीपचन्द जोशी, श्री अविनाश धृतलहर, श्री ईश्वर दास, श्री विनायक पनिक ने नामाकन पत्र जमा किये।

नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा 31 अक्टूबर 2023 (मंगलवार) और नाम वापसी की अन्तिम तारीख 02 नवम्बर 2023 (गुरूवार) तक है।

## बेतर उमरिया चेक पोस्ट पर चेकिंग के दौरान 2 लाख 30 हजार सहित वाहन जप्त

**बेमेतरा,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। आगामी विधान सभा चुनाव के लिये आदर्श आचार सहिता लगने के बाद बेमेतरा जिले में भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश पर स्वतंत्र, निष्पक्ष, शान्ति पूर्ण एवं पारदर्शिता के साथ निर्वाचन कार्य संपादित करने के लिए स्स्ञ्ज एवं स्नस्ञ्ज निगरानी टीम का गठन किया गया है। आगामी विधान सभा चुनाव के लिये आदर्श आचार सहिता लगने के बाद स्थानीय स्तर पर तैयारी की गई है।



जिले के कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता (भा.पु.से.) के निर्देशन में जिले के विभिन्न मार्गो में स्स्ञ्ज/स्नस्ञ्ज निगरानी टीम का गठन किया गया है स्स्ञ्ज निगरानी टीम जो चेक पोस्ट में 24 घंटे तैनात हैं विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्स्ञ्ज/स्नस्ञ्ज निगरानी टीम का गठन किया गया है।

निगरानी टीम ने पुलिस चौकी खण्डसरा क्षेत्रांतर्गत बेमेतरा कवर्धा मार्ग पर स्थित बेतर उमरिया चेक पोस्ट/बैरियर पर कार्यवाही की गई है। स्स्ञ्ज निगरानी टीम ने बेमेतरा कवर्धा मार्ग बेतर उमरिया चेक पोस्ट/नाका पर वाहन चेकिंग के दौरान कवर्धा तरफ से आ रही आर्टिका वाहन क्रमांक ष्ट्त्र 09 छ्वह्र 2077 में जांच के दौरान 02 लाख 30 हजार रूपये मिला, उक्त रकम वाहन के चालक चंद्रशेखर चंद्राकर पता ग्राम बिसनपुरा चौकी दशरंगपुर एवं साथी चंद्रपाल चंद्राकर ग्राम पेंड्री थाना दाढी जिला बेमेतरा से मौके पर उक्त रकम के संबंध में पुछताछ करने पर किसी प्रकार का वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर 02 लाख 30 हजार रूपये एवं आर्टिका वाहन क्रमांक ष्ट्त्र 09 छ्वह्र 2077 कीमती 12 लाख रूपये को जप्त किया गया हैं। इस दौरान स्स्ञ्ज निगरानी टीम प्रभारी नागेन्द्र कुमार वर्मा, प्रधान आरक्षक शिवकुमार बंजारे, आरक्षक प्रदीप ठाकुर, कोटवार आनंद गंधर्व व चौकी खण्डसरा से सउनि गुहाराम वारे, आरक्षक चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी एवं अन्य अधि./कर्म. उपस्थित रहे।



**बेमेतरा, 30** अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक69 बेमेतरा से बीजेपी से घोषित प्रत्याशी दीपेश साहू ने आज नामांकन के अंतिम दिन भरा नामांकन

## लालपुर के दो आरोपियों को अवैध रूप से शराब परिवहन करते पुलिस ने किया गिरफ्तार

**खैरागढ़,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले के एसपी अंकिता शर्मा के निर्देशन में एएसपी नेहा पांडे,एसडीओपी लालचंद मोहले के मार्गदर्शन में जिले में लगातार अवैध रूप से शराब व जुआ सट्टा पर अभियान चलाया जा रहा है। 28 अक्टूबर को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने रेड कार्यवाही कर आरोपी महेंद्र कुमार कोसरे पिता राजू कोसरे उम्र 27 वर्ष सुधीर कुमार कोसरे पिता राजू कोसरे उम्र 25 वर्ष दोनो आरोपी निवासी वार्ड क्रमांक 10 लालपुर थाना खैरागढ़ जिला केसीजी का रहने वाला है। आरोपी के पास से मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 08 ए एक्स 7456 में अवैध रूप से शराब परिवहन करते रंगे हाथ पकड़ा



गया आरोपीगणों के कब्जे से एक बैंगनी रंग के बैग में रखे 40 पौवा देशी प्लेन शराब कीमत 3200 रुपए शराब परिवहन करने में प्रयुक्त मोटर साइकिल को पुलिस ने जप्त कर आरोपीगणों के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश देवदास, सहायक उपनिरीक्षक कोमल मिंज, आरक्षक ईश्वरी साहू, शैलेंद्र पटेल, प्रदीप यादव, विजय कुर्रे महिला आरक्षक धनेश्वरी ठाकुर का सरहानीय योगदान रहा।

## ज़िले की तीनों विधानसभा निर्वाचन के लिए नारायणन टी बनाये गये पुलिस प्रेक्षक

**बेमेतरा,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2023 के लिए बेमेतरा ज़िले की तीनों विधानसभा क्षेत्र क्रमांक - 68 साजा, 69 बेमेतरा और 70 नवागढ़ हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा पुलिस प्रेक्षक (ऑब्जर्वर) के तौर पर श्री नारायणन टी बैच 2011 की नियुक्ति की गई है। पुलिस प्रेक्षक श्री नारायणन टी 29 अक्टूबर (रविवार) को बेमेतरा आ चुके है। प्रेक्षक श्री नारायणन टी की ज़िला मुख्यालय स्थित लोक निर्माण विभाग के सर्किट हाउस बेरला रोड में रूकने की व्यवस्था की गई है। श्री नारायणन टी प्रत्याशी/राजनीतिक दल और आम जनता से मुलाकात के लिए प्रतिदिन शाम 6ः00 बजे से 7ः00 बजे (एक घंटा) तक इसी सर्किट हाउस के सभाहाल में उपलब्ध रहेंगे। पुलिस प्रेक्षक श्री नारायणन टी का मोबाइल नम्बर 7587016560 है।

## भाजपा निर्वाचन में धार्मिक उन्माद फैलाने के काम कर रहीः कांग्रेस

**रायपुर,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 स्वच्छ और निष्पक्ष संपन्न हो यह सभी की मंशा है इसके विपरीत बीजेपी छत्तीसगढ़ में मुद्दों के अभाव में है और भूपेश बघेल जी की नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार की जनहित योजनाओं से बौखलाई हुई है वह अपने राजनीतिक असफलता छुपाने के लिए आचार संहिता का उल्लंघन करते हुए कांग्रेस पर सत्ता का दुरुपयोग करने का बेबुनियाद हास्यास्पद आरोप लगा रही है।

जिसके लिए कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल प्रदेश प्रवक्ता रूपेश दुबे, शहर महामंत्री झम्मन देवांगन, शहर प्रवक्ता महेंद्र शर्मा, स महामंत्री अतुल शर्मा ने प्रेषक से मिल कर भाजपा द्वारा धार्मिक भावना को आहत करने वाले तथ्यों व प्रमाण सहित शिकायत प्रस्तुत की है।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने बताया कि भाजपा आम जनता के मुद्दो से कोसों दूर है और अब वह मात्र धार्मिक उन्माद फैलाने के लिए कार्य करने पर आमदा होते हुए प्रोपोगोंडा की राजनीतिक कर रही है लगातार शहर में कांग्रेस के झंडे बैनर निकालने की घटनाएं हो रही है किसी भी घटना को राजनीति से जोड़ने का भाजपाई खेल के कारण लोकतांत्रिक व्यवस्था भी कलंकित होने के कगार पर आ गई है। संस्कारधानी राजनांदगांव के संस्कार के विपरीत भाजपा मात्र चुनावी लाभ लेने के लिए वोट की राजनीति के लिए यह सब खेल खेल रही है उस पर अंकुश लगाया जाना आवश्यक है अत: निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक महोदय के समक्ष प्रमाण सहित शिकायत कर कार्रवाई की मांग की गई है।

## कांग्रेस प्रत्याशी संगीता सिन्हा बड़े बुजुर्गों का ले रही आशीर्वाद

**गुरुर,** 30 अक्टूबर (देशबंधु)। चुनाव की तारीख जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है, वैसे-वैसे ही कांग्रेस-भाजपा सहित अन्य पार्टियों द्वारा तेजी से प्रचार प्रसार किया जा रहा है।



कांग्रेस से अधिकृत प्रत्याशी संगीता सिन्हा भी गांव-गांव में पहुंचकर बड़े बुजुर्गों का एवं वरिष्ठों से आशीर्वाद ले रही है, अपने विधायकी कार्यकाल में किए हुए विकास कार्य एवं कांग्रेस सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी देकर विधानसभा के अलावा राज्य में फिर से कांग्रेस की सरकार बनाने के लिए अपील कर रही है, जहां सभी जगह संगीता सिन्हा को समर्थन मिल रहा है।

ग्राम उसरवारा, नवागाँव, बालोदगहन, दरगहन, बागतराई शाहित अन्य गांव में जनसंपर्क अभियान के दौरान विधायक संगीता सिन्हा ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने लगातार किसानो, आम नागरिकों एवं सभी वर्ग के लिए योजनाएं बनाकर सभी क्षेत्र में विकास किया है।

## मां गंगा मैया मंदिर में पूजा अर्चना के बाद मीना सत्येंद्र साहू ने भरा नामांकन



**गुरुर,** 30 अक्टूबर (देशबंधु)। सोमवार को निर्दलीय प्रत्याशी मीना साहू की नामांकन रैली जबरदस्त रही, गुरुर साहू सदन से निकली नामांकन रैली मीना साहू की पहली शक्ति परीक्षण थी ,जिसमें भाजपा और कांग्रेस की भीड़ से ज्यादा भीड़ उमड़ी , लोग स्वस्फूर्त होकर सिर्फ सूचना पाकर अपने-अपने संसाधनों से रैली में शामिल होने पहुंचे ,रैली ने जब बालोद शहर का भ्रमण किया तो घरों के सामने लोगों का हुजूम देखते ही बन रहा था। कई जगहों पर तो लोग मीना को आशीर्वाद देते हुए भी नजर आए।

## छोटे भाई के पक्ष में निकले पूर्व विधायक राजा योगेश्वर राज सिंह

**सहसपुर लोहारा,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। कवर्धा विधानसभा का चुनाव अपने उफान पर आ चूका है। आम आदमी पार्टी ने कवर्धा विधानसभा क्षेत्र से सहसपुर लोहारा राजपरिवार के सदस्य एवं ईमानदार छवि के राजा खड़गराज सिंह को मैदान में उतार कर अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज करा रही है।आम आदमी पार्टी ने जहाँ बड़ी सभाओ रैलियों से किनारा कर गांव, मोहल्ला में बैठक और जनसम्पर्क कर इस विधानसभा क्षेत्र के हर गांव में अपनी जबरदस्त उपस्थिति दर्ज करा दी है। जहाँ राजा खड़ग राज सिंह, उनकी धर्म पत्नी एवं आम आदमी पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष रानी आकांक्षा देवी सिंह, राजा खड़ग राज सिंह की बहन गांव गांव घर घर पहुंचकर लोगो से समर्थन मांग रहे है और उनका जिस प्रकार से आत्मीय स्वागत किया जा रहा उससे साफ है की उन्हें लोगो का भारी समर्थन भी मिल रहा है। अब राजा खड़गराज



सिंह को उनके बड़े भाई एवं पूर्व कवर्धा विधायक राजा योगेश्वर राज सिंह का भी खुला समर्थन प्राप्त हो गया है। जिन्होंने अपने छोटे भाई के लिए प्रचार में निकलते हुए पिपरिया क्षेत्र के बारदी, सोनबरसा, सारंगपुर गांव पहुंचकर अपने समर्थको एवं ग्रामीणों से आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी राजा खड़गराज सिंह के समर्थन में मतदान करने की अपील की जिसका भारी असर गांव में दिखाई दें रहा है । कवर्धा राजा योगेश्वर राज सिंह का इस जिले में आज भी हर गांव में उनके समर्थक मौजूद है और जिस प्रकार से वो अपनी राजनितिक प्रतिब्धता को किनारे कर अपने छोटे भाई के लिए गांव पहुंचकर लोगो से समर्थन मांग रहे उससे निश्चित रूप से आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी की ताकत बढ़ेगी जिसका चुनाव परिणाम में व्यापक असर भी पड़ेगा। जिस प्रकार से लोहारा राज परिवार और कवर्धा राज परिवार जमीन में उतर कर लोगो से वोट देने की अपील कर रहे है उसका अच्छा खासा असर मतदाताओं में देखने को मिल रहा है।

## अवैध शराब, शांति भंग करने वालों पर कार्यवाही,आरोपियों को भेजा जेल

**■ अवैध कार्यों में लिप्त लोगों को बख्सा नही जाएगा:थाना प्रभारी सिंह**

**दल्लीराजहरा,**30 अक्टुबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव के मद्देनजर जिला पुलिस अधीक्षक डॉ जितेंद्र कुमार यादव के निर्देश में अतरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार नायक व नगर पुलिस अधीक्षक राजेश बागड़े के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी मुकेश सिहं पुलिस स्टाफ के साथ क्षेत्र में अवैध शराब बिक्रि,जुआ,सट्टा व अशांति फैलाने वाले बदमाशों पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही के साथ गुंडा फरार स्थायी वारंटियों पर सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वालों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है।इसी के तहत आरोपी भुनेश्वर निर्मलकर उम्र 55 वार्ड क्र0 13 व नूतन कुमार



ठाकुर वार्ड क्र0 16 कोण्डे पावर हाउस के पास से अवैध शराब 2.700 ब्लाक लीटर जप्त कर आरोपी के विरूद्ध 34)1) क ख आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया। इसी प्रकार नगर मोहल्ले में मारपीट शांति भंग करने वाले राकेश कुमार यादव 21 वर्ष वार्ड क्र0 15 भगोली पारा जागेश्वर साहू 19 वर्ष निवासी खर्रा थाना गुरूर के विरूद्ध धारा 151 107,16 (3) के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर जेल दाखिल किया गया। इसी के साथ नगर में शाति व्यवस्था बने रहे,थाना प्रभारी मुकेश सिंह अपने दल बल सहित नगर के अलग अलग मोहल्ले सार्वजनिक स्थानों पर शराब का सेवन करने वाले आरोपियों को गिराफ्तार कर लगातार कार्यवाही किया जा रहा है,जिससे नगर में शांति यवस्था के साथ अवैध कार्यों में अंकुश लगा है। थाना प्रभारी मुकेश सिंह ने देशबन्धु से कहा की अवैध कार्यों में लिप्त लोगों को बख्सा नही जाएगा। आगे भी अवैध कार्यों पर लिप्त लोगों पर निरंतर कार्यवाही अभियान पुलिस विभाग द्वारा किया जाएगा।

## ज़िले के तीनों विधानसभा के लिए संगवारी, आदर्श व दिव्यांग और युवा मतदान केंद्रों की सूची जारी

**बेमेतरा,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री पदुम सिंह एल्मा के अनुमोदन के बाद उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने आज जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र में 5-5 आदर्श मतदान केन्द्र, 10-10 संगवारी मतदान केन्द्र बनाये जायेंगे। इसी प्रकार एक-एक युवा मतदान और दिव्यांग मतदान केन्द्र की सूची जारी कर दी है ।

विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 68 साजा में 10 संगवारी मतदान केंद्र इस प्रकार है - मतदान केन्द्र क्रमांक व नाम 32 - खम्हरिया, कन्या प्रा.शा. भवन, खम्हरिया, 33 - खम्हरिया,कन्या प्रा. शा. भवन, खम्हरिया, 34 - खम्हरिया,महात्मा गांधी उच्च मा.शा. भवन, खम्हरिया, 130 - साजा,उ.मा.शा. भवन, साजा,131 - साजा,उ.मा.शा. भवन, साजा, 132 - साजा,स्वामी आत्मानंद विद्यालय, साजा, 177 परपोर्ट, शा. बालक प्रा.शा. भवन, परपोड़ी, 178 - परपोड़ी, शासकीय नवीन महाविद्यालय, परपोड़ी, 192- देवकर,स्वामी आत्मानंद स्कूल भवन, देवकर, 193 - देवकर,स्वामी आत्मानंद स्कूल भवन, देवकर बनाये गये हैं।

इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र 69 बेमेतरा के मतदान क्रमांक 11- पिकरी, प्रा. शा. भवन पश्चिम पिकरी, 14- बेमेतरा,स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय बेमेतरा, 31- सिंघौरी, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय सिंघौरी, 37- बावामोहतरा, प्रा. शा. भवन बावामोहतरा, 51 - जेवरा, प्रा.शा. भवन, जेवरा, 69- बेमेतरा, 61- कठिया, प्रा शा भवन पश्चिम भाग कठिया, 107 - देवरबीजा, स्वामी आत्मानंद शा.बालक पूर्व माध्य. शा. भवन देवरबीजा, 186 - कुसमी,शासकीय बालक पूर्व माध्य. शाला भवन कुसमी, 235- भिंगौरी,प्रा. शा. भवन, भिंभौरी और 193 - बेरला ख शास.कन्या पू.मा.शा. भवन (पश्चिम दिशा)बेरला संगवारी मतदान केंद्र बनाये गए है।

वही विधानसभा क्षेत्र 70 नवागढ़ के मतदान केंद्र क्रमांक 3 - मारो, उ.मा.शा. भवन, मारो, 4- मारो, प्रा. शा. भवन, मारो 26- नांदघाट, शास. पूर्व मा.शा. भवन, नांदघाट,73 - सम्बलपुर, प्रा. शा. भवन सम्बलपुर,150 - नवागढ़, शास.कन्या उ.मा.शा. भवन नवागढ, 70- नवागढ़,155- नवागढ, शास.कन्या उ.मा.शा. भवन नवागढ,158 - झाल,शा. हायर सेकेण्डरी स्कूल झाल,212-दाढ़ी,उ.मा.शा. भवन, दाढी, 213-दाढी, उ.मा.शा. भवन, दाढी और 269 - खण्डसरा,

प्रा. शा. भवन, खण्डसरा संगवारी मतदान केंद्र होंगे।

जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्रों में एक-एक दिव्यांग मतदान केंद्र विधानसभा क्षेत्र 68 - साजा का मतदान केंद्र क्रमांक 13- सैगोना, पू.मा.शा. भवन, सैगोना, विधानसभा क्षेत्र 69- बेमेतरा का मतदान केंद्र 15- बेमेतरा स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय बेमेतरा और 70- नवागढ़ का मतदान केंद्र 103 गोड़ीकला - शा. हाई स्कूल भवन गोड़ीकला होगा। इसी प्रकार तीनों विधानसभा में युवा मतदान केन्द्र विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 68 - साजा का मतदान केंद्र 152 - भरदालोधी, प्रा. शा. भवन, भरदालोधी, 69 - बेमेतरा का 32- कोरिया शा.पं.ज.ला.ने. कला विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय, बेमेतरा और 70, नवागढ़ का केंद्र क्रमांक 166 प्रतापपुर, पू.मा.शा. भवन प्रतापपुर होगा।

जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्र में 5-5 आदर्श मतदान केंद्रों की सूची भी जारी कर दी है- विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 68 साजा में मतदान केंद्र क्रमांक 32- खम्हरिया,कन्या प्रा. शा. भवन, खम्हरिया। 33- खम्हरिया, कन्या प्रा.शा. भवन, खम्हरिया, 131- साजा,उ.मा.शा. भवनसाजा, 132 - साजा स्वामी आत्मानंद विद्यालय, साजा, 177 - परपोड़ी, शा. बालक प्रा. शा. भवन, परपोड़ी को बनाया गया है

इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 69 के मतदान केंद्र क्रमांक 11- पिकरी, शा. प्रा. शा. भवन पिकरी, 14- बेमेतरा, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय बेमेतरा, 31- सिंघौरी,

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय सिंघौरी,107 - देवरबीजा

स्वामी आत्मानंद शा. बालक पूर्व माध्य. शा. भवन देवरबीजा और 235 - भिंभौरी प्रा. शा. भवन, भिंभौरी शामिल है। वही विधानसभा क्षेत्र 70 नवागढ़ में मतदान केंद्र क्रमांक 3-मारो, उ. मा.शा. भवन, मारो, 4- मारो, प्रा. शा. भवन, मारो, नवागढ़, 150 नवागढ़, शास.कन्या उ.मा.शा. भवन नवागढ और 155- नवागढ शास.कन्या उ.मा.शा. भवन नवागढ और मतदान केंद्र क्रमांक 158 झाल शा. हायर सेकेण्डरी स्कूल झाल आदर्श मतदान केंद्र होंगे।

उल्टा पुल्टा

टिंकू ( बुद्धू से )- बुद्धू, किसी चीज का लंबा-सा नाम बताओ।
बुद्धू- रबड़।
टिंकू - यह तो बहुत छोटा हैं।
बुद्धू - लेकिन इसे खींचकर जितना चाहे लंबा कर सकते हैं।

संपादकीय

## चुनावी उपहारों पर रहे नज़र

छत्तीसगढ़ विधानसभा के चुनाव जैसे-जैसे नज़दीक आ रहे हैं, इस बात की आशंका भी बढ़ने लगी है कि हर साल के जैसे और देश भर की तरह वोटरों को लुभाने के लिये उम्मीदवारों की ओर से उपहार बांटे जा सकते हैं। नगदी और शराब के अलावा ये उपहार कपड़े, कम्बल, कुकर, बर्तन आदि के रूप में होते हैं। राज्य में 7 और 17 नवम्बर को मतदान होना है तो यह ऐसा समय है जब प्रत्याशियों द्वारा इनकी खरीदी और भंडारण हो सकता है। जिन राज्यों में मतदान होना है उनके भीतर ऐसी सामग्रियों के बड़ी तादाद में खरीद-बिक्री पर सरकारी मशीनरी की नज़रें होती हैं। इसलिये अक्सर इन्हें बाहरी प्रदेशों से लाया जाता है। इसलिये अब आवश्यक हो गया है कि छग से लगने वाली अन्य राज्यों की सीमाओं पर विशेष सतर्कता बरती जाये।

महासमुन्द जिले के सिंघोड़ा थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक ऐसे ट्रक को पकड़ा जिसमें करीब 1 करोड़ रुपये मूल्य की साड़ियां पाई गईं। अंतरराज्यीय सीमा के पास रेहटीखोल के पास बने चुनावी जांच पोस्ट पर तैनात पुलिस को यह ट्रक मिला। यह ओडिशा राज्य के बरगड़ की ओर से आ रहा था। तेज गति से छग की तरफ आते ट्रक को रोकने पर जांच की गई तो पाया गया कि उसमें सिर्फ चालक था। वह झारखंड का रहने वाला है। उसने जब कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया तो पुलिस शक कर रही है कि ये साड़ियां किसी चुनावी उम्मीदवार द्वारा मंगाई गई होंगी। उल्लेखनीय है कि इस पोस्ट पर पहले भी अलग-अलग मौकों पर बड़ी नगद राशियां बरामद हुई हैं। वैसे तो इस बात की अभी तक पुष्टि नहीं हुई है कि इसका इस्तेमाल मतदाताओं के बीच वितरण के लिये ही होने वाला था, लेकिन जिस मात्रा में यह सामग्री बरामद हुई है उससे शक तो है और यह भी अनुमान है कि इसी प्रकार से उपहार की वस्तुएं बाहरी राज्यों से आ सकती हैं।

छग से एक-दो नहीं वरन सात राज्यों (मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, झारखंड, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना एवं महाराष्ट्र) की सीमाएं लगती हैं। इन राज्यों से सटे प्रदेश के जो जिले एवं विधानसभा क्षेत्र हैं उन पर विशेष नजरें रखा जाना आवश्यक है। ज्यादातर राज्य तो ऐसे हैं जहां से नक्सली भी छग में प्रवेश करते हैं और कार्रवाइयों को अंजाम देकर लौट जाते हैं। पुलिस की ज्यादा नज़र माओवादियों के आवागमन को लेकर रहती है पर जिस तरह से साड़ियां पकड़ाई हैं उससे साबित होता है कि केवल नक्सली एंगल से वाहनों एवं लोगों की जांच-पड़ताल करना पर्याप्त नहीं होगा। यह भी देखना होगा कि बाहरी राज्यों से ऐसी सामग्रियां तो नहीं आ रही हैं जो सीमावर्ती विधानसभा क्षेत्रों में मतदाताओं में बांटने के लिये मंगाई जा रही हैं। इसे रोकना होगा।

# लाव-लश्कर के साथ कांग्रेस प्रत्याशियों ने किया नामांकन दाखिल

## भाजपा कार्यालय के सामने भाजपाइयों ने भेंट किया पानी की बोतलें और पाउच





**महासमुंद,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले के चारो विधानसभा महासमुंद, खल्लारी, बसना और सरायपाली के लिए कांग्रेस ने क्रमश डा रश्मि चंद्राकर, द्वारिकाधीश यादव, देवेंद्र बहादुर सिंह और चातुरी नंद को अपना अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया है। सरायपाली और बसना विधानसभा के प्रत्याशियों ने पहले नामांकन दाखिल नही किया था इसलिए वे पहले ही कलेकटोरेट पहुंच गए थे। दूसरी ओर कांग्रेस भवन से निकली नामांकन रैली में महासमुंद प्रत्याशी रश्मि चंद्राकर कांग्रेस समर्थकों के साथ पहुंची। वे रथनुमा वाहन में कांग्रेस नेताओं के साथ लोगों का अभिवादन कर रही थी। वहीं विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर, प्रकाश साकरकर, मंडी अध्यक्ष हीरा बंजारे रैली के आगे चल रहे थे। जैसे ही कांग्रेस का काफिला भाजपा कार्यालय के पास पहुंचा तो भाजपा कार्यकर्ताओं ने रैली में शामिल विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर समेत सभी कार्यकर्ताओं को जल वितरण किया। नेताओं ने सहर्ष जल लेकर आगे बढ़ गए। वहीं रैली में शामिल कार्यकर्ताओं को भाजपा जनो ने जब पानी और पामप्लेट वितरण किया तो लोग यह कहते रहे कि केवल पानी बांट रहे हो पेट खलबलाही नाश्ता भी रखना था।

# कांग्रेस प्रत्याशी शैलेश ने किया सुहेला क्षेत्र में जनसम्पर्क



**बलौदाबाजार,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। बलौदाबाजार विधानसभा के कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी शैलेश नितिन त्रिवेदी ने अपने चुनावी अभियान के तहत् 30 अक्टूबर को सुहेला क्षेत्र के अनेको ग्रामो में सघन जनसम्पर्क किया। शैलेश नितिन त्रिवेदी ने सुहेला ब्लॉक के ग्राम मटिया, फरहदा, डिग्गी, बड़े जरौद, सोनबरसा, गोरदी, सिनोधा, शिकारी केसली, भोथीडीह, लोहरी, खपरी, टेकारी, आमाकोनी, रानी जरौद में वृहद जनसम्पर्क कर लोगों से छत्तीसगढ़ प्रदेश में फिर से कांग्रेस की सरकार बनाने एवं आने वाले 17 नवबंर को होने मतदान में अपने लिये वोट देने की अपील किया।

उन्होनें भूपेश बघेल सरकार की जनहितैषी योजनाओं एवं चुनाव पश्चात् किसानों की कर्जमाफी छत्तीसगढ़ की संस्कृति एवं त्यौहारों की छत्तीसगढिया अस्मिता की रक्षा के लिये एक बार फिर से भूपेश बघेल की सरकार बनाने की अपील करते हुए उन्होनें अपने लिए जनसंम्पर्क किया। आज के जनसम्पर्क के दौरान प्रमुख रूप से प्रदेश महामंत्री सीमा वर्मा, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष गौरी भृगु सुहेला ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भुनेश्वर वर्मा, संदीप पांडे, जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष शैलेंद्र बंजारे, उमां अनंत, प्रीति वर्मा, शांति जोगी, सेक्टर अध्यक्ष मकसूदन साहू, पूर्व अध्यक्ष राधेश्याम शर्मा, जोन अध्यक्ष खूबीराम साहू, महिला कांग्रेस अध्यक्ष बिसन साहू, बूथ अध्यक्ष बुधिराम साहू, बोधी बंजारे, सुभाष मिश्रा, राजू साहू, रोशन वर्मा, सहित अनेको गांवों के वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता एवं नागरिक उपस्थित रहे।

# भगवान रामचन्द्र के वनवास के दौरान हुए कष्ट को जानने बंगाल के युवा अक्षय भगत निकले राम वनगमन की पैदल यात्रा पर



**यात्रा के दौरान वे आज पहुंचे राजिम**

**राजिम,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। भगवान श्रीरामचन्द्रजी को वनवास के दौरान हुये कष्ट को जानने एवं युवाओं में श्रीराम के आदर्श को स्थापित करने के उद्देश्य से पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जिले के बुर्दा गांव के 25 वर्षीय युवक अक्षय भगत अयोध्या से पैदल यात्रा पर निकले हुए हैं। अक्षय ने अपनी यात्रा की शुरुआत अयोध्या से की है, वहां से वह छत्तीसगढ़ में प्रवेश कर श्रीराम वन गमन पथ होते हुए राजिम पहुंचे, उन्होंने एक जानकारी में बताया कि उनका अगला पड़ाव श्रीलंका जाने का है जहां वह विमान से श्रीलंका पहुंचकर जंहा जंहा रामचन्द्रजी गए हैं वहां वहां पहुंचेगे।

इससे पहले बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता अभियान पर साइकल से पूरे भारत यात्रा की। इसके अलावा अफ्रीका के चार देश केनिया, यूगांडा, रवांडा, तंजानिया, सहित बांग्लादेश की यात्रा साइकल से पूरी की। प्रभु श्रीराम वन गमन मार्ग से यात्रा करते हुए श्रीलंका तक का सफर पैदल करेंगे। श्रीभगत ने कहा कि वे अयोध्या से होते हुए, प्रयागराज, चित्रकूट, सतना छत्तीसगढ़, पंचवटी, हम्पी होते हुये रामसेतु तक यात्रा तीन हजार किलोमीटर से ज्यादा का यह सफर चार से पांच माह का समय लगेगा। आज रात राजिम पहुचें, राजिम पहुंचने पर हिंदू संगठनों ने उनका स्वागत किया। इसके अलावा पूर्व सांसद चंदूलाल साहू विधायक प्रत्याशी रोहित साहू, महेश यादव, चंद्रशेखर साहू, कमल सिन्हा, लोकनाथ साहू, वीरेंद्र साहू, रिकेश साहू ने भी उनका स्वागत कर सफल यात्रा की शुभकामनाएं दी। तत्पश्चात आज प्रात: श्रीराजीवलोचन एवं भगवान कुलेश्वर नाथ के दर्शन के बाद वे अपने अगले गंतव्य की ओर प्रस्थान किये।

# नामांकन के अंतिम दिन तीनों विधानसभाओं के 43 अभ्यर्थियों ने 70 नाम निर्देशन पत्र किये दाखिल



**जिले में द्वितीय चरण के लिए 17 नवम्बर को होगा मतदान**

**धमतरी,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत द्वितीय चरण के मतदान हेतु नाम निर्देशन पत्र जमा करने के अंतिम दिन आज जिले की तीनों विधानसभाओं के लिए 43 अभ्यर्थियों द्वारा कुल 70 नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया गया। निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार विधानसभा क्षेत्र 56 सिहावा से 8 अभ्यर्थियों ने 12 नाम निर्देशन पत्र, विधानसभा क्षेत्र 57 कुरूद से 17 अभ्यर्थियों ने 30 नाम निर्देशन पत्र और विधानसभा क्षेत्र 58 धमतरी से 18 अभ्यर्थियों ने 28 नाम निर्देशन पत्र दाखिल किये।

गौरतलब है कि जिले की तीनों विधानसभाओं के लिए 21 अक्टूबर से अभ्यर्थियों द्वारा नाम निर्देशन पत्र लिये एवं जमा किये जा रहे थे, जिसके तहत 22 अक्टूबर को सिहावा विधानसभा के लिए 1, कुरूद के लिए 2 नाम निर्देशन पत्र जमा किये गये। इसी तरह 25 अक्टूबर को कुरूद विधानसभा क्षेत्र के लिए 3 नाम निर्देशन पत्र जमा किये गये। वहीं 26 अक्टूबर को विधानसभा क्षेत्र सिहावा के लिए 2, कुरूद एवं धमतरी विधानसभा के लिए 3-3 और 27 अक्टूबर को सिहावा विधानसभा क्षेत्र के लिए 2, कुरूद के लिए 9 तथा धमतरी विधानसभा के लिए 7 नाम निर्देशन पत्र जमा किये गये। इसी प्रकार 30 अक्टूबर को सिहावा विधानसभा के लिए 7, कुरूद के लिए 13 तथा धमतरी विधानसभा के लिए 18 नाम निर्देशन पत्र जमा किये गये।

# महासमुंद में महिला विधायक बनाकर बनाएंगे इतिहास





**नामांकन रैली के पूर्व आमसभा में कांग्रेस नेताओं ने भरी हुंकार**

**महासमुंद,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। लाव लश्कर के साथ कांग्रेस प्रत्याशियों ने जिला निर्वाचन कार्यालय में नामांकन दाखिल किया। नामांकन रैली कांग्रेस भवन से निकली जो कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद के जयघोष करते हुए कलेक्टोरेट पहुंची। रैली में सैंकड़ो की संख्या में शामिल हुए। इसके पूर्व जिला कांग्रेस भवन में आम सभा हुई जिसे संबोधित करते हुए विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि पांच साल पूर्व जो इतिहास महासमुंद विधानसभा ने रचा है उसे दोहराने के साथ ही नया इतिहास रचने का समय आ गया है। कांग्रेस सरकार ने जो कार्य किया है वह ऐतिहासिक है और कांग्रेस प्रत्याशी डा रश्मि चंद्राकर को पचास हजार से अधिक वोटो से जीत दिलाएंगे। उन्होने कर्जा माफी के साथ ही बिजली बिल हाफ और दस लाख रूपये तक मुफ्त इलाज का जिक्र करते हुए भूपेश बघेल को पुन मुख्यमंत्री बनाने के लिए कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की। कांग्रेस प्रत्याशी डा रश्मि चंद्राकर ने कहा कि महासमुंद विधानसभा से पहली बार महिला प्रत्याशी के रूप में वरिष्ठ नेताओं के आशीर्वाद से उन्हे मौका मिला है। वे लगातार पार्टी संगठन में काम करके कांग्रेस के विचारधारा को आगे बढ़ाने का काम करती रही। उन्होने अपने लिए वोट मांगते हुए कहा कि आपके प्रत्येक वोट से इतिहास बनेगा। कांग्रेस नेता अमरजीत चावला व जिला पंचायत उपाध्यक्ष लक्ष्मण पटेल, जिला पंचायत सदस्य अमर अरूण चंद्राकर, नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग ने उपस्थित जनो को संबोधित करते हुए कहा कि छग की भविष्य की दशा और दिशा आप के वोट से तय होगा। उन्होने सरकार की उपलब्धियों का बखान करते हुए कहा कि सरकार ने सभी वर्ग की चिंता की और अपना वायदा पूरा किया। कांग्रेस पार्टी ही वह पार्टी है जिसने सबसे पहले इस देश को महिला प्रधानमंत्री, महिला राष्ट्रपति, महिला लोकसभा अध्यक्ष दिया अब महासमुंद विधानसभा से महिला विधायक चुन कर इतिहास रचने का समय आ गया है। कार्यक्रम का संचालन खिलावन साहू व संजय शर्मा ने किया। इस दौरान जनपद अध्यक्ष यतेंद्र साहू, पूर्व नपा उपाध्यक्ष त्रिभुवन महिलांग, जिला वनोपज के अध्यक्ष प्रमोद चंद्राकर, दाऊलाल चंद्राकर, नानू भाई, डा विजय चंद्राकर, प्रकाश साकरकर, मनोजकांत साहू, देवेंद्र चंद्राकर, गुरमीत चावला, ढेलू निषाद, खिलावन बघेल, विरेंद्र चंद्राकर, हर्षित चंद्राकर, विजय साव, त्रिलोकी राधेश्याम ध्रुव, अमन चंद्राकर, सती साहू, अरूण चंद्राकर, हीरा बंजारे, गोविंद साहू, जितेंद्र साहू, रूपकुमारी, मोहित, केशव चंद्राकर, केशव चौधरी, थनवार यादव आदि उपस्थित थे।

# भाजपा की नामांकन रैली एवं जनसभा पश्चात तीनों विधानसभा के प्रत्याशियों ने किया नामांकन दाखिल



**बलौदाबाजार,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में इस बार भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने जा रही है। छत्तीसगढ़ की भूपेश बघेल की सरकार छत्तीसगढ़ का पैसा दूसरे राज्यों के चुनाव में खर्च कर रही है। भूपेश बघेल छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री नहीं बल्कि कांग्रेस के एटीएम है यही कारण है कि 5 साल के कार्यकाल में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 85000 करोड रुपए कर्ज लिया है जबकि भाजपा की रमन सरकार 15 साल के कार्यकाल में सिर्फ 25000 करोड़ कर्ज ली थी जिसमें अभूतपूर्व विकास कार्य किए। आखिर यह कर्ज का बोझ यहां की जनता को ही उठाना पड़ेगा, उक्त बातें बलौदाबाजार जिला मुख्यालय में जिला भाजपा द्वारा आयोजित विशाल जनसभा तीनों विधानसभा के प्रत्याशियों के नामांकन रैली में केंद्र सरकार के पेट्रोलियम राज्य मंत्री रामेश्वर तेली मुख्य वक्ता के रूप में कही। स्थानीय दशहरा मैदान में आयोजित सभा को सम्बोधित करते हुये केंद्रीय मंत्री रामेश्वर तेली ने कहा की कांग्रेस सरकार ने पिछले चुनाव में किये गए वादों को पूरा नही किया। कांग्रेस सरकार ने छत्तीसगढ़ को कर्ज में डुबो दिया है, पूरे प्रदेश में विकास कार्य ठप्प है, इस सरकार के मुख्यमंत्री, मंत्री सभी आकंठ भ्रष्टाचार में डूबे हुये है। अब छत्तीसगढ़ की जनता ने इस भ्रष्ट और घोटालेबाज कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प ले लिया है।

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल ने कहा कि जनता का आशीर्वाद भाजपा के साथ हैं। कांग्रेस के कुशासन का जवाब देने जनता तैयार बैठी है आने वाले 17 तारीख को भाजपा का कमल का बटन दबाकर जनता ऐसा झटका देगी की भ्रष्ट कांग्रेसियों की कुर्सी हिल जायेगी। भाटापारा प्रत्याशी शिवरतन शर्मा ने कहा मोदी सरकार द्वारा दिए 16 लाख परिवारों से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छीना आवास, हमारा मुख्यमंत्री बनते ही पहले करेगा ये काम। बलौदाबाजार के प्रत्याशी टंकराम वर्मा ने कहा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल झूठे वादे करते हैं छत्तीसगढ़ की जनता इनके वादे में नहीं फंसने वाली हैं कांग्रेस ने हर वर्ग को छला हैं इस वादाखिलाफी करने वाली सरकार को उखाड़ फेकना हैं।

## भाजपा प्रत्याशी धनीराम धीवर ने दाखिल किया नामांकन पत्र



**कसडोल/बलौदाबाजार।** नामांकन पत्र दाखिल करने के अंतिम दिन 30 अक्टूबर को केंद्रीय मंत्री रामेश्वर तेली एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल के नेतृत्व में कसडोल विधानसभा के प्रत्याशी धनीराम धीवर ने नामांकन पत्र दाखिल किया। इस नामांकन दाखिला के अवसर पर पार्टी कार्यकर्ता एवं नागरिकगण हजारों की संख्या में अपनी उपस्थिति दर्ज कराए। विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता बलौदाबाजार के दशहरा मैदान पर इकठ्ठा होकर नामांकन रैली में शामिल हुए।

कार्यक्रम में कसडोल विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओ का उत्साह देखते बन रहा था। कसडोल विधानसभा क्षेत्र के सभी वरिष्ठ नेताओं प्रदेश मंत्री श्रीमती श्यामबाई साहू, विपिन बिहारी वर्मा, योगेश चंद्राकर, डॉ अजय राव, दुर्गा महेश्वर, तेजराम वर्मा, ओम प्रकाश चंद्रवंशी, राजकुमार जायसवाल, नवीन मिश्रा, विस्तारक पारस नाथ योगी, बसंत तारक, डॉ रमेश धीवर, दिनेश धीवर, चारों मंडल अध्यक्ष मेलाराम साहू, विजय यादव, नंदकुमार वर्मा, महेन्द्र साहू, महिला मोर्चा के चारों मंडल अध्यक्ष, सभी महामंत्री गण, कसडोल मण्डल के पूर्व मण्डल अध्यक्ष देवचरण साहू, डॉ दरस वर्मा, सांसद प्रतिनिधि संतोष वैष्णव, मीडिया प्रभारी पुरुषोत्तम कैवर्त, सुदीप मानिकपुरी अंजीव जायसवाल, रामचंद्र ध्रुव, भरत दास मानिकपुरी, ईश्वर पटेल, दिलहरण जायसवाल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कसडोल प्रत्याशी धनीराम धीवर ने कहा गांव गरीब और किसान का बेटा हूं आपके क्षेत्र पनगांव का रहने वाला हूं सभी के दु:ख दर्द से वाकिफहूं एक सेवक बनकर काम करूंगा आपके आशीर्वाद का आकांक्षी हूं। सभा को पूर्व विधायक व भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. सनम जांगड़े के अलावा अन्य नेताओं ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री कृष्णा अवस्थी ने किया और आभार जिला महामंत्री राकेश तिवारी ने किया। सभा के दौरान बड़ी संख्या में समाजसेवी और जोगी कांग्रेस के कुछ नेता भाजपा की रीति नीति से प्रभावित होकर भाजपा में शामिल हुए। सभा के पश्चात नामांकन रैली जिला निर्वाचन कार्यालय पहुंची जहां भाजपा प्रत्याशियों ने अपना, अपना नामांकन फार्म जमा किया। इस अवसर पर भाजपा के जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं सहित बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहें।

# कांग्रेस से टिकट नही मिलने पर बागी होकर गोरेलाल साहू ने किया नामांकन



**कसडोल/बलौदाबाजार,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। सालों से कंधों से कंधा मिलाकर कांग्रेस पार्टी के साथ काम करने के बाद नदर अंदाज होने से नाराज गोरेलाल साहू ने अपने समर्थको के साथ काफी संख्या में सोमवार को जिला कार्यालय बलौदाबाजार पहुचंकर अपना नामांकन दाखिल किया। जहां एक ओर कांग्रेस पार्टी द्वारा उतारे प्रत्याशी को लेकर क्षेत्र में पैराशूट प्रत्याशी कहा जा रहा वही भाजपा ने भरोसा धनीराम पर जताया लेकिन दोनो ही राष्ट्रीय पार्टी के उम्मीदवारों से क्षेत्र में असंतोष देखा जा रहा है। वही स्थानीय और जिला पंचायत सभापति के निर्दलीय उमीदवारी करने के बाद से ही क्षेत्र में एक जुटता भी देखते नही बन रहा है।

गोरेलाल साहू ने मीडिया से चर्चा करते कहा कांग्रेस पार्टी ने पैराशूट प्रत्याशी पर भरोसा जताते स्थानीय लोगो को ठगने का काम किया। वही भाजपा ने भी ऐसे प्रत्याशी पर भरोसा जताया जो कभी पार्टी कार्यक्रमों एवं स्थानियो तक पहुंचा ही नही है। कसडोल विधानसभा क्षेत्र न सिर्फजिले में बल्कि पूरे प्रदेश में जनसँख्या के माफदंड से सबसे बड़ा विधानसभा क्षेत्र हैं। ज्ञात हो कि नामांकन के अंतिम दिन लोगो का जनसैलाब राजनीतिक दलों की तरह निर्दलीय उम्मीदवार गोरेलाल साहू के समर्थन में नामांकन दाखिल करते समय नामांकन रैली में दिखाई दिया।

# मजदूरों को मतदान की तिथि से कराया गया अवगत



**धमतरी,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत जिले में आगामी 17 नवंबर को मतदान होगा। इसके मद्देनजर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर मतादाताओ को जागरूक करने तरह तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जहां त्योहारी सीजन में घरों के आंगन और सार्वजनिक स्थानों में स्वीप रंगोली के जरिए मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। वहीं मिस्त्री का कार्य कर रहे मजदूरों को भी मतदान का महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए मतदान की तिथि से अवगत कराया गया।

# नामांकन के आखिरी दिन निर्वाचन कार्यालय में रही गहमागहमी

**गरियाबंद,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। दूसरे चरण के विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन भरने के अंतिम दिन सोमवार को जिला मुख्यालय और निर्वाचन कार्यालय में काफी गहमागहमी रही। आखिरी दिन कांग्रेस, आप, शिवसेना, निर्दलीय सहित अन्य राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों ने अपना नामांकन भरा। इस दौरान कांग्रेस के दोनो प्रत्याशियो ने नामाकंन के पहले शक्ति प्रदर्शन करते हुए विशाल रैली निकाली। वही शिवसेना, आप, गोगपा और जोगी कांग्रेस के प्रत्याशी अपने समर्थको के साथ सामान्य रूप से नामांकन दाखिल करने पहुँचे। जानकारी के मुताबिक नामांकन के आखिरी दिन 12 प्रत्याशियो ने अपना नामांकन भरा। जिमसें राजिम विधानसभा के लिए आठ तथा बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा के लिए चार प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया।ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान के लिए नामांकन दाखिल करने के अंतिम तिथि 30 अक्टुबर थी। इस दिन तक जिले के दो विधानसभा के लिए कुल 21 प्रत्याशियो ने अपना दाखिल किया। वही कुल 35 नाम निर्देशन पत्र जमा किए गए।

जानकारी के मुताबिक इस बार भी जिले के राजिम विधानसभा में प्रत्याशियो की संख्या अधिक है। जबकि आरक्षित सीट बिन्द्रानवागढ़ में मात्र आठ ही प्रत्याशी मैदान में है। इसमें भाजपा से टिकट नही मिलने से बागी हुए भागीरथी मांझी भी शामिल है। मांझी ने आप से नामांकन भरा है। वही पहली बार जिले में भाजपा कांग्रेस के अलावा आप, शिवसेना, भारतीय शक्ति चेतना, गोड़वाना पार्टी ने भी दोनो विधानसभा में अपने प्रत्याशी उतारे है।

**भाजपा -कांग्रेस में सीधी टक्कर**

- कांग्रेस, आप, शिवसेना, निर्दलीय सहित अन्य दलों के प्रत्याशियों ने भरा नामांकन
- जिले के दो विस से 21 प्रत्याशी चुनावी मैदान में दोनों विस में कांग्रेस भाजपा के बीच सीधी टक्कर

नामांकन के आखिरी दिन के बाद जिले में चुनाव की तस्वीर भी साफ हो गई है। जिले के दोनो विधानसभा में कांग्रेस-भाजपा के बीच ही सीधी टक्कर होगी। अन्य दल भी मैदान में है लेकिन राजनीतिक इतिहास में इस विधानसभा में कांग्रेस भाजपा को छोड़ कोई भी अन्य दल ने कभी बहुमत हासिल नही किया। कांग्रेस से तो किसी भी बागी या किसी भी कांग्रेसी ने नामांकन नही भरा ना ही अन्य दल का रूख किया। वही भाजपा से बागी भागीरथी मांझी ने आप से नामांकन भर दिया है। पहले तक भाजपा उन्हे मना लेगी ऐसा माना जा रहा था लेकिन आखिरी दिन नामांकन भर दिया। कहा जा है कि भागीरथी मांझी का इस चुनाव में जीत की दहलीज तक पहुँचना तो बहुत मुश्किल है लेकिन वे भाजपा के वोट बैंक में सेंध लगाते हुए बड़ी संख्या में वोट काट सकते है।

**राजिम विधानसभा से ये है मैदान में -**

राजिम विधानसभा से रोहित साहू भाजपा, अमितेष शुक्ला कांग्रेस, तेजरा साहू आप, लोकेश कुमार साहू आप, संतोष कुमार साहू भारतीय शक्ति चेतना पार्टी, रोशन देवांगन लोकतंत्र कांग्रेस पार्टी, देवकरण साहू जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी, भूनेश्वर निषाद जनता कांग्रेस, आशिया बेगम गोड़वाना गणतंत्र पार्टी, गणेश सोनी शिवसेना, हिरेन्द्र कुमार धृतलहरे बसपा से तथा संतु ध्रुव व अशोक मिश्रा ने निर्दलीय नामांकन भरा है।

**बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा से ये है मैदान में**

गोवर्धन सिंह मांझी भाजपा, जनकराम ध्रुव कांग्रेस, युवराज नेताम कम्युनिष्ट पार्टी, भागीरथी मांझी आप, टीकम नागवंशी गोड़वाना गणतंत्र पार्टी, जीवनलाल ध्रुव भारतीय शक्ति चेतना पार्टी, सदाराम मरकाम आप तथा उत्तम कुमार मरकाम ने निर्दलीय नामांकन भरा है।

# विधायक किस्मत लाल नंद ने जोगी कांग्रेस से नामांकन दाखिल किया



**सरायपाली,** 30 अक्टूबर (देशबंधु)। अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित सरायपाली विधानसभा से जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जोगी के प्रत्याशी किस्मत लाल नंद ने नामांकन पत्र दाखिल करने के अंतिम दिन 30 अक्टूबर को रिटर्निंग अधिकारी ओंकारेश्वर सिंह के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किया सुबह से ही विधायक नंद के निवास और कार्यालय में लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा लगभग 150 गाड़ियों में सैकड़ों कार्यकर्ता किस्मत लाल नन्द के साथ जिला मुख्यालय महासमुन्द नामांकन दाखिल करने पहुंचे इस अवसर पर विधायकनंद ने कहा कि सरायपाली की जनता ने मेरे पांच वर्ष के कार्यकाल से भलीभांति परिचित हैं किसान, मजदूर, युवा, महिलाओं आमजनता के हितों के लिए लगातार संघर्ष कर रहा हूं और मुझे 2018 के चुनाव में जनता का स्नेह, आशीर्वाद, और समर्थन मिला इस चुनाव में भी जनता का समर्थन मुझे मिलेगा चुनाव एक जन आंदोलन है मुझे पूरा विश्वास है कि क्षेत्र की जनता फिर एक बार मेरा साथ देगी और मैं पहले की भांति क्षेत्र के विकास के लिए हर संभव प्रयास करता रहूंगा। बहरहाल सरायपाली विधानसभा में त्रिकोणीय मुकाबला है जिसमें जोगी कांग्रेस के प्रत्याशी किस्मत लाल नंद को जनता का अपार जनसमर्थन मिल रहा है भाजपा कांग्रेस दोनों दलों के लिए खतरे की घंटी साबित होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता सरायपाली विधानसभा में लगातार दो बार कोई व्यक्ति या दल चुनाव नहीं जीत सका है( उप चुनाव को छोड़ कर)अब यह देखना दिलचस्प रहेगा कि क्या किस्मत लाल नंद सरायपाली विधानसभा का तिलिस्म तोड़ पाते हैं या नहीं।

# प्रेस व राजनीतिक दलों की बैठक संपन्न

**बिलाईगढ़,** 30 अक्टूबर(देशबंधु)। कलेक्ट्रोरेट में शाम 6 बजे राजनीतिक दलों और मीडिया की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश भारद्वाज ने बताया कि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत जिले के विधानसभा क्षेत्रों के भवन, स्थल और नाम परिवर्तन के प्रस्तावों को निर्वाचन आयोग द्वारा अनुमोदन दिया गया है। छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन-2023 के लिए जिले से सम्बन्धित विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्रों के 8 भवन परिवर्तन के लिए राज्य निर्वाचन आयोग को प्रस्तावित किया गया था। निर्वाचन आयोग के अनुमोदन उपरांत भवन परिवर्तन में सारंगढ़-17 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के मतदान केंद्र क्रमांक-149 दानसरा-1 क.प्रा. शाला भवन दानसरा को हाईस्कूल दानसरा, ,मतदान केंद्र क्रमांक -149 दानसरा-2 क.मा. शाला भवन को हाईस्कूल दानसरा, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के मतदान केंद्र क्रमांक-168 सारंगढ़ ग्रामीण प्राथमिक शाला कुशलनगर को आंगनबाड़ी केन्द्र कुशलनगर, मतदान केंद्र क्रमांक-170 प्राथमिक शाला भवन रानीसागर को प्रा. शाला खैरहा एवं मतदान केंद्र क्रमांक-202 प्रा. शा. तेन्दुढार को प्रा. शा. सुरली किया गया है।

इसी क्रम में बिलाईगढ़-43 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के मतदान केंद्र क्रमांक-347 शा. प्रा. शाला भवन दुरुग को शा. उच्चतर मा. विद्यालय दुरुग, मतदान केंद्र क्रमांक-226 शा. प्रा. शाला भवन लिमतरी को अतिरिक्त कक्ष प्रा. शाला भवन लिमतरी एवं मतदान केंद्र क्रमांक-11 प्रा. शा. भवन कोटियाडीह को आदर्श शा. प्रा. शाला कोटियाडीह किया गया है। इस अवसर पर राजनीतिक दल के प्रतिनिधि और मीडियाकर्मी उपस्थित थे।

# जकां के जिला अध्यक्ष ने कांग्रेस का दामन थामा



**खरोरा,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। आज धरसिंवा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बेलदारसिवनी निवासी जोगी कांग्रेस की गुलाबी गैंग की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष व जिला अध्यक्ष श्रीमती उमा पुरैना सहित हजारों लोगों ने आज कांग्रेस प्रवेश किया। सभी को धरसीवा विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी छाया वर्मा ने कांग्रेस का गमछा पहनाकर कांग्रेस प्रवेश करवाया। उनके साथ पचरी सरपंच अभिषेक वर्मा, छेत्र के कुछ अन्य जनप्रतिनिधियो सहित हजारों लोगों ने आज कांग्रेस प्रवेश किया। खासकर हजारों की संख्या में महिलाओं ने कांग्रेस का दामन थामा है। कांग्रेस प्रत्याशी छाया वर्मा से हजारों की संख्या में यूके नवप्रवेशी कांग्रेसियों को मिलजुलकर व गीले शिकवे दूर कर कांग्रेस के मजबूती के लिए काम करने आव्हान किया, उन्होंने प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल के द्वारा किए जा रहे जनहिताइशी कार्यो को घर घर बताकर कांग्रेस के हाथ को और अधिक मजबूत बनाने कहा।उन्होंने कहा की कांग्रेस में सभी लोगो का सम्मान किया जायेगा। खरोरा में कार्यक्रम आयोजित कर सभी को कांग्रेस प्रवेश दिलाया गया। साथ ही उमा पूरैना ने कहा की राज्य के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व उनकी कांग्रेस सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से प्रभावित होकर कांग्रेस में शामिल हुए है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष उधो राम वर्मा, जनपद अध्यक्ष देवव्रत नायक, प्रभारी नारायण कुर्रे, ब्लॉक अध्यक्ष सौरभ मिश्रा, मनवा कुर्मी छत्रीय समाज के केंद्रीय अध्यक्ष चोवा राम वर्मा, अरविंद देवांगन, युवा कांग्रेस अध्यक्ष अंकित वर्मा सहित हजारों की संख्या में कांग्रेसी व नागरिक उपस्थित हुए।

# सारंगढ़ व बिलाईगढ़ विस के लिए 13-13 अभ्यर्थियों ने नामांकन जमा किया



**बिलाईगढ़** , 30 अक्टूबर (देशबंधु)। कलेक्टोरेट सारंगढ़ में सारंगढ़ विधानसभा-17 और बिलाईगढ़ विधानसभा-43 के लिए 13-13 अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र जमा किया।सारंगढ़ विधानसभा के अभ्यर्थी में नारायण रत्नाकर, उत्तरी जांगड़े, धनका निराला, शिवकुमारी सारधन चौहान, अजय कुर्रे, ललिता बघेल, रामकुमार अजगल्ले, देव कोशले मधुलाल सारथी, छबीलाल रात्रे, मनोज कुमार लहरे, शैलकुमार अजगल्ले, मनीन्दर निराला शामिल हैं। इसी प्रकार बिलाईगढ़ विधानसभा के अभ्यर्थियों में श्याम टंडन, संतोष सोनवानी, दिनेश जांगड़े, कविता प्राण लहरे, बुधराम रात्रे, रामेश्वर सोनवानी, फुलकुमारी जांगड़े, दादूराम प्रेमी, कपिल कुमार खटकर, ब्रम्हानंद मारकंडे, रेवालाल कुर्रे, अशोक कुमार धृतलहरे और आंचल निराला शामिल हैं।

## सारंगढ़ व बिलाईगढ़ विस के सभी प्रेक्षकों ने संयुक्त बैठक ली

**बिलाईगढ़,** 30 अक्टूबर (देशबंधु)। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में सारंगढ़ विधानसभा-17 के सामान्य प्रेक्षक श्री तापस राय (आईएएस), बिलाईगढ़ विधानसभा-43 के सामान्य प्रेक्षक श्री पवन कुमार (आईएएस), पुलिस प्रेक्षक राजेन्द्र कुमार मीणा (आईपीएस) और व्यय प्रेक्षक श्री रत्नेश कुमार सिंह (आईआरएएस) ने कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी और पुलिस अधीक्षक श्री आशुतोष सिंह की उपस्थिति में जिले के निर्वाचन सह नोडल अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने जिले के सामान्य जानकारी, निर्वाचन तैयारियों, व्यवस्था आदि के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर सामान्य प्रेक्षक श्री तापस राय ने कहा कि निर्वाचन के समाप्त होते तक सभी अपने ड्यूटी में सतर्क रहकर कार्य करते रहें। जब निर्वाचन कुशलपूर्वक समाप्त होगा तब चेहरे में स्वतः मुस्कान आएगा।

## मोहसिन बने विस बसना के प्रभारी

**सरायपाली,** 30 अक्टूबर। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अल्प संख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष अमीन मेमन ने छत्तीसगढ़ विधानसभा के मद्देनजर विधान सभा वार प्रभारियों को सूची जारी कर दी है जिसमे अल्प संख्यक कांग्रेस के प्रदेश सचिव मोहम्मद मोहसिन मेमन को बसना विधान सभा क्रमांक 40 की जिम्मेदारी मिली है मोहसिन ने अल्प संख्यक के प्रदेश अध्यक्ष अमीन मेमन और अल्प संख्यक के राष्टीय अध्यक्ष एवम राज्यसभा सांसद इमरान प्रापागढ़ी का दिल से आभार व्यक्त किया एवम इस विसय में मोहसिन मेमन ने आगे मीडिया से चर्चा के दौरान की कांग्रेस पार्टी कांग्रेस पार्टी नियम एवम रीति और भूपेश बघेल जी के अच्छे कार्यों ,सफल योजनाओं सफल नीति के कारण ही छत्तीसगढ़ में फिर से दुबारा छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बनाने का संकल्प लिया है।

# मरार समाज सामाजिक समागम का आयोजन

**पिथौरा,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। निरंतर समाज को प्रगति की ओर ले जाने मरार पटेल समाज के द्वारा एक विशेष मुहिम चलाई जा रही है जिसके माध्यम से गांव गांव में जा कर समाजिक जनों की सभा आयोजित किया जा रहा है। समाज को पूर्णत: शिक्षित करने समाज में नशामुक्ति का संकल्प लेने समाज को एकजुट करने का प्रयास मरार पटेल समाज पिथौरा परिक्षेत्र द्वारा किया जा रहा है। इसी क्रम में ग्राम बरतुंगा और ग्राम देवसराल में समाजिक समागम का आयोजन किया गया ।



कार्यक्रम की शुरुवात माता शांकभरी की पूजा-अर्चना कर किया गया जिसके बाद सभा की शुरुवात हुई ।जिसमें पटेल मरार समाज के आसपास के गांवों से समाजिक जन पहुंचें साथ गांव गांव में जा कर नशामुक्ति हेतु महिला समिति का गठन किया जा रहा है और साथ ही समाज में नशामुक्ति को लेकर विशेष पहल किया जा रहा है इस कार्यक्रम अन्य समाज का भी काफी समर्थन मिला रहा है । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मरार पटेल समाज पिथौरा के अध्यक्ष उत्तम पटेल ने समाज की महत्ता को बताते हुए कहा की समाज को एकजुट होकर गतिशील रूप से कार्य करना है चाहे शिक्षा के क्षेत्र में या फिर समाजिक गतिविधि के क्षेत्र में समाज के सभी सदस्यों और समाजिक जनों को सक्रिय रूप अपनी भागीदारी देनी होगी तब ही समाज आगे बढ़ेगा आप सभी के सहयोग की अपेक्षा रहेगी साथ ही समाज की नारीशक्ति को भी आगे आना होगा उनके अधिकार के लिए लड़ना होगा । वहीं सभा को संबोधित करते जिला महासचिव खेमराज पटेल ने कहा की समाज की सक्रिय भूमिका ही समाज की विशेष पहचान बनाएगी आप सभी सहयोग करेंगे तो हमारा समाज निरंतर प्रगति ओर जाएगा और समाज में हावी नशा से मुक्ति के लिए समाज को एकजुट होकर लड़ना होगा तब ही समाज में नशामुक्ति स्थापित होगा ।लीलाधर पटेल ने समाज पर जोर देते हुए समाज को शिक्षित करने समाजिकजनों को बताया साथ ही कहा की समाज तीन शब्द से मिलकर बना है स से संगठन और सहयोग म से मान सम्मान और ज से जनसेवा ये तीनों शब्द अगर साथ हो तो समाज का नाम अपनी ऊंचाइयों पर होगा । पूर्व जिलाध्यक्ष भगवान सिंह पटेल पूर्व अध्यक्ष गणेशराम पटेल उपाध्यक्ष लीलाधर पटेल उपाध्यक्ष घनश्याम पटेल कोषाध्यक्ष मोतीलाल पटेल सचिव हेमसिंह पटेल महामंत्री घनश्याम पटेल हेमराज पटेल मीडिया प्रभारी देव पटेल सुरेश पटेल मरार समाज के पदाधिकारीगण और समाजिक जन उपस्थित रहे।

# ग्रुप डांस प्रतियोगिता में सांवरिया ग्रुप प्रथम



**सरायपाली,** 30 अक्टूबर (देशबंधु)। कला और संस्कृति को संरक्षित एवं संवर्धित करने के उद्देश्य से रामचंडी दिवस के अवसर पर डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन बाबा बिशासहे कुल कोलता समाज कुल कार्यकारिणी संरक्षक हरिचरण प्रधान, अध्यक्ष गिरधारी साहू, महामंत्री मथामणि बढ़ाई, सचिव ललित साहू आदि की उपस्थिति में माँ रामचंडी की पूजा अर्चना के साथ किया गया । प्रतियोगिता का परिणाम घोषित करते हुए मथामणी बढ़ाई ने बताया कि सामूहिक नृत्य में प्रथम स्थान सांवरिया डांस ग्रुप सलखंड, द्वितीय स्थान भोला डांस ग्रुप रायगढ़, तृतीय स्थान जय मां विंध्यवासिनी डांस ग्रुप राजा सवैया, चतुर्थ स्थान लिटिल स्टार डांस ग्रुप सोनामुन्दी, पंचम स्थान यंग बॉयज खैरजुड़ी की टीम रही। युगल नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम कौशल लक्ष्मी पटेवा, द्वितीय छोटू गोलू धमतरी, तृतीय मेनका राखी संबलपुरी, चतुर्थ टू गोल्डन बॉयज खैरमाल, पंचम पूनम जागृति सोनामुंदी, एकल नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम सूरज निषाद झलप, द्वितीय जीवन साहू महासमुंद, तृतीय प्राची साहू अर्जुंडा, चतुर्थ प्रेमलता साहू पिथौरा और पंचम स्थान विक्की बादशाह रायतुम ने हासिल की। प्रतियोगिता को सफल बनाने में निर्णायक संजय प्रधान, संदीप साहू एवं लक्ष्मीधर प्रधान। कार्यक्रम संयोजक विवेकानंद बेहेरा, प्रकाश प्रधान,अजय प्रधान, गौरांग बेहेरा, संचालकगण प्रेमानंद भोई, निलमणी प्रधान, प्रमित साहू, नरेंद्र साहू आदि का विशेष योगदान रहा। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी कमलेश साहू ने दी।

# गरबा के बाद अब सुआ नृत्य की धूम



**गरियाबंद,** 30 अक्टूबर। नगर में दीपावली के पहले ही सुआ नृत्य की हलचल शुरू हो चुकी है। सुबह से घरों में सुआ नृत्य के लिए बालिकाओं की टोली दस्तक दे रही है। रोजाना गली मोहल्लो में छोटे छोटे बच्चियो की टोलिया सुआ नृत्य के निकल रही है। जिससे इस पर्व की रौनकता बढ़ती जा रही है। ज्ञात हो कि दीपावली नजदीक आते ही गांवो में ता नारी ना मोर सुआ वो की गीत गूंजने लगती है। केवल महिलाएं ही नहीं छोटी- छोटी बालिकाएं भी साड़ियां पहनकर गांवों के घरों में सुआ नाचने निकल पड़ते है। ऐसा ही नजारा हफ्तेभर से जिला मुख्यालय के साथ ही आसपास के अंचल में देखने को मिल रहा है। छोटे बच्चियो की टोलिया साड़िया पहन कर घरो और दुकानो के सामने सुआ नृत्य की मनमोहन प्रस्तुती देते नजर आ रहे है। शिव-पार्वती, राम-सीता सहित अन्य देवी देवताओ के भक्ति गीत बच्चे अपने मधुर और कोकिल आवाज में गा रहे है। जिसका सभी लुफ्त उठा रहे है। बच्चियां गीत के माध्यम से गांव के देवी देवताओ को याद कर खुशहाली की कामना कर रहे हैं। जिसके चलते सुआ नृत्य करने आई बच्चियो और महिलाओं को यथायोग्य उपहार देकर ससम्मान विदा कर रहे है।

# राजिम में श्यामाचरण की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अमितेश कार्यकर्ताओं के साथ नामांकन भरने पहुंचे



**राजिम**, 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। आज राजिम विधान सभा से कांग्रेस उम्मीदवार अमितेष शुक्ला ने भारी दल-बल के साथ कलेक्टरेट में अपना नामांकन दाखिल किया। श्री शुक्ल आज प्रात: 10 बजे नामाकंन भरने जाते हुए राजिम पहुंचे वहां राजिम पुल के पास सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने काफी उत्साह के साथ गगन भेदी नारों के बीच उनका स्वागत करते हुए माला से लाद दिया तथा शानदार आतिशबाजी एवं फ्टाको की धमक से स्वागत करते हुए उन्हें पं श्यामाचरण शुक्ल की प्रतिमा के पास ले गए जहाँ पं. श्यामाचरण शुक्ल अमर रहे के नारो के बीच अमितेष शुक्ल ने पं शुक्ल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें प्रणाम कर उनका आशीर्वाद लिया। यहां से श्रीशुक्ल समर्थकों के आग्रह पर कार्यकर्ताओं के हुजुम एवं जोरदार नारों के साथ सुंदरलाल शर्मा चौक पहुंच पं. सुन्दरलाल शर्मा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। यहां से श्री शुक्ल अपने समर्थकों के लाव लश्कर के साथ नामांकन दाखिल करने गरियाबंद रवाना हुए। रास्ते में सिंधोरी,बरोंडा,श्यामनगर, कोपरा, सुरसा बांधा, सड़कड़ा एवं पांडुका में भी भारी संख्या में उपस्थित समर्थकों ने श्रीशुक्ल का स्वागत करते हुए जीत की अग्रिम शुभकामनाएं दी और श्रीशुक्ल के काफिले से जुड़ते हुए नामांकन हेतु गरियाबंद पहुंचे।

# जीत के प्रति आश्वस्त डॉ. शिवकुमार डहरिया ने आरंग से भरा नामांकन



**आरंग,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रदेश के नगरीय प्रशासन विकास एवं श्रम मंत्री तथा आरंग विधानसभा से कांग्रेस के प्रत्याशी डॉ.शिवकुमार डहरिया ने आज रायपुर कलेक्ट्रेट में हजारों कार्यकर्ताओ के साथ जाकर अपना नामांकन दाखिल किया।नामांकन दाखिल करने के बाद डॉ.डहरिया अपनी जीत के प्रति आश्वस्त दिखे।उन्होंने कहा कि पिछले 5 सालों में कांग्रेस ने पूरे प्रदेश में जो काम किया है उन्ही कामों को लेकर हम जनता से आशीर्वाद लेने जाएंगे।आरंग विधानसभा क्षेत्र की जनता ने मुझे जो प्यार और आशीर्वाद दिया है उसकी मैं कल्पना नहीं कर सकता था।क्षेत्र के विकास में जो भी संभव हो पाया मैंने और मेरी कांग्रेस सरकार ने किया है।भाजपा के पिछले 15 सालों की तुलना में दो साल कोरोना काल के बीच हमने इन 5 सालों में सबसे बेहतर कार्य किया है। इस बार भी प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनेगी और 75 सीटों से ज्यादा हमारे विधायक जीत कर आएंगे। नामांकन के दौरान उनकी पत्नी शकुन डहरिया,कांग्रेस जिलाध्यक्ष ऊधोराम वर्मा,ब्लॉक कांग्रेस कमेटी आरंग के अध्यक्ष कोमल साहू, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रशेखर चंद्राकर , द्वारिका साहू , मुरारी यादव,खिलेश देवांगन,दिनेश ठाकुर,ओमप्रकाश यादव ,रामधनी वर्मा ,केसरी मोहन साहू, अनीता थानसिंग, माखन कुर्रे, संजय चेलक, पिंटू कुर्रे,शेखर साहू, पिंटू निर्मलकर,शहर अध्यक्ष भारती देवांगन, शिव साहू,लक्ष्मीनारायण लोधी,सुनील बंधे,रेखराम पात्रे,भगवती धुरंधर,जोइधा साहू,ईश्वर जॉगलेकर,धन्ना साहू,चंद्रप्रकाश साहू, सौरभ चंद्राकर,अब्दुल क़ादिर सभी पार्षद गण सभी प्रकोष्ठ के पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के समस्त पदाधिकारी और क्षेत्र के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

